लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

पौष शुक्ल पक्ष एकादशी 7:27 उपरांत द्वादशी विक्रम संवत 2080

अमृत विचार

वर्ष 5, अंक 65, पृष्ठ 20+4, मूल्यः 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, लोकलुभावन है मंदिर का वास्तु-स्थापत्य व अन्य विषय पर सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

आज का मौसम | 16.0° अधिकतम तापमान | 6.0° न्यूनतम तापमान | आसमान में बादल छाए रहेंगे बारिश होने की संभावना है। | सूर्योदय 07 : 05 | सूर्यास्त 05 : 42 | बरेली, रविवार, 21 जनवरी 2024

कैटरीना ने निगेटिव किरदार निभाने में जताई इच्छा...19

नगरों में रामोत्सव, गांवों में आनंदोत्सव

श्रीरामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में आतिथ्य को रामनगरी अयोध्या तैयार | आज से अयोध्या नगरी में घर-घर उत्सव कल से देश के 5 लाख गांवों में भी तैयारी | अयोध्या के 835 ग्राम में संकीर्तन शुरू 1500 से अधिक मजरों में गूंजेगी रामधुन

राज्य ब्यूरो, अयोध्या

अमृत विचार : श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर रविवार को अयोध्या नगरी में घर-घर रामोत्सव और गांवों में आंनदोत्सव शुरू हो जाएगा। जबकि सोमवार को दोपहर 12 बजकर 20 मिनट पर जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गर्भगृह में पूजा और अभिषेक करेंगे तो ठीक उसी समय देशभर के करीब 5 लाख गांवों के मंदिरों में जय श्रीराम के उद्घोष होंगे। घंटा, घड़ियाल और शंख बजेंगे। भजन कीर्तन, हनुमान चालीसा और सुंदर कांड के पाठ शुरू हो जाएंगे। उसी दिन विदेशों में रहने वाले करीब 156 देशों के एनआरआई परिवारों तक यह आनंदोत्सव गूंजेगा।

अयोध्या की सभी 835 ग्राम पंचायतों में रविवार से रामनाम संकीर्तन का शुभारंभ हो जाएगा। इतना ही नहीं 1500 से अधिक मजरों में रामधुन संचालन के लिए भी तैयारी पूरी हो गई है। इसके लिए दस हजार से अधिक ग्राम रोजगार सेवक और पंचायत सचिव लगाए गए हैं। शासनादेश के अनुपालन में अतिथि देवो भव के सूत्रवाक्य के तहत हर ब्लाक और तहसील में 20-20 टोलियां भी गठित की गईं हैं।

प्राण प्रतिष्ठा के लिए सज-धज कर तैयार श्रीराम जन्मभूमि मंदिर।

पीएम ही नहीं, डोमराजा समेत 15 यजमान

प्राण प्रतिष्ठा में केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही यजमान नहीं होंगे, बल्कि काशी के डोमराजा समेत विभिन्न वर्गों से 15 यजमान सपत्नीक शामिल होंगे। यह जानकारी शनिवार को श्रीराम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से दी गई है। कहा गया कि यजमान के निर्धारण में ध्यान रखा गया है कि समाज के निचले पायदान से भी समारोह में भागीदारी हो। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अनुसार उदयपुर से बनवासी कल्याण आश्रम के अध्यक्ष रामचन्द्र खराड़ी, असम से राम कुई जेमी, जयपुर से गुरुचरण सिंह गिल, हरदोई से कृष्ण मोहन, तमिलनाडु के अझलारासन से रमेश जैन मुल्तानी, मुंबई से विट्ठलराव कांबले, महाराष्ट्र के लातूर से घुमंतू समाज के ट्रस्टी महादेव गायकवाड़, कर्नाटक के कलबुर्गी से श्रीलिंगराज वासव राजअप्पा, लखनऊ से दिलीप वाल्मीकि, काशी के डोमराजा अनिल चौधरी और काशी के ही कैलाश यादव व कवीन्द्र प्रताप सिंह और हरियाणा के पलवल से अरुण चौधरी प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान के यजमान होंगे।

रामलला को औषधीय जल से कराया स्नान

रामलला के पूजन के बाद आरती करते यजमान अनिल मिश्र।

राम मंदिर परिसर में शनिवार को दिन भर प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान चला। वेद मंत्रों व राम मंत्र के परायण के साथ आहुतियां दी गईं। राम मंत्र से कुंड में 1008 आहुतियां दी गईं। प्रात: पूजा का क्रम गणेश पूजन, पंचाग, वास्तु व मंडप पूजन से प्रारंभ हुआ। मुख्य यजमान डॉ. अनिल कुमार मिश्रा व उनकी पत्नी ने यज्ञ मंडप की प्रधान पीठ की पूजा की व संकल्प लिया। इसके बाद रामलला की पालकी सज्जित हुई। रजत भगवत विग्रह ने यज्ञ मंडप की चार बार और एक बार संपूर्ण प्रासाद की परिक्रमा की। श्रीराम जयराम, जय जय राम..., हर हर महादेव के जयकारे लगे तो अबीर गुलाल भी उड़ा। विह्वल कर देने वाले भक्तिपूर्ण वातावरण में वैदिक आचार्यों ने संकीर्तन करते हुए नृत्य किया। भगवान की पालकी को यजमान व आचार्यों ने कंधे पर उठाकर परिभ्रमण किया। इसकी समाप्ति पर विग्रह का शर्कराधिवास व फलाधिवास हुआ। शर्कराधिवास में भगवान को गुड़ में रखा गया। 81 कलशों के औषधीय जल से स्नपन (स्नान) संस्कार हुआ। सुबह नौ बजे अनुष्ठान शुरू हुआ। इसमें मुख्य यजमान डॉ. अनिल कुमार मिश्रा, पत्नी ऊषा मिश्रा व दो अन्य यजमान विहिप के कार्यकारी अध्यक्ष आलोक कुमार व महेश भागचंदका रहे। आचार्य अरुण दीक्षित ने बताया कि नियमित पूजा के साथ अग्नि सेवा भी हुई। चार द्वारों पर अलग-अलग वेद के मंत्रों का पाठ हुआ।

प्रधानमंत्री का 22 को विस्तृत कार्यक्रम

- सुबह **10:25** बजे : अयोध्या एयरपोर्ट पर आगमन
- सुबह **10:45** बजे : अयोध्या हेलीपैड पर आगमन
- सुबह **10:55** बजे : श्रीराम जन्मभूमि पर आगमन
- सुबह **11:00** से दोपहर **12:00** बजे तक आरक्षित
- दोपहर **12:05** से **12:55** बजे तक प्राण प्रतिष्ठा समारोह
- दोपहर **1: 00** बजे : सार्वजनिक समारोह स्थल पर आगमन
- दोपहर **2: 00** बजे तक सार्वजनिक समारोह में प्रतिभाग
- दोपहर **2:10** बजे : कुबेर टीला के दर्शन

फूलों से सजीं सड़कें और मंदिर परिसर

अयोध्या की सड़कें-गलियां, चौबारे समेत श्री रामजन्मभूमि भांति-भांति के फूलों से सज गई हैं। जन्मभूमि परिसर में महाराष्ट्र से आए साढ़े सात हजार पौधों की खूबसूरती देखते बन रही है। राज्य सरकार ने हाइवे से लेकर रामपथ व धर्मपथ को पौधों व फूलों से ऐसी सजावट की है कि दिव्यतम शोभा देख लोग भावविभोर हो रहे हैं।

ईडी ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शुरू की पूछताछ

- भूमि घोटाले से जुड़े धन शोधन के एक मामले में किए सवाल-जवाब
- सात बार समन के बावजूद एजेंसी के समक्ष हाजिर नहीं हुए थे सोरेन

रांची, एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों ने कथित भूमि घोटाले से जुड़े धन शोधन के एक मामले में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से यहां उनके आधिकारिक आवास पर शनिवार दोपहर पूछताछ शुरू की। मुख्यमंत्री आवास के बाहर भारी संख्या में सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है। सोरेन (48) झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के कार्यकारी अध्यक्ष भी हैं। वह इससे पहले, ईडी द्वारा सात बार समन जारी किए जाने पर पूछताछ के लिए एजेंसी के समक्ष उपस्थित नहीं हुए थे। आठवीं बार समन जारी किए जाने पर सहमति दे दी।

एक अधिकारी ने बताया कि जांच एजेंसी के अधिकारी दोपहर करीब एक बजे सोरेन के आवास पर पहुंचे। मौके पर बड़ी संख्या में तैनात सुरक्षाकर्मी मुख्यमंत्री आवास के आसपास गतिविधियों पर पैनी नजर रखे हुए हैं। राशन वितरण से संबंधित करोड़ों रुपये के कथित घोटाले के सिलसिले में पश्चिम बंगाल में ईडी अधिकारियों पर हुए हालिया हमले के मद्देनजर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है।

पूर्व मंत्री गायत्री प्रजापति के चार फ्लैट और कई भूखंड कुर्क किए

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री गायत्री प्रजापति के खिलाफ धनशोधन मामले की जांच के तहत मुंबई में चार फ्लैट और लखनऊ में कई भूखंड जब्त किए हैं जिनका मूल्य 13 करोड़ रुपये से अधिक है। एजेंसी ने शनिवार को एक बयान में कहा कि ये संपत्तियां प्रजापति, उनके परिवार के सदस्यों और सहयोगियों की हैं। मुंबई के फ्लैट मलाड (पश्चिम) में स्थित हैं, जबकि सात भूखंड (कृषि और आवासीय) उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के मोहनलाल गंज और हरिहरपुर में स्थित हैं। ईडी ने कहा कि धनशोधन रोकथाम अधिनियम के तहत 13.42 रुपये मूल्य की इन संपत्तियों को कुर्क करने का एक अस्थायी आदेश जारी किया गया है। ईडी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के खनन मंत्री रहते हुए प्रजापति ने अपने आधिकारिक पद का दुरुपयोग किया और अपने परिवार के सदस्यों और अन्य करीबी सहयोगियों/दोस्तों के नाम पर बड़ी मात्रा में संपत्ति अर्जित की।

एक नजर

रश्मिका का डीपफेक बनाने वाला गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने शनिवार को कहा कि उसने अभिनेत्री रश्मिका मंदाना के 'डीपफेक' वीडियो बनाने के सिलसिले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। यह वीडियो सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से प्रसारित हुआ था। एक अधिकारी ने बताया कि आरोपी को दक्षिण भारत से गिरफ्तार किया गया और उसे दिल्ली लाया गया है। आरोपी पर संदेह है कि उसने ही वीडियो बनाया था। आरोपी से पूछताछ की जा रही है। दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ में 10 नवंबर को प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

विधानमंडल का बजट सत्र दो फरवरी से

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानमंडल का बजट सत्र दो फरवरी से शुरू होगा। इस सत्र में वित्तीय वर्ष 2024-25 का बजट पेश किया जाएगा। इस सिलसिले में विधानसभा व विधान परिषद की ओर से अधिसूचना जारी की गई है। इस साल के पहले सत्र के पहले दिन विधानसभा मंडप में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल संयुक्त तौर पर दोनों सदनों को संबोधित करेंगी।

संजय सिंह, सिसोदिया की न्यायिक हिरासत बढ़ी

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने कथित आबकारी घोटाले से संबंधित एक धनशोधन मामले में आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं संजय सिंह और मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत शनिवार को तीन फरवरी तक के लिए बढ़ा दी। दोनों तिहाड़ जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अदालत में पेश हुए।

मुठभेड़ में दो महिला समेत तीन नक्सली मार गिराए

बीजापुर। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में दो महिला समेत तीन नक्सलियों को मार गिराया। पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि जिले के बासागुडा थाना क्षेत्र के अंतर्गत बलम नेड्रा गांव के करीब बेलम गुट्टा की पहाड़ी में हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने दो महिला नक्सलियों समेत तीन नक्सलियों को मार गिराया।

असम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर हमला, वाहनों में तोड़फोड़

- पार्टी का दावा : हमले के पीछे राज्य की भाजपा सरकार का हाथ
- घटना से संबंधित वीडियो जारी किए पुलिस को दीं दो शिकायतें

नई दिल्ली/उत्तर लखीमपुर, एजेंसी

कांग्रेस ने शनिवार को आरोप लगाया कि 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के दौरान असम के उत्तर लखीमपुर शहर में उसके कार्यकर्ताओं पर हमला किया गया, उनके वाहनों में तोड़फोड़ की गई और बैनर फाड़ दिए गए। मुख्य विपक्षी दल ने घटना से संबंधित कुछ वीडियो जारी करते हुए यह दावा भी किया कि यह हमला भाजपा सरकार के सहयोग से किया गया तथा यह मुख्यमंत्री हिमंत बिश्व शर्मा और भाजपा की घबराहट को दिखाता है। कांग्रेस की असम इकाई के प्रमुख भूपेन कुमार बोरा ने कहा कि शहर में यात्रा का स्वागत करने के लिए लगाए गए सभी होर्डिंग और पोस्टर शुक्रवार रात फाड़ दिए गए और बैनर लगाने पहुंचे पार्टी के सदस्यों की पिटाई की गई। उन्होंने आरोप लगाया कि डिस्प्ले ले जाने के लिए पार्टी द्वारा इस्तेमाल किए गए दो वाहनों को भी उपद्रवियों ने क्षतिग्रस्त कर दिया और कांग्रेस कार्यकर्ताओं को वहां से तुरंत नहीं जाने पर गंभीर अंजाम भुगतने की धमकी भी दी।

बोरा ने कहा कि हमने पुलिस में दो शिकायतें दी हैं। एक हमारे कार्यकर्ताओं की पिटाई करने और वाहनों को नुकसान पहुंचाने से संबंधित है, और दूसरी शिकायत, पोस्टर फाड़े जाने से संबंधित है। उन्होंने दावा किया कि जिस कार से उपद्रवी घटनास्थल पर पहुंचे थे वह एक ऐसे व्यक्ति की है जो स्थानीय भाजपा विधायक का करीबी माना जाता है।

इन हमलों से कांग्रेस और राहुल गांधी डरने वाले नहीं : खरगे

पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि इस तरह के हमले से कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी डरने वाले नहीं हैं। खरगे ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि हम असम के लखीमपुर में भाजपा के गुंडों द्वारा भारत जोड़ो न्याय यात्रा के वाहनों पर हुए शर्मनाक हमले और कांग्रेस पार्टी के बैनर-पोस्टर फाड़े जाने की कड़ी निंदा करते हैं। पिछले 10 वर्षों में भाजपा ने लोगों को संविधान द्वारा दिए गए हर अधिकार और न्याय को कुचलने एवं ध्वस्त करने का प्रयास किया है।

कांग्रेस शासन में मारे गए लोगों के परिजन कर रहे विरोध : शाह

गुवाहाटी। गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को दावा किया कि असम में जिन लोगों के परिजन कांग्रेस कार्यकाल के दौरान मारे गए थे, वे राज्य में राहुल गांधी के नेतृत्व में जारी भारत जोड़ो न्याय यात्रा का विरोध कर रहे हैं। शाह ने गुवाहाटी में पांच नवगठित असम पुलिस कमांडो बटालियन के पहले बैच की पासिंग आउट परेड को संबोधित कर रहे थे।

सेवानिवृत्त फौजी - पत्नी कमरे में मिले बेसुध, पत्नी की मौत

- कमरे में जलता मिला पेट्रोमैक्स अस्पताल में भर्ती फौजी गंभीर

बरेली। बारादरी थाना क्षेत्र के फाईक एंक्लेव में सेवानिवृत्त फौजी और पत्नी कमरे के अंदर बेसुध मिले। पुलिस ने ताला तोड़कर दोनों को अस्पताल भेजा, लेकिन पत्नी को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। कमरे में पेट्रोमैक्स जलता हुआ मिला है, जिससे दम घुटने की आशंका जताई जा रही है। अस्पताल में भर्ती फौजी की हालत गंभीर बनी हुई है।

फाईक एन्क्लेव निवासी जमील अहमद (70) ने रेहाना बी से दूसरा निकाह किया था। पहली पत्नी फूल की 15 साल पहले मृत्यु हो चुकी है। उनकी बेटी निदा शादी के बाद दुबई में रहती है। बारादरी पुलिस के अनुसार रेहाना बी की बहन शबाना ने शनिवार रात बहन को फोन किया। कई बार प्रयास के बाद भी जब फोन नहीं उठा तो वह बहन के घर पहुंची। दरवाजा खटखटाया लेकिन नहीं खुला तो पुलिस को जानकारी दी। बारादरी इंस्पेक्टर अमित पांडेय टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस दरवाजा तोड़कर कमरे के अंदर घुसी तो बेड पर सिर की तरफ जमील और उनके पैर की तरफ रेहाना बी बेसुध पड़ी थीं। कमरे में पेट्रोमैक्स जल रहा था। पुलिस तत्काल ही दोनों को अस्पताल ले गई, जहां रेहाना को डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया जबकि जमील की हालत गंभीर है। इधर, शबाना ने जमील पर आरोप लगाए कि वह बहन को दूसरा निकाह करने की बात कहकर परेशान करते थे। इंस्पेक्टर बारादरी अमित पांडेय ने बताया कि पोस्टमार्टम से मौत का असली कारण सामने आएगा। उसके बाद कार्रवाई की जाएगी।

प्रधानमंत्री मोदी ने श्रीरंगम मंदिर में की पूजा-अर्चना

तिरुचिरापल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को श्रीरंगम में रामायण से जुड़े श्री रंगनाथस्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना की और विद्वानों से 'कंब' रामायण का पाठ सुना। मोदी इस प्राचीन मंदिर में आने वाले पहले प्रधानमंत्री हैं। उन्होंने पारंपरिक परिधान वेष्टि (धोती) और अंगवस्त्रम (शॉल) पहना था। श्री रंगनाथस्वामी की मूर्ति भगवान विष्णु का एक रूप है जिसकी पूजा मूल रूप से भगवान राम और उनके पूर्वजों ने की थी। इस दौरान उन्हें गजानन का भी आशीर्वाद मिला। ● एजेंसी

मोबाइल चला रही पांच साल की बच्ची की मौत

- हार्ट अटैक माना जा रहा मौत की वजह, परिवार में मचा कोहराम

हसनपुर (अमरोहा)। कोतवाली क्षेत्र के गांव हथियाखेड़ा में मोबाइल फोन पर कार्टून देख रही पांच वर्षीया बच्ची की मौत हो गई। चिकित्सक बच्ची की मौत की वजह हार्ट अटैक बता रहे हैं।

गांव हथियाखेड़ा के महेश खड़गवंशी की बेटी कामिनी (05) शुक्रवार की रात नौ बजे मां के मोबाइल पर कार्टून फिल्म देख रही थी। मां सोनिया का कहना है कि अचानक कामिनी के हाथ से मोबाइल गिर गया। उन्होंने सोचा कि जानबूझकर ऐसी हरकत कर रही है। उसे हिलाकर देखा तो कोई प्रतिक्रिया नहीं हुई। आनन-फानन में बच्ची को गांव में निजी चिकित्सक के यहां ले गए। वहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। मां सोनिया का कहना है कि बेटी पूरी तरह स्वस्थ थी। शुक्रवार देर शाम तक खेलने के बाद उसने खाना खाया था।

बीएएमएस का पेपर लीक होने की आशंका में परीक्षा निरस्त

- एक पर्ची पर प्रश्नपत्र की तरह प्रश्न होने पर विवि का निर्णय
- गजरौला का एक परीक्षा केंद्र निरस्त, दूसरे पर होंगी परीक्षाएं

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने शनिवार को प्रश्नपत्र लीक होने की आंशका में बीएएमएस की परीक्षा निरस्त कर दी। विश्वविद्यालय के पास एक शिकायत पहुंची, जिसमें प्रश्नपत्र में आए प्रश्न एक पर्ची पर लिखे प्रश्नों से मिलते-जुलते हैं। अब यह परीक्षा बाद में कराई जाएगी। विश्वविद्यालय ने गजरोला के एक परीक्षा केंद्र को भी निरस्त कर दिया है। इस केंद्र की परीक्षा दूसरे केंद्रों पर होंगी।

परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार ने सूचना जारी की कि शनिवार को बीएएमएस तृतीय प्रोफेशनल की स्वास्थ्य वृत्त प्रथम की परीक्षा अपरिहार्य कारणों से निरस्त की जाती है। परीक्षा की तिथि, पाली और समय अलग से घोषित किया जाएगा। उन्होंने सभी केंद्राध्यक्षों, प्राचार्यों को निर्देश दिए कि परीक्षा निरस्त करते हुए छात्रों से उत्तर पुस्तिकाएं वापस लें। परीक्षा नियंत्रक ने कुलपति प्रो. केपी सिंह के आदेश पर रमाबाई अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय गजरौला, अमरोहा के केंद्र को निरस्त कर दिया है। अब इस केंद्र पर हो रही परीक्षाएं राजकीय संघटक महाविद्यालय हसनपुर अमरोहा में होंगी। विवि के मीडिया प्रभारी डॉ. अमित सिंह ने बताया कि मामले में जांच की जा रही है।

आस्था | कोई बरेली से चला पैदल तो कोई कासगंज, बुलंदशहर, बिजनौर और देहरादून से पहुंच रहा अयोध्या, रामनगरी में रामलला विराजे तो युवाओं की सोच भी हो रही आध्यात्मिक

पांव में छाले, जुबां पर राम की मर्यादा का संकल्प

धीरेंद्र सिंह, अयोध्या

अमृत विचार : लखनऊ से अयोध्या के रास्ते में युवाओं के भक्तिभाव और संकल्पों की गंगा बह रही है। हाड़ कंपाने वाली ठिठुरन में जहां लोग दिन में रजाई-कंबल नहीं छोड़ना चाहते, वहीं कई दिनों से पैदल ही अयोध्या जा रहे युवाओं के पैर में छाले देख लोग आश्चर्य से भर उठते हैं। कोई बरेली से पैदल चला आ रहा है तो, कोई कासगंज, बुलंदशहर, बिजनौर, देहरादून आदि से। वे रामलला को विराजते देखने को व्याकुल तो हैं ही साथ में समाज में व्याप्त बुराईयों से तौबा करने का संकल्प भी जता रहे हैं।

बाराबंकी के आगे मिले कासगंज के गोकुल राजपूत ने कहा कि रामलला के विराजने पर पैदल दर्शन करना मेरा संकल्प था। हमारे दोस्त भी पीछे आ रहे हैं, हम राम की कसम लेंगे की नशाखोरी से पूरी जिंदगी दूर रहें। अहमदपुर टोल प्लाजा से पहले बुलंदशहर के डिंपल सिंह मिले। पैदल चलने से उनके पांव में छाले पड़ गए थे। वह 10 जनवरी को घर से निकले थे। बोले-अब रामलला अपने मंदिर में आ रहे हैं, उनका आना कलियुग की कई बुराईयों का नाश भी करेगा। राजस्थान के बांदीकुई दौसा से 10 जनवरी को पैदल निकले शिक्षक भर्ती की तैयारी कर रहे कृष्ण गुर्जर और राजस्थान की प्रशासनिक सेवा की तैयारी कर रहे रामवीर कहते हैं कि धर्म के प्रति युवा जागरूक हो रहे हैं। इसका मतलब पूजा-पाठ करना नहीं है, बल्कि राम की मर्यादा को जीवन में अपनाना है। बरेली के मीरानपुर कटरा से 14 जनवरी को पैदल निकले दिव्यांशु मिश्रा कहते हैं कि रामलला का पैदल दर्शन करने का सपना साकार होगा। समाज की तमाम बुराईयों समेत नशा, धूम्रपान आदि से तौबा करना और दूसरों को भी प्रेरित करने का संकल्प लूंगा। हम सब मिलकर माता-पिता की उपेक्षा के खिलाफ भी मुहिम चलाएंगे। देहरादून से 9 जनवरी को पैदल निकले मंगलेश ममगाई और गोपाल राना ममगाई नशे के खिलाफ औरों को प्रेरित करेंगे।

रामवीर | मंगलेश ममगाई | दिव्यांशु मिश्रा | डिंपल सिंह | गोपाल राना | गोकुल राजपूत | कृष्णा गुर्जर

90 जैसी सख्ती न 92 जैसा आक्रोश

अयोध्या के रास्ते में जगह-जगह पुलिस ने बैरियर लगा रखा है, जांच और तलाशी भी हो रही है, लेकिन माहौल में न 1990 जैसी सख्ती है न ही 1992 जैसा आक्रोश है। अलबत्ता बैरियरों पर भी प्रभु राम के झंडे लहरा रहे हैं। पुलिस कर्मी जय श्रीराम के उद्घोष से सभी का स्वागत कर रहे हैं।

राम के आदर्शों को जीवन में उतारेंगे

बिजनौर से स्केटिंग करते हुए हाइवे पर चल रहे एमएससी कर रहे विशाल राजपूत कहते हैं कि 16 जनवरी को घर से निकले थे। बोले कि रामलला के दर्शन के साथ कसम लूंगा और माता-पिता की अंतिम सांस तक आज्ञा मानूंगा और सेवा करता रहूंगा। जो लोग उन्हें वृद्धाश्रम भेजते हैं, उन्हें राम के आदर्शों से सीख लेनी चाहिए।

...हर ओर बस राम ही राम

बरेली, अमृत विचार : अयोध्या में रामलला की प्राणप्रतिष्ठा के उत्साह में नाथ नगरी डूबने लगी है। बाजार, कार्यालय, घरों, होटलों के साथ-साथ मंदिरों को भी रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया जा रहा है। नगर निगम के नये भवन पर भव्य सजावट की गई है। यह सजावट 26 जनवरी तक रहेगी। शहर में कई बाजारों को भी झालरों से सजाया गया है। चौराहों पर राम आए हैं व अन्य रामधुन बज रही हैं। बीडीए की रामगंगानगर परियोजना को जगमगाने की तैयारी है। हर तरफ उल्लास दिख रहा है।

बड़ा बाग हनुमान मंदिर में लगेगा 51 किलो लड्डू का भोग

बरेली, अमृत विचार : बड़ा बाग हनुमान मंदिर में 22 जनवरी को रामलला को 51 किलो लड्डू का भोग लगाया जाएगा। रविवार को अखंड रामायण का पाठ होगा। हनुमान मंदिर ट्रस्ट के सचिव सुमित अग्रवाल ने बताया कि मंदिर को रंगीन रोशनी से सजाया गया है। यहां स्थित सीताराम मंदिर का प्रदेश में विशेष स्थान है। हनुमान मंदिर की स्थापना बाबा रामदास ने की थी। वह बाबा नीम करौली के सखा रहे। बाबा नीम करौली भी कई बार हनुमान बाबा के दर्शन करने आए थे। 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा का लाइव प्रसारण के साथ 51 किलो लड्डू का भोग लगाया जाएगा। राम लला को छप्पन भोग लगाने से पहले विधि विधान से अभिषेक किया जाएगा। सायंकाल में दीपोत्सव एवं संकीर्तन का आयोजन होगा।

कौशांबी एन्क्लेव में प्राण प्रतिष्ठा कल

बरेली, अमृत विचार : स्टेडियम रोड स्थित कौशांबी एन्क्लेव में शिव मंदिर में रविवार को राम दरबार की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा सोमवार को होगी। रविवार सुबह 11 बजे मूर्तियों के साथ क्षेत्र की परिक्रमा की जाएगी। अगले दिन सुबह 9 बजे से प्राण प्रतिष्ठा उत्सव मनाया जाएगा।

सुपर सिटी कॉलोनी मंदिर में कल होंगे भजन कीर्तन

बरेली, अमृत विचार : सुपर सिटी रेजिडेंशियल वेलफेयर सोसाइटी की ओर से सोमवार को मंदिर परिसर में हवन, रुद्राभिषेक और भंडारे का आयोजन किया जाएगा। अध्यक्ष अरुण कुमार सक्सेना व संरक्षक डॉ. आरपी गौतम ने कार्यक्रम की जानकारी दी।

ढोल नगाड़ों के साथ निकली कलश यात्रा, गूंजे श्रीराम के जयकारे

बरेली, अमृत विचार : चाहबाई स्थित काली देवी मंदिर में श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर मंदिर समिति की ओर से तीन दिवसीय कार्यक्रम की शुरुआत शनिवार को भव्य कलश यात्रा के साथ की गई। मंदिर में पं. अंजनी कुमार शुक्ला ने गणेश पूजन, पीठ पूजन, मूर्ति जलाधिवास, पीठ वेदियों की पूजा के साथ कलश यात्रा संपन्न कराई। मंदिर से शुरू हुई कलश यात्रा अग्रसेन स्कूल, पटवा गली से होते हुए चाहबाई पहुंची। लोग धर्म ध्वजा लहराते हुए ढोल नगाड़ों के साथ आगे बढ़ रहे थे। 108 महिलाएं पीले वस्त्रों में सिर पर कलश रखकर चल रही थीं। जय श्रीराम के जयकारे गूंज रहे थे। रीना जौहरी, शलिनी श्रीवास्तव, मीरा देवल, मिनी शर्मा, नूतन, शिखा, मंजू, सविता, मोना शर्मा, संगीता देवल, रिमझिम सक्सेना, मीनाक्षी शर्मा, प्रेम कुमार श्रीवास्तव, मनोज देवल, शिव मोहन, हिमांशु जौहरी, राजीव शर्मा समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु कलश यात्रा में शामिल हुए।

कुष्ठ आश्रम में जय श्रीराम नाम की बनाई रंगोली, छप्पन भोग लगाया

बरेली, अमृत विचार : प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल ने शनिवार को मॉडल टाउन स्थित कुष्ठ आश्रम में जय श्री राम नाम की 22 फुट चौड़ी रंगोली बनाकर छप्पन भोग लगाया। विधायक संजीव अग्रवाल ने जय श्रीराम के जयघोष के साथ कार्यक्रम आरंभ किया। अध्यक्ष नवीन अग्रवाल और महामंत्री सुदेश अग्रवाल ने व्यापारियों से 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के बाद शाम को दीपोत्सव मनाने की अपील की। राज कमल भसीन, दुर्गेश, अतुल अग्रवाल, दिनेश वर्मा, प्रदीप अग्रवाल, मनीष, पंकज रोहतगी, दिनेश वर्मा, मुकुल अग्रवाल, संजीव अग्रवाल, अशोक गुप्ता, राजेश, सचिन गुप्ता, जितेंद्र रस्तोगी, कमल गोयल, राहुल अग्रवाल, मुकुंद, हरिकांत, अरविंद अग्रवाल, प्रवीण अग्रवाल, अनूप गोयल आदि मौजूद रहे।

अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में पशुपति नाथ मंदिर में की गई सजावट। ● अमृत विचार

डीडीपुरम चौराहे पर कलाकारों ने रंगों से उकेरा राम-सीता का चित्र

बरेली, अमृत विचार : शनिवार को डीडीपुरम चौराहे पर डिगनिटी आफ लाइफ ग्रुप ने रंगों की तूलिका से राम के विभिन्न चित्रों को उकेरा। इस मौके पर श्री राम से जुड़ी पेंटिंग्स बनाकर रामलला के विराजमान होने की खुशी व्यक्त की गई। ग्रुप की डायरेक्टर डा. आंचल रोशनी अग्रवाल ने बताया कि ग्रुप के दस कलाकारों ने अपने भावों को कैनवास पर उतारा। इन पेंटिंग्स को अयोध्या में प्रदर्शित किया जाएगा। मूर्ति कलाकार तृप्ति राजन ने मिट्टी से राम मंदिर बनाया, जिसकी सभी ने प्रशंसा की। अजीम, सुनील, सौरभ, कपिल, पूजा, वैष्णवी, दीक्षा, तृप्ति आदि कलाकारों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

आज और कल अयोध्या नहीं जाएंगी रोडवेज बसें

बरेली, अमृत विचार : बरेली रीजन से अयोध्या के लिए शुरू की गई बस सेवा अब दो दिन तक प्रभावित रहेगी। अब बसें सिर्फ लखनऊ तक ही जाएंगी। अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की वजह से वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी गई है। 23 जनवरी के बाद अयोध्या के लिए बसों का संचालन फिर से शुरू कर दिया जाएगा।

बरेली रीजन के बरेली, रुहेलखंड और बदायूं डिपो से दो-दो रोडवेज बसों और पीलीभीत से एक बस को अयोध्या के लिए शुरू किया गया है। क्षेत्रीय प्रबंधक दीपक चौधरी ने बताया कि अयोध्या जाने वाली बसों को लखनऊ में रोका जाएगा। 23 जनवरी से अयोध्या के लिए बसों का संचालन पूर्ववत हो जाएगा। इसके अलावा सेटेलाइट और पुराना बस अड्डे पर हेल्प डेस्क बनाई गई है, जिसमें आठ-आठ घंटों के लिए तीन कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। ये लोग सीधी बस सेवा न मिलने पर लखनऊ के आगे मिलने वाली बसों के बारे में भी बताएंगे।

सिविल लाइंस मंदिर में हनुमान चालीसा का पाठ किया

सिविल लाइंस स्थित हनुमान मंदिर में आरती करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार: रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर राष्ट्र जागरण उद्योग व्यापार मंडल ने सिविल लाइंस हनुमान मंदिर पर हनुमान चालीसा का पाठ किया। इसके बाद चाय का वितरण किया गया।

महानगर अध्यक्ष विशाल मेहरोत्रा ने कहा कि प्राण प्रतिष्ठा के दौरान कोई संकट न आए इसलिए हनुमान मंदिर पर हनुमान चालीसा का पाठ आरती एवं चाय-रस का लंगर किया गया। जीतू देवनानी ने प्राणप्रतिष्ठा को अद्भुत अवसर बताया। संयोजक अमित मिश्रा ने बताया कि पूरा बरेली भगवा हो गया है। मुख्य अतिथि मेयर डा. उमेश गौतम और विशिष्ट अतिथि विख्यात कथा वाचक शिवानंद महाराज रहे। अमित भारद्वाज, गिरीश मक्कर, अमित मिश्रा, कपिल, वैभव अग्रवाल, जगजीत, राहुल खंडेलवाल, रचित अग्रवाल, अर्पित अग्रवाल, राजकुमार, राजपूत, पंकज मिश्रा, हर्ष साहनी, मनजीत सिंह नागपाल, हरमीत सिंह, जयंत जुनेजा, कनुज सोंधी, मुकेश सिंह, मन्नू बक्शी, रमेश अग्रवाल, सुरेंद्र लाला, राजीव अग्रवाल, राजेश सक्सेना, विपिन सक्सेना आदि राम भक्त मौजूद रहे।

सत्संग में श्री राम नाम का किया संकीर्तन

बरेली, अमृत विचार : आर्ट ऑफ लिविंग की शिक्षिका शमा गुप्ता ने शनिवार को आवास पर आयोजित सत्संग में श्री राम नाम का संकीर्तन किया। इस मौके पर जय श्री राम लिखकर दीपदान कर सभी को प्रसाद वितरित किया गया। मनी अग्रवाल, कुश गुप्ता, डॉ गीता चौहान, सीपता अग्रवाल, इंदु वार्ष्णेय, कोमल नीहलानी, प्रतिभा अग्रवाल, बरखा नीहलानी, शालिनी तिवारी, नीलम जायसवाल मौजूद रहीं।

प्राण प्रतिष्ठा को लेकर अनुष्ठान शुरू

बरेली, अमृत विचार : वीर सावरकर नगर स्थित गायत्री पुरी में सोमनाथ मंदिर में शनिवार से राम दरबार, राधाकृष्ण, लक्ष्मी नारायण, शिव परिवार और नव दुर्गा की प्राण प्रतिष्ठा, कलश स्थापना अनुष्ठान शुरू हो गया है। कार्यक्रम का समापन 22 जनवरी को मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा के साथ होगा। आचार्य पंडित शिव शरण पाठक और उनके शिष्य यह अनुष्ठान करा रहे हैं। गायत्री पुरी वीर सावरकर नगर समिति के अध्यक्ष केहरी सिंह, सचिव दिनेश गिरी, अश्वनी कुमार, दिनेश गिरी, योगेंद्र गंगवार, अजय अग्रवाल, सुनील मोहन, संजय सक्सेना, सतेंद्र अग्रवाल आदि मौजूद रहे। रविवार को शोभायात्रा निकाली जाएगी।

पूजित अक्षत का घर-घर किया वितरण

बरेली, अमृत विचार : अयोध्या से आए पूजित अक्षत के साथ राम मंदिर का चित्र एवं निमंत्रण पत्र लेकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह प्रांत प्रचारक धर्मेंद्र, विभाग प्रचारक धर्मेंद्र भारत, महानगर प्रचारक मयंक साधु, महानगर अध्यक्ष पवन अरोरा घर- घर पहुंच रहे हैं। शनिवार को शिवाजी नगर भूड़ बस्ती में पूजित अक्षत बांटे गए। यहां सांसद संतोष गंगवार, भाजपा महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना, अनिल सक्सेना एडवोकेट, पार्षद कपिल कांत, मनोज मौर्या, नवीन कक्कड़, आदित्य प्रकाश, कमलेश, सविता सक्सेना, बबिता रेक्रीवाल सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

जिला अस्पताल :इमरजेंसी में दो ईएमओ की तैनाती

बरेली, अमृत विचार : अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के चलते शासन की ओर से 22 जनवरी को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। सरकारी अस्पतालों में मरीजों का इलाज प्रभावित न हो इसके लिए अधिकारी व्यवस्थाएं चाक चौबंद करने में जुट गए हैं। अस्पतालों में इमरजेंसी सेवा के साथ ही आधे दिन तक ओपीडी का संचालन किया जाएगा। जिला अस्पताल की इमरजेंसी में दो ईएमओ की तैनाती कर दी है। एक डॉक्टर कॉल पर मौजूद रहेंगे वहीं दूसरे को इमरजेंसी में आने वाले मरीजों को परामर्श के साथ भर्ती करने के निर्देश दिए गए हैं।

जिला अस्पताल की एडीएसआईसी डॉ. अलका शर्मा के अनुसार शासनादेश के अनुपालन में 22 जनवरी को आधे दिन तक ओपीडी का संचालन होगा। कर्मचारियों को अवकाश के आवेदन न करने के आदेश भी दिए गए हैं।

अयोध्या आंदोलन में दो बार जेल गए अरविंद

सांसद संतोष गंगवार के साथ जनसेवा के कार्य में जुटे अरविंद बाजपेयी। (फाइल फोटो)

बरेली, अमृत विचार : राम मंदिर के लिए जुनूनी कारसेवकों में अरविंद बाजपेयी भी शामिल रहे। उन्होंने राम मंदिर निर्माण हेतु धन संग्रह अभियान में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। उन्हें जेल भी भेजा गया था। कोरोना काल में अपनी टोली के साथ जरूरतमंदों की सेवा में तत्पर रहने वाले अरविंद बाजपेयी अब दुनिया में नहीं हैं। उनके भाई मनोज बताते हैं कि बड़े भाई का क्रांतिकारी स्वयं सेवकों में लिया जाता था। उस समय सभी प्रचारकों का घर पर आना-जाना रहता था। 1990 में मानव शुक्ला, संतोष गंगवार की पत्नी सौभाग्यवती गंगवार व अन्य के साथ बड़े भाई अयोध्या जाने को निकले। प्रेम नगर पुलिस ने पकड़ लिया और सेंट्रल जेल भेज दिया। 20 दिन बाद रिहा हुए और फिर आंदोलन में जुट गए। 1992 में कारसेवक के रूप में अयोध्या आंदोलन व धारा 370 के पोस्टर लगाते समय कोतवाली पुलिस ने पकड़कर जेल भेज दिया। उनके साथ मानव शुक्ला, अजय अवस्थी भी थे। मनोज ने बताया कि 1992 के आंदोलन में कारसेवकों को काफी यातनाएं दी गईं। भैया व उनके साथी क्रांतिकारी स्वयंसेवक कहे जाते थे। कारसेवकों का संघर्ष अब फलीभूत हो रहा है। सारा देश रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए प्रफुल्लित है। खुशी है कि आंदोलन में उनके परिवार का भी योगदान रहा है।

जन्मभूमि आंदोलनः वीरांगना बन विमला ने भरा था महिलाओं में जोश

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- परिवार के 13 लोगों को पुलिस ने जेल में डाल दिया, वह भी महिलाओं के साथ जेल गईं
- भाजपा की पूर्व जिलाध्यक्ष विमला शुक्ला ने सुनाई संघर्ष की कहानी, जेल में गुजारे 25 दिन

अमृत विचार : 90 के दशक में रामजन्म भूमि आंदोलन जोर पकड़ रहा था। उन दिनों महिलाओं का घर से निकलना आसान नहीं था लेकिन राम जन्मभूमि के लिए महिलाएं वीरांगना बन गई थीं। जेल जाने में भी संकोच नहीं किया। महिलाओं में अलख जगाने का काम किया था विमला शुक्ला ने। उन्होंने न सिर्फ महिलाओं को संगठित किया बल्कि उनके सम्मान और सुरक्षा का भी ध्यान रखा। दुर्गावाहिनी की संयोजिका के रूप में वह जेल गईं तो उनके साथ बच्चे भी थे। उनमें एक बेटा इन दिनों मेरठ में न्यायिक सेवा में है।

विमला शुक्ला।

वर्ष 2000 में भाजपा की जिलाध्यक्ष रहीं नवाबगंज निवासी विमला शुक्ला राम जन्मभूमि के लिए आंदोलन को याद कर उत्साहित हो उठीं। कहा कि उन दिनों काफी प्रताड़ना भी सही लेकिन इससे उनकी हिम्मत कम नहीं हुई। एक बार पुलिस ने घर पर धावा बोल दिया। दरवाजा तोड़कर उनके पति पूर्व चेयरमैन राजेन्द्र शुक्ला उर्फ मुन्ना पांडेय को ले गई। तभी वायरलेस पर आवाज गूंजी कि मुन्ना को नहीं इनकी पत्नी विमला को पकड़ना है, वही मुखिया हैं। पुलिस दोबारा घर पर आई तब तक वह पुलिस की पकड़ से दूर हो चुकी थीं।

तब उनके श्वसुर को पुलिस पकड़ ले गई। बताया कि उनका पूरा परिवार जेल में था लेकिन गांव से जो भी जत्थे आ रहे थे उसका नेतृत्व करते हुए जेल भरो आंदोलन में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और महिलाओं को लेकर भी जेल गईं। विमला बताती हैं कि उनके परिवार के 13 लोग जेल भेजे गये। दोबारा जेल भरो आंदोलन में पुलिस उन्हें महिलाओं के साथ शाहजहांपुर की बच्चा जेल ले गई। वहां की अव्यवस्थाओं को देखकर कार्यकर्ताओं ने महिलाओं को उतरने नहीं दिया।

इसके बाद पुलिस रात में ही उन्हें फिर बरेली जेल लाई। यहां जेलर से कहकर अलग टेंटकी व्यवस्था कराई जिसमें सभी महिलाएं रहीं। बताया कि राम जन्मभूमि के लिए लोगों में जुनून था। कारसेवकों के जत्थे जा रहे थे। उनके ठहरने और खाने-पीने की व्यवस्था की जिम्मेदारी संगठन ने दी, उसे निभाया।

34 साल पहले किया गया संघर्ष अब फलीभूत हो रहा है। जीवनकाल में राम मंदिर बनकर तैयार हो रहा है तो सुखद अनुभव हो रहा है। कारसेवकों कायकर्ताओं का संघर्ष काम आया। छोटे पुत्र आचार्य अरविंद शुक्ला के साथ आईं विमला शुक्ला ने बताया कि इस आंदोलन में उनका कार्य एक गिलहरी का था। गिलहरी ने लंका में पुल बनाने में जो सहयोग किया वही काम मैंने किया।

घर-घर लगाए श्रीराम नाम के झंडे, गंगा आरती में शामिल होने का किया आह्वान

बरेली, अमृत विचार : श्री रामगंगा आरती आयोजन समिति ने शनिवार को घर-घर पहुंचकर श्रीराम नाम के झंडे लगाए। साथ ही लोगों से रविवार को रामगंगा तट पर आयोजित होने वाली आरती में शामिल होने का आह्वान किया।

संयोजक अमित भारद्वाज ने कहा कि रामगंगा घाट स्वच्छ और निर्मल रहे, यह हम सभी की जिम्मेदारी है। क्लब थारिएंस के अध्यक्ष राजीव खुराना, छोटी सी आशा की अध्यक्ष पारुल मलिक धवन, राष्ट्र जागरण युवा संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आशु अग्रवाल ने गंगा घाट को दीप और फूलों से सजाने की अपील की। जीतू देवनानी, राजू उपाध्याय, सरदार हरमीत सिंह, सौरभ शर्मा, अमित शर्मा, सरदार मंजीत मरवाह, विक्रम गुप्ता, विपुल गर्ग सौरभ अग्रवाल, गुलशन नंदा आदि उपस्थित रहे।

श्रीराम नाम के झंडों के साथ श्रीरामगंगा आरती आयोजन समिति के पदाधिकारी।

पार्क एवेन्यू में राम दरबार की होगी स्थापना

बरेली, अमृत विचार : नैनीताल रोड स्थित पार्क एवेन्यू एजेंसी कॉलोनी में राम मंदिर में राम दरबार की स्थापना की जा रही है। जिस मुहूर्त में अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होगी, उसी मुहूर्त में यहां भी प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी।

डीजी इंफ्रा ग्रुप के संस्थापक धर्मेन्द्र गुप्ता की ओर से मंदिर के बराबर में राम दरबार की स्थापना कराई जा रही है, जिसके लिए विशेष रूप से जयपुर से मूर्तियां मंगाई गई हैं और शनिवार से तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह शुरू हो गया है। 22 जनवरी को मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी और भंडारा होगा। कार्यक्रम को लेकर कॉलोनी के लोग उत्साहित हैं।

कार्यक्रम के दौरान भजन कीर्तन करते श्रद्धालु।



दावों का सच : भोजीपुरा औद्योगिक क्षेत्र में शाम होते ही अंधेरा और नालों में उफना रही गंदगी

समस्याओं का निस्तारण अफसरों के आश्वासन तक सीमित, उद्यमी मुश्किल हालातों में दशकों से चला रहे उद्योग

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार: प्रदेश में औद्योगिक विकास की तमाम कोशिशें की जा रही हैं। फलस्वरूप जिले में भी एक साल में कई नई औद्योगिक इकाइयां लग चुकी हैं। उद्यमियों ने व्यवस्था को लेकर वादों और दावों पर भरोसा कर उद्योग तो लगा लिए लेकिन अब सुविधाओं के नाम पर खुद को छला महसूस कर रहे हैं। सड़कें जर्जर हैं तो कहीं नाले चोक हो गए हैं। बिजली सप्लाई भी रामभरोसे है। अधिकारियों के साथ बैठकों में मुद्दे उठते हैं तो अतिशीघ्र समाधान के आश्वासन का पैंबद लगाकर उद्योगों को पूरी रफ्तार से चलाने की उद्यमियों को घुट्टी पिला दी जाती है। हालात जस के तस।

जिले में परसाखेड़ा और रजऊ के अलावा भोजीपुरा औद्योगिक क्षेत्र है। 1962 में बने भोजीपुरा औद्योगिक क्षेत्र की तस्वीर अन्य दोनों औद्योगिक क्षेत्रों से कुछ अलग है। यहां सड़कें तो काफी जद्दोजहद के बाद ठीक करा दी गईं। लेकिन, जल निकासी और बिजली की समस्या दशकों बाद भी दूर नहीं हो सकी। सोलर या स्ट्रीट लाइटें न होने से शाम होते ही औद्योगिक क्षेत्र अंधेरे में डूब जाता है। चोरी की कई घटनाएं हो चुकी हैं। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम नहीं होने के चलते उद्यमियों को डर बना रहता है।

भोजीपुरा औद्योगिक क्षेत्र में ठीक नहीं है सड़कों की स्थिति।

उफनाकर सड़कों पर आ जाता है नाले-नालियों का पानी

भोजीपुरा में किसान जैम की पहली फैक्टरी लगी थी। यहां फूड प्रोसेसिंग, कृषि आधारित समेत 40 छोटी-बड़ी इकाइया हैं जिनसे सरकार को हर माह करीब तीन करोड़ रुपये का राजस्व मिल रहा है। उद्यमियों का दर्द है हजारों लोगों को रोजगार देने के बावजूद जलनिकासी, स्ट्रीट लाइट जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं। यहां नाले-नालियां पानी से ज्यादा गंदगी से भरे हैं जिसके चलते जलभराव रहता है। बरसात में हालात काफी खराब हो जाते हैं। गंदगी युक्त जलभराव के चलते पैदल निकलना तक मुश्किल हो जाता है। उद्यमियों की कई साल की कोशिशों के बाद नाला निर्माण के लिए बजट मिला। उसमें भी सिर्फ खानापूरी की गई। इस वजह से जलनिकासी बदहाल है।

उद्योग बंधु की बैठक में कई बार उठा मुद्दा

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हर माह होने वाले उद्योग बंधु की बैठक में भोजीपुरा औद्योगिक क्षेत्र की बदहाली का मुद्दा उद्यमियों ने कई बार उठाया। डीएम ने व्यवस्थाएं सुधारने को कई बार निर्देश भी दिए, लेकिन उन आदेशों पर अमल आज तक कायदे से नहीं हो सका। इतना ही नहीं रात में सुरक्षा तक का कोई इंतजाम नहीं है। हर समय उद्यमी भयभीत रहते हैं।

गंदगी के चलते चोक नाला हल्की बारिश में ही उफना जाता है। ● अमृत विचार

जलनिकासी की समस्या बनी मुसीबत का सबब

उद्यमी परेशान हैं। कई मंचों पर समस्या उठाने के बावजूद सुनवाई नहीं हो रही। बिजली व जलनिकासी की समस्या मंडलायुक्त और जिलाधिकारी के समक्ष कई बार उठाई। उद्योग विभाग के अफसर बेलगाम हैं। परेशानी जस की तस बनी है। **– अजय शुक्ला**, अध्यक्ष, भोजीपुरा औद्योगिक क्षेत्र

सड़कों व नालियों पर करोड़ों रुपये खर्च किए लेकिन नालों से पानी के निकासी की समस्या आज तक नहीं हल हो सकी। उद्योग बंधु की बैठक में इन समस्याओं को कई बार उठा चुके हैं। सुनवाई न होने से उद्योगों पर प्रभाव पड़ रहा है। **–गुरप्रीत सिंह**, उद्यमी

बुनियादी जरूरतें भी पूरी नहीं हो सकी हैं। नौ साल बाद पीएनसी से नाला बना दिया लेकिन जलनिकासी का कोई प्रबंध नहीं किया। प्रशासन के साथ-साथ उद्योग विभाग के अफसरों को इस दिशा में सोचना चाहिए। **–आरएन दीक्षित**, उद्यमी

भोजीपुरा औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना हुए दशकों गुजर गए, लेकिन हमारी समस्याओं के निदान पर शासन-प्रशासन का कोई ध्यान नहीं है। जबकि सरकार को यहां के उद्यमी हर माह करोड़ों रुपये का राजस्व देते हैं। **–मनोज कुमार**, उद्यमी

- **काफी जद्दोजहद के बाद सड़कें बनाईं लेकिन नाले के पानी की निकासी का नहीं किया गया इंतजाम**

ये हैं मुख्य समस्याएं

- बिजली की सप्लाई।
- जलनिकासी की कोई व्यवस्था नहीं होना।
- स्ट्रीट लाइट की सबसे अधिक समस्या।
- सुरक्षा व्यवस्था के नहीं हैं इंतजाम

फीडर औद्योगिक क्षेत्र का सप्लाई दूसरी जगह

1962 में औद्योगिक क्षेत्र बनने के बाद पहली फैक्टरी वर्ष 1964 में लगी। फिर बोतल, ढक्कन के साथ पैकेजिंग आइटम बनाने की कई फैक्टरी लगती चली गईं। प्रदेश सरकार ने दोहना स्टेशन से इंडस्ट्री फीडर की लाइन दी ताकि ट्रिपिंग रोकी जा सके और 24 घंटे आपूर्ति दी जा सके। लेकिन इस फीडर से दियोरनियां तक अंधाधुंध तरीके से ग्रामीण क्षेत्र जोड़े गए। इससे औद्योगिक क्षेत्र में हर समय बिजली संकट बना रहता है। उद्यमियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

शीतलहर से 24 तक रहेगी ठंड, घना कोहरा भी छाएगा

शनिवार को सदर तहसील परिसर में धूप में बैठे लोग। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **धूप से मिली कुछ राहत, अधिकतम 14.1 और न्यूनतम तापमान 8.2 डिग्री सेल्सियस हुआ दर्ज**

अमृत विचार : जिले में तीन दिन बाद शनिवार को धूप खिली तो लोगों को ठंड से कुछ राहत मिली, हालांकि तेज हवाओं से शाम के बाद फिर से ठंड बढ़ गई। मौसम विभाग ने 24 तक शीतलहर से ठंड का पूर्वानुमान जताया है। इस दौरान घना कोहरा छाने का भी पूर्वानुमान है।

शनिवार को अधिकतम और न्यूनतम तापमान में भी वृद्धि दर्ज की गई। अधिकतम तापमान सामान्य से छह डिग्री कम 14.1 और न्यूनतम 8.2 डिग्री दर्ज किया गया। पंतनगर यूनिवर्सिटी के मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह ने बताया कि 24 जनवरी तक मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है। पूर्वानुमान के अनुसार शीतलहर के साथ ही गलन का प्रकोप देखने को मिलेगा। हालांकि 24 जनवरी के बाद अधिकतम व न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी के साथ मौसम में फिर बदलाव होगा। 24 जनवरी तक औसतन अधिकतम तापमान 14 डिग्री व न्यूनतम तापमान छह डिग्री के आसपास रहने के आसार हैं।

जंक्शन पर कई ट्रेनें घंटों देरी से पहुंचीं

बरेली, अमृत विचार : सर्दी में कई ट्रेनें निरस्त हैं, इसके अलावा कई ट्रेनें घंटों की देरी से जंक्शन पर पहुंच रही हैं। शनिवार को भी बरेली जंक्शन पर कई ट्रेनें घंटों की देरी से पहुंची, जिससे ठंड में यात्री परेशान होते रहे।

शनिवार को 15654 अमरनाथ एक्सप्रेस सवा घंटा की देरी से शाम को चार बजे आई। 15910 अवध असम एक्सप्रेस दो घंटे देरी से पहुंची। 14236 वाराणसी, 15128 काशी विश्वनाथ, 14308 मुगलसराय और 14618 जनसेवा एक्सप्रेस निरस्त रहीं। वहीं जो ट्रेनें देरी से आईं उनमें यात्रियों यात्रियों की अधिक भीड़ होने से यात्रियों को परेशानी हुई।

भाजपा कार्यकर्ता को दी धमकी पार्टी छोड़ दो नहीं तो जान से मार देंगे

बरेली, अमृत विचार : बारादरी क्षेत्र के चकमहमूद निवासी शारिक हसन खान को भाजपा पार्टी जल्द न छोड़ने पर जान से मारने की धमकी दी गई है। शारिक ने बारादरी थाना में अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है।

शारिक के मुताबिक वह 16 जनवरी की रात करीब 11 बजे घर पर सो रहे थे। इसी दौरान उनके पास अलग-अलग दो नंबरों से फोन आया और गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर उसने कहा कि भाजपा छोड़ दो नहीं तो जान से मारे जाओगे।

कारण पूछने पर आरोपी ने कहा कि वह भाजपा विरोधी है। इस लिए पार्टी छोड़ दो। पुलिस ने आरोपी के अज्ञात आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। साथ ही नंबर के आधार पर मामले की जांच कर रही है।

शनिवार को गांधी उद्यान के पास निजी अस्पताल की एंबुलेंस खराब हो गई। इस दौरान धक्का लगाने की नौबत आ गई। ● अमृत विचार

रेलवे में नौकरी लगवाने के बहाने युवती से किया दुष्कर्म

संवाददाता, बरेली/सीबीगंज

- **आरोपी ने खुद को डीआरएम कार्यालय में बताया था मेजर**
- **झूठ बोल कर की शादी, एसएसपी के आदेश पर 11 पर रिपोर्ट**

अमृत विचार : एक युवक ने खुद को डीआरएम ऑफिस के ट्रेनिंग सेंटर में अधिकारी बताकर युवती को नौकरी दिलाने का झांसा दिया। इसके बाद उसने युवती को रुद्रपुर ले जाकर दुष्कर्म किया। पुलिस से शिकायत करने की बात पर आरोपी ने शादी कर ली और किराए के कमरे में रहने लगा। दबाव डालने पर घर ले गया और वहां परिजनों ने दहेज में दो लाख रुपये न लाने की बात कहकर घर से निकाल दिया। एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान के आदेश पर पुलिस ने आरोपी समेत 11 आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

सीबीगंज क्षेत्र की एक युवती के मुताबिक साल 2016 में वह बीए प्रथम वर्ष की छात्रा थी। इसी दौरान पंकज उर्फ अहिलकार से उसकी जान पहचान हुई। उसने खुद को डीआरएम ऑफिस के ट्रेनिंग सेंटर में मेजर होना बताया और रेलवे में नौकरी लगवाने का लालच दिया। इससे वह उसके झांसे में आ गई। आरोप है कि वह 18 जून 2016 को युवती को रुद्रपुर स्थित एक धर्मशाला में ले गया और कहा कि रेलवे के अधिकारी आ रहे हैं। वह उनसे नौकरी की बात करेगा। वहां ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। उसने मामले की शिकायत पुलिस से करने को कहा तो उसने 25 जून वर्ष 2017 को एक मंदिर में शादी कर ली। शादी के बाद उसे रामपुर गार्डन में एक किराए का कमरा लेकर रखने लगा। युवती ने जब पंकज पर दबाव बनाया तो वह अपने घर लेकर गया। घर पहुंच कर उसे पता चला कि उसका नाम पंकज नहीं बल्कि अहिलकार है और उसकी पहले ही शादी हो चुकी है। घर पर उसकी पत्नी मौजूद थी।

कुछ दिन घर पर रखने के बाद उससे दहेज में दो लाख रुपये की मांग की गई और फिर मारपीट कर घर से निकाल दिया गया। एसएसपी के आदेश पर सीबीगंज पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर पंकज उर्फ अहिलकार, बालिस्टर, शकुंतला उर्फ कुसमा, सुषमा, शैलेश, रिंकू, पिंकू, एनपी, रामफल, रामबेटी और रोशन लाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

पुलिस-प्रशासन के व्हाट्सएप ग्रुपों में सिटिल सक्रिय, मगर गिरफ्त से दूर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **आरटीओ कार्यालय जाकर हाथापाई व धमकाने के आरोप में भी एफआईआर की जाएगी दर्ज**
- **एआरटीओ की हत्या की कोशिश के आरोप में रिपोर्ट दर्ज होने के बाद से है फरार**

अमृत विचार : एआरटीओ प्रवर्तन राजेश कर्दम की हत्या करने की कोशिश के आरोपी सिटिल गुप्ता पर एक और मुकदमा लिखने की तैयारी है। आरोप है कि उसने घटना के बाद आरटीओ कार्यालय पहुंचकर हाथापाई कर एआरटीओ को धमकाया। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद से उसे फरार बताया जा रहा है लेकिन पुलिस-प्रशासन के अधिकारिक व्हाट्सएप ग्रुपों से लेकर सोशल मीडिया पर पूरी तरह सक्रिय है। वह प्रयास में लगा हुआ है कि किसी तरह से समझौता हो जाए।

एआरटीओ राजेश कर्दम ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि गुरुवार सुबह सात बजे वह टीम के साथ चेकिंग करते हुए आईवीआरआई पुल के पास पहुंचे। नैनीताल रोड पर आ रहे गिट्टी भरे ट्रक को रोका। जांच में ट्रक में 25-26 टन लोड ज्यादा पाया गया। इसी बीच कार से आरोपी सिटिल पहुंच गया। उनके साथ गाली-गलौज की और ट्रक ड्राइवर को आवाज देकर ट्रक ले जाने को कहने लगा। उन्होंने विरोध किया तो सिटिल ने धमकी दी कि दोबारा गाड़ी रोकी तो जान से मार देगा। एआरटीओ ने ट्रक को दोबारा बैरियर- टू पुलिस चौकी के पास पकड़ लिया।

इसी दौरान सिटिल ने उनकी हत्या करने की नीयत से अपनी लाल कलर की कार से उनकी सरकारी गाड़ी में जोरदार टक्कर मार दी। इससे उनकी गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद सिटिल फरार बताया गया। हालांकि वह अधिकारियों के अधिकारिक व्हाट्सएप ग्रुपों में सक्रिय है। सूत्र बताते हैं कि एआरटीओ की हत्या के प्रयास की रिपोर्ट दर्ज होने के बाद वह साठगांठ में लगा हुआ है। किसी तरह से समझौता हो जाए, इसके लिए सिफारिशें करा रहा है। हालांकि, मामले के तूल पकड़ लेने के कारण साठगांठ परवान नहीं चढ़ रही। फिलहाल, पुलिस का कहना है कि आरोपी की तलाश की जा रही है। संबंधित ठिकानों पर दबिश दी जाएगी।

दरोगा को फंसाने की साजिश में भी हो सकती है कार्रवाई

सिटिल ने हाल ही में देहात के एक थाने में तैनात दरोगा पर रिश्वत मांगने का आरोप लगाते हुए पुलिस अफसरों को एक ऑडियो रिकॉर्डिंग सौंपी थी। एसएसपी ने इसकी जांच एसपी देहात से कराई तो पता चला कि दरोगा को फंसाने के लिए जालसाजी की गई थी। जो रिकार्डिंग देकर सिटिल ने दरोगा पर आरोप लगाया था, उसे आपस में बातचीत कर तैयार किया गया था। इस मामले में भी कार्रवाई की जा सकती है।

आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। मामले की जांच की जा रही है। दोबारा धमकी देने के मामले में तहरीर मिलेगी तो उसकी अलग से रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।
–जयशंकर सिंह, थाना प्रभारी इज्जतनगर

बीएएमएस में पास कराने के बहाने भी हुई थी ठगी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार: बीएएमएस का प्रश्नपत्र लीक होने के चलते परीक्षा निरस्त होने से कई सवाल खड़े हो रहे हैं। इससे पहले बीएएमएस के रिजल्ट की शीट लीक और बीएएमएस परीक्षा में पास कराने के नाम पर वसूली के मामले भी सामने आ चुके हैं। विश्वविद्यालय प्रश्नपत्र के मामले में जांच करेगा कि किस स्तर से चूक हुई है।

अगस्त 2023 में अमरोहा के एक मेडिकल कॉलेज के बीएएमएस के 50 छात्रों की शीट लीक हो गई थी। इसमें से अधिकांश छात्र फेल दिखाए गए थे। इसको लेकर छात्रों ने विरोध भी किया था। इसके बाद सितंबर 2023 में बीएएमएस परीक्षा में छात्रों को पास करने के नाम पर रुपये वसूलने का भी मामला सामने आ चुका है। इस मामले में छात्रों का डाटा लीक हुआ था। परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार ने बारादरी थाना में एफआईआर दर्ज कराई थी। काफी दिनों बाद एक युवक को गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद मामला ठंडे बस्ते में चला गया था।

तुरंत गोपनीय सामग्री उपलब्ध कराने के निर्देश

परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार ने राजकीय संघटक कॉलेज के प्राचार्य को निर्देश दिए हैं कि रमाबाई अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय गजरौला से विश्वविद्यालय से प्रेषित गोपनीय सामग्री और अभिलेख प्राप्त कर 23 जनवरी से परीक्षाएं अपने केंद्र पर कराएं। उन्होंने रमाबाई आंबेडकर कॉलेज के प्राचार्य को निर्देश दिए कि वह अपने स्तर से नए परीक्षा केंद्र के बारे में छात्रों को जानकारी दें और गोपनीय प्रपत्र तुरंत राजकीय संघटक कॉलेज हसनपुर के प्राचार्य को उपलब्ध कराएं। उन्होंने संजीवनी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज गजरौला, भारतीय आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज ब्रजघाट अमरोहा, डब्ल्यूटीएम आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल पलौला अमरोहा के प्राचार्यों को निर्देश दिए कि वह छात्रों को परिवर्तित केंद्र की जानकारी दें।

उपकेंद्र पर लगा नया ट्रांसफार्मर आज बहाल होगी बिजली आपूर्ति

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **शाहदाना उपकेंद्र पर ट्रांसफार्मर में आग लगने से हजारों घरों की गुल हो गई थी बिजली**

अमृत विचार : शाहदाना उपकेंद्र पर लगा ट्रांसफार्मर फुंकने से पिछले तीन दिन से 13 हजार से अधिक घरों में बिजली का संकट बना हुआ है। शनिवार को उपकेंद्र पर नया ट्रांसफार्मर लगा दिया गया है, लेकिन बिजली आपूर्ति रविवार से शुरू हो सकेगी। अभी रोस्टिंग के हिसाब से क्षेत्र में बिजली आपूर्ति की जा रही थी।

शाहदाना उपकेंद्र पर लगा दस एमवीए के ट्रांसफार्मर में बुधवार की रात आग लग गई थी। इससे उपकेंद्र से जुड़े इलाके हजियापुर, कांकरटोला, रोहली टोला, शास्त्री मार्केट, मठ की चौकी, माधोवाड़ी, कसाई टोला, सैलानी, शहामतगंज समेत अन्य जगह पर बिजली का संकट हो गया। कुछ जगह पर डीडीपुरम तो कुछ जगह पर अलग-अलग उपकेंद्र से रोस्टिंग के हिसाब से बिजली आपूर्ति की रही है। अधिशासी अभियंता अनुज गुप्ता ने बताया कि शनिवार को नया ट्रांसफार्मर आ गया है। जिसे लगाने के लिए काम भी शुरू कर दिया गया है। रविवार को सामान्य तरीके से बिजली आपूर्ति शुरू कर दी जाएगी।

उपकेंद्र पर लगाया गया नया ट्रांसफार्मर।

नहीं हो रहा शिकायतों का समाधान, भूख हड़ताल पर बैठे किसान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **गरीबों की योजनाओं में भ्रष्टाचार की शिकायतों की सुनवाई न होने की बात कही**
- **भाकियू अराजनैतिक ने विकास भवन में अफसरों के खिलाफ खोला मोर्चा**

अमृत विचार: ग्राम पंचायतों में भ्रष्टाचार की शिकायतें दबाने और सरकारी योजनाओं में दलालों के हावी होने का आरोप लगाते हुए भाकियू (अराजनैतिक) के पदाधिकारी व किसान विकास भवन में भूख हड़ताल पर बैठ गए। वे अधिकारियों पर समाधान न करने का आरोप लगा रहे थे। सीडीओ ने उनकी शिकायतें सुनने के बाद पानी पिलाकर भूख हड़ताल खत्म कराई। शीघ्र ही सभी शिकायतों के निस्तारण का आश्वासन दिया।

भाकियू अराजनैतिक के मंडल अध्यक्ष चौधरी अरुण राठी ने कहा कि जिले की तमाम ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों में सरकारी धन का दुरुपयोग किया जा रहा है। प्रधान और सचिवों की शिकायतें कई बार की जा चुकी है। कार्रवाई तो दूर संबंधित विभाग के अधिकारी शिकायतों की जांच तक नहीं कराते। पेंशन आदि योजनाओं को लेकर कहा कि पात्रों को मुश्किलें झेलनी पड़ती हैं ,जबकि दलालों के सहयोग से अपात्र लाभ उठा रहे हैं। शायद ही कोई गांव होगा जहां दलाल सक्रिय न हों।

जिलाध्यक्ष तेजपाल गंगवार ने कहा कि ऐसे तमाम लोग हैं जिन्हें पात्र होने के बावजूद सुविधा शुल्क नहीं देने पर योजना का लाभ अब तक नहीं मिला। जबकि तमाम अपात्रों का काम दलालों की मदद से आसानी से हो गया। छुट्टा गोवंश की समस्याओं पर भी अफसरों को घेरा। जांदोपुर के कोटा डीलर की जांच और मदनापुर के कोटा डीलर जिसका वोटर लिस्ट में नाम नहीं है उसका कोटा निरस्त करने की मांग की। किसानों की शिकायतों को सुनने के लिए जिला कृषि अधिकारी धीरेंद्र सिंह व अन्य अफसर पहुंचे लेकिन किसान नेता ज्ञापन लेने के लिए सीडीओ को बुलाने पर अड़ गए। अफसरों ने सीडीओ कार्यालय में ज्ञापन देने की बात कही लेकिन वे नहीं माने। आखिरकार करीब डेढ़ घंटे बाद सीडीओ जगप्रवेश सिंह मौके पर पहुंचे और ज्ञापन लिया। उन्होंने शिकायतों के जल्द निस्तारण का आश्वासन दिया और पानी पिलाकर भूख हड़ताल समाप्त कराई। इस दौरान असद, भूपराम, पूरनलाल, अरशद खान, इकबाल खान, दानिश अख्तर, शखावत आदि मौजूद रहे।

विकास भवन में किसानों को पानी पिलाकर भूख हड़ताल खत्म कराते अधिकारी। ● अमृत विचार

सीडीओ बोले-अब नहीं आएगी ऐसी नौबत

भाकियू के पदाधिकारियों ने ग्राम पंचातयों से जुड़ी शिकायतों को नजरअंदाज करने समेत कई गंभीर आरोप बीडीओ आदि अफसरों पर लगाए। इस पर सीडीओ जग प्रवेश ने कहा कि किसानों की समस्याएं प्राथमिकता पर हैं। शासन की मंशा भी यही है। गांवों में कराए जाने वाले कार्यों में गड़बड़ी से जुड़ी शिकायतें सही मिलने पर कई प्रधान-सचिवों पर कार्रवाई की जा चुकी है। ब्लाक या विभागीय अफसर उनकी समस्याओं को गंभीरता से नहीं ले तो वह मुझे अवगत कराए। हर हाल में 24 घंटे में समस्या का निदान कराया जाएगा।

कार न देने पर शादी से एक दिन पहले बरात लाने से किया इन्कार

बरेली, अमृत विचार : दहेज में ईको कार न मिलने पर शादी के एक दिन पहले लड़का पक्ष ने बरात लान से इन्कार कर दिया। लड़की की शुक्रवार को बरात आनी थी। एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान के आदेश पर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

इज्जतनगर क्षेत्र निवासी महिला के मुताबिक उन्होंने बेटी का रिश्ता कुसुमनगर गौंटिया बारादरी निवासी सनी कश्यप से तय की थी। आरोप है कि रिश्ता तय होने के दौरान दहेज की कोई बात नहीं हुई थी। उन्होंने रिश्तेदारों के साथ सनी का टीका किया था। 19 जनवरी को शादी की तारीख तय की गई। 17 जनवरी को शादी के कार्ड लड़का पक्ष के मोहल्ले में रिश्तेदारों को बांटे जा रहे थे। इसी दौरान सनी कश्यप, भाई अवनीश कश्यप और विमला देवी आ धमके और कहा कि शादी के कार्ड बांट रहे हो। दहेज में देने के लिए ईको कार खरीदी है कि नहीं। मना करने पर शादी करने से इन्कार कर दिया। विरोध करने पर गाली-गलौज की।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

विरासत और विकास का संगम अयोध्या में नए युग का आरंभ

सदियों की प्रतीक्षा के बाद अयोध्या धाम में श्रीराम का भव्य मंदिर मूर्त रूप ले रहा है। 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर में रामलला के बाल रूप विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही देश के आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक परिदृश्य में एक गौरवशाली अध्याय जुड़ जाएगा।

इस बहुप्रतीक्षित अवसर की यात्रा अगस्त 2020 में शुरू हुई, जब देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंदिर का शिलान्यास किया था। तबसे, इस परियोजना का कार्य उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में तीव्र गति से चल रहा है। मोदी और योगी के संकल्पों से वह सपना सच होने जा रहा है, जिसका देश-दुनिया के रामभक्तों को वर्षों से इंतजार था।

- 57,400 वर्ग फीट मंदिर का निर्मित क्षेत्र
- 360 फीट लंबाई 235 फीट चौड़ाई 161 फीट ऊंचाई
- कुल तल 3 प्रत्येक 20 फीट ऊंचा
- मंदिर में शिखर एवं 5 मंडप

फाइल फोटो

दीपों से प्रज्ज्वलित होने वाली लौ को राम ज्योति कहा जाएगा। सिर्फ घरों में ही नहीं, बल्कि दुकानों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों (होटल, फैक्ट्री, कारखानों, प्लांट आदि), कार्यालयों (सरकारी व निजी) और पौराणिक एवं ऐतिहासिक स्थलों पर भी दीप जलाये जायेंगे। राम ज्योति के माध्यम से ऐसी आभा बिखरेगी, जिससे पूरा वातावरण राममय हो जायेगा। भक्ति का ऐसा माहौल बनेगा, जैसा दीपावली या किसी अन्य पर्व पर होता है।

दीपोत्सव व भव्य आतिशबाजी का होगा आयोजन

श्रीराम के भव्य प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दृष्टिगत 22 जनवरी को सरयू घाट पर दीपोत्सव व भव्य आतिशबाजी का आयोजन किया जाएगा। साथ ही शाम को यहां के हर घर, घाट व मंदिरों में दीपोत्सव जैसा कार्यक्रम आयोजित होगा। प्रदेश सरकार द्वारा प्राण प्रतिष्ठा के आयोजन के लिए पूरे जनपद में स्क्रीन/डिजिटल बोर्ड की व्यवस्था की गयी है, ताकि अयोध्यावासी इस ऐतिहासिक क्षण का सजीव प्रसारण देख सकें।

राममय होगा वातावरण

प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम को लेकर प्रदेश ही नहीं, बल्कि देश और पूरी दुनिया में राम भक्त बेहद उत्साहित हैं। इस ऐतिहासिक अवसर का पूरा देश एक पर्व की तरह प्रतीक्षा कर रहा है। प्राण प्रतिष्ठा के बाद रात में देशवासियों द्वारा अपने-अपने घरों में दीप प्रज्ज्वलित किये जायेंगे। इन

250 पुलिस गाइड की तैनाती

स्वच्छतम अयोध्या के लिए कुम्भ मेला की भांति सफाई व्यवस्था की गयी है। मुख्य स्थानों पर पेयजल/वाटर कूलर की व्यवस्था रहेगी। साथ ही, लोगों को रास्ते बताने के लिए 250 पुलिस गाइड भी तैनात किये गए हैं। बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट एवं पार्किंग स्थल तथा शहर के महत्वपूर्ण स्थलों पर हेल्प डेस्क और खोया-पाया केन्द्र स्थापित किये जा रहे हैं। यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने हेतु व्यापक मॉनिटरिंग की जा रही है। प्रमुख मार्गों पर साइन बोर्ड लगाये जा रहे हैं, ताकि आम लोगों को आवागमन में कोई दिक्कत न हो।

साइनेज बोर्ड की स्थापना

राम की पैड़ी, नागेश्वर नाथ मंदिर, भजन संध्या स्थल नया घाट, क्वीन हो पार्क, लता मंगेशकर चौक, रामपथ, जन्मभूमि पथ, भक्तिपथ, धर्मपथ, चौधरी चरण सिंह घाट, रामकथा संग्रहालय, जानकी महल, दशरथ महल, रामकोट, तुलसी स्मारक भवन, छोटी देवकाली मंदिर,

सरयू घाट, सूर्य कुंड, गुप्तार घाट, गुलाब बाड़ी, कम्पनी गार्डन, साकेत सदन मंदिर (निकट गुप्तार घाट), चौधरी चरण सिंह पार्क, संत तुलसी घाट, तिवारी मंदिर, तुलसी उद्यान, गोरखपुर-लखनऊ बाईपास, बैकुंठ धाम, मिथिला धाम, अयोध्या आई हॉस्पिटल, हनुमान गढ़ी रोड, राजद्वार मंदिर तिराहा, कनक भवन रोड, दिगंबर जैन मंदिर, श्रीराम हॉस्पिटल, राम कचहरी, रंगमहल, अमावा राम मंदिर, सीताकुंड, मणि पर्वत, अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन पर साइनेज पट्टिकाएं लगायी जा रही हैं।

इन भाषाओं में लगाई जा रही हैं पट्टिकाएं

संयुक्त राष्ट्र की जिन छह भाषाओं में पट्टिकाओं को लगाने का कार्य हो रहा है, उनमें अरबी, चीनी, अंग्रेजी, फ्रेंच, रूसी और स्पेनिश शामिल हैं। इसके अलावा भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल हिंदी, उर्दू, असमिया, उड़िया, कन्नड़, कश्मीरी, कोंकणी, गुजराती, डोगरी, तमिल, तेलुगू, नेपाली, पंजाबी, बांग्ला, बोडो, मणिपुरी, मराठी, मलयालम, मैथिली, संथाली, संस्कृत और सिंधी भाषा में भी पट्टिकाओं को लगाया जा रहा है।

एक सप्ताह तक हर देव मंदिर में राम संकीर्तन का आयोजन

22 जनवरी को पूरे प्रदेश में सार्वजनिक अवकाश रहेगा। साथ ही 22 जनवरी को पूरे प्रदेश में शराब और मीट-मांस की दुकानें भी बंद रहेंगी। 16 जनवरी से 22 जनवरी तक पूरे एक सप्ताह तक हर मंदिर में राम संकीर्तन आदि का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के सजीव प्रसारण के लिए अयोध्या में 50 अतिरिक्त स्क्रीन और डिजिटल बोर्ड की व्यवस्था की गयी है। पूरे प्रदेश के प्रमुख देव मंदिरों में स्क्रीन लगाकर कार्यक्रम का सजीव प्रसारण करने के साथ-साथ सभी नगरों एवं गांवों में 14 से 21 जनवरी के मध्य विशेष सफाई अभियान भी चलाया जा रहा है।

अयोध्या धाम का समग्र विकास

- रामनगरी में महर्षि वाल्मीकि अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट संचालित
- देश-विदेश के श्रद्धालुओं/पर्यटकों के लिए सीधी कनेक्टिविटी
- आयोध्या धाम जंक्शन रेलवे स्टेशन के 06 प्लेटफॉर्म्स का पुनर्विकास
- एक लाख से अधिक यात्रियों के आवागमन की क्षमता
- वातानुकूलित शयनगृह एवं एसी कमरों की व्यवस्था
- देश की पहली सोलर सिटी के रूप में अयोध्या का विकास
- 135 सरकारी भवनों पर 1543 केवी सोलर रूफ टॉप की स्थापना
- स्मार्ट सोलर स्ट्रीट लाइट की स्थापना
- पर्यावरण अनुकूल बसों का संचालन
- धर्म पथ, राम पथ, भक्ति पथ व जन्मभूमि पथ का निर्माण
- प्राकृतिक विधि से जल-संरक्षण
  05 कुंडों - संध्या सरोवर, सीता कुंड, खुर्ज कुंड, अग्नि कुंड एवं विद्या कुंड का कायाकल्प
  03 कुंडों का जीर्णोद्धार कार्य प्रगति पर

विभिन्न सुविधाएं और आकर्षण केंद्र

- ओपन एयर थिएटर
- आधुनिक सुविधाओं और खूबसूरत डिजाइन के साथ पार्क
- बच्चों के लिए खेल पार्क
- आकर्षक मूर्तियां
- प्रवेश द्वार
- ध्यान सह योग केंद्र
- कियॉस्क
- शौचालय ब्लॉक
- व्याख्या केंद्र
- कैफेटेरिया
- सुरक्षा के लिए सीसीटीवी से निगरानी

महत्वपूर्ण निर्णय

- उत्तर प्रदेश श्री अयोध्या जी तीर्थ विकास परिषद का गठन
- अयोध्या में दीपोत्सव सहित आयोजित होने वाले सभी मेलों को राजकीय मान्यता
- अयोध्या शोध संस्थान को अंतर्राष्ट्रीय शोध संस्थान का दर्जा
- अयोध्या के माझा जमथरा में 25 एकड़ में मंदिर संग्रहालय की स्थापना का निर्णय
- स्वर कोकिला भारत रत्न लता मंगेशकर चौक का विकास
- पावन 84 कोसी परिक्रमा मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग का दर्जा

सबके राम

प्रभु राम अलग-अलग रूपों में सबके लिए आदर्श हैं। परिवार, समाज, पुत्र, भाई, पति और राजा के रूप में। इन्हीं खूबियों के नाते वह मर्यादा पुरुषोत्तम हैं। उनकी व्यापकता और स्वीकार्यता की भी यही वजह है। इसी नाते भारत ही नहीं, दुनिया के कई देशों में राम अपने अलग-अलग स्वरूप में देखे जाते हैं। 'सबके राम' का यह स्वरूप अयोध्या में जीवंत हो रहा है। इसका जरिया बन रहे हैं देश और विदेश के वे कलाकार, जो 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दृष्टिगत राम के पूरे जीवन को मंच पर सजीव करेंगे। इसका सिलसिला शुरू भी हो गया है।

देश और दुनिया के 3500 कलाकारों का अयोध्या में होगा संगम

रामनगरी देश और दुनिया के करीब 3500 कलाकारों का संगम बनेगी। हर रोज अलग-अलग रामदलों के करीब 500 कलाकार मंच पर रामकथा का मंचन कर गोस्वामी तुलसीदास के रामचरित मानस की इन पंक्तियों, 'हरि अनंत हरि कथा अनंता, कहहिं, सुनहिं बहुविधि सब संता' को मूर्त रूप देंगे।

फाइल फोटो

कई राज्यों के रामदल भी मंच पर प्रदर्शित करेंगे श्रीराम का उदात्त चरित्र

दुनिया के अलग-अलग देशों के अलावा देश के कई राज्यों यथा मध्य प्रदेश, हिमाचल, उत्तराखंड, हरियाणा, कर्नाटक, सिक्किम, केरल, छत्तीसगढ़, जम्मू कश्मीर, लद्दाख और चंडीगढ़ के रामदल भी श्रीराम के उदात्त चरित्र को मंचन कर रहे हैं। प्राण प्रतिष्ठा के बाद भी यह जारी रहेगा।

अवधपुरी अति रुचिर बनाई

डबल इंजन की सरकार अयोध्या को अंतर्राष्ट्रीय पटल पर प्रमुखतम आध्यात्मिक और सांस्कृतिक केंद्र के रूप में पुनर्स्थापित करने के लिए सतत कार्य कर रही है। वर्तमान में अयोध्या को लगभग ₹31,000 करोड़ की 178 परियोजनाओं की सौगात मिल चुकी है। इसके अलावा मास्टर प्लान 2031 के तहत ₹85,000 करोड़ से आगामी 10 वर्षों में अयोध्या, विश्व की सर्वोत्तम नगरी बनने को तैयार है। आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार करते हुए यूपीजीआईएस के दौरान हुये एमओयू के जरिए अयोध्या में करीब ₹1.54 लाख करोड़ के निवेश से आने वाले समय में लगभग 1.3 लाख रोजगार सृजित होंगे। सदियों के संघर्ष के पश्चात की नई कहानी लिख रही सप्तपुरियों में श्रेष्ठ अवधपुरी 'विकास का नया मॉडल' बन रही है।

हमारा दायित्व है कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा जो कार्यक्रम, विकास की योजनाएं अयोध्या को दुनिया की सबसे सुंदर नगरी के रूप में प्रस्तुत करने के लिए संचालित की जा रही हैं, उसमें हम सभी अपने स्तर से सहयोग करें। एक नई व्यवस्था, एक नया स्वरूप आज हमारी अयोध्या में देखने को मिल रहा है

योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

अयोध्या हर भारतीय की सांस्कृतिक चेतना को जागृत करने वाला शहर है। यह भारत की परंपराओं एवं विकास की यात्रा को प्रदर्शित करने वाला होना चाहिए। अयोध्या का विकास इस तरह से होना चाहिए कि आने वाली पीढ़ियां जीवन में कम से कम एक बार यहां आने की इच्छा रखें

नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

ऐतिहासिक कदम

- अयोध्या नगर निगम का गठन
- अयोध्या बाईपास पर भव्य बस स्टेशन का निर्माण
- राजर्षि दशरथ स्वसाशी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय का निर्माण
- भजन संध्या स्थल, म्यूजियम, श्रीराम प्रतिमा का निर्माण
- अयोध्या का स्मार्ट सिटी के रूप में विकास
- हवाई पट्टी का अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट के रूप में विकास
- अयोध्या के आसपास के कई मार्गों का 4 लेन में विकास
- श्रीराम मंदिर मार्ग का चौड़ीकरण-सुंदरीकरण
- धर्मपथ के साथ अन्य मार्गों का विस्तारीकरण
- महर्षि महेश योगी रामायण विश्वविद्यालय की स्थापना
- उत्तर प्रदेश श्री अयोध्या जी तीर्थ विकास परिषद का गठन
- भारतीय मंदिर वास्तुकला संग्रहालय की स्थापना
- अंतर्राष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान
- मॉडल सोलर सिटी के रूप में हो रहा विकास
- अयोध्या में आयोजित होने वाले सभी मेलों को राजकीय दर्जा

लोकार्पित परियोजनाएं

- ₹1,463 करोड़ से महर्षि वाल्मीकि अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा अयोध्या धाम
- ₹1,919 करोड़ से जौनपुर-अयोध्या-बाराबंकी रेल लाइन परियोजना के अंतर्गत 4 खंडों का दोहरीकरण
- ₹845 करोड़ से राम पथ (सहादतगंज से नया घाट तक) का निर्माण
- ₹241 करोड़ से अयोध्या धाम जंक्शन रेलवे स्टेशन का कायाकल्प
- ₹167 करोड़ से उपरिगामी विद्युत तारों का भूमिगत कार्य
- ₹75 करोड़ से बड़ी बुआ रेलवे क्रॉसिंग पर रेल उपरिगामी सेतु का निर्माण
- ₹68 करोड़ से भक्ति पथ (अयोध्या मुख्य मार्ग से हनुमान गढ़ी होते हुए श्रीराम जन्मभूमि तक) का निर्माण
- ₹67 करोड़ से महर्षि अरुंधती पार्किंग एवं व्यावसायिक संकुल (पूर्वी एवं पश्चिमी)
- ₹65 करोड़ से धर्म पथ (एनएच-27 से नया घाट पुराने पुल तक) का निर्माण
- ₹45 करोड़ से एनएच-27 बाईपास महोबरा बाजार से टेढ़ी बाजार होते हुए श्रीराम जन्मभूमि तक 4 लेन रोड का निर्माण
- ₹41 करोड़ से श्रीराम जन्मभूमि पथ (सुग्रीव किला से श्रीराम जन्मभूमि तक) का निर्माण
- ₹37 करोड़ से कलेक्ट्रेट परिसर में लक्ष्मण कुंज स्मार्ट वाहन पार्किंग का निर्माण
- ₹34 करोड़ से पुलिसकर्मियों के लिए ट्रांजिट हॉस्टल का निर्माण
- ₹20 करोड़ से अयोध्या-सुलतानपुर एनएच-330 से एयरपोर्ट तक 4 लेन सड़क का निर्माण
- ₹17 करोड़ से सोहावल क्षेत्र के पिखरौली ग्रामसभा में सॉलिड वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट की स्थापना
- ₹17 करोड़ से अमानीगंज में वाहन पार्किंग एवं व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स

8 परिकल्पनाओं का संगम

अवधपुरी को श्रेष्ठतम नगरी बनाने का सपना साकार करने के लिए आठ परिकल्पनाओं के आधार पर तेजी से काम चल रहा है। इन आठ संकल्पित 'मॉडल' में विकास कार्यों की एक लंबी फेहरिस्त है, जिसमें सबसे पहला नाम अयोध्या में बनकर तैयार हो चुके महर्षि वाल्मीकि अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का है। नव्य अयोध्या धाम जंक्शन रेलवे स्टेशन भी अपने नये कलेवर से आकर्षण का केंद्र बन कर उभरा है।

सांस्कृतिक अयोध्या

सांस्कृतिक राजधानी के रूप में विकास: मठ, मंदिर, आश्रम, नगर द्वार एवं संग्रहालय का वैभवशाली निर्माण

सक्षम अयोध्या

आत्मनिर्भर नगरी के रूप में विकास: रोजगार, पर्यटन, धार्मिक सांस्कृतिक कार्यों से वृहद स्तर पर रोजगार सृजन

सुरम्य अयोध्या

कुंडों, तालाबों, प्राचीन सरोवरों, उद्यानों का कायाकल्प, नए उद्यानों का निर्माण, हेरिटेज लाइट, फसाड लाइटिंग

भावात्मक अयोध्या

कण-कण में श्रीराम से जुड़ने का भाव परिलक्षित हो इसके लिए सड़कों के किनारे दीवारों, चौराहों पर विभिन्न कलाकृतियों से सज्जा

आधुनिक अयोध्या

अत्याधुनिक सुविधायुक्त नगरी के रूप में विकास : स्मार्ट सिटी, सेफ सिटी, सोलर सिटी, ग्रीन फील्ड टाउनशिप

सुगम्य अयोध्या

महर्षि वाल्मीकि अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, अयोध्या धाम जंक्शन रेलवे स्टेशन , इनलैंड वाटरवेज एवं बेहतर रोड कनेक्टिविटी

स्वच्छ अयोध्या

स्वच्छ शहर के रूप में पहचान : स्मार्ट सिटी के रूप में विकास, साफ-सफाई, ड्रेनेज और सीवर सिस्टम

आयुष्मान अयोध्या

गुणवत्तापूर्ण और आधुनिकतम सुविधाओं से लैस राजर्षि दशरथ स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय संचालित

निर्माणाधीन परियोजनाएं

- ₹2,182 करोड़ की लागत से ग्रीनफील्ड टाउनशिप परियोजना
- ₹300 करोड़ की लागत से वशिष्ठ कुंज आवासीय परियोजना
- ₹297 करोड़ की लागत से एनएच-27 के लखनऊ-अयोध्या खंड में किमी 8.000 से किमी 121.600 तक का ईपीसी मोड में चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य
- ₹218 करोड़ की लागत से एनएच-27 पर अयोध्या बाईपास के किमी 121.600 से किमी 144.020 तक ईपीसी मोड में चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य
- ₹120 करोड़ की लागत से अयोध्या नगर निगम एवं अयोध्या विकास प्राधिकरण कार्यालय भवन का निर्माण
- ₹40 करोड़ की लागत से केंद्रीय पेट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग एवं तकनीकी संस्थान (सिपेट) का निर्माण
- ₹28 करोड़ की लागत से उतरौला-फैजाबाद-इलाहाबाद मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य
- ₹27 करोड़ की लागत से रौनाही-ड्योढ़ी मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य
- ₹24 करोड़ की लागत से गुप्तार घाट एवं राज घाट के मध्य नए पक्के घाटों एवं पूर्व निर्मित घाटों का पुनरुद्धार कार्य
- ₹23 करोड़ की लागत से नया घाट से लक्ष्मण घाट तक पर्यटन सुविधाओं का विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्य
- ₹23 करोड़ की लागत से राम की पैड़ी पर दर्शक दीर्घा का निर्माण कार्य
- ₹23 करोड़ की लागत से राम की पैड़ी से राजघाट तक, राजघाट से श्री राम जन्मभूमि मंदिर तक श्रद्धालु भ्रमण पथ का सुदृढ़ीकरण एवं जीर्णोद्धार कार्य
- ₹20 करोड़ की लागत से अयोध्या धाम जंक्शन रेलवे स्टेशन से राम पथ तक स्मार्ट रोड (क्षीर सागर पथ) का निर्माण कार्य
- ₹20 करोड़ की लागत से अयोध्या-लखनऊ मार्ग पर गेट कॉम्प्लेक्स (टीएफसी) का निर्माण कार्य
- ₹20 करोड़ की लागत से अयोध्या-अम्बेडकरनगर मार्ग पर गेट कॉम्प्लेक्स (टीएफसी) का निर्माण कार्य
- ₹20 करोड़ की लागत से अयोध्या-रायबरेली मार्ग पर गेट कॉम्प्लेक्स (टीएफसी) का निर्माण कार्य
- ₹18 करोड़ की लागत से रायबरेली-अयोध्या मार्ग नाका हाईवे से नाका चुंगी तक 4 लेन चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य
- ₹17 करोड़ की लागत से अवध आगमन पथ (क्षीर सागर पथ से राम पथ तक) का निर्माण कार्य
- ₹17 करोड़ की लागत से गुप्तार घाट का सौंदर्यीकरण (तृतीय चरण) कार्य
- ₹15 करोड़ की लागत से 4 ऐतिहासिक प्रवेश द्वारों का संरक्षण एवं सौंदर्यीकरण कार्य

अमृत विचार
www.amritvichar.com



57,400 वर्ग फीट मंदिर का निर्मित क्षेत्र

360 फीट लंबाई 235 फीट चौड़ाई 161 फीट ऊंचाई

कुल तल 3 प्रत्येक 20 फीट ऊंचा

मंदिर में शिखर एवं 5 मंडप

हमारा दायित्व है कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा जो कार्यक्रम, विकास की योजनाएं अयोध्या को दुनिया की सबसे सुंदर नगरी के रूप में प्रस्तुत करने के लिए संचालित की जा रही हैं, उसमें हम सभी अपने स्तर से सहयोग करें। एक नई व्यवस्था, एक नया स्वरूप आज हमारी अयोध्या में देखने को मिल रहा है

योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम की जन्मभूमि, कोटि-कोटि सनातनियों की आस्था का केन्द्र अयोध्या नगरी में भव्य श्री राम मंदिर अतीत की दिव्यता, वर्तमान की आवश्यकता और सुनहरे भविष्य को नई दिशा दे रहा है। डबल इंजन की सरकार मिशन मोड में विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों के माध्यम से अयोध्या को अंतर्राष्ट्रीय पटल पर प्रमुखतम आध्यात्मिक और सांस्कृतिक केंद्र की पहचान दिलाने के लिए कटिबद्ध है। आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार करते हुए अयोध्या में करीब 60,000 करोड़ रुपये के निवेश से आने वाले समय में लगभग 16 लाख रोजगार सृजित होंगे। सदियों के संघर्ष के पश्चात की नई कहानी लिख रही सप्तपुरियों में प्रथम अवधपुरी 'विकास का नया मॉडल' बन रही है।

अयोध्या हर भारतीय की सांस्कृतिक चेतना को जागृत करने वाला शहर है। यह भारत की परम्पराओं एवं विकास की यात्रा को प्रदर्शित करने वाला होना चाहिए। अयोध्या का विकास इस तरह से होना चाहिए कि आने वाली पीढ़ियां जीवन में कम से कम एक बार यहां आने की इच्छा रखें

नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

ऐतिहासिक कदम

- **आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस** तकनीक पर विकसित होने वाला पहला शहर
- उत्तर प्रदेश श्री अयोध्या जी **तीर्थ विकास परिषद** का गठन
- अयोध्या का **सोलर सिटी** के रूप में विकास
- **भव्य दीपोत्सव** का आयोजन गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज
- अयोध्या में आयोजित होने वाले दीपोत्सव सहित **सभी मेलों को राजकीय दर्जा**
- अयोध्या शोध संस्थान को **अंतर्राष्ट्रीय शोध संस्थान** का दर्जा
- माझा जमथरा, अयोध्या में 25 एकड़ में **मंदिर म्यूजियम** की होगी स्थापना
- प्रयागराज के बाद अयोध्या में योगी सरकार की **कैबिनेट बैठक**
- स्वरकोकिला भारत रत्न **लता मंगेशकर स्मृति चौक** का विकास
- पावन 84 कोसी परिक्रमा मार्ग **राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित**

8 परिकल्पनाओं का संगम

अवधपुरी के चतुर्दिक विकास के लिए 8 परिकल्पनाओं के आधार पर कार्य हो रहे हैं, जिससे एक बार फिर साकेतपुरी को ऐश्वर्यपूर्ण नगरी बनाने का सपना साकार हो रहा है।

सांस्कृतिक अयोध्या : अवधपुरी को भारत की सांस्कृतिक राजधानी के रूप में विकसित किया जा रहा है। मठ, मंदिरों और आश्रमों को भव्य रूप प्रदान करना हो या वैभवशाली नगर द्वारों का निर्माण, मंदिर संग्रहालय जैसे तमाम कार्य इसी परिकल्पना के आधार पर किये जा रहे हैं।

सक्षम अयोध्या : अयोध्या का आत्मनिर्भर नगरी के रूप में विकास किया जा रहा है, जहां रोजगार, पर्यटन, धर्म और सांस्कृतिक गतिविधियों के जरिये बड़े पैमाने पर रोजगार सृजित हो रहे हैं।

आधुनिक अयोध्या : इस पवित्र नगरी को आज हर प्रकार की आधुनिक सुविधाओं वाला नगर बनाया जा रहा है। स्मार्ट सिटी, सेफ सिटी, सोलर सिटी, ग्रीन फील्ड टाउनशिप जैसी तमाम योजनाएं इसी के परिणामस्वरूप आकार ले रही हैं।

सुगम्य अयोध्या : महर्षि वाल्मीकि अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा अयोध्या धाम, अयोध्या धाम जंक्शन रेलवे स्टेशन का कायाकल्प, इनलैंड वाटरवे से जोड़ने जैसे कार्य करके केंद्र व प्रदेश सरकार अयोध्या तक पहुंच को हर प्रकार से सुगम्य बना रही है।

सुरम्य अयोध्या : नगर के विभिन्न कुंडों, तालाबों और प्राचीन सरोवरों के सौंदर्यीकरण की बात हो या पुराने उद्यानों का कायाकल्प हो, नये उद्यानों का निर्माण कार्य हो या फिर हेरिटेज लाइट्स के जरिये शहर को सुंदर स्वरूप प्रदान करना हो, सड़कों को फसाड लाइटिंग से जगमग कर अवधपुरी को हर प्रकार से मनमोहक नगरी के रूप में विकसित किया जा रहा है।

भावात्मक अयोध्या : अवधपुरी के कण-कण में मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम से जुड़ने का भाव परिलक्षित हो इसके लिए शहर की दीवारों, सड़कों के किनारे, चौराहों तक को सांस्कृतिक रूप से सुसज्जित किया गया है।

स्वच्छ अयोध्या : स्मार्ट सिटी के रूप में साफ-सफाई से लेकर ड्रेनेज और सीवर सिस्टम पर अभूतपूर्व कार्य हो रहे हैं।

आयुष्मान अयोध्या : आमजन को गुणवत्तापूर्ण व सुविधा आधारित चिकित्सीय सुविधा प्रदान करने के लिए अयोध्या के हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत किया गया है। राजर्षि दशरथ स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में आपातकालीन चिकित्सीय सुविधा।

मंदिर संग्रहालय
प्रसिद्ध भारतीय मंदिरों के इतिहास की झलक

मोम संग्रहालय
2 एकड़ में बनने वाला यह संग्रहालय रामायण के प्रमुख पात्रों को समर्पित होगा और इसमें प्रसिद्ध हस्तियों की मूर्तियाँ भी होंगी

अयोध्या हाट
सरयू के घाटों को खाद्य कियोस्क और वेंडिंग कार्ट के साथ विकसित किया जा रहा है और यह सुनिश्चित करने पर भी ध्यान दिया गया है कि कोई अपशिष्ट न बचे

संध्या सरोवर
रेस्तरां, फूड स्टॉल के साथ खुली हवा वाला फूड जोन, बोटिंग, जिपलाइनिंग, स्लैकलाइनिंग सुविधाओं के साथ तीन लैगून/ जल निकाय बनाए जाएंगे

टेंट सिटी योजना
पर्यटकों के लिए मेडिकल सुविधा, बायो डाइजेस्टिव शौचालय सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी

₹4403 करोड़ की लागत से 147.2 किमी. लंबे राम वन गमन पथ का निर्माण कार्य प्रगति पर

संवरती अयोध्या

- 1407 एकड़ में ग्रीनफील्ड टाउनशिप परियोजना : ₹2182 करोड़
- महर्षि वाल्मीकि अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा अयोध्या धाम : ₹1463 करोड़
- सहादतगंज से नयाघाट मार्ग तक रामपथ का निर्माण (12.94 किमी.) : ₹845 करोड़
- राजर्षि दशरथ स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय का निर्माण : ₹246 करोड़
- अयोध्या धाम जंक्शन रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास : ₹241 करोड़
- उपरिगामी विद्युत तारों को भूमिगत करने का कार्य : ₹167 करोड़
- रेलवे क्रासिंग संख्या 112 पंचकोसी परिक्रमा मार्ग स्थित बड़ी बुआ रेलवे क्रासिंग पर आरओबी का निर्माण : ₹74 करोड़
- शहर के विभिन्न वार्डों में हेरिटेज डेकोरेटिव पोल लगाने का कार्य : ₹72 करोड़
- महर्षि अरुन्धति पार्किंग, व्यावसायिक संकुल का निर्माण कार्य (पूर्वी एवं पश्चिमी) : ₹68 करोड़
- भक्तिपथ से श्री राम जन्मभूमि पथ तक वाया हनुमानगढ़ी 29 किमी. मार्ग निर्माण : ₹68 करोड़
- एनएच 27 से नया घाट पुराने पुल तक मार्ग (धर्मपथ) (अन्य जनपद मार्ग) का चौड़ीकरण एवं विस्तारीकरण : ₹65 करोड़
- सीपेट केन्द्र की स्थापना : ₹40 करोड़
- मल्टीलेवल पार्किंग निकट कलेक्ट्रेट : ₹37 करोड़
- राम की पैड़ी से राजघाट तक, राजघाट से भगवान श्री राम मंदिर तक श्रद्धालु भ्रमण पथ का सुदृढ़ीकरण एवं जीर्णोद्धार : ₹23 करोड़
- राम की पैड़ी पर दीपोत्सव एवं अन्य मेले/महोत्सवों हेतु दर्शक दीर्घा का निर्माण : ₹23 करोड़
- तहसील सोहावल ग्राम पिरखौली में 140 टीपीडी क्षमता का सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट : ₹18 करोड़
- अयोध्या में 4 ऐतिहासिक प्रवेश द्वारों का संरक्षण एवं सौंदर्यीकरण : ₹15 करोड़
- गुप्तार घाट से राजघाट तक 410 सोलर स्ट्रीट लाइट का कार्य : ₹12 करोड़

सामूहिक विवाह में 523 जोड़ों ने थामा हाथ

बरेली क्लब मैदान में हुए समारोह में 417 जोड़ों ने लिए सात फेरे और 106 ने निकाह किया कुबूल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत शनिवार को बरेली क्लब में आयोजित समारोह में 523 जोड़ों की शादी कराई गई। इसमें 417 जोड़ों ने सात फेरे लिए, जबकि 106 मुस्लिम जोड़ों का मौलवियों ने निकाह कराया। पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद संतोष गंगवार, मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल, डीएम रविंद्र कुमार, एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान आदि ने नव दंपतियों को आशीर्वाद दिया।

समाज कल्याण विभाग की ओर से आयोजित समारोह में वर और वधु पक्ष के लोग सुबह 9 बजे ही पहुंच गए। दोपहर 12 बजे वैवाहिक समारोह शुरू हुआ। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार की वेदपाठी से जुड़ी महिलाओं ने फेरे कराए। सांसद ने कहा कि योजना के तहत गरीब कन्याओं को विवाह कराया जा रहा है, जो सराहनीय कार्य है। डीएम ने बताया कि योजना के तहत शासन से पात्र को 51 हजार रुपये का लाभ दिया जाता है। इसमें कन्या को अनुदान के रूप में 35 हजार रुपये दिए जाते हैं। इसके साथ 10 हजार रुपये का सामान दिया जाता है। छह हजार रुपये पंडाल साज-सज्जा व खानपान पर व्यय होता है। रविवार को बाकी जोड़ों के लिए विवाह समारोह आयोजित किया जाएगा।

बरेली क्लब में नव दंपती को आशीर्वाद देते कैंट विधायक संजीव अग्रवाल।

नव दंपती हैप्पी और गुलशन ने पल को यादगार बनाया।

▸▸ सांसद, विधायक और अफसरों ने नव दंपतियों को दिया आशीर्वाद

इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, एमएलसी कुंवर महाराज सिंह, विधायक संजीव अग्रवाल, डॉ. डीसी वर्मा, डॉ. राघवेंद्र शर्मा, परियोजना निदेशक तेजवंत सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी मीनाक्षी वर्मा, डीपीआरओ धर्मेंद्र कुमार, सहायक निदेशक मत्स्य विभा लोहनी, डीसी एनआरएलएम बलवंत सिंह, पीडब्ल्यूडी एक्सईएन नारायण सिंह आदि मौजूद रहे।

बरेली क्लब मैदान में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में एक-दूसरे को जयमाल पहनाते जोड़े।

नवदंपती को मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल ने आशीर्वाद दिया।

भुता ब्लाक से आए सबसे अधिक जोड़े

भुता ब्लॉक से सबसे अधिक 169, नगर निगम से 14, नगर पंचायत रिठौरा, धौराटांडा और मीरगंज से तीन-तीन, भोजीपुरा से 60, बिथरी चैनपुर से 29, क्यारा से 28, फतेहगंज पश्चिमी से 54, मीरगंज से 61, फरीदपुर ब्लाक से 80, नगर पालिका से चार, शाही और फतेहगंज पश्चिमी से दो-दो, शीशगढ़ से छह, फतेहगंज पूर्वी के पांच जोड़े विवाह बंधन में बंधे।

सामूहिक विवाह के दौरान अव्यवस्थाओं से भी लोग जूझे।

पहले खुद चखा फिर कराया भोजन

सामूहिक विवाह समारोह में खानपान की व्यवस्था में किसी तरह की कमी न रह जाए, इसे लेकर सीडीओ जग प्रवेश सजग रहे। पंडाल में खुद मौके पर जाकर कैटरिंग आदि की व्यवस्थाएं देखीं। भोजन की गुणवत्ता के लिए सब्जी का स्वाद चखा। अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को पंडाल में वही भोजन दिया गया, जो सभी के लिए बना था।

एलएलबी, एलएलएम परीक्षा 1 फरवरी से

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▸▸ विश्वविद्यालय ने परीक्षा कार्यक्रम किया निर्धारित एलएलबी के 22 तक भरे जाएंगे फार्म

अमृत विचार: महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने एलएलबी, बीएएलएलबी और एलएलएम विषम सेमेस्टर की परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया। परीक्षा 1 फरवरी से शुरू होगी। एलएलबी के परीक्षा फार्म 22 जनवरी तक ऑनलाइन भरे जाएंगे। जल्द ही परास्नातक विषम सेमेस्टर का परीक्षा कार्यक्रम जारी किया जाएगा और इसके फार्म 28 जनवरी तक भरे जाएंगे।

परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार के मुताबिक एलएलबी प्रथम, तृतीय और पंचम सेमेस्टर की परीक्षा 1 से 10 फरवरी, बीएएलएलबी प्रथम, तृतीय, पंचम, सप्तम और नवम सेमेस्टर की परीक्षा 1 से 12 फरवरी, एलएलएम, साइबर लॉ व ह्यूमन राइट्स, प्रथम और तृतीय सेमेस्टर की 1 फरवरी से 12 फरवरी तक सुबह 8:30 से 11:30 बजे की पाली में होंगी।

एमएससी कृषि के प्रवेश 27 तक होंगे : विश्वविद्यालय ने एमएससी कृषि में प्रवेश की तिथि निर्धारित कर महाविद्यालयों को प्रवेश 21 से 27 जनवरी तक पूरे करने के निर्देश दिए। कुलसचिव अजय कृष्ण यादव ने निर्देश दिए कि 2023-24 के लिए एमएससी कृषि में प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीकृत छात्रों की प्रवेश प्रक्रिया निर्धारित तिथि में पूरी कराएं।

पीएम गति पोर्टल पर कॉलेजों का डाटा नहीं है अपलोड

बरेली, अमृत विचार : पीएम गति पोर्टल पर कई महाविद्यालयों का डाटा अपलोड नहीं है। उच्च शिक्षा निदेशक ने सभी विश्वविद्यालयों को महाविद्यालयों की सूचना अपलोड करने के निर्देश दिए हैं। रुहेलखंड विश्वविद्यालय के कुलसचिव अजय कृष्ण यादव ने उप कुलसचिव संबद्धता सुनीता यादव को नोडल अधिकारी नामित किया और निर्देश दिए कि महाविद्यालयों की सूचना अपलोड कराएं। इसके तहत विश्वविद्यालय के क्षेत्र में कितने महाविद्यालय संचालित है और कितने महाविद्यालयों ने डाटा अपलोड किया है, इसकी भी जानकारी देनी होगी।

नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में 1172 छात्र अनुपस्थित

बरेली, अमृत विचार : जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा छह में प्रवेश के लिए शनिवार को जिले के 11 केंद्रों पर प्रवेश परीक्षा हुई। परीक्षा में 62 फीसदी छात्र उपस्थित और 38 फीसदी अनुपस्थित रहे।

प्रवेश परीक्षा के लिए 3078 बच्चों ने पंजीकरण कराया था। शनिवार को परीक्षा में 1906 बच्चों ने भाग लिया और 1172 बच्चे शामिल नहीं हुए। नकलविहीन परीक्षा के लिए सभी केंद्रों पर नवोदय विद्यालय से दो पर्यवेक्षकों के अलावा जिला प्रशासन की तरफ से भी एक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई थी। दो सचल दस्ते परीक्षा केंद्रों पर नजर रखे रहे थे। शहर में जीआईसी में दो, बहेड़ी, मीरगंज, नवाबगंज, शेरगढ़, आंवला, फरीदपुर में भी परीक्षा केंद्रों पर सुबह 11.30 बजे से अपराह्न 1.30 बजे तक परीक्षा हुई। परीक्षा कक्ष से निकलकर बच्चे उत्साहित नजर आए। आपस में प्रश्नों के बारे में एक दूसरे से चर्चा करते दिखे। इस दौरान परीक्षा केंद्रों के बाहर अभिभावक भी मौजूद रहे।

प्रवेश परीक्षा छूटने के इंतजार में राजकीय इंटर कॉलेज के बाहर खड़े अभिभावक।

▸▸ 11 केंद्रों पर 62 फीसदी छात्रों ने दी प्रवेश परीक्षा

परीक्षा फार्म की तिथि बढ़ाने की मांग

बरेली : रुहेलखंड विश्वविद्यालय के परास्नातक के परीक्षा फार्म भरने की तिथि बढ़ाने की मांग छात्रों ने की है।

शकुन्तला देवी मेमोरियल प्राइजमनी टी-20 प्रीमियर क्रिकेट लीग 23 से

बरेली, अमृत विचार : पत्रकार क्रिकेटर्स क्लब की ओर से पांचवी शकुंतला देवी मेमोरियल प्राइजमनी टी-20 क्रिकेट लीग 23 से 30 जनवरी तक स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित की जाएगी। अध्यक्ष सुनील सक्सेना और सचिव प्रशांत रायजादा ने बताया कि प्रतियोगिता में राज्य से 12 टीमें हिस्सा लेंगीं, जिनमें मुरादाबाद, अमरोहा, उन्नाव, शाहजहांपुर, पीलीभीत के अलावा स्थानीय टीमें शामिल हैं। प्रतियोगिता लीग कम नाक आउट आधार खेली जाएगी। विजेता टीम को 50 हजार और उपविजेता को 25 हजार प्राइजमनी और ट्राफी दी जाएगी। इस टूर्नामेंट में पहले खेल चुके समीर रिजवी का आईपीएल-2024 के लिए चेन्नई सुपर किंग में आठ करोड़ 40 लाख में करार हुआ है। वहीं आर्यन जुयाल, शिवम शर्मा, शिवा सिंह, अनूप अहलावत के अलावा गेंदबाज मो. शमी के भाई और अन्य खिलाड़ी रणजी का हिस्सा रह चुके हैं। इस दौरान क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी जितेन्द्र यादव, संजय सक्सेना, ओपी कोहली विवेक मिश्रा आदि मौजूद रहे।

शैक्षिक सत्र समाप्ति के रह गए दो माह, कंपोजिट ग्रांट का पता नहीं

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▸▸ अंतिम चरण में ग्रांट मिलने पर होती है समय की बाध्यता

▸▸ ऐसे में शिक्षक जरूरी कार्यों पर खर्च नहीं कर पाते हैं पैसे

अमृत विचार : परिषदीय स्कूलों में शैक्षिक सत्र करीब दो महीने बाद समाप्त होने जा रहा है, मगर कंपोजिट ग्रांट अभी तक नहीं आई है। ग्रांट कब आएगी, विभागीय अधिकारियों के पास भी कोई जवाब नहीं है। ग्रांट न आने से स्कूलों में रंगाई पुताई समेत तमाम जरूरी कार्य अटके हुए हैं। इससे शिक्षकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। शिक्षक संगठन कई बार विभागीय अधिकारियों पर पत्र देकर जल्द ग्रांट मुहैया कराने की मांग कर चुके हैं।

यूपी प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष नरेश गंगवार ने बताया कि विभाग की ओर से फरवरी में ग्रांट आने की उम्मीद जताई जा रही है। बताया कि जब पैसा आता है तो उसका उपयोग कर शिक्षकों को इसकी जानकारी ऑनलाइन पोर्टल पर देना पड़ती है। उन दिनों पोर्टल भी कई बार तकनीकी कारणों से बंद हो जाता है। ऐसे में शिक्षकों हो परेशानी होती है। बताया कि बीएसए को पत्र देकर जल्द ग्रांट मुहैया कराने की मांग की जा चुकी है।

आनन फानन में खर्च करनी पड़ती है ग्रांट

यूपी पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के मंडल अध्यक्ष डॉ. विनोद शर्मा का कहना है कि सत्र के अंतिम चरण में ग्रांट आने पर शिक्षकों से सामने निर्धारित समय में पैसे खर्च करने की बाध्यता होती है। ऐसी स्थिति में शिक्षकों को आननफानन में ग्रांट खर्च करनी पड़ती है। समय पर पैसा खर्च न होने पर ग्रांट वापस भी हो जाती है। कई बार निर्माण या मरम्मत कार्यों के लिए मिस्त्री, मजदूर आदि नहीं मिल पाते हैं।

> कंपोजिट ग्रांट को लेकर अभी तक शासन की ओर से कोई सूचना नहीं आई है। ग्रांट आते ही सभी स्कूलों में भेज दी जाएगी।
> -भानू शंकर गंगवार, प्रभारी बीएसए

छात्र संख्या के आधार पर विद्यालयों को मिलती है ग्रांट

विद्यालयों में छात्र संख्या के आधार पर कंपोजिट ग्रांट मिलती है। यदि किसी विद्यालय में सौ बच्चे हैं तो 25 हजार, दो सौ बच्चों तक 50 हजार और उससे अधिक पर एक लाख रुपये मिलते हैं। अफसरों के अनुसार छात्र संख्या के अनुसार ही विद्यालयों में ग्रांट भेजी जाती है।

बीमारी बताकर परीक्षा ड्यूटी से बच नहीं पाएंगे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : यूपी बोर्ड परीक्षा में ड्यूटी से बचने के लिए अनेक तरह की समस्याएं बताने के साथ अस्वस्थता का प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर चिकित्सकीय अवकाश ले लेते हैं। इसके चलते व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित होती है। अधिकारी बमुश्किल शिक्षकों की वैकल्पिक व्यवस्था कर पाते हैं। लेकिन इस बार शिक्षकों के लिए परीक्षा ड्यूटी से बचना आसान नहीं होगा। परीक्षा में व्यवधान न पड़े इसके लिए माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से कड़े निर्देश जारी किए गए हैं।

माध्यमिक शिक्षा सचिव दिव्यकांत शुक्ला की ओर से डीआईओएस को भेजे पत्र के मुताबिक मुख्य चिकित्साधिकारी की ओर से जारी प्रमाण पत्र के बिना किसी भी शिक्षक का चिकित्सकीय अवकाश स्वीकृत नहीं किया जाएगा। चिकित्सकीय अवकाश के आवेदन पर डीआईओएस भी अपने स्तर से जांच कर निर्णय लेंगे। बोर्ड परीक्षा में हाईस्कूल व इंटर के करीब 97 हजार परीक्षार्थी शामिल होंगे। इसके लिए 7 हजार से अधिक शिक्षक व कर्मियों को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी। बेसिक स्कूलों के शिक्षकों को भी कक्ष निरीक्षक की जिम्मेदारी सौंपी जाती है। चूंकि इस बार नियम कुछ कड़े कर दिए हैं ऐसे में अव्यवस्था कम रहने की उम्मीद है।

> जो शिक्षक गंभीर बीमारियों से ग्रस्त हैं उन्हें मानवीय दृष्टिकोण से ड्यूटी से वंचित रखा जाएगा। इसके अलावा जो भी शिक्षक अवकाश के लिए आवेदन करेंगे उन्हें मुख्य चिकित्साधिकारी से प्रमाण पत्र आवश्यक रूप से लेना होगा। -देवकी सिंह, डीआईओएस

आज खुला रहेगा नगर निगम कार्यालय

बरेली, अमृत विचार : लंबित कार्यों को पूरा करने के लिए नगर निगम कार्यालय रविवार को खुला रहेगा। दरअसल, रविवार और सोमवार को अवकाश होने से तमाम कार्य प्रभावित हो सकते थे। इसको ध्यान में रखकर नगर आयुक्त निधि गुप्ता वत्स ने रविवार को कार्यालय खोलने का आदेश जारी किया है।

अम्बा हैल्थ क्लीनिक

डा. आर. एस. सिंह
B.A.M.S.F.R.H.S. (आयुर्वेदाचार्य)
स्वास्थ्य एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
• रजि. भारतीय चिकित्सा परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा मान्यता प्राप्त
• 23 सालों से स्वास्थ्य एवं गुप्त रोगों का चिकित्सा अनुभव
पतले दुबले, गाल पिचके व कमजोर स्त्री/पुरूष तंदरूस्ती प्राप्त करें।
मोटे होने का रामवाण इलाज
नवयुवक-युवतियां 3 से 4 इंच तक लम्बाई बढ़ायें
विशेष चिकित्सा:- ●भूख न लगना ● कब्ज ●अपच ●गैस ● खाने के बाद शौचालय जाना ● शारीरिक अंगों का विकास रूकना ● पुलिस फोर्स एवं फिल्मों में आदि में भर्ती में नाप-तोल में कमी होना ● 3 से 4 इंच कद लम्बा करें। ● बच्चों का बिस्तर में पेशाब करना मोटे व थुल-थुले व्यक्ति वजन कम करें। ● कील, मुंहासे, झाइयां, सफेद दाग दूर करें सावलांपन हटायें और सुन्दर बनें। ● बालो का झड़ना व टूटना एवं सफेद होना व गंजापन दूर करें। ● खूनी व वादी बवासीर का रामबाण इलाज।
शराबी को बिना लाये, बिना बताये शराब व अन्य नशा छुड़ायें।

नारी तत्व को सुडाल व आकर्षक बनायें एवं वैवाहिक जीवन को सफल बनायें
शादी से पहले या शादी के बाद सफल बनाएं
सैक्स समस्याऐं
छिपाएं नहीं बताएं या मिलें
स्वप्नदोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी
● शुरू से लाभ, 40 से 80 दिनों में इलाज सम्भव।
● हस्तमैथुन व धात जाने से नसों में खराबी।
● इन्द्री का ढ़ीलापन, पतलापन, छोटापन दूर करें।
● वीर्य में शुक्राणु निल होना या कम होना।
● ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसौली होना।
● योनि का ढ़ीलापन होना व सैक्स इच्छा कम होना।
● मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र पहले बन्द होना।
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें।
गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें।
घर बैठे मेडिसिन डाक व कोरियर से प्राप्त करें।
विज्ञापन साथ लाने पर मेडिसिन पर 10% की विशेष छूट
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :- 21 जनवरी 2024, रविवार
11 फरवरी 2024, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076

जड़ से इलाज तुरन्त आराम
नाइस चिकित्सालय
बच्चेदानी में गांठ, रसौली, फाइब्राइड, ब्रेस्ट में गांठ का इलाज मात्र 40 दिनों में
जोड़ों में दर्द, जोड़ ज्वाइन्ट का जाम होना, कमर दर्द, सर्वाइकल, साइटिका का जड़ से इलाज मात्र 10 मिनट में आराम पायें
इलैक्ट्रो होम्योपैथी द्वारा जड़ से इलाज किया जाता है।
परामर्श निःशुल्क
डायबिटीज पित्त की पथरी गुर्दे की पथरी
को जड़ से खत्म किया जाता है।
मिलने का समय : सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक
पीलीभीत बाईपास डोहरा रोड जे.पी. नगर कॉलोनी निकट चंद्रपुर गांव बरेली।
डॉ. प्रवीन कुमार (BEMS, MD.EH)
सम्पर्क करें : 8630450312, 9412898953

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
मेरा नाम श्यामबिहारी पुत्र कृष्णा कुमार ग्राम बीडनपुर पोस्ट चतुरैया तहसील महोली जिला सीतापुर है। मैंने हाइस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा माध्यमिक शिक्षा परिषद उ.प्र. से हाईस्कूल 2012 व इंटर 2014 वर्ष में उत्तीर्ण की थी। हाईस्कूल का अनुक्रमांक 1185164 व इंटर का अनुक्रमांक 0884204 है। मेरे दोनों अंक पत्र कहीं खो गए हैं। जिसको पुनः प्राप्त करने हेतु सूचना प्रसारित कर रहा हूँ।

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा बैग जिसमें यूपी बोर्ड हाईस्कूल का अंकपत्र अनुक्रमांक 1050578 तथा दूसरे कुछ अन्य दस्तावेज थे जो बदायूं से दिल्ली जाते हुए कहीं गिर गया। जो काफी ढूंढने के बाद भी नहीं मिला। **अमित पुत्र राजकुमार निवासी आरिफपुर नवादा थाना सिविल लाइन जिला बदायूं।**

सूचना
मेरा हाई स्कूल यूपी बोर्ड का अंक पत्र वर्ष 2020 अनुक्रमांक 0909590 जो दिनांक 5.01.2024 को गांव से बीसलपुर आते समय रास्ते में कहीं खो गया है। **अंकित कुमार पुत्र रामपाल ग्राम जमुनिया महुआ कोतवाली दियोरिया कलां बीसलपुर पीलीभीत**

Change of name
I, Chhotey Lal Sharma, father of Master Dev Raj Sharma, resident of Vill. Sisouna, P.O. Gainy, Teh.- Aonla, Distt. Bareilly, State-UP have change my son name from Dev Raj Sharma to Shashwat Sharma vide affidavite Dated 19.01.2024 before Notary Bareilly.

बिकाऊ है
350 वर्गगज प्लाट में, 270 वर्गगज (कवर्ड एरिया) में दो-मंजिला बना हुआ मकान (चारों ओर से खुला) नैनीताल हाईवे से 100 मी. अंदर डिफेंस कॉलोनी इज्जतनगर, बरेली 4-फैमिली के लिए उपयुक्त।
सम्पर्क करें :-
9720413609
3:00 बजे के बाद करें।

बरेली मण्डल ब्लॉक सहायक भर्ती 2024 विवरण
पद का नाम - ब्लॉक सहायक
पदों की संख्या - 2250
योग्यता - दसवीं पास व 12वीं पास
उम्र - 18 से 50
वेतन - 12500 रूपया महीना प्लस इंसेंटिव
नौकरी स्थान - बरेली मंडल ब्लॉक
आवेदन शुल्क - Sc, St 100, OBC, GEN-200/-
आवेदन प्रक्रिया - online/offline
चयन प्रक्रिया - इंटरव्यू द्वारा
आवेदन करने की प्रतिक्रिया एवं नियम व शर्तों के लिए ट्रस्ट की वेबसाइट पर विजिट करें-
www.sksa.org.in
SOCIAL WELFARE SERVICES TRUST
(समाज कल्याण सेवा ट्रस्ट)
144, Mahanagar Colony, Pilibhit Bypass Road, Bareilly
9045350563/9258469345

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

जे.पी. क्लीनिक
डा. जितेन्द्र पाल सिंह
B.A.M.S., (Kanpur)
Ex. H.O. जिला अस्पताल
फेमिली फिजीशियन
• दाँद, खाँज, खुजली, मुँहासे का इलाज
• बच्चों के जिगर, सूखा रोग एवं काली खाँसी का इलाज
• जोड़ों, घुटनों व गठियाँ के दर्द का इलाज।
• गुर्दों की पथरी (Kidney Stone) व गदूद (Prostate) का इलाज
बच्चों के सूखा रोग का तेल मुफ्त दिया जाता है।
हमारे यहाँ भफारा (Nebuliser) मुफ्त दिया जाता है
पता : बाजार सन्दल खान, निकट दूल्हा मियाँ की मजार, किला सिटी स्टेशन रोड, बरेली मो. 8791532206
सुबह 11 से 3 बजे तक
सायं 7.30 से 9.30 बजे तक
रविवार अवकाश

ट्रक की टक्कर से युवक की मौत

बेटे को नवोदय प्रवेश परीक्षा के लिए छोड़कर लौट रहे थे गणेश

मीरगंज / फतेहगंज पश्चिमी

अमृत विचार: बेटे को नवोदय की प्रवेश परीक्षा दिलाने गए एक युवक को तेज रफ्तार बेकाबू ट्रक ने टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

थाना मीरगंज के गांव सिंधौली निवासी गणेश पाल गंगवार शनिवार को बेटे को नवोदय का पेपर दिलाने बाइक से अगरास कॉलेज गए थे। वहां बेटे को कॉलेज में छोड़ने के बाद किसी काम से करीब पौने तीन बजे थाना फतेहगंज पश्चिमी की तरफ से अगरास तिराहे की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक ने सामने से उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वह रोड पर ही गिर गए। सिर में गंभीर चोट लगने की वजह से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। थाना प्रभारी धनंजय कुमार पांडे ने बताया

▸▸ फतेहगंज पश्चिमी में अगरास तिराहे के पास गलत दिशा में आया ट्रक

कि गणेश पाल की बाइक पर पीछे बैठी बच्ची सुजाता निवासी अगरास ने बताया कि उसने शाही तिराहे पर घर जाने के लिए हाथ देकर उनसे लिफ्ट मांगी थी।उसके बाद रास्ते में ये घटना हो गई।

बाइक पर बैठी बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस ने घायल को एम्बुलेंस से बरेली इलाज के लिए भिजवाया। पुलिस ने परिजनों को फोन करके सूचना दी। सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृतक गांव अगरास में कौशल विकास सेंटर चलाता था। थाना प्रभारी धनंजय कुमार पांडेय ने बताया

इसी ट्रक से हुआ हादसा।

कि चालक ट्रक लेकर भाग रहा था इतने में पुलिस ने पीछा करके ट्रक को हाईवे पर पकड़के थाने पर खड़ा करा लिया। जबकि ट्रक चालक भागने में कामयाब रहा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गणेशपाल गंगवार अपने पीछे पत्नी, एक लड़का और दो लकड़ियों को छोड़ गए।

व्यापार मंडल ने किया वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान

बरेली, अमृत विचार: उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल ने आलमगीरीगंज में वरिष्ठ नागरिक सम्मान कार्यक्रम में सत्य गुरु, हेमंत दास संतवाणी, श्रीरामनिवास अग्रवाल, विष्णु अग्रवाल को सम्मानित किया गया।

महानगर महामंत्री राजेश जसोरिया ने कहा कि श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा स्वप्न पूरे होने जैसा है। देश की आगामी परिस्थितियां अच्छी रहें जिसमें संतों, पुरोहितों, बुजुर्गों का सम्मान हो। जिलाध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल ने कहा कि राम के आगमन से सभी वर्गों में खुशी है। इसका जीता जागता प्रमाण वरिष्ठ नागरिक सम्मान कार्यक्रम में डा. मोहम्मद शाह खान साहब का भेजा निमंत्रण है। संचालन जिला प्रभारी विपिन गुप्ता ने किया। दर्शन लाल भाटिया, मुकेश अग्रवाल, शिरीष गुप्ता, गुरशरण वीर, आशुतोष गोयल, श्याम मिठवानी, गौरी शंकर खंडेलवाल, अनिल जायसवाल, विपिन गर्ग, अनिल गुप्ता, जुगल सुखानी, दुर्गेश खटवानी आदि उपस्थित रहे।

समाधान दिवस: बीईओ और जेई का किया जवाब तलब

सदर तहसील में समस्याएं सुनतीं मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल। ● अमृत विचार

बरेली, अमृत विचार: मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल शनिवार को तहसील सदर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचीं। यहां उन्होंने अधिकारी और कर्मचारियों की उपस्थिति पंजिका चेक की। उन्होंने खंड शिक्षा अधिकारी सदर तौसीफ अहमद और नगर निगम के जेई अनुपस्थित मिलने पर एसडीएम को दोनों अफसरों का जवाब तलब करने के निर्देश दिए।

मंडलायुक्त ने शिकायतें सुनीं और निर्देश दिए कि शिकायतों का

▸▸ पिछले समाधान दिवस में आए फरियादियों से लिया फीडबैक

निस्तारण गुणवत्तापुर्ण किया जाए। उन्होंने पिछले समाधान दिवस में आए फरियादियों को फोन कर उनकी शिकायत निस्तारण को लेकर फीडबैक भी लिया। एडीएम सिटी सौरभ दुबे, एसडीएम सदर रत्निका श्रीवास्तव, तहसीलदार सदर रामनयन सिंह, नायब तहसीलदार विदित कुमार आदि मौजूद रहे।

कन्या महाविद्यालय में की संगोष्ठी

बरेली,अमृत विचार : कन्या महाविद्यालय आर्य समाज भूड़ में शनिवार को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम जी जीवन दर्शन विषय पर संगोष्ठी हुई। जिसमें मुख्य अतिथि डॉ. आदर्श शर्मा ने राम के चरित्र पर व्याख्यान दिया। प्राचार्य डॉ. सुनीता जोशी ने राम के चरित्र का वर्णन किया और राम के गुणों को अपने जीवन में उतारने का संदेश दिया। कार्यक्रम में शिक्षिकाओं ने राम की स्तुति की। इस दौरान डॉ. रेनू, डॉ. अनीता वर्मा, डॉ. मुक्तामणि, विनीता सिंह, डॉ. सविता और अन्य उपस्थित रहे।

पशुपति नाथ मंदिर से निकली शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु। ● अमृत विचार

पशुपति नाथ मंदिर से निकाली रथ यात्रा का किया स्वागत

बरेली, अमृत विचार : अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पशुपतिनाथ मंदिर से शनिवार को रथ यात्रा निकाली गई, जिसका जगह-जगह स्वागत किया गया। रथ यात्रा सेटेलाइट, शहामतगंज चौराहा, बरेली कॉलेज गेट, पटेल चौक,चौकी चौराहा, गांधी उद्यान होते हुए आनंद आश्रम सिविल लाइंस पर संपन्न हुई। इस मौके पर मुख्य अतिथि शिवानंद महाराज, डॉ. देव सिंह, अदिति महाराज, लाला बाबू द्रविड़ का फूल माला, पगड़ी एवं शॉल उड़ाकर स्वागत किया गया। अमर सिंह गंगवार, उमेश कठेरिया मुकेश यादव, राजू मौर्य, देवेंद्र यादव, सुमित कठेरिया, गोविंद बाबू वाल्मीकि, सीपी सिंह गंगवार आदि मौजूद रहे।

उत्तर प्रदेश दिवस पर होंगी खेल प्रतियोगिताएं

बरेली,अमृत विचार: खेल निदेशालय की ओर से 24 जनवरी को उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं कराई जाएंगी।

क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी जितेन्द्र यादव ने बताया कि खो-खो, वॉलीबॉल, कबड्डी के अलावा 100 मीटर, 200 मीटर दौड़, लांग जम्प, शॉट पुट प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। प्रतियोगिताओं में 18 वर्ष से कम आयु के खिलाड़ी व टीमें प्रतिभाग कर सकेंगी। खिलाड़ियों का पंजीकरण निःशुल्क रहेगा। खिलाड़ियों को प्रतियोगिता में आधार कार्ड लाना अनिवार्य है। इस बारे में जानकारी के लिए स्टेडियम के कनिष्ठ सहायक अविनाश कुमार से संपर्क कर सकते हैं।

अमृत विचार
MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

कैंसर लाइलाज नहीं है।
रोगियों के सफल चिकित्सा के लिये आवश्यक है योग्य चिकित्सक का चुनाव सभी रोगों की चिकित्सा सर्जरी ऑपरेशन ही नहीं है। होम्योपैथी चिकित्सा विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा प्रमाणित चिकित्सा है। विश्व के 78 देशों में होम्योपैथी चिकित्सा प्रभावित एवं सफल चिकित्सा के रूप में पहचान प्राप्त है।
ब्रेन, न्यूरो, स्पाइन, डाइबिटी, ब्लड प्रेशर, लिवर, गुर्दा, थाइराइड, हृदय, स्त्री रोग
डॉ. जी.एस. पुन्डीर (एम.डी.)
होम्योपैथिक कन्सलटेन्ट
कनिक, क्रिटिकल, इनक्योरेबिल रोग
होलिस्टिक एडवान्स होम्योपैथी
होम्योपैथी चिकित्सा
एडवान्स होम्योपैथी होलिस्टिक
ए/98-99, सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उ.प्र.) M-9359114707

ADITYA
डा० आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS DNB MINAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
Trust your eyes with us
भूतपूर्व चिकित्सक-
शहीद भगत सिंह आई हॉस्पिटल, बरेली
TIME : 10:00 AM TO 5:00 PM
8077344353
50000 से अधिक आँखों के आपरेशन का अनुभव

अब इस पते पर उपलब्ध हैं :- आँखों का अस्पताल
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, रेड टेप शोरूम के बराबर में, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।

मंदिरों और सार्वजनिक स्थलों की सफाई का संकल्प लें कार्यकर्ता

बरेली, अमृत विचार : रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले प्रधानमंत्री के आह्वान पर भाजपा मंदिरों में स्वच्छता अभियान चला रही है। इसी के तहत सांसद संतोष गंगवार, अनिल कुमार एडवोकेट और गुलशन आनंद ने होली चौराहा संजय नगर मंदिर और सुरेश शर्मा नगर चौराहे के मंदिर परिसर और आसपास क्षेत्र में सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया।

भाजपा महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना ने कार्यकर्ता से कहा कि रामलला के प्राण प्रतिष्ठा होने तक मंदिरों और सार्वजनिक स्थलों पर साफ सफाई अभियान चलाने का संकल्प लें। मीडिया प्रभारी बंटी ठाकुर ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का प्रसारण समस्त मंदिरों पर एलईडी के माध्यम से दिखाया जाएगा। वीरेंद्र अरोड़ा, विनोद पागरानी, राजीव कश्यप, सुधांशु

सफाई करते संतोष गंगवार।

▸▸ सांसद संतोष गंगवार और भाजपा नेताओं ने सफाई कर दिया स्वच्छता का संदेश

सक्सेना, पुष्पेंद्र पटेल, बबलू पटेल, विवेक पटेल, अभिषेक गुप्ता,प्रमोद रघुवंशी, दीपक शंखधार, सुधा वाला अग्रवाल, रामकृष्ण शुक्ला, सुनील सक्सेना, काशीराम, मनु गुप्ता, सुमित कार्तिकेय, सतीश गुप्ता, जगदीश सिंह आदि मौजूद रहे।

पूर्व जिलाध्यक्ष राजकुमार शर्मा बने बरेली लोकसभा के संयोजक

बरेली, अमृत विचार : भाजपा लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी है। पार्टी कलस्टर प्रभारी, लोकसभा प्रभारी, संयोजक और सहसंयोजक की तैनाती कर रही है। प्रदेश मुख्यालय से जारी सूची में भाजपा ने बृज क्षेत्र की बरेली कलस्टर में आने वाली पांच लोकसभा और 26 विधानसभा के लिए एक कलस्टर प्रभारी की तैनाती की है। पूर्व मंत्री सुरेश राणा को बरेली कलस्टर का प्रभारी बनाया है।

पार्टी ने डायरेक्टर सहकारिता राकेश गुप्ता को बरेली लोकसभा का प्रभारी, पूर्व जिलाध्यक्ष राजकुमार शर्मा को संयोजक और पूर्व महानगर अध्यक्ष केएम अरोरा को सहसंयोजक बनाया है। पूर्व जिला प्रभारी एवं क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अशोक भारती को आंवला का प्रभारी, पूर्व जिला महामंत्री राणा प्रताप सिंह को संयोजक और संजीव शर्मा को सहसंयोजक बनाया है। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य

▸▸ लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी भाजपा

रामगोपाल मिश्र को शाहजहांपुर लोकसभा क्षेत्र का प्रभारी बनाया गया है। पूर्व महानगर अध्यक्ष अरुण गुप्ता को संयोजक और पूर्व विधायक शरदवीर सिंह को सहसंयोजक बनाया गया है। एमएलसी महाराज सिंह को बदायूं लोकसभा का प्रभारी और हरीओम पाराशरी को संयोजक बनाया है। पीलीभीत में एमएलसी सुधीर गुप्ता को प्रभारी और पूर्व जिला उपाध्यक्ष दीपक अग्रवाल को संयोजक बनाया गया है। लोकसभा प्रभारी की घोषणा होने पर पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद संतोष गंगवार, विधायक डॉ. डीसी वर्मा, एमपी आर्य, वीरेंद्र सिंह गंगवार वीरू, तरुण गंगवार, अंकित महेश्वरी, अंकित शुक्ला,अजय सक्सेना, सोमपाल शर्मा, वीरपाल गंगवार,वीरपाल मौर्य, कुलबीर सिंह आदि ने खुशी जताई है।

शांतिकुंज की बालिकाओं ने निकाली पदयात्रा

बरेली, अमृत विचार : शांतिकुंज बालिका इंटर कॉलेज की छात्राओं ने श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में शनिवार को स्कूल से कांधरपुर, बीआई बाजार होते हुए पद यात्रा निकाली। व्यापार मंडल, विश्व हिंदू परिषद सहित कई संगठनों ने पदयात्रा का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। यात्रा के दौरान श्रीराम, लक्ष्मण, सीता, हनुमान, भरत, शत्रुघ्न आदि की झांकी भी निकाली गईं। बीआई बाजार में बच्चों ने श्रीराम के जीवन पर आधारित लघु नाटिकाओं की मनमोहक प्रस्तुति दी। इस दौरान प्रधानाचार्य राधिका चंद, जानकी विष्ट, पूजा केसरवानी, शिवानी यादव, फरहा, शैंकी वर्मा, रेनू यादव, अंजली गौतम, बबीता, अजय कुमार, अवधेश सिंह, देवदत्त गंगवार, शिवम, शरद पाराशरी, संदीप कुमार मिश्रा, दीपू, मनोरमा आदि लोग उपस्थित रहे।

कश्यप वैवाहिक परिचय सम्मेलन 28 को होगा

बरेली, अमृत विचार : संजय कम्युनिटी हॉल में 28 जनवरी को 22वां कश्यप वैवाहिक परिचय सम्मेलन होगा। कश्यप परिवार उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष राकेश कश्यप ने बताया कि कार्यक्रम में समाज के विवाह योग्य हो चुके युवक-युवतियों के पंजीकरण शुरू हो गए हैं। इस बार कश्यप परिवार की बेवसाइट पर जाकर ऑनलाइन पंजीकरण की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। संयोजक रोशन लाल एडवोकेट ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आंवला सांसद धर्मेंद्र कश्यप रहेंगे। जिला अध्यक्ष मुकेश बाबू कश्यप ने बताया कि परिचय सम्मेलन के बाद सामूहिक विवाह समारोह होगा। मीडिया प्रभारी रोहित कश्यप, अर्जुन कश्यप, सुनील, हरिओम, नवीन, आरपी सिंह, राज किशोर, प्रिंस, रोहित, अरुण कश्यप, माधुरी कश्यप समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

बरेली कॉलेज में चलाया सफाई अभियान

बरेली, अमृत विचार : बरेली कॉलेज में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के तहत शनिवार को भी सफाई अभियान चलाया गया। प्राचार्य प्रो. ओपी राय के निर्देश पर राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्र इकाई द्वितीय और तृतीय के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. यशार्थ गौतम और डॉ. बृजवास कुशवाहा के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने कॉलेज परिसर में सफाई की। इस दौरान डॉ. आलोक कुणाल, स्वयं सेवक अभिषेक सिंह, दिनेश कुमार, रिंकू, दीपक, राहुल, आयुष, आदित्य, शिवांश गर्ग, विनय, कौशल, योगेंद्र, बृजेश, मानव आदि मौजूद रहे।

एक शाम श्रीराम के नाम कार्यक्रम का आयोजन

बरेली, अमृत विचार : गीतकार डॉ. दीपंकर गुप्त की ओर से शनिवार को रोटरी भवन में एक शाम श्री राम के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद संतोष कुमार गंगवार ने की। मुख्य अतिथि मेयर डॉ. उमेश गौतम, विशिष्ट अतिथि उपसभापति सर्वेश रस्तोगी, साहित्य भूषण सुरेश बाबू मिश्रा, समाजसेवी धर्मेंद्र गुप्ता रहे। संचालन कवि डॉ. अखिलेश गुप्ता ने किया।

शर्मायें नहीं सम्पर्क करें
हर उम्र में
ताकत
रुकावट
बवासीर
बै-औलाद
शुक्राणुओ
की कमी
हर तरफ से निराश स्त्री पुरुष गुप्त रोगी मिलें
शुगर
जोडों का दर्द

GMP & ISO CERTIFIED Co.
डा. शेख
क्या आप बचपन में की गई गलतियों के कारण अपना वैवाहिक जीवन बर्बाद हो गया है और जगह जगह इलाज करा करा परेशान हो चुके हैं या डाक्टर, हकीमों से हट चुका है तो एक बार हिन्दुस्तान के जाने माने यौन रोग चिकित्सक डा.शेख से सम्पर्क करें डा. शेख को अच्छे इलाज के लिये अनेको अवार्डो से सम्मानित किया जा चुका है जैसे
Gold Medalist Best Sexologist in india
Pride of Country Kohinoor A Tibb
Chikitask Ratan Manav Sewa Ratan
Ahinsha Dharam Ratan
मिलें हर मंगलवार
मालियों की पुलिया
बरेली
9837023223

खून के आंसू

हकीम
जहीर अहमद
जो लोग बचपन की गलतियों से अपनी
जवानी बर्बाद
कर चुके हैं जिनको
धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, निःसंतान रोगी (नशा छुड़वायें), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर, इन्दी का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊ पर वाले मर्दो का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटनीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढ़ीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।
वह लोग जिनका विचारों से ही स्लखन हो जाता हो या वे भाई जिनकी उम्र ज्यादा हो वक्त पर बीबी से शर्मिन्दा रहते हो तुरन्त मिलें प्रत्येकः-
शनिवार
रविवार
बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे, इस्लामियां मैदान के सामने, बरेली
मो. 9634499693

फंदे पर लटककर युवक ने दी जान, पत्नी को बताया जिम्मेदार

पुलिस को मौके से मिला सुसाइड नोट, पत्नी समेत छह पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : सुभाषनगर क्षेत्र में पत्नी की प्रताड़ना से परेशान होकर युवक ने गले में चादर का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक ने एक सुसाइड नोट भी लिखा है, जिसमें उसने मौत के लिए पत्नी को जिम्मेदार ठहराया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी पत्नी समेत छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

विनय दीप उर्फ अंशु (फाइल फोटो)

वीडियो कॉलोनी निवासी विनय दीप उर्फ अंशु (31) अपनी दादी और बच्चे के साथ रहता था। वह इज्जतनगर स्थित कत्था फैक्ट्री में काम करता था। 10 साल पहले उसकी शादी करमपुर चौधरी निवासी लक्ष्मी के साथ हुई थी। आरोप है कि पत्नी आए दिन उसके साथ विवाद करती थी। कुछ साल से वह अपने मायके में रह रही है। उसने 50 हजार रुपये अपने साले सचिन को उधार दिया था। रुपये मांगने पर ससुराल पक्ष के लोग उसके साथ मारपीट करते थे। साथ ही पत्नी भी मायके से वापस नहीं आ रही थी। जिससे वह काफी परेशान था। उसका शुक्रवार की रात भी पत्नी से फोन पर काफी झगड़ा हुआ। जिसके बाद उसने रोशनदान से चादर को बांधकर गले में फंदा लगाकर जान दे दी। पुलिस ने पत्नी लक्ष्मी, सास सोमवती, ससुर दानवीर, साले सचिन और लता देवी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

सुसाइड नोट में लिखा- बेटे को मिले नौकरी

विनय दीप ने आत्महत्या करने के पहले एक सुसाइड नोट भी लिखा, जिसमें लिखा है कि पत्नी घर आती नहीं है और बेटे यश को भी नहीं देती है। सुसराल वालों ने मुझसे 50 हजार रुपये उधार लिए थे, इन्हीं कारणों से परेशान होकर आत्महत्या कर रहा है। निवेदन है कि मौत के बाद नौकरी और पीएफ के रुपये समेत जायजाद मेरे बेटे यश को मिलनी चाहिए। वह अपनी दादी के साथ रहेगा। मेरी मौत की जिम्मेदार पत्नी लक्ष्मी, सोमवती, सचिन और लता देवी हैं।

- फोन पर पत्नी से शुक्रवार रात हुआ था झगड़ा
- इज्जतनगर स्थित कत्था फैक्ट्री में काम करता था

टीबी उन्मूलनः टीम ने परखीं व्यवस्थाएं मिलीं कमियां

बरेली, अमृत विचारः साल 2025 तक टीबी का दंश मिटाने के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीमें जिले में घर-घर दस्तक देकर टीबी रोगी खोज करने के बाद त्वरित इलाज भी मुहैया करा रही हैं।

इसकी सत्यता जानने के लिए गुरुवार को आगरा के स्टेट टीबी डेमोस्ट्रेनिंग सेंटर से पांच सदस्यीय टीम बरेली आई थी। टीम ने दो दिन तक लगातार जिला अस्पताल के निकट जिला क्षय रोग केंद्र, भमौरा, मोहनपुर समेत अन्य केंद्रों का जायजा लिया। मरीजों का ऑनलाइन पोर्टल पर पंजीकरण ठीक मिला लेकिन रजिस्टर के रिकॉर्ड के कुछ कमियां मिलीं। मोहनपुर केंद्र की लैब पर तैनात एलटी ड्यूटी पर नहीं मिला। स्टाफ ने बताया कि एलटी की पत्नी की तबीयत अचानक बिगड़ जाने पर वह सूचना देकर घर चला गया है। टीम ने इसकी जानकारी सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह को दी है। गौरतलब है कि टीबी के रोगी कम होने की बजाय लगातार बढ़ रहे हैं।

सात पक्षों की हुई काउंसलिंग

बरेली, अमृत विचार : नवाबगंज निवासी एक महिला के पति दिल्ली में काम करते हैं। वह पति के पास दिल्ली जाना चाहती थी। इसी बात पर उसकी नोकझोंक होती रहती थी। बात बढ़ी तो मामला अलगाव तक पहुंच गया। ऐसे ही छोटी-बड़ी बातों के चलते तमाम रिश्ते टूटने की कगार पर हैं। ऐसे 18 मामले शनिवार को परिवार परामर्श केंद्र को सौंपे गए। 16 मामलों में लोग पहुंचे जिसमें 7 पक्षों की काउंसलिग की गई। सुलह-समझौते के लिए अगली तिथि पर बुलाया गया है।

परिवार परामर्श केंद्र की काउंसलर अनुराधा शर्मा ने बताया कि सबसे अधिक मामले घरेलू हिंसा, शराब पीकर मारपीट और एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर्स के आते हैं। ज्यादातर शिकायतें महिलाओं की ओर से की जाती हैं।

शनिवार को कुछ मामलों में काउंसलिंग की गई है। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों को समझाया जाता है कि रिश्तों को सहेज कर रखें। सुभाष नगर की रहने वाली महिला ने बताया कि पति अक्सर बात- बात में लड़ाई-झगड़ा करते हैं। काउंसलिंग के बाद दोनों साथ रहने के लिए राजी हो गए।

राम मंदिर के नाम पर मुसलमानों को भड़का रहे सपा नेता : शहाबुद्दीन

बरेली, अमृत विचार : ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी ने शनिवार को जारी एक बयान में कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या स्थित राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम है। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत तमाम लोग भाग ले रहे हैं। मौलाना का आरोप है कि राम मंदिर के नाम पर कुछ मुस्लिम संगठन और सपा नेता मुसलमानों को भड़काने और डराने का काम कर रहे हैं। बोले- मुसलमानों को घबराने की जरूरत नहीं है। 22 जनवरी को अमन और शांति रहेगी। भारत सूफी संतों का देश है। यहां सदियों से सभी लोग सौहार्द के साथ मिलजुलकर रहते आए हैं। उनका आरोप है कि सपा सांसद डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क और डॉ. एसटी हसन लगातार राम मंदिर को राजनीतिक मुद्दा बनाकर मुसलमानों को डरा रहे हैं। मौलाना ने कहा कि इस समय श्रीराम के नाम से शहर और ग्रामीण क्षेत्र में जुलूस निकाले जा रहे हैं। जुलूस निकालना हर व्यक्ति का हक है, मगर दूसरों की भावनाओं का भी ध्यान रखा जाए। ऐसा कुछ नहीं किया जाए, जिससे किसी की भावना आहत हो। शासन और प्रशासन भी इस पर ध्यान दे।

भमोरा हत्याकांड में रोज बदल रही पुलिस की जांच

बरेली, अमृत विचार : भमोरा क्षेत्र के गांव वमियान में सेवानिवृत्त सहकारी समिति के सचिव ब्रह्मपाल सिंह हत्या के छह दिन बाद भी पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। पुलिस की जांच रोजाना बदल रही है। पुलिस कभी प्रेम-प्रसंग तो कभी राजनीतिक रंजिश और जमीनी विवाद में हत्या की जांच कर रही है। ब्रह्मपाल पूरे परिवार के साथ सुभाषनगर थाना क्षेत्र की राजीव कॉलोनी में रहते थे। ब्रह्मपाल की पिछले रविवार की देर शाम बाइक सवारों ने पांच गोलियां मारकर हत्या कर दी थी।

प्रेम-प्रसंग में युवक की हत्या के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

विधि संवाददाता, बरेलीः प्रेम प्रसंग के चलते युवक की हत्या करने के आरोपी की जमानत अर्जी स्पेशल जज एससी/एसटी अंगद प्रसाद ने खारिज कर दी।

सरकारी वकील स्वतंत्र पाठक ने बताया कि राजेंद्र प्रसाद ने 18 सितंबर 2023 को थाना बहेड़ी में तहरीर दी कि उसका पुत्र मुनीश टीकाराम की पुत्री से प्रेम करता था और उसे लेकर चला गया था। लड़की के घर वाले मुनीश व उसके परिवार से रंजिश मानने लगे। 15 सितंबर 2023 शाम 4 बजे मुनीश गांव के बाहर घूमने गया था। उसे बाद वह लापता हो गया। तलाश करने जब आरोपी के घर पहुंचे तो लड़ाई झगड़े पर उतारू हो गए। 17 सितंबर 2023 को मुनीश की लाश गांव के बाहर गन्ने के खेत के पास मिली थी। आरोप है कि टीकाराम, राजवीर, लाल बहादुर, शिवचरन और वेदप्रकाश ने मुनीश की हत्या कर शव खेत के पास पेड़ से लटका दिया। पुलिस ने हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना के बाद आरोप पत्र कोर्ट भेजा था।

बालिका से दुष्कर्म के मामले में आरोपी किशोर की अपील खारिज

विधि संवाददाता, बरेली : ग्यारह साल की बालिका से दुष्कर्म करने के आरोपी किशोर अपचारी की क्रिमिनल अपील स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट कोर्ट राम दयाल ने खारिज कर दी। किशोर न्याय बोर्ड की ओर से जमानत अर्जी 17 अक्टूबर को खारिज कर दी गई थी, जिसके विरुद्ध पॉक्सो कोर्ट में अपील की गई थी। सरकारी वकील सुभव कुमार मिश्रा ने बताया कि पीड़िता के पिता ने थाना इज्जतनगर में तहरीर देकर बताया था कि 8 अप्रैल 2023 की सुबह वह दुकान पर काम करने चले गए। जबकि पत्नी कोठियों में झाड़ू पोछा करने गई थीं। बेटी घर पर अकेली थी। कॉलोनी से फोन आया था कि उनकी बेटी घर में रो रही है। घर पर आने पर बेटी ने बताया कि किशोर अपचारी ने उसके साथ बुरा काम किया। चिल्लाने पर मुंह में कपड़ा ठूंस दिया और टीवी की आवाज तेज कर दी। पड़ोसियों के आने पर आरोपी किशोर छत के रास्ते भाग गया। पुलिस ने दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट, एससी एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की थी।

रकम दोगुनी करने का झांसा देकर साढ़े तीन लाख रुपये ठगे

बरेली, अमृत विचार : बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र के राम गंगानगर निवासी प्रियंका पाठक ने शालिनी के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। प्रियंका के मुताबिक प्रियंका ने ऑनलाइन ट्रेडिंग कंपनी में रुपये लगाने पर एक साल में रकम दोगुनी करने का झांसा दिया था। झांसे में आकर उसने प्रियंका को 3 .50 लाख रुपये दे दिए। बाद में आरोपी ने नंबर बंद कर लिए। शिकायत पर झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी।

दामाद ने ससुराल में पत्नी सास और साली को पीटा

सीबीगंज, अमृत विचार : सीबीगंज क्षेत्र में ससुराल में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी के साथ मारपीट की। बचाव करने पहुंची सास और साली को भी पीट दिया। तमंचे की बट से मारा। दोनों ने उसका तमंचा छीन लिया तो आरोपी मौके से भाग गया। पुलिस आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। गांव बादशाह नगर निवासी ओमप्रकाश ने बताया कि 18 जनवरी की शाम करीब 7 बजे उसका दामाद रवि निवासी पद्धौरा डोरिया भोजीपुरा घर आया और उनकी पुत्री आरती के साथ मारपीट करने लगा। काफी देर समझाया लेकिन नहीं माना। इसके बाद वह उनकी पत्नी रामदेई और दूसरी बेटी ज्योति आरती को बचाने पहुंचे तो दामाद ने उनके साथ भी मरपीट की। डराने के लिए तमंचा निकाला और उसकी बट से पिटाई की। ओम प्रकाश की तहरीर पर पुलिस ने रवि के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

Rohilkhand
INFERTILITY & IVF CENTRE
Creating life.... completing families.
RISAA IVF
दिल्ली का जाना माना IVF सेन्टर अब बरेली शहर में
परामर्श शुल्क
₹200/- ₹100/-
प्रत्येक सोमवार
प्रातः 09:00 से 03 बजे तक
अपनी नन्हीं खुशियों को आज ही अपने घर लाये हमारे साथ !
हेल्पलाइन नं०
6398018900
उपलब्ध सुविधायें :-
● निःसन्तानता सम्बन्धित सम्पुर्ण इलाज व जाँचें, ● टेस्ट ट्यूब बेबी (IVF) रियायती दरो पर,
● इन्फर्टीलिटी अल्ट्रासाउंड, ● ICSI, I.U.I., लेप्रोस्कॉपी हिस्ट्रोस्कोपी (दुरबीन द्वारा बच्चेदानी व अंडेदानी की जाँच)
● उच्चतम सफलता दर, ● विश्वस्तीय आधुनिकतम IVF लैब
स्थान :
IVF सैन्टर Ist Floor न्यू बिल्डिंग कमरा नं. 106
रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
सुरेश शर्मा नगर चौराह, डेंटल कॉलेज रोड, बरेली फोन नं. 0581-2526012,11

भारत के मन का नया उत्सव अयोध्या

हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

> अयोध्या और श्रीराम इतिहास के साथ संस्कृति और दर्शन के भी प्रतीक हैं। भारत के प्राचीन इतिहास में अनेक प्रतिष्ठित राजा हुए हैं,लेकिन राजा रामचन्द्र की बात ही दूसरी है। वे भारत की मर्यादा हैं। उनका राज्य विश्व इतिहास में उल्लेखनीय है। दुनिया में अनेक राज्य व्यवस्थाओं के मॉडल हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अयोध्या सारी दुनिया में चर्चा का विषय हैं। मोदी जी विश्व राजनीति के सम्मानित चेहरे हैं। वे भारत के लोगों के मन के महानायक हैं। प्रधानमंत्री आध्यात्मिक अनुष्ठान पर हैं। सारा देश उनकी ओर टकटकी लगाए देख रहा है। उधर अयोध्या में दिक्काल का अतिक्रमण हो रहा है। मोदी जी चमत्कृत करते हैं। विश्व इतिहास में उनके जैसा लोकप्रिय कोई राजप्रमुख नहीं दिखाई पड़ता। दुनिया के किसी भी राजप्रमुख के नाम की ऐसी चर्चा कभी नहीं हुई जैसी मोदी की हो रही है। अयोध्या में दिव्य और भव्य श्रीराम जन्मभूमि मंदिर सारी दुनिया के हिन्दुओं का सपना रहा है। मोदी इस सपने से अयोध्या आंदोलन के समय से जुड़े हुए हैं। उनके राजनैतिक विरोधी भी हतप्रभ हैं। मोदी भारत के सांस्कृतिक इतिहास के महानायक हैं। नया इतिहास बन रहा है। अयोध्या ने इतिहास के अनेक प्रिय व अप्रिय प्रसंगों को देखा है। सरयू भूमि इसकी साक्षी है। अयोध्या ने वैदिक काल से लेकर अब तक इतिहास बनते देखा है। अयोध्या सभी घटनाओं की दृष्टा है और दृष्टि भी है। यही अयोध्या विश्व आकर्षण हैं। वह तथ्य हैं और कथ्य भी हैं। राम लंबे समय तक चित्रकूट में रहे। चित्रकूट भी प्रत्यक्ष है और दंड कारण्य भी। सरयू, मंदाकिनी और गंगा ने श्रीराम को निकट से देखा है।

अयोध्या का नया इतिहास नृत्य मगन है। सब तरफ अयोध्या ही अयोध्या की चर्चा है,जो अयोध्या से बहुत दूर दक्षिण या उत्तर में बैठे हैं,उनके अंतर्मन में भी अयोध्या है। अयोध्या सामने है। यही दाएं है। यही बाएं है। अयोध्या संप्रति मनमोहनी हो गई है। भारत के अंतस का छंदस बन गई है। वे वैदिक मंत्रों की ऋचा जैसी हैं। ऋचाएं परम व्योम से धरती पर उतरती हैं। ऋग्वेद के ऋषि ने बताया है कि ऋचाएं परम व्योम में रहती हैं और धरती पर जाग्रत बोध वाले मनुष्यों के हृदय में उतरती हैं। अयोध्या भारत के मन का नया उत्सव और उल्लास बन गई हैं। अयोध्या दिव्य हैं। भव्य हैं। महाकवि तुलसीदास ने 500 वर्ष पहले अयोध्या के गीत गाए थे, ''अवधपुरी अति रुचिर बनाई। देवन्ह सुमन वृष्टि झरि लाई।" अयोध्या को निकट से देखने के लिए आकाश और नक्षत्र भी धरती पर उतर आए हैं। आकाश का शब्द गुण अयोध्या में उतर आया है। तुलसीदास श्रीराम के राज्यारोहण की चर्चा करते हैं, "राम राज्य बैठे त्रैलोका। हर्षित भए मिटे सब शोका।" तुलसी कहते हैं, "नभ दुंदुभीं बाजहिं बिपुल गंधर्ब किंनर गावहीं। नाचहिं अपछरा बृंद परमानंद सुर मुनि पावहीं।" संप्रति अयोध्या सबको खींच रही है। काव्य, गीत संगीत बन गई है अयोध्या।

अयोध्या हजारों वर्ष प्राचीन वैदिक काल में भी प्रतिष्ठित नगरी रही है। ऋग्वेद में वैदिक काल के राजा इक्ष्वाकु का उल्लेख है। उन्होंने अयोध्या में स्वतंत्र राज्य की स्थापना की। पौराणिक अनुश्रुति के अनुसार इनकी 19 वीं पीढ़ी के बाद मानधाता राजा हुए। उन्होंने अनेक राज्य जीते। मानधाता के बाद उनके पुत्र पुरुकुत्स अयोध्या के राजा हुआ। उसके 2 पीढ़ी बाद त्रसदस्यु राजा हुए। पुरुकुत्स के 11 पीढ़ी बाद राजा हरिश्चन्द्र अयोध्या के राजा बने। इक्ष्वाकु वंश की 31 वीं पीढ़ी में राजा सगर और 45 वीं में भागीरथ। फिर अंबरीश। 60 वीं पीढ़ी में दिलीप। दिलीप का पौत्र रघु। कालिदास ने रघुवंश में इनकी चर्चा की। फिर रघु के पुत्र अज। अज के पुत्र दशरथ। श्रीराम इक्ष्वाकु वंश की 65 वीं पीढ़ी में हुए थे। श्रीराम विश्व प्रतिष्ठ महानायक हुए।

यूनान के कवि होमर प्रतिष्ठित कवि गिने जाते हैं। उनकी रचनाएं खूब पढ़ी जाती हैं। वे अपने समय की सभ्यता और संस्कृति के प्रतिनिधि कहे जाते हैं। उन्होंने इलियड और ओडिसी नाम के दो महाकाव्यों की रचना की थी। उनका कार्यकाल ईसा से 1000 वर्ष पूर्व था। यूनानी इतिहास का एक कालखंड होमर युग कहा जाता है। जैसे रामायण में श्रीराम के पात्र से हिंदू प्रेरणा लेते हैं वैसे ही ओडिसी के वीर एकलिस की गाथा से यूनानी प्रसन्न होते हैं,लेकिन श्रीराम 'अखिल लोकदायक विश्रामा' हुए। वे इतिहास के अंक में नहीं समाए। इतिहास का पात्र छोटा पड़ गया और श्रीराम विराट पुरुष।

अयोध्या और श्रीराम इतिहास के साथ संस्कृति और दर्शन के भी प्रतीक हैं। भारत के प्राचीन इतिहास में अनेक प्रतिष्ठित राजा हुए हैं,लेकिन राजा रामचन्द्र की बात ही दूसरी है। वे भारत की मर्यादा हैं। उनका राज्य विश्व इतिहास में उल्लेखनीय है। दुनिया में अनेक राज्य व्यवस्थाओं के मॉडल हैं,लेकिन रामराज्य की बात ही दूसरी है। तुलसी वाल्मीकि के सृजन में रामराज्य शोकरहित है। आकाश में आए मेघ उतना ही पानी बरसाते हैं जितना आवश्यक होता है-मांगे वारिधि देहिं जल रामचन्द्र के राज। रामराज्य में परस्पर शत्रुता नहीं है। समाज में विषमता भी नहीं है। तुलसीदास लिखते हैं, ''बयरु न कर काहू संग कोई। राम प्रताप विषमता खोई।" रामराज्य में सब प्रसन्न हैं। सब सुखी हैं। गांधी जी रामराज्य पर मोहित थे।

कुछ विद्वान राम को कल्पना बताते रहे हैं। अब वे निराश और हताश हैं। राम इतिहास, शास्त्र, पुराण और लोकश्रुति अनुश्रुति के भी महानायक हैं। इंडोनेशिया, बाली, जावा, लाओस, कम्बोडिया, इंग्लैंड और अमेरिका तक रामकथा की धूम रहती है। माक्सवादी चिंतक डॉ. रामविलास शर्मा ने लिखा है, ''दंडक वन और रामायण में राम के साथ लक्ष्मण और सीता का समय इसी वन में बीता है। दंडक वन की ऐतिहासिक वास्तविकता सही है।" श्रीराम इसी ऐतिहासिक क्षेत्र के इतिहास पुरुष हैं। डॉ. शर्मा ने लिखा है, "यूरोप या एशिया में किसी महाकाव्य का नायक ऐसा लोकप्रिय नहीं हुआ जैसा रामायण के राम हैं। उनके व्यक्तित्व में कुछ ऐसी विशेषता है,जो केवल भारतीय जनता को नहीं वरन मानव मात्र की भावनाएं व्यक्त करती है। परिवार में वह नई तरह के संबंध कायम करते दिखाई पड़ते हैं। सुख दुख में समान रूप से भागीदार। महाभारत की तरह रामायण इतिहास भी है। इसके नायक भी इतिहास के पात्र हैं।" डॉ. शर्मा ने मार्क्सवादी होकर भी श्रीराम को इतिहास का पात्र बताया है।

वामपंथी विद्वान श्रीराम को ऐतिहासिक पात्र नहीं मानते। उनका ज्ञान और इतिहासबोध दयनीय है। श्रीराम के प्रति लोकजीवन की श्रद्धा है और आस्था भी। आस्था की भावना शून्य से नहीं पैदा होती। आस्था का विकास किसी राजाज्ञा से नहीं होता। यह साल-सौ पचास साल में नहीं बनती। आस्था लोक और इतिहास से सामग्री लेती है। जीवन मूल्यों से संगति बैठाती है। वैज्ञानिक विवेक पर कसती है। संस्कृति, दर्शन और लोकमंगल के तत्वों से जांचती है। यूरोपीय इतिहास में राजाओं की विवरणी होती है। भारतीय इतिहास दृष्टि इससे भिन्न है। यहां लोकमंगल वरेण्य है। इतिहास की भारतीय दृष्टि में राम इतिहास ही हैं। मर्यादा पुरुषोत्तम होने के कारण आस्था का विषय भी हैं।

संप्रति एक नई तरह का नवजागरण हो रहा है। राष्ट्रीय स्वाभिमान सातवें आसमान पर है। 22 जनवरी की अधीर प्रतीक्षा है। पूरब के क्षितिज अरुण तरुण हो रहे हैं। ग्रह नक्षत्र सुमंगल योग बना रहे हैं। दिव्य शक्तियां अयोध्या के आकाश पर नृत्य कर रही हैं। दर्शन की प्यास बढ़ रही है। तुलसीदास ने बताया है कि राम राज्यारोहण के अवसर पर चारों वेद मनुष्य रूप में आए थे। 22 जनवरी के महोत्सव के लिए वेद, उपनिषद भी आ गए होंगे। वाल्मीकि, विश्वामित्र व वशिष्ठ तो आएंगे ही। भारत का लोक ऐसे सभी आगंतुकों के स्वागत की प्रतीक्षा में है। ऐसे सभी पूर्वजों अग्रजों को प्रणाम। हम सब ऋग्वेद का मंत्र, "इदं नमः पूर्वेभ्यः पूर्वजेभ्यः ऋषिभ्यः-पूर्वजों को नमस्कार, ऋषियों को नमस्कार, मार्गदृष्टाओं को नमस्कार।" दोहराते हैं।

विवेक की राजधानी थी अयोध्या

सलिल पांडेय
मिर्जापुर

त्रेतायुग की अयोध्या में लोकतंत्र का स्वरूप इतना सशक्त था कि चक्रवर्ती सम्राट दशरथ द्वारा श्रीराम को राज्य पद से विलग कर वनवास की घोषणा होने पर राजमहल से लेकर अयोध्या की जनता ही नहीं, बल्कि पशु-पक्षी तक व्याकुल हो गए और इस निर्णय के विरोध में अन्न-जल त्याग दिया। अयोध्या के लोगों ने कैकेई, मंथरा तथा राजा दशरथ तक के प्रति विरोध में अपने भाव भी प्रकट किए,लेकिन सभी वैचारिक स्तर पर ही था। जनता के विरोध के स्वर तथा दुःख की स्थितियों का पता सम्राट दशरथ तक न पहुंचा हो,ऐसा हो ही नहीं सकता। गोस्वामी तुलसीदास के रामचरितमानस के अयोध्याकांड के 46 वें दोहे की 7 वीं चौपाई में अयोध्या की जनता की मनः स्थिति का संकेत 'सुनि भए बिकल सकल नर नारी,बेलि बिटप जिमि देखि दवारी' चौपाई से परिलक्षित होता है। जिसका अर्थ है इस बात (श्रीराम के लिए वनवास के निर्णय) को सुनकर सब स्त्री-पुरुष ऐसे व्याकुल हो गए जैसे दावानल (वन में आग लगी) बेल और वृक्ष मुरझा जाते हैं। इसी क्रम में 'जो जहं सुनइ धुनइ सिरु सोई, बड़ बिषादु नहिं धीरजु होई' चौपाई के अनुसार 'जो जहां सुनता है वह वहीं सिर धुनने (पीटने) लगता है। बड़ा विषाद है,किसी को धीरज नहीं बंधता।' यह स्थिति जनता की ही नहीं,बल्कि अयोध्या के पशु-पक्षी तक बेहाल हैं। अयोध्या के मंत्री सुमंत्र जब श्रीराम को रथ से विदा करके अयोध्या लौटते हैं तब 'चरफराहिं मग चलहिं न घोरे, बन मृग मनहुं आनि रथ जोरे' (अयोध्या कांड 142/5) के अनुसार 'घोड़े तड़फड़ाते हैं और (ठीक) रास्ते पर नहीं चलते। मानो जंगली पशु लाकर रथ में जोड़ दिए गए हों' की स्थिति का जिक्र गोस्वामी जी ने किया है।

इन स्थितियों में जनता अन्न-जल त्याग देती है। इसे सविनय अवज्ञा आंदोलन के रूप में देखा जा सकता है। निश्चित रूप से स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान महात्मा गांधी को इस प्रसंग से प्रेरणा मिली हो कि किसी अप्रिय निर्णय के विरुद्ध अन्न-जल त्याग करने से कोई विशेष शक्ति प्राप्त होती है। अयोध्या की जनता के इस अन्न-जल त्याग के कदम का ऐसा प्रभाव पड़ा कि चक्रवर्ती के साथ धर्मनिष्ठ सम्राट दशरथ उसे झेल न सके।

इसके अलावा स्वदेश के प्रति मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का स्नेह यह भी प्रकट होता है कि जनता उद्वेलित न हो,इसलिए माता कौशल्स से 'पिता दीन्ह मोहि कानन राजू,जहं सब भांति मोर बड़ काजू' (अयोध्या कांड 53/5) कहते हुए यह जता रहे हैं कि पिता ने उन्हें जंगल का राज्य दिया है। वहां मेरा बड़ा काम बनने वाला है। श्रीराम को पिता की आज्ञा का पालन करने की सलाह देते हुए माता कौशल्या ने भी 'जो पितु मातु कहेउ बन जाना, तौ कानन सत अवध समाना' कहते हुए श्रीराम की सराहना की तथा स्पष्ट किया कि माता-पिता की बात मानने का मतलब वन भी सैकड़ों अयोध्या के समान है। इस तरह अयोध्या में कदम-कदम पर विवेक की राजधानी दिखाई पड़ती है। जहां राज्य का अहित न हो,इसके लिए सभी जागरूक हैं।

तुलसी की लोकप्रियता और उनका काव्य व्यक्तित्व


कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

> जन-ग्राह्यता के इस पहलू को तुलसी ने लगातार कितनी अहमियत दी और इस पर कितना श्रम किया, सोचकर आश्चर्य होता है। रामचरितमानस के हर कांड के प्रारंभ में आए संस्कृत श्लोकों से यह पक्ष दिन की रोशनी की तरह साफ हो जाता है।

तुलसी के रामचरित मानस की सामान्यजन और अभिजन दोनों में अपूर्व लोकप्रियता का रहस्य संभवतः लोक-जीवन, लोकमन और लोक-संवेदना में तुलसी की गहरी पैठ है। उन्होंने लोकभाषा में अति सरल, गेय और आसानी से याद हो जाने योग्य दोहा, चौपाई और सोरठा छंदों में लोकाख्यान लिखा और उसमें शास्त्रीय परंपरा का अपना समस्त ज्ञान समाविष्ट कर उसे सर्वसुलभ बना दिया। उनके आख्यानों में निहित भाव जगत और उनमें वर्णित मानव-स्वभाव तथा मानव-व्यवहार से सामान्यजन का तादात्म्य इस कदर त्वरित और घनीभूत होता है कि उसमें डूबकर शास्त्रीय परंपरा के कील-कांटे सम-सोझ हो जाते हैं, उनकी धार गोठिल पड़ जाती है। कम पढ़ा-लिखा पाठक (व श्रोता) भी उनमें अपने जीवनानुभव का निचोड़, अपने मन का ऊहापोह और दिल की धड़कन महसूस करता है, अपने चारों ओर बिखरे सामान्य लोकजीवन के मासूम, निर्मल चित्र देखता है। वह इतना विभोर हो जाता है कि कई अंश अनजाने ही उसे याद हो जाते हैं और गाहे-बगाहे उन्हें सूक्ति की तरह उद्धृत करने लगता है। अकारण नहीं कि अवध में रामचरित मानस के दोहे-चौपाइयां और उनकी अर्द्धालियां लोकजीवन की जमीन से उपजी कहावतों, उक्तियों, मुहावरों और सुभाषितों की कोटि में दाखिल होकर उस जीवन के अविभाज्य अंग बन चुकी हैं। एक ही उदाहरण पर्याप्त होगा- तिन्हहि बिलोकि बिलोकति धरनी। दुहुं संकोच सकुचति बरबरनी॥/सकुचि सप्रेम बाल मृगनयनी। बोली मधुर बचन पिकबयनी॥/सहज सुभाय सुभग तन गोरे। नामु लखन लघु देवर मोरे॥/ बहुरि बदन बिधु अंचल ढांकी। पिय तन चितइ भौंह करि बांकी।/खंजन मंजु तिरीछे नयननि। निज पति कहेउ तिन्हहि सिय सैननि॥ (अयोध्या कांड, 116: 3-7)

वनगमन मार्ग। राम, सीता और लक्ष्मण एक गांव की बस्ती से गुजर रहे हैं। ग्राम्य-वधुएं राम और लक्ष्मण को सहज उत्सुकता से देखती हैं। संकोच के कारण उनसे तो कुछ पूछ नहीं सकतीं तो सीता से ही पूछती हैं, ये दोनों आपके कौन लगते हैं? दोनों की ओर देखकर गौरांगी सीता अपनी निगाह धरती में गड़ा देती हैं। दोहरे संकोच से संकुचित न बताने पर ग्राम्य-वधुओं को बुरा लगेगा और बताएं तो राम के बारे में कैसे बताएं। आखिर हिरणशावक-जैसे सुंदर नेत्रों वाली और कोयल-जैसी मधुर वाणी वाली सीता ने संकोच और प्रेम से विगलित स्वर में कहा,जो सहज स्वभाव और सुंदर, गोरे शरीर के हैं, उनका नाम लक्ष्मण है, वे मेरे छोटे देवर हैं। फिर उन्होंने अपने चंद्र-मुख को आंचल से ढक लिया और राम के शरीर पर एक नजर डालकर भौंहों को टेढ़ी किया। खंजन पक्षी-जैसी अपनी आंखों को तिरछी किया और इशारे से उन्हें अपना पति बता दिया।

जन-ग्राह्यता के इस पहलू को तुलसी ने लगातार कितनी अहमियत दी और इस पर कितना श्रम किया, सोचकर आश्चर्य होता है। रामचरितमानस के हर कांड के प्रारंभ में आए संस्कृत श्लोकों से यह पक्ष दिन की रोशनी की तरह साफ हो जाता है। ये सारे श्लोक संस्कृत व्याकरण और छंदशास्त्र की दृष्टि से सर्वथा त्रुटिहीन हैं, किंतु संरचना और शब्दचयन का ऐसा जादू कि हिंदी के सामान्य जानकार के लिए भी ये सहज गम्य हैं, जैसे इन संस्कृत पदों की कोई पृथक् भाषा ही न हो। संप्रेषण में यह सहजता, सरलता और गम्यता लाने के लिए कितनी दक्षता और कितना अध्यवसाय चाहिए, किसी भी रचनाकार को सहज एहसास होगा। उसे इस विडंबना का भी एहसास होगा कि सहज, सरल, सर्वगम्य लिखना कितना कठिन व श्रमसाध्य है। भाषा और उसकी संप्रेषणीयता के प्रति तुलसी की अक्षुण्ण प्रतिबद्धता असाधारण कोटि की है, जो उनकी निराडंबर और केन्द्रीभूत जनोन्मुखता की ही परिचायक हो सकती है।

विडंबना ही है कि भक्त तुलसी की निराडंबरता ही उन्हें अपने काव्य में निजी परिवेश और संस्कार तथा सामयिक भावबोध का अतिक्रमण करने और भक्तिमार्ग में अंतर्निहित आध्यात्मिक समतावाद से इतर किसी वैचारिक-सामाजिक परिवर्तन की जमीन बनाने में अक्षम कर देती है। वे एक निष्ठावान भक्त कवि थे, समाज-सुधारक नहीं। कबीर के लिए जो सहज था, तुलसी के लिए उनके युग और उनके परिवेश के परिप्रेक्ष्य में एक आडंबरी मानवतावाद होता। वे आध्यात्मिक निष्ठा में भक्त थे, किंतु सामाजिक निष्ठा में अपने युग के एक निरीह, निर्धन, निराश्रित ही सही, संयोग से ब्राह्मण थे और उसी के अनुरूप उन्हें शिक्षा-दीक्षा मिली थी। गंगा में इतना पानी बह जाने के बाद,मौजूदा दौर के शिक्षित ब्राह्मणों की (राजपूतों और वैश्यों की भी) सामान्य मानसिकता क्या है? मेरी समझ से स्वयं को साम्यवादी घोषित करने के बावजूद कुछ ब्राह्मण और राजपूत ओढ़े हुए साम्यवाद का लबादा उतरने पर कितने दंभी ब्राह्मण /राजपूत नजर आते हैं,यह सामान्य अनुभव का विषय होना चाहिए।

अधूरे सच की खोज करता लोकविज्ञान


डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

आप सभी की तरह मैं भी कह देता हूं कि ताजमहल शाहजहां ने बनवाया था, परंतु क्या यह पूरा सच है? बनवाने क्रिया में बनाने की क्रिया भी छिप गई और उपादान कारण भी छिप गए। सोचिए कि बादशाह ने जबान हिलाने के अलावा और क्या किया? पत्थर पहाड़ के थे,पहाड़ कुदरत का था। पत्थर निकालने वाले दूसरे लोग थे। उनको ढोने वाले दूसरे थे, उनको चिकना करने वाले भी दूसरे थे। सारा काम तो श्रमवीरों और शिल्पियों ने किया। हमने बनवाना क्रिया कहकर वह सारा का सारा सच छिपा लिया और अधूरे सच का इतिहास बना दिया। मंदिर का शिखर सच है,लेकिन जब तक हमने बुनियाद का सच नहीं पहचाना तब तक वह अधूरा है।

वृक्ष की शिखा दिख रही है,किंतु उसकी जड़ नहीं दिख रही है, जबकि वृक्ष का जीवन जड़ में निहित है। संस्कृति,भाषा,धर्म, दर्शन, साहित्य,राजनीति आदि की रचना के विषय में भी यही बात है। हम अधूरा सच बार बार,बार-बार कह देते हैं और बाकी के सच को छिपा जाते हैं। सामान्यजन की भूमिका को नकारना सच को नकारना है।

लोकविज्ञान उस अधूरे सच की खोज करता है,मनुष्य का अध्ययन करता है और उस सामान्य की भूमिका को केंद्र में प्रतिष्ठित करता है। वह स्थापित करता है कि केवल बादशाह ही ताजमहल की रचना करने वाला नहीं है। बादशाह अंततः आदमी है तो श्रमी भी आदमी हैं,जो लोग समझते हैं कि संस्कृति की रचना कोई तत्वद्रष्टा-विचारक या ऋषि (आचार्य-मानस या शास्त्र-मानस) करता है, वे लोक की भूमिका को देख ही नहीं पाते। वर्ग की बहुत प्रभावी भूमिका होती है। इतनी कि वह सामान्य जन की भूमिका को ढक लेती है और एक मिथ्या सिद्धांत आरोपित कर देती है। उदाहरण के लिए नरेश शब्द है, भूप शब्द है। मनुष्यों का स्वामी और धरती का स्वामी। ये अवधारणा सामंती जमाने की है। उस जमाने में संसार में यह माना जाता था कि राजा ईश्वर का रूप होता है,भारत में भी विश्वास किया जाता था-नराणां च नराधिपः। वह समय था,जब नारी को धन माना जाता था। आज भी बेटी को कहीं-कहीं पराया धन कहते हैं। द्रौपदी ने भरी सभा में भीष्म से पूछा था कि मुझे दांव पर लगाने का अधिकार युधिष्ठिर को नहीं था।

पत्नी शब्द है,इसलिए ठीक है, वरना पति (मालिक) शब्द भी उसी सामंती समाज की देन है। स्वतंत्रता आंदोलन में सामान्यजन ने भाग लिया था। लाठी गोली खाई थी, सामान्य जन ने। जेल गया था सामान्यजन,लेकिन सामान्यजन की कोई चर्चा नहीं? जनतंत्र किसी राजा बादशाह या नेता की देन नहीं है,जनता के संघर्ष का परिणाम है। फिर हम विशेष को इतना महत्व दे देते हैं कि सामान्य की भूमिका दब जाती है। आज तो बाजारवाद का जमाना है,चारो ओर मीडिया का झूठ ही झूठ है जिसका पैसा,उसी का सच। इस स्थिति में सामान्य की भूमिका तलाश करना कठिन है,किंतु लोक की शक्ति अपार है। सामान्यजन और समष्टिजन की शक्ति और संभावना को गांधी ने पहचाना था। चींटी की कहानी है जिसमें वह राजा को मजबूर कर देती है कि वह बढ़ई को हुक्म दे कि वह खूंटे को चीर दे ताकि चिड़िया को दाना मिल जाए।

यूनान मिस्र रोमा, सब मिट गए जहां से

सुलखान सिंह
सेवानिवृत्त डीजीपी, उप्र.

अपने अतीत पर गर्व करना चाहिए, परंतु झूठा दंभ भरना पतनकारी होता है। मनुष्य को और कौम को अपने अतीत को सुनहरा बताकर उसमें जीना नहीं चाहिए,अपितु अतीत का अध्ययन करके उससे सबक लेना चाहिए और पुरानी गलतियां नहीं दोहरानी चाहिए। इतिहास पढ़ने का यही कल्याणकारी तरीका है। यह 'यूनान मिस्र रोमा' वाली उक्ति एक दंभोक्ति ही है। यूनान, मिस्र और रोम मिटे नहीं हैं, बल्कि भारत से अधिक संपन्न और विकसित हैं। इन देशों में इंसान-इंसान में भेदभाव नहीं है, छुआछूत नहीं है। प्रति व्यक्ति आय वर्ष 2021 पर जरा नजर डालें-भारत-7130 डॉलर, यूनान-31480 डॉलर, मिस्र -12320 डॉलर, इटली (रोम)-46450 डालर, मेरी, अतिउत्साही किंतु अचिंतनशील एवं ऊर्जावान लोगों से प्रार्थना है कि वे गंभीरता एवं ईमानदारी से अपने इतिहास को पढ़ते रहें। हमारे समाज में ये अमानवीय, निंदनीय नफरती राक्षसी परंपराएं क्यों विकसित हो गईं? इसे समझें और इनका उन्मूलन करने में अपना योगदान दें। मैं अभी भी न सिर्फ नवयुवकों में वरन प्रौढ़ एवं वृद्ध वर्ग में भी कट्टर अहंकारी एवं नफरती आचरण देखता हूं। सोशल मीडिया की गुमनामी की ओट में अभद्र एवं अमानवीय बातें खुलेआम की जा रही हैं। आप कल्पना करिए कि हम सभ्य तरीके से विचार-विमर्श भी नहीं कर सकते!

संस्मरण

अयोध्या, जैसी मैंने देखी

डॉ. प्रमेन्द्र माहेश्वरी
वरिष्ठ चिकित्सक, बरेली

> 1990 में पहली बार गया था, जब 12 वीं के बाद पहली बार में ही एमबीबीएस में सेलेक्शन हुआ। विवादित ढांचा मौजूद था,रामलला विराजमान थे। छोटी संकरी गलियां कूड़े से पटी पड़ी थीं,आवारा जानवर सड़कों पर थे।

पूरी दुनिया घूमा हूं,अमेरिका, इंग्लैंड, जापान, फ्रांस और जर्मनी आदि बीस से ज्यादा देश और पूरे भारत में लगभग सभी प्रदेश हर शहर का एक अलग मिजाज, एक अलग कल्चर, एक अलग रूह या आत्मा होती है, जो उस शहर में, शहर में रहने वाले लोगों में, वहां के हवा पानी में, वहां के खाने पीने में बसती है, अयोध्या निराली है।

1990 में पहली बार अयोध्या गया था,जब 12 वीं के बाद पहली बार में ही एमबीबीएस में सेलेक्शन हुआ। विवादित ढांचा मौजूद था रामलला विराजमान थे। छोटी संकरी गलियां थी, कूड़े से पटी पड़ी थीं आवारा जानवर सड़कों पर थे। सरयू केवल एक गंदा नाला सी दिखी थी जहां नहाना मुश्किल लगा था। भयंकर प्रदूषण था,पर आस्था थी तो टूटी जर्जर बिना सड़क के ही कच्चे रास्तों से ढांचे के आसपास मंदिरों के दर्शन किए थे। उदास निष्क्रिय देहात सा माहौल था।

फिर पहली बार में ही एमएस यानी पीजी में एडमिशन लेकर एक आर्थोपेडिक सर्जन बनकर जाना हुआ। रामलला गुलाबी तिरपाल में थे,चप्पे-चप्पे पे भारी पुलिस फोर्स थी। लोहे के दस फीट ऊंचे बैरिकैडिंग थे। परिंदा भी पर नहीं मार सकता था। खुशी-खुशी धन्यवाद देने गया था,पर फटे-टेंट में अपने आराध्य को देख फूट-फूट कर रोया था। इस बार प्रभु ने डॉक्टर होने के कारण स्वयं बुलाया, दर्शन देने, रामकाज करने आए हुए श्रद्धालुओं की सेवा करने उनका इलाज करने,सैकड़ों हजारों डाक्टरों ने



वहां सेवा का मन बनाया,पर मेरा नंबर पहला आ गया। अब तो सेवा चलती ही रहेगी। इस बार अयोध्या दुनिया के किसी भी सबसे खूबसूरत शहरों में से एक लगी,साफ चमकती चौड़ी सड़कें, एक ही डिजाइन की दुकानें और बाजार,लता मंगेशकर चौक, नयनाभिराम सजावट, एयरपोर्ट, शानदार रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड ऐसा जैसा कोई सपने में भी न सोच पाए। प्रदूषण रहित बैटरी वाली ई-बस,सड़कों पर नगर निगम का सुंदर बिजली के पोलों पर सुमधुर भजन सुनाता साउंड सिस्टम,चारो ओर हरियाली,वन उपवन, स्वच्छ निर्मल आचमन योग्य सरयू, मंदिरों का जीर्णोद्धार, प्रफुल्ल, प्रसन्न, खुशी से लबरेज स्थानीय निवासी जो कहते हैं कि पहले पूरे साल रामनवमी का इंतजार रहता था अब रोज यहां मेला है।

इस बार रामलला को देख कर फिर रोया, आंसू रुक ही नहीं रहे थे,पर ये खुशी के आंसू थे,प्रसन्नता के अतिरेक के आंसू थे। क्या से क्या हो गया, जो लोग पहले अयोध्या गए होंगे वो मेरी दशा समझ सकते हैं। ये वर्तमान स्थिति वर्षों के रक्तरंजित संघर्ष का परिणाम है जिसमें अपनी आंखों से प्रभु को अपनी जन्मभूमि पर बने मंदिर में विराजमान होने का सपना देखते हुए न जाने कितनी पीढ़ियां खत्म हो गईं,हम भाग्यशाली हैं,जो ये सब खुद अपनी आंखों से देख रहे हैं। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थपुरम के अस्थायी टेंटसिटी को सराहिए,यहां की चाक चौबंद व्यवस्था को,यहां चलते अनवरत भोजन क्षेत्र या भंडारों को,पढ़िए इन नेमप्लेट्स को एक पर छह विदेशी भाषाओं में तो दूसरी पर देश की 11 विभिन्न भाषाओं में हनुमान गढ़ी लिखा है। चारो ओर साधु संत महात्मा आश्रम भजन पूजन और भगवान श्रीराम के आने की खुशी है,अयोध्या प्रसन्न है, मैं प्रसन्न हूं।

योग्यता और क्षमता

द्वारिका प्रसाद अग्रवाल
वरिष्ठ लेखक, बिलासपुर

> धन मनुष्य की इन आवश्यकताओं की पूर्ति में सहायक हुआ करता है इसलिए इस समूह के लोगों को हमेशा आप पैसे के बारे में बात करते, प्रयास करते या मनन करते पाएंगे। पहले क्रम वाले मनुष्य को सीमित धन चाहिए, पेट भर गया, झोपड़ी बन गई, खुश!

प्रसिद्ध समाजशास्त्री अब्राहम मास्लो ने अभिप्रेरणा की अवधारणा के पांच चरण बताए हैं जिसमें वे मनुष्य की आवश्यकताओं को इस क्रम में व्यवस्थित करते हैं :

सर्वप्रथमः भोजन, वस्त्र और आश्रय, तद्पश्चात : सुरक्षा, तद्पश्चात : सामाजिक जान-पहचान, तद्पश्चात : सम्मान, तद्पश्चात : आत्मबोध-कोई प्यासा हो तो पानी पहले चाहिए, भोजन उसके बाद। उसी तरह जब कोई भूखा होता है तो सर्वोच्च प्राथमिकता भोजन प्राप्त करना होता है, उस समय उसे कुछ और नहीं सूझता। पेट भर जाए, प्यास मिट जाए तब टीवी देखने की सूझेगी। इसी प्रकार मनुष्य के जीवन में आवश्यकताएं क्रम से आगे बढ़ती हैं। सबसे पहले मौलिक आवश्यकताएं, रोटी, कपड़ा और मकान चाहिए। इनकी पूर्ति हो जाने के पश्चात सांसारिक सुरक्षा की ओर ध्यान जाता है जैसे-पक्की नौकरी लग जाए, व्यापार चल निकले, खुद का घर बन जाए, कल या अगले महीने या अगले वर्ष या पूरे जीवन या अगली पीढ़ी की व्यवस्था बन जाए आदि। उसके बाद मनुष्य जान-पहचान बनाने और विभिन्न समूहों में सम्मिलित होने का प्रयास करता है ताकि वह अपनी धारणाओं तथा मान्यताओं को पुष्ट कर सके।

धन मनुष्य की इन आवश्यकताओं की पूर्ति में सहायक हुआ करता है इसलिए इस समूह के लोगों को हमेशा आप पैसे के बारे में बात करते, प्रयास करते या मनन करते पाएंगे। पहले क्रम वाले मनुष्य को सीमित धन चाहिए, पेट भर गया, झोपड़ी बन गई, खुश! दूसरे क्रम वाले को कुछ अधिक चाहिए,'थोड़ा है, थोड़े की जरुरत है, 'खुश! तीसरे क्रम वाले को बहुत अधिक चाहिए या कहा जाए असीमित चाहिए क्योंकि उसे ऐसा लगता है कि समाज में उसी का दबदबा है जिसके पास अपार धन है। अधिकतर मनुष्यों का जीवन इन्हीं तीन आवश्यकताओं की प्राप्ति के प्रयास में व्यतीत हो जाया करता है।

उपरोक्त तीन आवश्यकताओं की पूर्ति के पश्चात सम्मान का क्रम आता है। यह माध्यम प्रतिष्ठा और शक्ति प्राप्ति की तपस्या है। इस परिधि में आकर मनुष्य अपनी योग्यता और क्षमता को बढ़ा कर व्यक्तित्व का विकास करता है। इस तरह वह स्वयं की सीमा से बाहर निकल कर सामाजिक सरोकार के कार्यों के जरिए प्रतिष्ठा और ऊर्जा अर्जित करने का प्रयास करता है। समाजशास्त्री मास्लो ने कहा है, 'एक मनुष्य जो कुछ कर सकता है, उसे करना चाहिए।'

मैं 'बड़े आदमी' के घर में पैदा हुआ था इसलिए मेरी उपरोक्त आवश्यकताएं स्वाभाविक रूप से पूर्ण थी। लेकिन एक साधारण हलवाई से कुछ अलग पहचान बना सकूं तथा अपनी योग्यता का प्रदर्शन कर सकूं, ऐसा मेरे दिमाग में चल रहा था। वास्तव में, मैं आवश्यकता के चौथे पायदान 'सम्मान' में कदम रखना चाहता था। उस दिशा में अंतर्राष्ट्रीय संगठन 'जेसीज' मेरी इस आवश्यकता की आपूर्ति में सहायक सिद्ध हुआ।

सिंचाई करने गए दो किसानों की खेत पर करंट लगने से मौत

अल्लापुर के चमारी गांव की घटना, ट्रांसफार्मर के पास मिले दोनों के शव

संवाददाता, उझानी

अमृत विचार : खेत पर फसल की सिंचाई करने गए दो किसानों की करंट लगने से मौत हो गई। शुक्रवार रात वह दोनों एक साथ खेत पर गए थे। अगले दिन सुबह ट्यूबवेल के लिए लगाए गए ट्रांसफार्मर के पास उनके शव पड़े मिले।

ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस पहुंची। पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम कराया। शेखूपुर विधानसभा के पूर्व विधायक धर्मेंद्र शाक्य ने पीड़ित परिवारों को सांत्वना दी। हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया।

मृतक विजय बहादुर और राम नरेश।

खेत में टूटा पड़ा था बिजली का तार

कोतवाली उझानी क्षेत्र के गांव अल्लापुर चमारी निवासी राम नरेश (49) पुत्र खेमकरन के खेत में ट्यूबवेल लगा है। उन्हें अपने खेत में फसल की सिंचाई करनी थी। गांव में रहने वाले विजय बहादुर (30) पुत्र होरी लाल ने भी उनके ट्यूबवेल से अपने खेत में फसल में पानी लगाने की बात कही। वह दोनों शुक्रवार देर शाम सिंचाई करने के लिए एक साथ घर से निकले। देर रात तक वापस न आने पर परिजनों को लगा कि रात में सिंचाई में समय लग रहा होगा। जिसके चलते उन्होंने तलाश नहीं की। शनिवार सुबह लगभग 5 बजे ग्रामीण खेतों की ओर पहुंचे तो राम नरेश के खेत को जाने वाले पगडंडी के पास लगे ट्रांसफार्मर के नीचे उन दोनों के शव पड़े थे। पास में ही बिजली का तार टूटा पड़ा था। ग्रामीणों की भीड़ लग गई। उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने विद्युत विभाग को सूचना देकर सप्लाई बंद कराई।

सरकार के पास है सभी की आर्थिक कुंडली : डॉ. गिरीश

बरेली, अमृत विचार: आईसीएआई की बरेली शाखा ने शनिवार को बेनामी संपत्ति में आयकर की भूमिका पर सेमिनार का आयोजन किया। मुख्य वक्ता दिल्ली से आए आयकर विशेषज्ञ सीए डॉ. गिरीश आहूजा ने बेनामी संपत्ति से संबंधित आयकर प्रावधानों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज सरकार के पास हर व्यक्ति की आर्थिक कुंडली है।

बेनामी संपत्ति में आयकर की भूमिका पर सेमिनार

इतना ही नहीं मोबाइल नंबर से आप क्या करते हैं, इसका भी पता लगाया जा सकता है। सत्र अध्यक्ष सीए रविंद्र अग्रवाल ने सभी को सतर्कता के साथ कार्य करने को कहा। अध्यक्षता बरेली ब्रांच के अध्यक्ष सीए मोहित टंडन, संचालन पूर्व अध्यक्ष सीए प्रदीप तिवारी और सीए मनोज माहेश्वरी ने आभार जताया। सीए गौरव अग्रवाल, अरविंद सिंह, रतन गुप्ता, एसएन महरोत्रा, विजय अग्रवाल, सुशील अग्रवाल, नितीश टंडन, अखिल रस्तोगी, रीतेश अग्रवाल, विशाल अरोरा, राजन विद्यार्थी, नवीन अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

राजकीय पुस्तकालय में पढ़ रहे रामायण

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर देश भर के रामभक्तों में उत्साह देखने को मिल रहा है। श्रीराम के जीवन के बारे में जानने को युवा राजकीय पुस्तकालय में रामायण और राम चरित मानस को पढ़ रहे हैं।

इंद्रा मार्केट के समीप राजकीय पुस्तकालय में श्रीराम के जीवन से जुड़ी विभिन्न भाषाओं में पुस्तकें उपलब्ध हैं। पुस्तकालय में 50 से अधिक पाठक नियमित रूप से पहुंच रहे हैं। इनमें अधिकांश रामायण आदि को पढ़ रहे हैं। यहां राधेश्याम कथावाचक द्वारा रचित राधेश्याम रामायण, तुलसीदास रामचरित मानस, भुशुंडि रामायण, अमीष द्वारा लिखित राम इक्ष्वाकु के वंशज समेत अन्य पुस्तकें और अयोध्या मंदिर के दुर्लभ भित्ति चित्र से जुड़ी किताब उपलब्ध है। पुस्तकालय में तैनात कर्मी श्वेता ठाकुर ने बताया कि बढ़ी संख्या में युवा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने आते हैं। राम मंदिर के बारे में परीक्षा की दृष्टि से प्रश्नों के लिए श्री राम से संबंधित पुस्तकों को पढ़ रहे हैं।

50 से अधिक पाठक रोज आ रहे



राजकीय पुस्तकालय में श्रीराम पर आधारित पुस्तक पढ़ते विद्यार्थी। ● अमृत विचार

200 से अधिक पुस्तकें बिकीं

डीडीपुरम स्थित गीता प्रेस की दुकान संचालित करने वाले रमेश ने बताया कि रामचरितमानस की बिक्री में इजाफा हुआ है। एक सप्ताह में 200 से अधिक पुस्तकों की बिक्री हुई है। कुछ लोग उपहार स्वरूप दूसरों को भेंट करने के लिए रामचरितमानस को खरीद रहे हैं। इसके अलावा अन्य धार्मिक पुस्तकों की बिक्री भी बढ़ी है।

प्राण प्रतिष्ठा के चलते बढ़ी रामचरितमानस की मांग

बरेली, अमृत विचार : रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भारी उत्साह है। मंदिरों व घरों में रामायण-रामचरितमानस पाठ का आह्वान किया गया है। ऐसे में दुकानों पर धार्मिक पुस्तकें खरीदने वालों की संख्या बढ़ी है। युवा भी रुचि ले रहे हैं। ज्यादा मांग रामचरितमानस व हनुमान चालीसा की है। इसमें गुटका रामचरितमानस लोग ज्यादा ले जा रहे हैं। इसके दाम 100 से 200 रुपये तक हैं। शहर में धार्मिक ग्रंथों की दुकानें बड़ा बाजार में हैं। इसके अलावा मॉडल टाउन हरी मंदिर, बड़ा बाग हनुमान मंदिर आदि जगहों पर भी धार्मिक पुस्तकें मिल जाती हैं। रामचरितमानस की बिक्री बढ़ने का कारण अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा है। इन दिनों अखंड रामायण का पाठ कराने वाले लोग गुटका (छोटी रामचरितमानस) ले जा रहे हैं। पहले आस- पड़ोस से भी रामचरितमानस मिल जाती थी लेकिन अब कई जगह आयोजन होने से लोग खरीद रहे हैं। सोशल मीडिया पर रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की धूम है। इससे युवा भी बड़ी संख्या में धार्मिक ग्रंथ खरीद रहे हैं। पुस्तक विक्रेता संजीव कुमार ने बताया कि कुछ माह पहले इक्का- दुक्का लोग धार्मिक ग्रंथ खरीदने आते थे। इस समय बिक्री बढ़ गई है। इसकी बजह रामलला की प्राणप्रतिष्ठा है। पुस्तक विक्रेता राज कुमार शर्मा ने बताया कि इन दिनों रामचरित मानस के साथ और भी धार्मिक ग्रंथों की बिक्री बढ़ी हैं। इस समय रोजाना 100 से 150 पुस्तकों की बिक्री हो रही है।

धार्मिक ग्रंथों के प्रति युवाओं में भी बढ़ा उत्साह

सूचना

मैं मो. फुरकान पुत्र इकरार अहमद, निवासी गांव जाम अंतरामपुर, थाना बहेड़ी, बरेली, उत्तर प्रदेश ने एक रजिस्ट्री बैनामा आराजी खसरा नं. 139 बाके ग्राम जमा अंतरामपुर थाना बहेड़ी, जनपद बरेली पुस्तक संख्या 1, खण्ड 3842, पृष्ठ संख्या 11/126 पर क्रम सं. 6836 दिनांक 17-07-2015 को सब रजिस्ट्रार बहेड़ी में प्रार्थी ने कराया था। प्रार्थी उपरोक्त रजिस्ट्री बैनामा के तीन पेज जो रास्ते में बहेड़ी आते समय गिर गया है। जिसकी काफी तलाश करने पर भी नहीं मिला। प्रार्थी ने उपरोक्त रजिस्ट्री बैनामा न तो किसी न्यायालय में दिया है और न ही किसी भी बैंक आदि में बंधक रखा है। अगर किसी को मिलता है तो इस पते पर सम्पर्क करें, आपका आभार रहेगा।

मो. फुरकान, मो. 8954257516, निवासी जाम अंतरामपुर, थाना बहेड़ी, बरेली, उत्तर प्रदेश।

सार-संक्षेप

पूर्व ब्लॉक प्रमुख ने जरूरतमंदों को बांटे कंबल

शेरगढ़, अमृत विचार : पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रमोद कुमार अग्रवाल ने क्षेत्र के कई गांवों का भ्रमण कर लोगों का हाल जाना, इस दौरान उन्होंने ठंड से बचाव को 105 गरीब असहाय जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए। शनिवार को क्षेत्र भ्रमण को निकले पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रमोद कुमार अग्रवाल ने क्षेत्र के गांव नगरिया सोबरनी, डेलपुर, टांडा मानपुर, कुडंका में लोगों से बात कर उनका हाल जाना तथा अलग-अलग गांवों के तकरीबन 105 गरीब असहाय लोगों को कंबल वितरित किए। उन्होंने कहा कि गरीबों की सेवा सबसे बड़ी सेवा है सभी को गरीब असहाय लोगों की मदद को आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि गरीबों की सेवा से बढ़ कर कोई सेवा नहीं है। इस मौके पर सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य महेश चंद्र पाठक, विनोद कुमार अग्रवाल, दिनेश शर्मा, राजीव बाजपेई, पूर्व प्रधान अफजाल अहमद आदि समेत लोग मौजूद रहे।

समाचार पत्र वितरकों को एसडीएम ने बांटे कंबल

बहेड़ी, अमृत विचार : रामलीला मैदान में आयोजित कार्यक्रम में एसडीएम अजय कुमार उपाध्याय ने बनवाई गई सूची के आधार पर 50 दिव्यांगों को कंबल बांटे। इसके अलावा एसडीएम ने समाचार पत्र वितरकों को भी अपने कार्यालय में बुलाया और उन्हें भी कंबल बांटे। समाचार पत्र वितरकों में अशोक गंगवार, आनंद कुमार, अल अरशद, रौनक गुप्ता, आदेश पाल, रिजवान व ओमकार आदि शामिल रहे। कंबल वितरण के दौरान पत्रकार हिमांशु पांडेय, आर के पांडेय, रोशन लाल अरोरा आदि भी एसडीएम, तहसीलदार दीपक कुमार के साथ मौजूद रहे।

रामलीला सोसाइटी करेगी कार सेवकों का सम्मान

नवाबगंज, अमृत विचार : रामलीला सोसाइटी रविवार को एक सादे समारोह में क्षेत्र के कारसेवकों का सम्मान करेगी। सोसाइटी अध्यक्ष रविन्द्र पाल गंगवार ने बताया कि अतुल शर्मा चौक से अपराह्न 3 बजे आरम्भ होकर कारसेवकों का जत्था तहसील चौराहे स्थिति दशरथ भवन पहुंचेगा, जहां स्वागत होगा।

भाजपा नफरत फैलाने का काम कर रही

बरेली, अमृत विचार : जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से शनिवार को बहेड़ी और भदपुरा में ब्लाक संवाद कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें संगठन सृजन को लेकर पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया और आगामी कार्यक्रमों की रणनीति पर चर्चा की गई। इस मौके पर जिलाध्यक्ष मिर्जा अशफाक सकलैनी ने कहा कि जनता कांग्रेस के साथ जुड़ रही है। पूर्व विधायक छोटेलाल गंगवार ने कहा कि भाजपा लोगों के बीच नफरत फैलाने का काम कर रही है। जिला उपाध्यक्ष जुनैद हसन एडवोकेट ने कहा कि अगर कांग्रेस देश में मजबूत होगी तो देश का भाईचारा मजबूत होगा। सुखविंदर सिंह, ब्रह्मानन्द शर्मा, उरूज फातमा, हरीश गंगवार, मुख्तयार अहमद, आयाज खान, डॉ. खेमकरन सिंह यादव, हरदेव दिवाकर, ठाकुरदास कश्यप आदि मौजूद रहे।

क्रमिक अनशन को सफल बनाने का आह्वान

बरेली, अमृत विचार : राष्ट्रीय संघर्ष समिति ईपीएस 95 पेंशनर्स की मंडली बैठक शनिवार को पुराने बस अड्डे पर हुई। इसमें केंद्रीय नेतृत्व में 30 जनवरी को दिल्ली के जंतर मंतर पर होने वाले क्रमिक अनशन एवं प्रदर्शन को सफल बनाने का आह्वान किया गया। बैठक में इफको, परिवहन निगम, रबड़ फैक्ट्री, शुगर मिल आदि के पेंशनर्स ने भाग लिया। इस मौके पर पेंशनर्स की सदस्यता शुल्क की रसीदें काटी गईं। ओमप्रकाश शर्मा सचिव मध्य जोन उ.प्र, दीनानाथ गंगवार, वेदपाल सिंह, सुरेंद्र कुमार शर्मा, शिशुपाल सिंह, आरएस गुप्ता, महेश कुमार अग्रवाल, नरेंद्र प्रकाश सक्सेना, गंगा प्रसाद, कैलाश नाथ आदि ने विचार रखे। एके अरोरा ने पेंशनर्स से दिल्ली में होने वाले अनशन में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की।

शिक्षक नेता जगदीश चंद्र सक्सेना का निधन

रिठौरा, अमृत विचार : बेसिक शिक्षा समिति के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश चंद्र सक्सेना का शनिवार को निधन हो गया। उन्होंने 1980 में बेसिक शिक्षा समिति का गठन कर मान्यता प्राप्त स्कूलों के हित में कार्य करने के उद्देश्य से किया था। बेसिक शिक्षा समिति के महासचिव और बाद में प्रदेश अध्यक्ष बने। जीवन पर्यन्त मान्यता प्राप्त स्कूलों के लिए कार्य किया। निजी स्कूलों की समस्याओं के निराकरण के लिए कई बार आमरण अनशन किए। स्वयं चार स्कूलों का संचालन करते थे। उनका मानना था कि गरीब बच्चों को निजी विद्यालय में ही अच्छी शिक्षा मिल सकती है। उनका अंतिम संस्कार रविवार सुबह 10 बजे मॉडल टाउन (संजय नगर) पर किया जाएगा। उनके निधन पर पंकज सक्सेना, केके शर्मा, कृष्ण पाल गंगवार, प्रदीप कुमार गुप्ता, अमित गंगवार, मयंक मल्होत्रा, कमलेश गंगवार, रनवीर सिंह गंगवार, अनूप गुप्ता, अभिषेक द्विवेदी, नरेंद्रदेव, नजमुल अंसारी, आदि ने गहरा शोक जताया है।

हिन्दू जागरण मंच के ब्लॉक अध्यक्ष पर जानलेवा हमला, रिपोर्ट दर्ज

रिठौरा, अमृत विचार : हिन्दू जागरण मंच के ब्लॉक अध्यक्ष पर रंजिशन गांव के ही दो लोगों ने जानलेवा हमला, करके गंभीर रूप से घायल कर दिया। उन्होंने थाने पहुंचकर आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कराई। थाना हाफिजगंज के गांव भंडसर निवासी हिन्दू जागरण मंच के ब्लॉक अध्यक्ष ओमप्रकाश किसी काम से प्राइमरी स्कूल के पास गए थे। लौटते समय गांव के ही परमेश्वरी, वीरू ने रंजिश के चलते उन पर चाकू से हमला करके घायल कर दिया। चीख सुनकर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे तो हमलावर भाग गए। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। घायल ओमप्रकाश का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है।

गर्भवतियों के टीकाकरण में पिछड़े पांच केंद्र

बरेली, अमृत विचार : टीटी का टीका न लगने से दो गर्भवतियों को टिटनेस होने के मामले में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में गुरुवार को डीएम के नाराजगी जताने के बाद स्वास्थ्य महकमे में खलबली है। जिले में पांच केंद्रों की स्थिति टीकाकरण के मामले में संतोषजनक नहीं है। सीएमओ ने उक्त केंद्रों के एमओआईसी को टीकाकरण के बाबत निर्देश दिए हैं। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार दिसंबर में नंदौसी में गर्भवती महिलाओं को प्रतिरक्षित करने का लक्ष्य 941 था जिसके सापेक्ष 704 को टीका लगाया गया। वहीं फरीदपुर में 2186 के सापेक्ष 1310, बहेड़ी में 1891 के सापेक्ष 1612, आंवला में 1756 के सापेक्ष 1443 और घेर जाफर खां में 1337 के सापेक्ष 1111 महिलाएं ही प्रतिरक्षित हो सकीं। देहात की तुलना में शहरी क्षेत्र में टीकाकरण की स्थिति काफी बेहतर है। यहां लक्ष्य से अधिक टीकाकरण हुआ है। हजियापुर में 1337 के सापेक्ष 2151, सिविल लाइंस में 3074 के सापेक्ष 3375, बानखाना में 1403 के सापेक्ष 2896 और गंगापुरम में 1161 के सापेक्ष 1630 महिलाओं को प्रतिरक्षित किया गया है। कई ऐसे शहरी क्षेत्र के जहां 100 फीसदी लक्ष्य पूर्ण किया गया है।

प्राण प्रतिष्ठा को लेकर राममय हुआ शेरगढ़

शेरगढ़, अमृत विचार : अयोध्या में 22 को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर लोगों में उत्साह है। रामभक्त गांव गांव भ्रमणकर लोगों को घरों एवं मंदिरों को सजाने के साथ ही दीपोत्सव मनाने को प्रेरित कर रहे हैं। मंदिरों को फूल माला से सजाकर, सामूहिक रूप से श्रीराम नाम का जाप, रामायण का पाठ, भजन कीर्तन की तैयारी है। शनिवार को शिक्षकों ने स्कूलों में विशेष सफाई अभियान चलाया। सभापति दिनेश शर्मा ने बताया कि अयोध्या नगरी से आए पूजित अक्षत घर घर पहुंचाए जा रहे हैं। कार्यक्रम को लेकर लोगों में उत्साह का माहौल है। पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रमोद अग्रवालका कहना है कि 22 के ऐतिहासिक दिन को अविस्मरणीय बनाने के लिए लोगों को घर घर जाकर जागरूक किया जा रहा है। शिक्षक राजीव शर्मा का कहना है कि प्राण प्रतिष्ठा समारोह एवं गणतंत्र दिवस कार्यक्रम को लेकर विद्यालय में व्यवस्थाएं मुकम्मल की जा रही हैं। स्वच्छता अभियान चलाकर विद्यालय प्रांगण एवं कक्षा कक्षों को सुसज्जित किया जा रहा है।

खुराफातियों की तुरंत पुलिस को दें सूचना

मीरगंज, अमृत विचार : थाना शाही परिसर में शनिवार को शांति समिति की बैठक हुई। जिसमें 22 को अयोध्या में होने वाले श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर थाने में चर्चा की गई। प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि 22 को अयोध्या में होने वाली प्राण प्रतिष्ठा के संबंध में क्षेत्र में कहीं कोई समस्या न होने पाए। यदि कहीं पर कोई समस्या किसी को लगती है तो वह तुरंत पुलिस को सूचित करें। प्राथमिकता के आधार पर उसे निस्तारित करेंगे।

कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जनपद-बदायूँ

पत्रांक : समग्र शिक्षा/फर्नीचर एण्ड इक्यूपमेंट/9987-93/2022-23 दिनांक : 20 जनवरी 2024

फर्नीचर एण्ड इक्यूपमेंट क्रय हेतु निविदा/विज्ञप्ति सूचना

वर्ष 2023-24 हेतु जनपद बदायूँ में संचालित उच्चीकृत 06 कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालयों में फर्नीचर एण्ड इक्यूपमेंट क्रय हेतु जेम पोर्टल पर GEM/2024/B/4462699 दिनांक 20 जनवरी 2024 द्वारा निविदाएं दिनांक 30 जनवरी 2024 तक आमंत्रित की जाती है।

(स्वाती भारती)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
बदायूँ

कार्यालय मुख्य अभियन्ता, नगर निगम, बरेली

अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना

पत्रांक 576/मु.अभि./नि.वि./2023-24 दिनांक : 20.01.2024

ई-निविदा सूचना शासनादेश सं.-3890/नौ-5-149सा/2019 नगर विकास अनुभाग-05 उ.प्र. शासन लखनऊ दिनांक 20 सितम्बर, 2019 के अनुपालन में ठेकेदारों से निर्माण कार्यों हेतु निविदायें टू बिड पद्धति (तकनीकी एवं वित्तीय) के माध्यम से निम्न प्रकार से आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा से सम्बन्धित प्रपत्र उत्तर प्रदेश की ई-प्रक्योरमेन्ट की वेबसाइट http://etender.up.nic.in व नगर निगम की वेबसाइट www.nagarnigambareilly.com पर देखी जा सकती है।

खड़ौआ स्थित कान्हा पशु आश्रय गृह पर नाद एवं शेड का निर्माण कार्य की पुनः ई-निविदा आमंत्रित हेतु	
ई-निविदा डाउनलोड प्रारम्भ की तिथि/समय	23-01-2024 - (03:00 PM)
ई-निविदा अपलोड की प्रारम्भ तिथि/समय	23-01-2024 - (04:00 PM)
ई-निविदा अपलोड की अन्तिम तिथि/समय	27-01-2024 - (03:00 PM)
ई-निविदा खोली जाने की तिथि/समय	27-01-2024 - (04:00 PM)
फाईनेंशियल ई-निविदा खोली जाने हेतु	After Technical Evulation

कार्यों का विवरण, नियम व शर्तें नगर निगम बरेली के वेबसाइट www.nagarnigambareilly.com पर ई-निविदा लिंक एवं ई-पोर्टल http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिये उक्त वेबसाईट पर देखी जा सकती है।

प्र. मुख्य अभियन्ता
नगर निगम, बरेली।

कार्यालय नगर पंचायत कुंवरगांव (बदायूँ)

पत्रांक : 723/न.पं.कुंवरगांव/2023-24 दिनांक : 19.01.2024

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना

नगर पंचायत कुंवरगांव की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा 15वां वित्त आयोग बुनियादी अनुदान/निर्दिष्ट अनुदान वर्ष 2022-23 में प्राप्त धनराशि से निम्नवत कार्य हेतु फर्मो/ठेकेदारों से दिनांक 20.01.2024 से दिनांक 02.02.2024 दोपहर 02:00 बजे तक ई-निविदा (टैक्नीकल/फायनेन्सियल बिड) आमंत्रित की जाती है। जिसकी समस्त कार्यवाही वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है। आमंत्रित ई-निविदा दिनांक 03.02.2024 को प्रात: 11:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में खोली जायेंगी। निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत कुंवरगांव (बदायूँ) — अध्यक्ष, नगर पंचायत कुंवरगांव (बदायूँ)

कार्यालय नगर पंचायत कुंवरगांव (बदायूं)

पत्रांक : 724/न.पं.कुंवरगांव/2023-24 दिनांक : 19.01.2024

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना

समस्त ठेकेदारों/फर्मो को सूचित किया जाता है कि स्वच्छ भारत मिशन-नगरीय 1.0 के अन्तर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन में नगर पंचायत कुंवरगांव को वेस्ट प्रोसेसिंग (पिट कम्पोस्टिंग) के निर्माण हेतु अंकन 35.32 लाख रू. की धनराशि प्राप्त हुयी है। उक्त प्राप्त धनराशि से नगर पंचायत कुंवरगांव में वेट वेस्ट प्रोसेसिंग (पिट कम्पोस्टिंग) के निर्माण कार्य हेतु ई-निविदा प्रणाली के अन्तर्गत ई-निविदायें http://etender.up.nic.in पोर्टल पर आमंत्रित की जाती है। दिनांक 20.01.2024 से दिनांक 06.02.2024 दोपहर 02:00 बजे तक ई-निविदा (टेक्लीकल/फायनेन्सिय बिड) आमंत्रित की जाती है। जिसकी समस्त कार्यवाही वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है। आमंत्रित ई-निविदा दिनांक 07.02.2024 को प्रात: 11:00 बजे अद्योस्ताक्षरी के कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा।

अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत कुँवरगांव (बदायूँ) — अध्यक्ष, नगर पंचायत कुँवरगांव (बदायूँ)

कार्यालय जिलाधिकारी, बरेली

सं. 3343-58/ **अपील** दिनांक: जनवरी 13, 2024

जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अवैध अड्डों से बिकने वाली अवैध मदिरा का सेवन न करें, क्योंकि अवैध अड्डों से मिलने वाली मदिरा जहरीली हो सकती है तथा मिथाइल अल्कोहल भी हो सकता है, जो एक विष है तथा इसके सेवन से आंखों की रोशनी जाने के साथ व्यक्ति की मृत्यु भी हो सकती है। यदि किसी को अवैध मदिरा की बिक्री की सूचना प्राप्त होती है तो कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, बरेली के लैंडलाइन टेलीफोन नम्बर (0581) 2421561 तथा मो0नं0- 9454465646, 9454465600 एवं आबकारी मुख्यालय के कन्ट्रोल रुम पर स्थापित टोल-फ्री नम्बर 14405 के साथ-साथ व्हाट्सऐप नम्बर 9454466019 के 24×7 संचालित है, के साथ ही निम्नलिखित मोबाईल नम्बरों पर तत्काल सूचना दें: -

1. 9454466468 सदर तहसील की सूचना हेतु
2. 9454466469 सदर तहसील की सूचना हेतु
3. 9454466470 सदर (कैण्ट) तहसील की सूचना हेतु
4. 9454466471 आंवला तहसील की सूचना हेतु
5. 9454466737 फरीदपुर तहसील की सूचना हेतु
6. 9454466472 बहेड़ी तहसील की सूचना हेतु
7. 9454466740 नबावगंज तहसील की सूचना हेतु
8. 9454466473 मीरगंज तहसील की सूचना हेतु

प्राप्त सूचना पर ठोस कार्यवाही की जायेगी तथा सूचना देने वाले का नाम/पता गोपनीय रखा जायेगा।

(विजय प्रताप सिंह), जिला आबकारी अधिकारी, बरेली — (रविन्द्र कुमार), जिलाधिकारी, बरेली

कार्यालय नगर पालिका परिषद बीसलपुर, पीलीभीत

पत्रांक : 476/न.पा.परि.बी./2023-24 दिनांक : 18.1.2024

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद बीसलपुर द्वारा राज्य वित्त/पालिका निधि के निर्माण कार्य की लागत के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्य विवरण निम्नवत् है :-

क्र.सं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख रू. में)	बिड सिक्योरिटी 2 प्रतिशत पूर्णाक में	निविदा मूल्य+ 18 प्रतिशत जी.एस.टी.	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1.	वित्तीय वर्ष 2023-24 में नगर पालिका बीसलपुर परिसर में दुकानों का निर्माण/शापिंग कॉम्पलेक्स (स्ट्रक्चर वर्क)	3987000.00	79740.00	4750.00	3 माह
2.	वित्तीय वर्ष 2023-24 में नगर पालिका बीसलपुर परिसर में दुकानों का निर्माण/शापिंग काम्पलेक्स (फिनिशिंग कार्य)	2697000.00	53940.00	3200.00	3 माह

1. वेबसाइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि 20.01.2024 को प्रात: 11 बजे से।
2 ई-निविदा के माध्यम से निविदा अपलोड के लिए अन्तिम तिथि/समय 05.02.2024 को अपरान्ह 03:00 बजे तक।
3. ई-निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समय 06.02.2024 को अपरान्ह 03:00 बजे।
4. निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लाज-9 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।
5. निविदा प्रपत्र शुल्क और 2 प्रतिशत धरोहर धनराशि (जी.एस.टी. सहित) पालिका के आई.सी.आई.सी.आई. में खाता सं. 321005500073 IFSC : ICIC0003210 में आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी. द्वारा हस्तान्तरित कर पावती की मूल प्रति स्कैन करके ई-निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य होगी।
6 अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट http//etender.up.nic.in पर लॉगइन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को अपलोड करें।
7. टेण्डर स्वीकृति होने के उपरान्त शेष 8 प्रतिशत धरोहर धनराशि नगर पालिका परिषद बीसलपुर के उपरोक्त खाते में आर.टी.ज.एस./एन.ई.एफ.टी. के द्वारा अथवा नियमानुसार एफ.डी.आर./एन.एस.सी. द्वारा जमा कर मूल प्रति जमा कर निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त तीन दिवस के अन्दर नगर पालिका परिषद बीसलपुर के कार्यालय में हार्डकापी के साथ जमा करनी होगी।

अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद बीसलपुर, पीलीभीत — अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद बीसलपुर, पीलीभीत

कार्यालय उपनिदेशक (निर्माण), राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद, उ.प्र.

नवीन मण्डी स्थल, पीलीभीत रोड, बरेली

पत्रांक : नि.ख. बरेली/(ई-निविदा)/2023-1954 दिनांक : 20.01.2024

अल्प कालीन ई-निविदा सूचना

निम्न कार्य हेतु निर्माण खण्ड बरेली के अन्तर्गत जनपद बरेली के क्षेत्रान्तर्गत गड्ढामुक्तिकरण योजना वर्ष 2023-24 में स्वीकृत सम्पर्क मार्ग के गड्ढामुक्ति/नवीनीकरण कार्य हेतु परिषद मुख्यालय के पत्रांक मु.अभि.- (पंजी.नि.. -1166-भाग-4)/2023-2017 दिनांक 29.05.2023 के अनुसार मण्डी परिषद में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो से अपनी पंजीकृत श्रेणी सहित नीचे की समस्त श्रेणियों के कार्यो की निविदाओं हेतु निविदायें वित्तीय रूप से सुदृढ़, प्रतिष्ठित एवं अनुभवी ठेकेदारों/फर्मो से अलग-अलग तकनीकी एवं वित्तीय बिड ई-टेण्डरिंग के माध्यम से आनलाइन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। ई-निविदायें वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर दिनांक 05.02.2024 के अपरान्ह 05:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है। आमंत्रित निविदा की तकनीकी विड ठेकेदारों अथवा उनके प्रतिनिधियों (यदि उपस्थित हुये) के समक्ष दिनांक 06.02.2024 को पूर्वान्ह 11:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में आनलाइन खोली जायेगी। निविदा की तकनीकी विड उपयुक्त पाये जाने पर वित्तीय विड खोली जायेगी।

क्र.सं.	कार्य का नाम	निविदा प्रपत्र मुख्य GST सहित धनराशि (रु. में)	कार्य की अनुमानित लागत (GST रहित (रु. लाख में)	धरोहर धनराशि (रु. लाख में)	कार्य पूर्ण करने का समय	पंजी. करण श्रेणी
1	मण्डी समिति बरेली के क्षेत्रान्तर्गत स.मा. पीलीभीत बाईपास से धौरेरा माफी तक मरम्मत/नवीनीकरण कार्य (लं.-130 किमी.)	4000.00	22.21	2.22	02 माह	'द'

टिप्पणी-(1) बिड सिक्योरिटी हेतु निर्धारित धरोहर धनराशि, उपनिदेशक (निर्माण) मण्डी परिषद, बरेली के पदनाम, भारतीय स्टेट बैंक, एकता नगर, बरेली आई.एफ.एस.सी. कोड-SBIN0005362 के खाता सं0-30394479771 में तथा निविदा प्रपत्र मूल्य सम्बन्धी नॉन रिफन्डेबिल शुल्क खाता सं.-30394479590 में जमा कराकर रसीद ई-निविदा के साथ पोर्टल पर अपलोड कराना अनिवार्य है।
(2) निविदा शुल्क व धरोहर धनराशि पंजीकृत फर्म/ठेकेदार के खाते से ही जमा करना अनिवार्य होगा अन्य खाते से जमा की गई धनराशि स्वीकार न करते हुये निविदा नॉन-रिस्पान्सिव घोषित कर दी जायेगी।
(3) प्रत्येक निविदा हेतु अलग-अलग निविदा शुल्क व धरोहर धनराशि जमा करनी होगी।
(4) मण्डी परिषद में 'अ', 'ब' एवं 'स' श्रेणी के पंजीकृत फर्म/ठेकेदारों के द्वारा Standard Bidding Document में दी गयी निम्न व्यवस्था के अनुसार Bid capacity की गणना की जायेगी। Bid capacity का गणना प्रपत्र Bidding Document के साथ अपलोड किया जाना अनिवार्य होगा।
(5) परिषद मुख्यालय के आदेश पंत्राक:- मु.अभि. ग्रेड-2/(1168/भाग-4/2005)/2022-1190 दिनांक 17.11.2022 में द्वारा जारी आदेश/निर्देश के क्रम में निविदाओं की पारदर्शिता एवं अधिक प्रतिस्पर्धात्मक दरें प्राप्त करने के उद्देश्य से पंजीकृत ठेकेदारों की Bid Capacity हेतु Standard Bidding Document (S.B.D) में Qualification of Bidders के section 4.6 में दी गयी व्यवस्था निम्नवत् हैं :-

Section 4.6- Bidders who meet the minimum qualification criteria will be qualified only if their available bid capacity for construction work is equal to or more than the total bid value. The available bid capacity will calculated as under :

Assessed Available Bid capacity = (AxNxM-B) where

A=Maximum value of civil works executed in any one year during the last five years (updated to the price level of the last year @ 8% a year) taking in to account the completed as well as works in progress.
N=Number of years prescribed for completion of the works for which bids are invited (Period upto 6 months to be
taken as half-year and more than 6 months taken as one).
M=M is taken 2.0
B=Value, at the current price level, of existing commitments and on-going works to be completed during the period of completion of the works for which bids are invited.
Note- If the bidder participates in more then one bid, the bid capacity for the second bid shall be calculated by deducting the work cost of first bid.7

उपनिदेशक (निर्माण)
मण्डी परिषद, बरेली

एक नजर

शॉर्ट सर्किट से घर में लगी आग से सामान जला

भमोरा, अमृत विचार : भमोरा थाना क्षेत्र के गांव हसनपुर निवासी वर्माजीत ने बताया कि शनिवार दोपहर परिवार के लोग गुलाब के फूल तोड़ने गए थे। अचानक तेज लाइट आने से घर में शॉर्ट सर्किट हो गया, जिससे बोर्ड के नीचे रखी कुर्सी पर रखे कपड़ों ने आग लग गई। आग धीरे- धीरे पूरे घर में फैल गई, जिससे घर में रखा लाखों का सामान जलकर राख हो गया। पड़ोसी की सूचना पर जब मैं घर पहुंचा तब तक सारा सामान जल चुका था। किसी तरह ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया तक लाखों का नुकसान हो चुका था।

दबंगों ने युवक को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा, रिपोर्ट

हाफिजगंज, अमृत विचार : हाफिजगंज के गांव भडसर के ओम प्रकाश ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि गांव के परमेश्वरी से उसका विवाद चल रहा है। शुक्रवार रात अपने घर से किसी काम के लिए गांव में ही जा रहा था इसी दौरान रास्ते में रंजिशन परमेश्वरी अपने साथ वीरू, मनीराम, राजीव को लेकर आ गया, जिनके हाथों में लाठी डंडे व धारदार हथियार थे, उन लोगों ने उसे दौड़ा-दौड़ाकर पीट कर घायल कर दिया। सूचना पर हाफिजगंज पुलिस ने आरोपी परमेश्वरी, वीरू, मनीराम व राजीव के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के साथ ही घायल को इलाज के लिए भेज दिया। वहीं दूसरे पक्ष की एक महिला ने तहरीर देकर छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

नीलगाय की नाले में गिरने से मौत

हाफिजगंज, अमृत विचार : शिकारियों से घिरी नीलगाय प्राण बचाने के लिए गांव की ओर दौड़ी और एक नाले में जा गिरी। ग्रामीणों ने वन विभाग को सूचना देने के साथ ही नीलगाय को निकलने का प्रयास किया। जब तक वन विभाग की टीम पहुंची नीलगाय ने दम तोड़ दिया। टीम ने मृत नीलगाय को निकलवा कर दफन करवा दिया।

बाइपास चौराहे पर बनेगा सामुदायिक शौचालय

नवाबगंज, अमृत विचार : नगर के प्रमुख चौराहे पर पूर्व पालिकाध्यक्ष रविन्द्र सिंह राठौर की ओर से बनवाया गया महिला और पुरुष प्रसाधन कक्ष निवर्तमान पालिकाध्यक्ष ने अपने कार्यकाल में तुड़वा दिया था। जिसके टूटने के बाद राहगीरों को आसपास शौचालय की सुविधा न होने के कारण भारी किल्लत से जूझना पड़ रहा था। पूर्व पालिकाध्यक्ष की अनुज वधू प्रेमलता राठौर ने पालिकाध्यक्ष बनने के बाद राहगीरों की किल्लत को देखते हुए यहां पर पुन: आधुनिक प्रसाधन बनवाने की घोषणा की है। प्रेमलता राठौर ने जल्द ही इसका निर्माण कराए जाने का दावा किया है।

गुरु गोबिंद सिंह प्रकाशोत्सव पर निकलेगी शोभायात्रा

नवाबगंज, अमृत विचार : गुरु गोविन्द साहब के प्रकाशोत्सव पर रविवार को गुरु ग्रन्थ साहब की विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। श्री गुरु गोविन्द साहिब गुरुद्वारा प्रबन्ध समिति के सचिव सरदार रघुवीर सिंह वीरे के अनुसार शोभायात्रा प्रात: 11 बजे बाईपास स्थित गुरुद्वारे से आरम्भ होकर नगर के मुख्य मार्ग से आंबेडकर पार्क होती हुई बाईपास से गुरुद्वारे पर जाकर सम्पन्न होगी जहां गुरुजी के लंगर में प्रसाद भी छका जाएगा। शोभा यात्रा में नानकमत्ता की ग्रन्थ साहिब की पालकी के साथ ही उत्तरांचल के रुद्रपुर की गदका पार्टी व भांगड़ा पार्टी भी शामिल होगी।

रिटौरा में 80 बच्चों ने छोड़ी प्रवेश परीक्षा

रिटौरा, अमृत विचार : नगर के दरबारी लाल शर्मा इंटर कॉलेज में शनिवार को हुई जवाहर नवोदय विद्यालय में सत्र 2024-2025 में कक्षा 6 के लिए प्रवेश परीक्षा हुई। जिसमें कुल पंजीकृत 233 बच्चों में से 80 बच्चों ने परीक्षा छोड़ दी। परीक्षा के दौरान केंद्र व्यवस्थापक आशीष कुमार सिंह, जवाहर नवोदय विद्यालय से आए सीएलओ अवधेश कुमार गुप्त, रघुवीर सरन, कुसुम गंगवार, डॉक्टर राजेश कुमार गंगवार, अतुल मौर्या, कमल सक्सेना, डॉक्टर सर्वेश कुमार, राजेश कुमार, ब्रजेश शर्मा सहित तमाम स्टाफ मौजूद रहा।

छुट्टा पशुओं से परेशान किसानों ने की जिलाधिकारी से निजात दिलाने की मांग

संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम और एसएसपी ने सुनीं लोगों की समस्याएं

संवाददाता, फरीदपुर

अमृत विचार : फरीदपुर तहसील सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस में लोगों की समस्याएं सुनी गई। जिलाधिकारी से किसानों ने छुट्टा पशुओं को गोशाला भिजवाने की मांग की। जिलाधिकारी ने एक फरियादी की परिवार कल्याण पेंशन संबंधित शिकायत का स्टेटस न बताने पर समाज कल्याण विभाग के सुपरवाइजर योगेश कुमार पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

थाना फरीदपुर क्षेत्र के ग्राम हाजीपुर खजुरिया, प्रेमनगर और चंदोखा टोड़ी गांव के लोग बड़ी संख्या में एकत्र होकर समाधान दिवस में पहुंचे और स्थानीय बिजली अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए शिकायती पत्र सौंपा। ग्रामीणों ने एसडीओ, जेई और लाइनमैन पर कुछ लोगों को लाभ पहुंचाने के आरोप लगाते हुए कहा कि चार गांवों की विद्युत आपूर्ति को अन्य दूरस्थ फीडर से संबद्ध कर दिया गया है। जिस गांव हाजीपुर खजुरिया में फीडर लगा है उसे भी फीडर से विद्युत आपूर्ति से महरूम कर दिया है। ग्रामीणों ने दोबारा उसी फीडर से गांवों को जोड़ने की मांग की। ग्राम गौसगंज सराय, टांडा सिकंदरपुर, पिपरथरा व हसनपुर के किसानों ने फसल नुकसान करने की सामूहिक रूप से शिकायत करते हुए छुट्टा पशुओं को गोशालाओं में भेजने की मांग की। ग्राम बेवल बरकतपुर में देवस्थान पर दबंगों के कब्जा, नगर में बिना रीडिंग लिए अधिक रीडिंग का बिजली बिल भेजने की शिकायत, मोहल्ला सुखदेवपुर में सरकारी रास्ते पर कब्जा, ग्राम बाकरगंज में शौचालय की मांग आदि कुल 72 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें से 7 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। अन्य शिकायतों को शीघ्र निस्तारण के निर्देश देते हुए संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया। इस दौरान पुलिस कप्तान सुशील घुले चंद्रभान, एडीएम संतोष बहादुर, एसडीएम निधि डोंडवाल, तहसीलदार दुष्यंत प्रताप सिंह, एनटी दिव्यांशी सिंह, सर्किल के सभी थानों के थानाध्यक्ष, ईओ नितिन गंगवार आदि सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

फरीदपुर में लोगों की समस्याएं सुनते जिलाधिकारी रविंद्र कुमार सिंह।

72 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें से सात का हुआ मौके पर निस्तारण

डीएम ने क्षय रोगियों को पोषण किट बांटी

फरीदपुर, अमृत विचार : डीएम रविन्द्र कुमार ने शनिवार को फरीदपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में निक्षय पोषण योजना के अंतर्गत चिकित्सकों एवं स्टाफ की ओर से गोद लिए गए क्षय रोगियों को पोषण किट बांटी। क्षय रोगियों से जानकारी ली कि उनके खाते में समय से पैसा आता है या नहीं। उन्होंने कहा कि क्षय रोग का संपूर्ण इलाज अर्हता प्राप्त चिकित्सकों की देख-रेख में ही पूर्ण कराएं।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण : जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान चिकित्सालय में दवाओं की उपलब्धता को देखा और निर्देश दिए कि चिकित्सालय में जो भी दवाएं उपलब्ध न हो उनकी शीघ्र मांग करते हुए दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने चिकित्सालय परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक घुले सुशील चन्द्रभान, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. विश्राम सिंह, उप जिलाधिकारी फरीदपुर निधि डोडवाल, सीएचसी अधीक्षक डॉ. अनुराग गौतम समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

बहेड़ी में आईं 39 शिकायतें, 5 निस्तारित

बहेड़ी, अमृत विचार : एसडीएम अजय कुमार उपाध्याय की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में राजस्व, आपूर्ति, पुलिस तथा विकास विभाग से संबंधित कुल 39 शिकायतें दर्ज कराई गईं, जिनमें राजस्व से जुड़ी पांच शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। समाधान दिवस में एसडीएम अजय कुमार उपाध्याय के साथ तहसीलदार दीपक कुमार, बीडीओ गरिमा सिंह, ईओ वीरेंद्र प्रताप सिंह, एसडीओ विद्युत अनिल गंगवार समेत कई अन्य अधिकारी या उनके अधीनस्थ मौजूद रहे।

नवाबगंज: 69 शिकायतों में 7 का समाधान

नवाबगंज, अमृत विचार : एसडीएम नहने राम की अध्यक्षता में हुए सम्पूर्ण समाधान दिवस में शनिवार को कुल 69 शिकायतें दर्ज की गई, जिनमें से 7 का त्वरित निस्तारण कर बाकी को संबंधित विभागों में भेज दिया गया। कड़ाके की सर्दी के चलते समाधान दिवस में सुबह से शिकायतों की आमद कम दिखी लेकिन दोपहर में धूप खिलते ही इनकी संख्या बढ़ती गई।

मीरगंज में 40 में से 4 का हुआ निस्तारण

मीरगंज, अमृत विचार : मीरगंज में अपर जिलाधिकारी प्रशासन दिनेश, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण मुकेश चंद्र ने जन समस्याओं को सुना। संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 40 शिकायतें आईं जिसमें से चार शिकायतों का निस्तारण किया गया।

सार-संक्षेप

भुता में रामभक्तों ने निकाली शोभायात्रा

भुता, अमृत विचार : कस्बे में 22 को अयोध्या में होने वाली रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भक्तों ने महंत योगी सरोज नाथ के नेतृत्व में श्री अयोध्या धाम मंदिर से कैलाश धाम मंदिर तक श्रीराम शोभापद यात्रा निकाली। इस शोभापद यात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। श्रद्धालुओं ने श्रीराम के नारे लगाए। शोभायात्रा में कोई परेशानी न हो इसलिए थानाध्यक्ष राजेश बाबू मिश्रा टीम के साथ पदयात्रा के अंत तक मौजूद रहे। शोभायात्रा में इंजीनियर राम, विश्व हिंदू महासंघ के कार्यकर्ता आदि शामिल रहे।

संघ कार्यकर्ताओं ने निकाली बाइक शोभायात्रा

कैंट, अमृत विचार : राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ क्यारा खंड जिला आंवला की ओर से शनिवार को लौंगपुर से चौबारी रामगंगा तक भव्य श्रीराम बाइक रैली निकाली गई। बाइक रैली का लौंगपुर, करपिया, देवरनिया, सिमरा बोरीपुर, भौआपुर, हरदुआ, क्यारा, इचौरिया, मिर्जापुर, बुखारा, चौबारी, आदि जगहों पर स्थानीय लोगों ने भव्य स्वागत किया। इस दौरान जिला संघचालक आंवला डॉ. महेश चौधरी, जिला कार्यवाह आंवला अभिमन्यु, जिला प्रचार प्रमुख दिनेश शर्मा, जिला मिलन प्रमुख सुरेन्द्र पाल सिंह, जिला सह संपर्क प्रमुख तेजपाल, विभाग सह संयोजक अरूण, खंड प्रचारक देवेन्द्र सिंह, खंड प्रचार प्रमुख क्यारा उज्जवल सिंह राठौर, खंड व्यवस्था प्रमुख बिजेंद्र भदौरिया, लक्की, उत्तम सिंह, अनमोल, अजीत आदि समेत सैकड़ों स्वयंसेवक और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

नगर में निकली महादीपोत्सव जन जागरण यात्रा

नवाबगंज, अमृत विचार : अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व शनिवार को नगर में विशाल महादीपोत्सव जनजागरण यात्रा निकाली गई। नगर के लालता प्रसाद सरस्वती विद्या मन्दिर इंटर कॉलेज से आरम्भ हुई ये यात्रा नगर के मुख्य मार्ग से अंबेडकर पार्क व बाईपास होती हुई खारिजा बाईपास होकर रामलीला मैदान में जाकर संपन्न हुई। जनजागरण यात्रा में विधायक डॉ. एमपी आर्य, पालिकाध्यक्ष पति नीरेन्द्र सिंह राठौर, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि डॉ. एके गंगवार, रवि गंगवार, पूर्व पालिकाध्यक्ष रविन्द्र सिंह राठौर, श्रम बोर्ड सदस्य भुजेन्द्र गंगवार, आरएसएस विभाग प्रचारक धर्मेन्द्र कुमार, पूर्व विस्तारक सचिन रस्तोगी, भाजपा नगर अध्यक्ष केशव गुप्ता, विहिप जिलाध्यक्ष बाबूराम गंगवार, आचार्य अरविन्द, सभासद अजय गंगवार गुड्डू, आशीष गुप्ता, सोनू राठौर, पूर्व सभासद वीरेंद्र गुप्ता लल्लू, दीपक सूरी, अनिल चौधरी, व्यापार मंडल अध्यक्ष संजीव गुप्ता, संजोग गुप्ता, सैकड़ों रामभक्त शामिल थे। वहीं एसडीएम एन. राम, सीओ हर्ष मोदी व कोतवाल श्रवण कुमार भी पुलिस अमले के साथ यात्रा में सम्मिलित रहे।

सिरौली में निकाली गई श्रीराम बरात

सिरौली, अमृत विचार : श्रीधाम गंगा मंदिर से श्रीराम बारात निकाली गई, जिसमें बतौर मुख्य अतिथि पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह शामिल हुए। राम बारात गंगा मंदिर से होकर मुख्य बाजार और मुख्य बस स्टैंड होते हुए मारो टोला में समाप्त हुई। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए। इस दौरान शिशु मंदिर के बच्चों सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। साथ ही श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा झांकी पूरे नगर में शांतिपूर्वक निकाली गई। इस दौरान आंवला सीओरही। शोभयात्रा में पुनीत गुप्ता, अतुल कुमार, गुप्ता सौरभ, खत्री चंदन, शिशुपाल सिंह चौहान, रामपाल मौर्य, जगतपाल प्रजापति, पंकज खत्री, संदीप गौड़, अंबरीश शर्मा समेत अन्य मौजूद रहे।

नगर को राम मय करने की तैयारी

बहेड़ी, अमृत विचार : अयोध्या में सोमवार को रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर कस्बे वासियों में जिस तरह खुशी है उसे शब्दों में बांध पाना मुश्किल है। राम के काम में हर कोई अपना सहयोग देने को आतुर है। मकर संक्रान्ति पर्व से नगर के मठ मंदिरों में शुरू हुआ सफाई अभियान जारी है। गणेश गेट स्थित श्री राम जानकी मंदिर, दुर्गा मंदिर, भोले बाबा की मढ़ी, तहसील मंदिर, गंगा मंदिर, पंजाबी कालोनी तथा केसर मिल मंदिर समेत सभी प्रमुख मंदिरों में अच्छे से सजावट की गई है। हर मंदिर में भजन कीर्तन कार्यक्रम चल रहा है। नगर के दक्षिणी छोर से माथुर रोड तिराहे तक सड़क को झालरों से सजाया गया है।

शोभायात्रा में शामिल होने के लिए किया आमंत्रित

फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार : अयोध्या से आए अक्षत और राम मंदिर चित्र शनिवार को रामभक्तों ने बाजार में घूमकर व्यापारियों समेत अन्य को दिया। 22 को फतेहगंज पश्चिमी में व्यापारी और समस्त सनातन धर्म के लोग मिलकर एक विशाल शोभायात्रा निकालेंगे। शोभायात्रा में श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा आयोजन के अवसर पर भव्य झांकियां आतिशबाजी एवं भंडारे का आयोजन किया जाएगा। वहीं शाम को रोशनी करके दीपावली मनाई जाएगी। रामभक्तों ने व्यापारियों से श्रीराम लला के प्राण प्रतिष्ठा शोभायात्रा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की। शोभायात्रा ठाकुरद्वारा मंदिर से शुरू होकर जानकी देवी इंटर कॉलेज होते हुए लोधी नगर चौराहे से भिटौरा स्टेशन होते हुए वापस साहूकारा मंदिर पर पहुंच कर समाप्त होगी। इस दौरान आशीष अग्रवाल, सत्य प्रकाश अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, राम गुप्ता, नरेंद्र अग्रवाल, दौलत राम गुप्ता, अमोद सिंह, महेंद्र शर्मा, अंशुल अग्रवाल, सनी सिंह, अंशुल सक्सेना, सर्वेश अग्रवाल समेत अन्य रहे।

तीन दिवसीय अखिल भारतीय महोत्सव 25 से

बरेली, अमृत विचार : गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में ऑल इंडिया कल्चरल एसोसिएशन की ओर से तीन दिवसीय अखिल भारतीय महोत्सव 25 जनवरी से शुरू किया जाएगा। इस संबंध में एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने शनिवार को अनंत वास्तु कार्यालय पर बैठक की। आयोजकों के अनुसार संजय गांधी कम्युनिटी हॉल में 25 जनवरी को हवन पूजन, कवि सम्मेलन एवं मुशायरा, 26 जनवरी को नृत्य-गायन प्रतियोगिता और नाटकों का मंचन होगा। 27 जनवरी को सांस्कृतिक रंगयात्रा, लघु फिल्म समारोह, नाटक मंचन, सम्मान समारोह और पुरस्कार का वितरण किया जाएगा। संस्था अध्यक्ष राजीव शर्मा टीटू ने सभी पदाधिकारियों से स्व. जेसी पालीवाल के पद चिह्नों पर चलने का आह्वान किया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष गोविंद सैनी, महासचिव सुनील धवन, मीडिया प्रभारी देवेन्द्र रावत, पवन कालरा ने बताया कि आयोजन में प्रवेश निशुल्क रहेगा। इस मौके पर मनीष अग्रवाल और डॉ. मोहित अग्रवाल को उपाध्यक्ष, अनिल अग्रवाल को संरक्षक, उमंग अग्रवाल को महानगर अध्यक्ष बनाया गया। डॉ. सैय्यद सिराज, मोहम्मद नबी, मनसुख राजपूत, रोहित राकेश, ज्योति शर्मा, मोना श्रीवास्तव, नाहिद बेग, रणधीर प्रसाद गौड़, प्रदीप मिश्रा, अमित कक्कड़, दीपक शर्मा, भूपेंद्र गंगवार, दिलशाद, मिराज व नरेश विश्वकर्मा मौजूद रहे।

गोवंशीय पशुओं को स्कूल में बंद करने का वीडियो वायरल

संवाददाता, मीरगंज

अमृत विचार : विकास खंड मीरगंज के एक गांव का गोवंशों को एक स्कूल में बंद करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। ये वीडियो ग्राम खमरिया आजमपुर का बताया जा रहा है।

गांव खमरिया आजमपुर के अंकुश ने बताया कि 8 जनवरी को उसने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 पर फोन करके छुट्टा पशुओं से निजात दिलाने की मांग की थी। इस पर कोई समाधान नहीं हुआ। गांव के स्कूल में छुट्टा गोवंशों को बंद करने का एक वीडियो वायरल हो रहा है। ग्रामीण बता रहे है कि प्रधान और सचिव ने गोवंशों को स्कूल में बंद करने को कहा था उसके बाद गोशाला छुड़वाने की बात की थी, लेकिन न ही गोशाला में छुड़वाया गया। और न ही गोशाला बनवाई गई। प्रधान तारावती के प्रतिनिधि ने बताया कि गांव के कुछ लोगों ने राजनीतिक द्वेष की भावना से अपने घरों के गोवंशों को लाकर बंद पड़े स्कूल में छुड़वाया है। गांव में अस्थाई गोशाला का निर्माण कराया जाएगा। जिससे की छुट्टा पशुओं से निजात मिल सके।

स्कूल में बंद गोवंशीय पशु।

तालाबों से निकली सफलता की जलकुंभी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने जलकुंभी से हस्तशिल्प बनाकर बढ़ाई आमदनी

अमृत विचार : महिला स्वयं सहायता समूह अपनी मेहनत से कामयाबी की इबारतें लिख रहे हैं। हालांकि ये इतना आसान नहीं लेकिन लगन हो तो मुश्किल भी नहीं। भोजीपुरा के नारी शक्ति स्वयं सहायता समूह ने तालाबों में उगी जलकुंभी को अपनी सफलता का माध्यम बनाया। इस समूह को शुरू हुए केवल 4 माह हुए हैं लेकिन अब तक कई बड़े आर्डर इस समूह की झोली में आ गए हैं।

भोजीपुरा के भैरपुरा खजुरिया गांव के नारी शक्ति स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाएं लम्बे समय से निराशा का मुंह देख रही थीं। आखिरकार वे अपनी समस्या लेकर ब्लाक मिशन मैनेजर पूनम के पास पहुंची। उन्होंने जलकुंभी से हस्तशिल्प का काम करने वाली वंदना से मिलवाया। वंदना ने जलकुंभी से हस्तशिल्प बनाने के बारे में बताया। समूह की अध्यक्ष फरजाना खान कहती हैं गांव में अधिकांश लोग कारचोबी से जुड़े हैं, इसलिए महिलाएं इस नए काम को अपनाने से डर रही थीं। कई महिलाओं का मानना था कि काम नहीं चलेगा तो हम खाली हो जाएंगे। सबसे बड़ी बाधा महिलाओं को समूह से जोड़कर रखने की थी जिससे ट्रेनिंग सही तरह से हो सके। इसके बाद विधिवत प्रशिक्षण लिया।

जलकुंभी से सामान बनाती महिलाएं।

एक लाख तक के आए हैं ऑर्डर

ब्लाक मिशन मैनेजर ने बताया कि चार माह हुए हैं। 12 समूह यानि 120 महिलाएं अब काम कर रही हैं। इस समय समूह के पास एक लाख तक के आर्डर आ रहे हैं। इस काम में करीब बीस हजार रुपये लागत लगी थी। अब समूह से जुड़ी हर महिला की आमदनी करीब दस हजार रुपये तक हो जाती है। हालांकि आमदनी आर्डर पर निर्भर करती है। जलकुंभी को तालाब से निकलवाकर सुखाने के बाद इससे योगा मैट, पर्स, टी कोस्टल, बास्केट, नैपकिन विंग, बैंगल बॉक्स आदि सामान बनाए जाते हैं। समूह की महिलाओं की सराहना डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या व डीएम भी कर चुके हैं। ऑनलाइन और इंटिरियर डिजाइन के मार्केट में जलकुम्भी से बने सामान की काफी डिमांड है।

तीन माह बाद ही प्रेमिका को घर से निकाला

संवाददाता, फरीदपुर

अमृत विचार : सोशल मीडिया पर हुई पहचान के बाद एक महिला प्रेमी के घर आकर पत्नी की तरह रहने लगी, तीन माह बाद ही प्रेमी का उससे मन भर गया। अब वह उससे पीछा छुड़ाना चाहता है, वह और उसके परिजन उसे घर से निकालना चाहते हैं, परेशान महिला ने थाने पहुंचकर प्रेमी और उसके घर वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

कस्बे की एक महिला ने अपनी दी हुई तहरीर में बताया की उसकी शादी 5 साल पहले उत्तराखंड के चमोली जिले के रहने वाले एक युवक से हुई थी। उसे एक 4 साल का बेटा है। उसने बताया कि अक्टूबर 2023 में उसकी मुलाकात इंस्टाग्राम पर फरीदपुर निवासी युवक से हुई बातचीत के दौरान दोनों में प्यार हो गया। इसके बाद उसने उसके प्यार में पड़कर अपना बसा- बसाया घर छोड़कर प्रेमी के घर आ गई। उसके साथ उसकी पत्नी बनकर नए पति के साथ रहने लगी। अब पति और उसके परिजन उसे घर से निकलने के लिए परेशान कर रहे है। आरोप है कि उसे जान से मारने की धमकी दी जा रही है। पीड़िता शनिवार को फरीदपुर कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

शादी का झांसा देकर युवती का किया शोषण

क्योलड़िया, अमृत विचार : युवक ने गांव की ही एक युवती को शादी का झांसा देकर कई माह तक दुष्कर्म किया, इससे वह पांच माह की गर्भवती हो गई। जानकारी होने पर उसके परिजनों ने जब आरोपी के घर पहुंचकर शिकायत की तो वह मारपीट पर उतारू हो गए। युवती के पिता को जान से मारने की धमकी दी तो वह जान बचाकर वहां से भाग गए। इसके बाद थाने पहुंचकर तीन आरोपियों पर नामजद तहरीर दी। क्योलड़िया क्षेत्र के एक गांव के तीन बच्चों के पिता ने युवती को शादी का झांसा देकर कई माह तक शोषण किया, जिससे वह पांच माह की गर्भवती हो गई। परिजनों ने युवती से बच्चे के पिता के बारे में पूछा तो उसने बताया कि आरोपी ने उसे शादी का वादा करके उसका शोषण किया। युवती के पिता को धमकी देकर भगा दिया तो उसने थाने पहुंचकर तीन आरोपियों के खिलाफ नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। थाना प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह ने बताया कि जांच कराई जा रही है दोषी पाए जाने पर कार्रवाई कर जेल भेजा जाएगा।

किशोरी को प्रेमजाल में फंसाकर ले गया युवक

देवरनियां, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने बताया कि उसकी नाबालिग बेटी गांव के ही चौराहे से सामान लेने गई थी। फिर वापस नहीं आई, जब उसने उसकी खोजबीन शुरू की तो उसे जानकारी मिली कि कोतवाली किच्छा के पीछे निकट गैस एजेंसी उधम सिंह नगर के रहने वाला राजू उसे बहला फुसलाकर कर अपने साथ ले गया है। पीड़ित ने आरोपी के परिवार वालों से संपर्क किया और अपनी बेटी को वापस मांगा तो आरोपी के परिवार वालों ने उसके साथ गाली गलौज की। पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कराने को कोतवाली में तहरीर दी है।

शिक्षकों ने भी की छुट्टी, कई विद्यालयों में लटके रहे ताले

बीएसए ने शिक्षकों को स्कूलों में उपस्थित रहने के दिए थे निर्देश

बरेली, अमृत विचार : बीएसए के आदेश के बाद भी शनिवार को तमाम शिक्षक स्कूल नहीं पहुंचे। इस वजह से कई विद्यालयों में ताले लटके रहे। दरअसल, शीतलहर के चलते परिषदीय विद्यालयों में 20 दिन का अवकाश घोषित किया गया था। दो दिन पहले अवकाश बढ़ा दिया गया।

इस संबंध में शुक्रवार को बीएसए ने निर्देश जारी किए थे कि शनिवार को बच्चों का अवकाश रहेगा, लेकिन शिक्षकों को जरूरी कार्यों एवं सूचनाओं के लिए स्कूलों में उपस्थित होना पड़ेगा, मगर शनिवार को आलमपुर जाफाराबाद ब्लॉक के बिछुरैया स्थित प्राथमिक स्कूल, क्योरा स्थित इटौआ सुखदेवपुर प्राथमिक स्कूल सहित भोजीपुरा आदि ब्लॉकों में स्कूल नहीं खुले। जबकि सुबह 10 से अपराह्न 3 बजे तक स्कूल खोलने के निर्देश थे। कुछ ब्लाकों में शिक्षक कुछ घंटे ही स्कूल खोला। बीएसए प्रभारी भानू शंकर गंगवार ने बताया कि आदेश के बावजूद जो स्कूल बंद रहे और शिक्षक जल्दी निकल गए। जांच कराकर ऐसे शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।



पूरे दिन स्कूल में लटके रहे ताले।

पशुधन मंत्री ने गौरीशंकर मंदिर में लगाई झाड़ू

बरेली, अमृत विचार : अयोध्या में रामोत्सव को लेकर चल रहे विशेष स्वच्छता अभियान में शनिवार को पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने आंवला के गौरीशंकर महादेव मन्दिर समेत कई मंदिरों में पूजा अर्चना की। उन्होंने मंदिर परिसर में साफ-सफाई कर लोगों को धार्मिक स्थलों पर सफाई के लिए प्रेरित किया। अपील की स्वच्छता अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और रामलला के आगमन से पहले मंदिरों एवं तीर्थक्षेत्रों को स्वच्छ बनाएं।

जमीन बेचने से मना किया तो दबंगों ने किसान को पीटा

भोजीपुरा, संवाददाता : एक किसान ने जमीन बेचने से मना किया तो दबंगों ने घर में घुसकर उसकी पिटाई कर दी। आरोपियों ने जमीन न बेचने पर 15 लाख रुपये की रंगदारी मांगी है। भोजीपुरा पुलिस ने एसएसपी के आदेश पर दो भाईयों समेत एक अन्य के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। थाना क्षेत्र के गांव दोहना पीतमराम निवासी शैलेन्द्र सिंह की गांव में 26 बीघा जमीन है। आरोप है कि गांव के ही रहने वाले मनवीर सिंह यादव और नन्हें यादव ने शैलेन्द्र सिंह पर जमीन बेचने का दबाव बनाया। उसने जब जमीन बेचने से इंकार किया। आरोपी 14 जनवरी को उसके फार्म हाउस पर गए उन्हें शैलेन्द्र नहीं मिले वहां एक मजदूर काम कर रहा था। दबंगों फार्म हाउस पर पथराव किया तो डरकर मजदूर चला गया। इसके बाद आरोपियों ने लूटपाट की।

जिला खनन अधिकारी ने ट्रैक्टर पकड़कर किया सीज

कैंट, अमृत विचार : कैंट थाना क्षेत्र के पालपुर स्थित रेलवे क्रासिंग के पास और कमालपुर स्थित शिव मंदिर के पास से बिना अनुमति के अवैध खनन किया रहा है। रोज डेढ़ दर्जन ट्रैक्टर-ट्रालियों से मिट्टी का परिवहन किया जा रहा है।

जिसकी शिकायत राजस्व और खनन विभाग को ग्रामीणों ने की थी। जिस पर जिला खनन अधिकारी लालता प्रसाद में शनिवार को निरीक्षण किया। उन्होंने बुखारा और लालफाटक के बीच में चौबारी के रामगंगा तट से अवैध खनन करके ला रहे मिट्टी से भरे ट्रैक्टर-ट्राली को पकड़ा और खनन एक्ट में सीज कर दिया। ग्रामीणों ने बताया खनन माफिया करीब 18 ट्रैक्टर-ट्राली से खनन के बाद मिट्टी का परिवहन कर रहा हैं। तेज रफ्तार से चलाने की वजह से ट्रैक्टर ट्रॉलियों की वजह से हादसे होते रहे हैं।

> अवैध खनन किसी भी रूप में स्वीकार नहीं है। शनिवार को बुखारा के पास से अवैध खनन में लगे एक ट्रैक्टर-ट्राली को खनन अधिकारी द्वारा सीज किया गया है।
>
> -रत्निका श्रीवास्तव- एसडीएम सदर

एप्रोच रोड पर मिट्टी की जगह डाल रहे बालू

मीरगंज, अमृत विचार : कपूरपुर के ग्राम प्रधान और दर्जनों ग्रामीणों ने कैलाश गिरी मढ़ी पर निर्माणाधीन पुल की एप्रोच रोड पर मिट्टी की जगह बालू (रेत) डालने और पहुंच मार्ग पर किसानों की जमीन से जबरन गहरी खाई खोद कर मिट्टी उठाने की एसडीएम से शिकायत की है।

ग्रामीणों ने बताया कि जमीन से खाई खोद कर सड़क पर मिट्टी डाली गई है। भविष्य में गहरी खाई में बरसात के समय में जल भरा होने से जनहानि होगी। एसडीएम देश दीपक सिंह ने एई पीडब्ल्यूडी को समाधान के लिए लिखा है। इस दौरान पन्नालाल, सूरजपाल, खेमपाल, डालचंद, रोहतास, हरिओम, कुंवर पाल, सहित कई दर्जन ग्रामीण मौजूद रहे।


फूलों से सजा राम मंदिर। अमृत विचार

महाराष्ट्र से आए पौधों से सज गया श्रीराम जन्मभूमि परिसर

जन्मभूमि परिसर में लगाए जा रहे साढ़े सात हजार से अधिक पौधे

हरियाली से भरी है परिसर की नक्षत्र वाटिका, देशी-विदेशी फूलों की अद्भुत छटा अतिथियों को करेगी आकर्षित

राज्य ब्यूरो, अयोध्या

अमृत विचार। महाराष्ट्र से आए साढ़े सात हजार पौधों की खूबसूरती से श्रीराम जन्मभूमि परिसर दिव्यतम नजर आने लगा है। 22 जनवरी को जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत लगभग आठ हजार आगंतुक श्रीराम जन्मभूमि परिसर में प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होंगे तब आध्यात्मिक ऊर्जा के साथ वहां की हरियाली भी मन मोह लेगी।

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट व उप्र वन विभाग की तरफ से यहां प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम की दृष्टि से महाराष्ट्र से आए पौधेयुक्त साढ़े सात हजार गमलों को सजाया जा रहा है। इन गमलों से नाना प्रकार के देशी-विदेशी फूल होंगे। जिनकी अद्भुत छटा मंदिर प्रांगण में बैठे आगंतुकों को अपनी ओर आकर्षित तो करेगी ही, साथ ही रामायण काल की अनुभूति भी प्रतीत कराएगी। पेड़-पौधों की खुशबू से आगंतुक मंत्रमुग्ध हो जाएं। इसकी तैयारी भी तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट व सीएम योगी के निर्देश पर वन विभाग की तरफ से युद्ध स्तर पर अंतिम दौर की तैयारी की जा रही है।

क्षीरेश्वर नाथ के सामने जन्मभूमि जाने वाले गेट की सजावट देखते ही बन रही है।

इन पौधों से बढ़ेगी परिसर की भव्यता

राम मंदिर प्रांगण में 56 प्रजाति के पौधे लगाए जा रहे हैं। इनमें एग्लोनेमा रेड-लिपिस्टक, पिंक, ऐलोकेशिया ब्लैक वेलवेट- कुकुलता, वेस्टिल, फिलोड्रेनड्रॉम रिंग ऑफ फायर- बिरकिन, जेनाडू, रेड कांगो, पिंक फायर, पिंक प्रिसेंज, डिफेनबेकिया व्हाइट, होमालोमेना ब्रांज, केलेडियम मिक्स, मेलपिघिया श्रीराम, ड्राकाना महात्मा, सेफलेरा, वेरीगेटेड, लोरोपेटलम, रेडार मचेरा, डिफेनबेकिया बोमानी, मोंसटेरा डेलीसिओसा, आर्केड मिक्स, पीस लिली आदि प्रमुख हैं।

रामायण कालीन वैभव की अनुभूति करा रही नक्षत्र वाटिका

जन्मभूमि परिसर में स्थापित नक्षत्र वाटिका की खूबसूरती भी भावविभोर कर रही है। हरियाली का ध्यान रखते हुए नक्षत्र वाटिका में तैयार हो चुके पेड़ यहां की शोभा व वातावरण को दिव्य-भव्य करेंगे। श्रीराम जन्मभूमि परिसर में रामायणकालीन वैभव को दर्शाने वाले नक्षत्र वाटिका में 27 नक्षत्रों से जुड़े 27 पेड़ लगाए गए हैं। राम मंदिर परिसर हरा भरा हो, इसके लिए पूरे प्रांगण में हरियाली का खास ध्यान रखा जा रहा है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नक्षत्र वाटिका में पौधरोपण भी किया था। रामायण कालीन पेड़ों में पीपल, पाकड़, नीम, गुटेल, महुआ, शीशम, खैर, पलास, बेल, मौलिश्री, शमी, कदंब, आम, अर्जुन, गुलर, साल, बरगद, आंवला, चीड़ आदि के पौधे लगाए गए हैं। इनका संबंध भी नक्षत्रों से है।

दूब घास से वाटिका को और बनाया जा रहा आकर्षित

डीएफओ सितांशु पांडेय ने बताया कि नक्षत्र वाटिका पूरी तरह से तैयार हो चुकी थी। इसे और भव्य रूप दिया जा रहा है। क्योंकि बंदरों ने यहां की मिट्टी को भी खोद दिया था, लिहाजा यहां मिट्टी डालकर सलेक्शन ग्रेड-1 ग्रास व दूब घास लगाए जा रहे हैं। राम जन्मभूमि परिसर के अंदर नक्षत्र वाटिका को विशिष्ट रूप दिया जा रहा है। आयरन ट्री गार्ड लगाए गए हैं, जो पौधों की रक्षा कर रहे हैं।

अयोध्या- रामजन्मभूमि परिसर में लगाये जा रहे गमले। अमृत विचार

नगर को सजाने-संवारने के साथ अविस्मरणीय बनाने की तैयारी

गोसाईगंज अयोध्या, अमृत विचार : प्राण प्रतिष्ठा समारोह को को गोसाईगंज नगर पंचायत में तैयारियां शुरू हो गई हैं। नगर के भवनों पर भगवा राम पताका लहराते हुए सजाने व संवारने का कार्य युद्ध स्तर पर हो रहा है। गोसाईगंज की सीमा में प्रवेश करते ही रामधुन से स्वागत की तैयारी है। बिजली के खम्भों पर लगी तिरंगा लाइट व वीर सावरकर ब्रिज की भगवा लाइट रामनगरी में विशेष उत्सव को दर्शा रही है। चेयरमैन डॉ. विजयलक्ष्मी जायसवाल ने बताया कि स्वच्छ तीर्थ अभियान के तहत सभी मंदिरों के आसपास साफ-सफाई के बाद चूने का छिड़काव हो रहा है। सत्संग घाट सीताराम घाट व महादेवा घाट सहित प्रमुख चौराहो व मंदिरों पर रंगोली बनाकर दीप प्रज्ज्वलन किया जाएगा। सभी मंदिरों पर 22 जनवरी को मानस पाठ और प्रसाद वितरण होगा। रामभक्तों के विश्राम के लिए यहां रैन बसेरा पूरी तरह से तैयार है।


प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर सज गया है गोसाईगंज कस्बा। अमृत विचार

रामंदिर के लिए अलीगढ़ से आया विशेष ताला

कारसेवकपुरम में रखा ताला। अमृत विचार

अयोध्या। हिंदू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अशोक पांडेय ने बताया कि हरिगढ़ तालानगरी के रूप में विख्यात हैं। तालानगरी के इस विशेष भेंट को रामलला को समर्पित किया गया है। महामंडलेश्वर डॉ. अन्नपूर्णा भारती पुरी महाराज के नेतृत्व में लाया गया है। 400 किलो वजनी ताले की चाबी भी 30 किलो की है। इस ताले का निर्माण सत्यप्रकाश शर्मा ने तीन साल में किया है। वह अब नहीं रहे। उनकी अंतिम इच्छा थी कि यह ताला राम मंदिर के लिए भेंट किया जाए। उनकी इच्छा के अनुसार ही यह ताला अब राम मंदिर को भेंट किया गया है।

विशेष विमान से तिरुपति से आए एक लाख लड्डू

तिरुपति से आए लड्डुओं को लेते महापौर।

अयोध्या : पहली बार अयोध्या में विशेष विमान से प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए लड्डू पहुंचे हैं। तिरुपति के तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) ट्रस्ट की ओर से भेजे गए तीन टन लड्डू (महाप्रसादम) को स्वीकार करने के लिए मेयर गिरीशपति त्रिपाठी पहुंचे थे। 346 गत्तों में आए एक लाख लड्डुओं को पिकअप से कारसेवकपुरम पहुंचाया गया। टीटीडी ट्रस्ट के पदाधिकारी मुरलीधर ने बताया कि पहले ही लड्डुओं को अयोध्या पहुंचाने की घोषणा कर दी गई थी।

चोटी से रामरथ खींचकर अयोध्या पहुंचे संत

मध्यप्रदेश से चोटी से रथ खीच कर अयोध्या पहुंचे संत।

कुमारगंज,अयोध्या : राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने मध्य प्रदेश के रामभक्त बाबा बद्री अपने बालों की चोटी से रामरथ खींचते हुए रविवार को अयोध्या पहुंचे। 32 वर्ष पहले की प्रतिज्ञा पूरा करने के लिए मध्य प्रदेश के दमोहा बटियागढ़ गांव के संत 11 जनवरी को चोटी से रथ में राम, जानकी, लक्ष्मण की प्रतिमा लेकर राम रथ खींचते अयोध्या के लिए पैदल निकल पड़े। 500 किलोमीटर की दूरी तय कर अयोध्या पहुंचे संत का शनिवार को नगर पंचायत कुमारगंज, तेन्धा गांव के हनुमान मंदिर के पास हिंदू संगठनों ने पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। इस मौके पर भाजपा नेता चंद्रबली सिंह,ओम प्रकाश सिंह, चंद्रेश सिंह, हनुमान सिंह, प्रधान तुलसीराम यादव, प्रधान राजू कनौजिया आदि मौजूद रहे।

घर-घर रामोत्सव व आनंदोत्सव की तैयारी में जुटे अयोध्यावासी

मुख्य मार्ग से श्रीराम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न, दशरथ व वशिष्ठ द्वार भी बनेगा

हनुमान के स्वरूप में भक्त।

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार: जिले के पूराबाजार ब्लॉक के मंदिरों, देवस्थलों पर भव्य आयोजन की तैयारी है। प्रधान संघ के जिला उपाध्यक्ष अभिषेक सूर्यवंशी ने बताया कि ग्राम पंचायत रामपुर सरधा में चिन्हित 20 मंदिरों व देवस्थलों सजाकर सुबह शोभा यात्रा निकाली जाएगी। 22 को सुबह हवन पूजन व सिद्धेश्वर मंदिर पर कीर्तन, भजन होगा। मुख्य मार्ग से श्रीराम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न, दशरथ व वशिष्ठ द्वार भी बनाया जाएगा।

हनुमानगढ़ी कछौली पर सुंदरकांड पाठ होगा। गोसाईंगंज नगर पंचायत के बीस मंदिरों को चिन्हित किया गया है। चेयरमैन डॉ. विजयलक्ष्मी जायसवाल ने बताया कि सभी मंदिरों को फूल, माला, झंडी, पताका के साथ झालरों से सजा सुंदरकांड , हनुमान चालीसा पाठ, आरती कार्यक्रम होगें। भेलसर में श्रीराम सेवा मण्डल के संयोजन में प्राण प्रतिष्ठा का सजीव प्रसारण और रात्रि में आतिशबाजी व फूलों की होली खेली जायेगी। बदलापुर राम जानकी मंदिर देवस्थाल पर 22 जनवरी को सुंदरकांड एवं प्रसाद वितरण होगा।


सोहावल क्षेत्र में सज रहे मठ - मंदिर। अमृत विचार

रामपुर भगन के प्राचीन मंदिर बाबा भगन राय व कृषक चौराहे पर 22 को सुंदरकांड पाठ, पूजन,अर्चन आदि होगा। माशिसं के प्रदेश अध्यक्ष अमरनाथ सिंह ने बताया कि बाबा के पावन स्थल पर को भव्य दीपोत्सव का आयोजन किया जाएगा। बाजार में ध्वज लगाने के साथ बाजार के उर्मिला गेट से एक किलोमीटर तक बाजारवासियों के साथ शोभा यात्रा निकालेगें। चरावां चौराहा हनुमानगढ़ी मंदिर पर महंत दिनेश शास्त्री के नेतृत्व में प्रसाद वितरण होगा।

पलिया लोहानी में पांच मंदिरों में भी होगी प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा

हैरिंग्टनगंज ब्लॉक के पलिया लोहानी गांव में प्राण-प्रतिष्ठा के दिन शिव मंदिर में मां दुर्गा, पंचमुखी हनुमान, नंदी बाबा एवं द्वादश ज्योतिर्लिंग सहित शिव परिवार की प्राण-प्रतिष्ठा की जाएगी। 22 जनवरी को दोपहर 12 :20 पर समस्त प्रतिमाओं का प्राण प्रतिष्ठा होगी। 23 जनवरी को भंडारे का आयोजन किया गया है। बीडीओ अखिलेश मिश्र ने बताया कि छह मंदिरों को चिन्हित कर विधिवत पूजा अर्चना हो रही है। क्षेत्र के सभी मंदिरों में सजावट के बाद 22 जनवरी को विशेष पूजा अर्चना होगी।

प्राण प्रतिष्ठा पर लगेगी अनुष्ठानों की झड़ी

सोहावल, अमृत विचार : प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सोहावल पंचायत में अनुष्ठानों की झड़ी लगाने की तैयारी है। हर ग्राम में अखंड रामायण पाठ, सुंदर काण्ड का वाचन, कथा, प्रवचन सहित हवन पूजन होगा। मां ज्वाला देवी मंदिर खिरौनी, सुरवारी शिव वरदान तिवारी का स्थान, राम जानकी मंदिर बेनीपुर, वैष्णो माता मंदिर पूरे कीरत कांटा, संजय गंज, बड़ागांव हनुमान मंदिर आदि कई धार्मिक स्थानों पर बड़ा अनुष्ठान व हवन पूजन के बाद भंडारा होगा। दीपक सिंह ने बताया मंदिर के पास शासन की एलईडी वैन भी लाइव दिखाने के लिए मौजूद रहेगी। 22 जनवरी की शाम को राम ज्योति जलाकर दीपावली मनाई जायेगी।

पीएम की सुरक्षा के मद्देनजर जनपद लाया गया सेना का जैमर। अमृत विचार

एयरपोर्ट पर बढ़ती गतिविधियां देख सेना ने लगाया जैमर

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : प्राण प्रतिष्ठा समारोह में आने वाले अतिथियों इनकी सुरक्षा को देखते हुए एटीएस की टुकड़ी शनिवार से बख्तर बंद गाड़ी के साथ तैनात दिखी। हलचल बढ़ते ही सेना की तरफ से दो जैमर एयरपोर्ट पर खड़े करा दिए गए हैं। वहीं विमानों की बढ़ती संख्या को देखते हुए एयरपोर्ट पर लाखों लीटर एटीआर (विमान का तेल) टैंकरों के माध्यम से स्टोर कराया जा रहा है।

लता चौक की छटा शाम को बिखरती दिखी। अमृत विचार

रामनगरी पहुंचे परासरन, विशोकानंद भारती, कंगना रनौत और पूर्णेश मोदी

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने के लिए शनिवार से अतिथियों का आना शुरू हो गया। अयोध्या के महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के संस्थापक ट्रस्टी व सुप्रीम कोर्ट के वकील के परासरन व बॉलीवुड की अभिनेत्री कंगना रानौत आदि आमंत्रण पत्र लेकर पहुंचे। कुछ अतिथि रविवार को और अमिताभ बच्चन समेत कई अन्य हस्तियां के समारोह वाले दिन पहुंचने की उम्मीद जताई जा रही है।

कंगना रनौत।

पूर्णेश मोदी।

स्वामी विशोकानंद।

एयरपोर्ट पर शनिवार सुबह सबसे पहले निर्वाण पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर राजगुरु बीकानेर स्वामी विशोकानंद भारती महाराज पहुंचे। मौके पर मौजूद सुरक्षा कर्मियों के साथ वह वहां से रवाना हो गए। इसके बाद गुजरात के सूरत पश्चिम से भाजपा विधायक पूर्णेश मोदी पहुंचे। मोदी सरनेम के मामले में राहुल गांधी पर मानहानि का केस करने वाले पूर्णेश ने कांग्रेस पर जमकर कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि जिसके अंदर राम की भक्ति होगी। वही अयोध्या पहुंचेगा। एयरपोर्ट के बाहर पत्रकारों से बात करते हुए अभिनेत्री कंगना रानौत ने कहा कि वर्ल्ड में जो महत्व पहले वेटिकन सिटी को मिलता था। वह अब हमारे अयोध्या धाम को मिलेगा। अयोध्या धाम के दर्शन जिन्हें होते हैं वह बहुत ज्यादा पुण्य कमाते हैं। हमारा सौभाग्य है कि हमें ईश्वर ने सद्बुद्धि दी है कि हम आएं और उनके दर्शन करें तो कुछ ऐसे लोग भी हैं जिन्हें दुर्बुद्धि दी है कि वो उनके दरबार में न आएं और उन्हें ईश्वर के दर्शन न मिलें। लोकनाथ सोनी व स्वामी चिन्मयानंद के अलावा भी कई संत पहुंचे हैं।

▸▸ प्राण प्रतिष्ठा समारोह में अमिताभ बच्चन समेत कई हस्तियां 22 को पहुंचेंगी

भक्ति में डूबे दिखे नेपाल से आए श्रद्धालु। अमृत विचार


अमेरिका से आया भक्त रामरंग में रंगा नजर आया।

एक नजर

मंदिर आंदोलन के प्रथम रक्षक की सातवीं पीढ़ी को मिला समारोह का निमंत्रण

अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार : श्रीराम मंदिर आंदोलन के प्रथम रक्षक कहे जाने वाले ग्राम पंचायत सनेथू के पंडित देवीदीन पांडेय की सांतवीं पीढ़ी पण्डित दुर्गा प्रसाद पांडेय को श्रीराम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने सम्मान स्वरूप प्राण-प्रतिष्ठा अनुष्ठान का न्योता ब्लॉक प्रमुख संघ के अध्यक्ष शिवेन्द्र सिंह ने शनिवार को सौंपा। राम मंदिर के प्रथम रक्षक कहे जाने वाले देवीदीन पांडेय ने शास्त्र छोड़कर शस्त्र का ग्रहण करते हुए रामद्रोहियों को नेस्तनाबूद कर दिया था। उनकी वीरता का लोहा आक्रांता बाबर भी मानता था।

जिला जज ने 22 को अवकाश घोषित किया

अयोध्या, अमृत विचार : जिला जज गौरव कुमार श्रीवास्तव ने शनिवार को अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के दिन 22 जनवरी सोमवार को स्थानीय अवकाश घोषित किया है। यह अवकाश उन्होंने 31 अक्टूबर 2024 के स्थानीय अवकाश को निरस्त करते हुए किया है।

बार ने सदस्यता पर बरती नरमी

अयोध्या, अमृत विचार। बार एसोसिएशन ने बार की सदस्यता में सदस्यों के शुल्क में सहूलियत दी है। बार अध्यक्ष पारस नाथ पांडेय ने शनिवार को बताया कि अब नए सदस्यों को फॉर्म खरीदते वक्त सात हजार रुपये जमा करने होंगे। शेष आठ हजार रुपये एक साल में किस्तों में जमा करने होंगे। यदि एक साल में शेष धन राशि नहीं जमा हुई तो सदस्यता खत्म समझी जाएगी।

अयोध्या धाम में प्रतिदिन दो लाख से अधिक श्रद्धालु ग्रहण कर रहे प्रसाद

मशीनों से तैयार हो रहीं भंडारे की रोटियां व हवन सामग्री

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा से पहले ही श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा है। आस्था और उल्लास के इस संगम में विभिन्न राज्यों की संस्थाएं जगह-जगह भंडारों का संचालन कर रही हैं। भंडारों में रोजाना डेढ़ से दो लाख श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं। पूरी, सब्जी, रोटी, दाल-चावल, रायता, बूंदी और गुड़ परोस कर पुण्य कमाने का काम कर रही हैं। सुबह चार से रात 11 बजे चलने वाले भंडारों में आदमी ही नहीं बल्कि मशीनें भी कार्य कर रही हैं। यही नहीं अयोध्या धाम में जगह-जगह चल रहे महायज्ञों में हवन सामग्री तैयार करने के लिए सीमेंट मिक्सचर को लगाया गया है। अमृत विचार ने शनिवार को कुछ भंडारा स्थलों पर पहुंचकर उनके आयोजकों व पदाधिकारियों से बातचीत की।

अयोध्या धाम में उदया चौराहे से प्रवेश करते ही जालपा देवी मंदिर में जय गुरुदेव की तरफ से बाबा उमाकांत महाराज के पंडाल में सुबह से रात तक भंडारा चलता रहता है। वहां कामकाज देख रहे भक्त हरिपाल सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश की इकाई की तरफ से अयोध्या में श्रीरामसेवक पुरम और कारसेवकपुरम में भंडारे का आयोजन हो रहा है। यहां आने वालों की संख्या नहीं गिनी जाती है। ठीक सामने दिल्ली की बीपीवीवी कंपनी

शिव शक्ति सेवा मंडल की तरफ से लगाये गए भंडारे में मशीन से निकलती रोटियां।

गुजरात के बावला सानंद मित्र मंडल की ओर से लगाये गए भंडारे का प्रसाद बनाते कारीगर। अमृत विचार

▸▸ हैदराबाद, पंजाब, बंगलुरु व अन्य राज्यों की संस्थाएं करा रहीं भंडारा

के चेयरमैन वेंकटेश की तरफ से लगाए गए भंडारे में रोज करीब 10 हजार लोग प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं। दो सौ मीटर आगे महाराष्ट्र की विहिप इकाई की तरफ से लगाए गए शिविर में रोजाना 10 हजार व रानोपाली में शहीद कारसेवक कोठारी बंधुओं की संस्था की तरफ से चाय-बिस्किट व रस्क की व्यवस्था की गई है।

श्रीराम अस्पताल के आगे गुजरात के बावला सानंद मित्र मंडल की तरफ से सुबह से शाम तक चलने वाले भंडारे में रोजाना 20 हजार लोग प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं, जो कि 27 जनवरी तक चलेगा। जन्मभूमि पथ से पहले पंजाब के शिव शिक्त सेवा मंडल बुढलाडा की तरफ से बड़े भंडारे का आयोजन किया गया है। संस्था के पूर्व अध्यक्ष तरसेम गोयल ने बताया कि सुबह चार बजे से नाश्ता शुरू हो जाता है। इसके बाद सुबह 11 से रात 11 बजे तक करीब 30 हजार लोग प्रसाद ग्रहण करते हैं। यहां आटा गूंथने, लोई काटने व रोटी बनाने तक का कार्य मशीन करती है। प्रतिदिन छह क्विंटल चावल व तीन क्विंटल आटे की खपत है। रोजाना हरी सब्जियों का प्रसाद ग्रहण करवाया जाता है। हनुमानगढ़ी से 50 मीटर आगे दिल्ली की हिमादरी संस्था की तरफ से रोजाना 15 से 20 हजार लोगों को प्रसाद ग्रहण कराया जाता है। वहीं पास में ही तेलंगाना की श्री श्रृंगी श्रंग महाराज व शांता माता के वंशज सोसायटी की तरफ से रोजाना एक लाख चाय श्रद्धालुओं को पिलाई जा रही है। पुरुषोत्तम व्यास ने बताया कि उनकी 50 आदमियों की टीम सेवा में जुटी हुई है। रामकथा संग्रहालय के पास वृंदावन चंद्रोदय मंदिर एवं इस्कॉन बंगलुरू द्वारा अन्नदान सेवा की जा रही है। धर्मपथ पर आने वाले श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करते हैं।

मुरादाबाद के मेयर ने श्रद्धालुओं के लिए खोला खजाना

कारसेवकपुरम में मुरादाबाद के मेयर विनोद अग्रवाल ने श्रद्धालुओं के लिए दिल के दरवाजे खोल दिए हैं। उन्होंने यहां भंडारे का आयोजन किया है। जिसमें प्रतिदिन 15 से 20 हजार श्रद्धालुओं को प्रसाद ग्रहण कराने का लक्ष्य रखा गया है। एक माह 15 फरवरी तक चलने वाले आयोजन में तीन लाख को प्रसाद ग्रहण कराया जाएगा। इसके लिए तीन ट्रकों में 30 लाख खाद्य सामग्री पहुंच चुकी है। मेयर की पत्नी व भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश कोषाध्यक्ष प्रिया अग्रवाल ने बताया कि राम काज की सेवा में हम सभी जुटे हुए हैं।

मुरादाबाद के मेयर विनोद अग्रवाल व उनकी पत्नी प्रिया अग्रवाल। अमृत विचार

पीएम-सीएम अतिथियों के लिए बन रहे तीन ग्रीन हाउस

अयोध्या, अमृत विचार: प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में आ रहे प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, राज्यपाल और अन्य विशिष्ट अतिथियों की सुरक्षा व सहूलियत के लिए कार्यक्रम स्थल समेत अन्य स्थलों पर ग्रीन हाउस तथा सेफ हाउस का निर्माण कराया जा रहा है। साथ ही रामजन्मभूमि परिसर में ही अस्थाई प्रधानमंत्री कार्यालय स्थापित हो रहा है। पुलिस-प्रशासन ने श्रेणी के हिसाब से आवागमन और कार्यक्रम स्थल पर प्रवेश-निकास का अलग-अलग मार्ग तय किया है।

प्रधानमंत्री समेत तमाम अति विशिष्टजनों के आवागमन को लेकर विभिन्न मार्गों को पुलिस-प्रशासन ने ग्रीन कॉरिडोर में ही तब्दील नहीं किया है, बल्कि सुविधा-सहूलियत व आपात इंतजाम भी किए हैं। प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री व राज्यपाल के लिए हवाई अड्डे, साकेत कॉलेज हेलीपैड, कार्यक्रम स्थल रामजन्मभूमि परिसर में समारोह स्थल के निकट व सरयू किनारे नयाघाट पर ग्रीन हॉउस का निर्माण किया गया है। इस सभी स्थलों पर अति विशिष्ट जनों के लिए भी ग्रीन हॉउस का निर्माण कराया गया है। पीएम-सीएम के लिए अवध विश्वविद्यालय के कुलपति कक्ष, साकेत महाविद्यालय के प्राचार्य कक्ष व रामनगरी अयोध्या के नयाघाट स्थित सिंचाई विभाग के डाक बंगले को सेफ हाउस बनाया गया है। प्रधानमंत्री का कार्यक्रम स्थल पहुंचने के लिए प्रवेश गेट संख्या 11, अति विशिष्ट अतिथियों का गेट नंबर-3 प्रस्तावित है।

अयोध्या से काशी-प्रयागराज के बीच 10 रामरथ आज से

अयोध्या, कार्यालय : प्राण-प्रतिष्ठा समारोह और उसके पूर्व अयोध्या आने वाले अतिथियों व श्रद्धालुओं को रामभक्ति का माहौल का अहसास कराने के लिए परिवहन निगम की ओर से रविवार से अयोध्या से काशी-प्रयागराज समेत अन्य धार्मिक स्थलों के लिए 10 रामरथ बसों का संचालन किया जाएगा। इसके लिए विभिन्न डिपो की चुनिंदा बसों को आकर्षक ढंग से सजाया-संवारा गया है। वहीं, नगरीय निदेशालय के तहत संचालित इलेक्ट्रिक सिटी बसों की संख्या 225 हो जाएगी। इनमें से 50 इलेक्ट्रिक बसों को प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में आमंत्रित अतिथियों को लाने-ले जाने

▸▸ ई-बसों की संख्या हुई 225 हवाई यात्रियों के लिए 50 ई-बसें

के लिए हवाई अड्डे पर लगाया जा रहा है। हवाई अड्डे से 4 एक्सप्रेस बसों का भी संचालन किया जा रहा है। परिवहन निदेशालय के निदेशक और नगर विकास विभाग के विशेष सचिव डॉ. राजेंद्र पैंसिया ने बताया कि अभी रोज 200 इलेक्ट्रिक बसों का संचालन किया जा रहा है। नगरीय बस सेवा ने हवाई अड्डा, सभी 7 रेलवे स्टेशनों, दो बस स्टेशनों को कनेक्टिविटी प्रदान की है। रविवार से कुल बसों की संख्या 225 हो जाएगी। 50 बसों की हवाई अड्डे से वीआईपी ड्यूटी लगाई गई हैं।

प्राण प्रतिष्ठा से पहले ही सरयू तट पर बालू में उभर आए राम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से दो दिन पहले ही सरयू तट पर मर्यादा पुरुषोत्तम राम बालू में उभर आये हैं। ओडिशा से आये अंतरराष्ट्रीय प्रसिद्धि के कलाकार पद्मश्री सुदर्शन पटनायक के कुशल हाथों ने राम की 25 फुट लम्बी 25 फुट चौड़ी और 10 फुट ऊंची प्रतिमा के साथ ही राम मंदिर का शानदार माडल बालू से उकेर दिया है। राम की प्रतिमा के सामने प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तस्वीरें भी उकेरी गई हैं।

सुदर्शन पटनायक की उकेरी गई राम की दर्शनीय प्रतिमा का शनिवार की शाम अयोध्या के जिलाधिकारी ने लोकार्पण कर आम लोगों के लिए खोल दिया है। प्रमुख सचिव पर्यटन व संस्कृति मुकेश मेश्राम के निर्देश पर राज्य ललित कला अकादमी ने सुदर्शन पटनायक को अयोध्या आमंत्रित किया था।

अमृत विचार ने नौ जनवरी 2024 को अपने पाठकों को यह जानकारी दी थी कि सुदर्शन पटनायक सरयू के किनारे राम की विशाल प्रतिमा बालू से उकेरेंगे। सरयू किनारे बनी प्रतिमा नदी के पानी से नम बनी रहेगी और लम्बे समय तक लोगों के आकर्षण का केन्द्र रहेगी।

विशेषांक

विख्यात कलाकार पद्मश्री सुदर्शन पटनायक अयोध्या में बनाते रेत घर उभारेंगे मनभावन राम

त्रेता में राम जिस सरयू में समाए, कलयुग में उसी सरयू से उठेंगे

लंबे समय तक राम को आकर्षण का केंद्र बनाने पर सुदर्शन पटनायक का ध्यान

इस घाटी के तट पर बनाए जाएंगे राम

अमृत विचार के नौ जनवरी के अंक में पाठकों को दी गई थी जानकारी कि इसी तरह की उकेरी जाएगी सरयू के किनारे प्रतिमा। अमृत विचार

11 तीर्थों का 11 हजार लीटर जल लेकर पहुंचा अखाड़ा परिषद

अयोध्या, अमृत विचार : प्राण-प्रतिष्ठा समरोह के मद्देनजर शनिवार को अखाडा परिषद् उत्तराखंड के सरयू नदी के उद्गम स्थल बागेश्वर व उत्तराखंड के नदियों मंदाकिनी आदि 11 तीर्थों का 11 हजार लीटर जल एक रथ पर 51 कुंड में लेकर अयोध्यासरयू तट पहुंचा। अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष व निरंजनी अखाड़ा के राष्ट्रीय सचिव महंत रवींद्र पुरी के नेतृत्व में पहुंचे जलयात्रा का अखाड़ा परिषद के महामंत्री व पंचदशनामी जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय संरक्षक महंत हरिगिरि ने स्वागत किया। अखाड़े के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष महंत प्रेम गिरि, श्री दूधेश्वर पीठाधीश्वर, श्री पंच दशनाम जूना अखाडा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता व हिंदू यूनाइटेड फ्रंट के अध्यक्ष महंत नारायण गिरि सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे।

सार-संक्षेप

22 को करें पूजन भजन मनाए दीपावली : विधायक

भगवा ध्वज का वितरण करते नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता।

अयोध्या, अमृत विचार : अयोध्या नगर विधायक वेद गुप्ता ने शनिवार को सिविल लाइंस से चौक मार्ग सहित शहर के विभिन्न मार्गों पर राम नाम के भगवा ध्वजों का वितरण कर उन्हें लगवाया। इसके साथ-साथ उन्होंने आम जनमानस से संवाद स्थापित कर आह्वान किया कि भगवान रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के दिन 22 जनवरी को सभी अपने-अपने प्रतिष्ठान भवनों पर पूजन- भजन, सुंदर काण्ड का आयोजन करें। रामचरितमानस पाठ, राम भजन का गान करें। इसके साथ-साथ शाम को पूरे नगर को दीपों झालरों से प्रज्वलित कर दीपावली मनाएं। कहा कि 22 जनवरी को देश-विदेश से श्रद्धालु, भक्त और अतिथि अयोध्या आ रहे हैं हमें उनके स्वागत में किसी भी प्रकार की कसर नहीं छोड़नी है।

शोभा यात्रा में शामिल हुए खब्बू

अयोध्या, अमृत विचार : रामलला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर पूर्व विधायक इंद्रप्रताप तिवारी "खब्बू" मया ब्लॉक के ग्रामसभा देवा सूर्यभानपुर में राम रथ शोभा यात्रा में शामिल हुए। गोसाईगंज विधानसभा क्षेत्र में जगह-जगह बैठक करके उन्होंने लोगों से 22 जनवरी को हर घर जय श्रीराम झंडा फहराने, हर घर और मंदिर में दीप प्रज्वलन हेतु आह्वान किया। इस अवसर पर पवन उपाध्याय, रवी उपाध्याय, नरसिंह उपाध्याय, जितेन्द्र उपाध्याय, उमा शंकर दुबे, वरिष्ठ भाजपा नेता ध्रुव गुप्ता, युवा भाजपा नेता नवीन सिंह शामिल रहे।

रामरथ शोभायात्रा में शामिल पूर्व विधायक।

प्लास्टिक मुक्त अभियान चलाया

अयोध्या, अमृत विचार : स्वयं सहायता समूह व झारखंड प्रदेश श्रीराम जानकी धर्मार्थ सेवा ट्रस्ट के आह्वान पर शनिवार को सरयू नदी के किनारे प्लास्टिक मुक्त अभियान चलाया गया। कई सामाजिक संस्थान ने सहयोग दिया। रामनगरी के सुनील सिंह, अम्बरीष पाण्डेय, शशि रावत, रितेश मिश्रा, संजय यादव, अनुराधा मौर्य, अंशिका सिंह व जल पुलिस के कांस्टेबल नित्यानंद यादव ने विशेष सफाई अभियान चलाया।

प्राण-प्रतिष्ठा अनुष्ठान पूर्ण हुए बिना नहीं खोली जा सकती आंख की पट्टी : आचार्य सत्येंद्र दास

अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार : राम मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा से पूर्व सोशल मीडिया पर वायरल हो रही रामलला के नूतन विग्रह की खुली आखों वाली तस्वीर को रामलला के लेकर मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने रोष जताया है। उन्होंने कहा कि प्राण-प्रतिष्ठा के अनुष्ठान पूर्ण हुए बिना विग्रह की नेत्र नहीं खोले जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि यदि ऐसी तस्वीर वायरल हो रही है, तो उसकी जांच कराई जानी चाहिए। बता दें कि शुक्रवार को सोशल मीडिया पर रामलला के नए विग्रह की कई तस्वीरें वायरल हो रही हैं। जिसमें कई तस्वीरें ऐसी हैं। जिसमें विग्रह के आखों पर पट्टी बंधी है जबकि कुछ तस्वीरें ऐसी हैं, जिसमें नेत्र से पट्टी खुली है। आचार्य सत्येंद्र दास ने कहा कि मूर्ति तैयार के होने के बाद जब मंदिर के गर्भगृह में स्थापित होने के लिए ले जाई जाती हैं, तो बिना प्राण-प्रतिष्ठा अनुष्ठान होने पर ही आंख से पट्टी हटाई जाती है। इतना जरूर है कि अनुष्ठान प्रक्रिया के दौरान मूर्ति के कुछ हिस्सों से कपड़े हो हटाया जा सकता है लेकिन आंख से पट्टी नहीं खोली जा सकती है। उन्होंने दावा किया है जो खुले आंखों वाली मूर्ति वायरल हो रही है, वह सही नहीं है। ऐसी तस्वीरों की जांच कराई जानी चाहिए।

▸▸ रामलला के मुख्य पुजारी ने वायरल हो रही मूर्ति को सही न होने का किया दावा



आचार्य सत्येंद्र दास।

फ्लीट रिहर्सल के लिए आज 5 घंटे बंद रहेगा यातायात

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार: पीएम की फ्लीट में शामिल सेना के हेलीकॉप्टर और वीआईपी वाहन शनिवार को जिले में पहुंच गए। रामनगरी में सामान्य वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित किया गया है। प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर रविवार को फ्लीट रिहर्सल किया जाएगा। जिसके चलते हाइवे बाईपास पर पांच घंटे तक यातायात प्रतिबंधित रहेगा।

समारोह को सुचारु और सकुशल संपन्न कराने के लिए अंतर्जनपदीय के बाद अन्तःजनपदीय रुट डाइवर्जन लागू किया गया है। प्राण-प्रतिष्ठा में आमंत्रित और सुरक्षा व व्यवस्था तथा आपात सेवा के वाहनों को ही रामनगरी में आवागमन की व्यवस्था की गई है। केंद्रीय ख़ुफ़िया और सुरक्षा एजेंसियों के साथ एसपीजी व एनएसजी के अधिकारियों की निगरानी में सुरक्षा घेरे और व्यवस्था को चौकस किया जा रहा है। कार्यक्रम के मद्देनजर स्थलीय के साथ नभ और जल में भी निगरानी की व्यवस्था की गई है।

एयरपोर्ट पहुंचा सेना का चॉपर।

पुलिस लाइन में ब्रीफिंग करते अधिकारी। अमृत विचार

सुरक्षा के साथ रखें आतिथ्य भाव

प्राण प्रतिष्ठा समारोह ड्यूटी में लगे सभी मजिस्ट्रेटों व पुलिस अधिकारियों की शनिवार को पुलिस लाइंस परेड ग्राउंड में ब्रीफिंग की गई। एडीजी जोन पीयूष मोर्डिया, एडीजी सुरक्षा रघुवीर लाल, मंडलायुक्त गौरव दयाल ने बताया कि मजिस्ट्रेटों से समन्वय बनाकर पुलिस अधिकारियों को सुरक्षा और व्यवस्था को मुकम्मल कर कार्यक्रम को सकुशल संपन्न कराना है। अतिथियों की सुरक्षा के साथ अयोध्या के आतिथ्य भाव के अनुसार स्वागत करना है। जिलाधिकारी नितीश कुमार ने मजिस्ट्रेटों को निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन कराने, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरन नैय्यर ने विशिष्ट अतिथियों के आगमन के रूट का विवरण प्रस्तुत किया।

रामोत्सव अयोध्या धाम से 25 किमी. दूर छपिया मंदिर में होगा विशेष अनुष्ठान, मनेगा प्राण प्रतिष्ठा उत्सव

इधर जब विराजेंगे राम, उधर हर्षित होंगे घनश्याम...

कमर अब्बास, अयोध्या

अमृत विचार: रामलला के प्राण प्रतिष्ठित होते ही सरयू तट से मात्र 25 किलोमीटर दूर भगवान घनश्याम की जन्मस्थली छपिया मंदिर में रामोत्सव की वृहद तैयारियां की गईं हैं। रामलला को सखा के रुप में मानने वाले भगवान घनश्याम ने रामनगरी में कई वर्षों तक तपस्या की थी। स्वामीनारायण छपिया मंदिर और श्रीरामजन्मभूमि के बीच आध्यात्मिक संगम बताया जाता है।

यही कारण है कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की जन्म भूमि अयोध्या धाम में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर छपिया मंदिर में खास उत्साह है। भगवान घनश्याम महराज की जन्मस्थली स्वामिनारायण मंदिर में अनेक सांस्कृतिक और धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया जायेगा। जिसमें गुजरात सहित विदेशों से भी हरि भक्त शामिल होंगे। मंदिर के महंत देव स्वामी और कोठारी विष्णु स्वामी ने शनिवार को 'अमृत विचार 'से दूरभाष पर बताया भगवान घनश्याम महराज की जन्म स्थली स्मारक निज मंदिर और पवित्र नारायण सरोवर को सजाया जा रहा है। प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर अखंड स्वामिनारायण का धुन के साथ पूजन अर्चन और कीर्तन का किया जायेगा। अयोध्या में गुजरात से आये संत भगवान घनश्याम महराज का दर्शन पूजन करेंगे और रामोत्सव में शामिल होंगे।

▸▸ अयोध्या में कई वर्षों तक तपस्या में लीन थे भगवान घनश्याम महराज, रामलला को मानते थे सखा

छपिया मंदिर में विराजमान भगवान घनश्याम का विग्रह।

स्वामिनारायण छपिया मंदिर।

देव स्वामी, महंत।

मनेगा दीपोत्सव, सजेगी घनश्याम स्थली

भगवान घनश्याम महराज की जन्मस्थली स्वामिनारायण मंदिर में सोमवार 22 जनवरी को को भव्य दीपोत्सव मनाया जायेगा। फूलों और मालाओं से पूरे परिसर को सजाया जायेगा। नारायण सरोवर पर समूह आरती भक्तों द्वारा की जायेगी। 5100 दीपों से भगवान राम और घनश्याम का दीपदान किया जायेगा।

अयोध्या धाम और छपिया धाम का है अटूट संबंध

मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या धाम और भगवान घनश्याम महराज की जन्मस्थली स्वामिनारायण मंदिर का अटूट संबंध है। यहां भगवान घनश्याम महराज कई वर्षों तक रहे और तपस्या की। उन्होंने तप करते हुए अनेक प्रकार की लीलाएं भी कीं। छपिया मंदिर के स्वामी ने बताया कि अयोध्या धाम में भी स्वामिनारायण भगवान का भव्य मंदिर बना हुआ है।

मंदिर की नई तस्वीर : अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के पूर्व श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने मंदिर की नई तस्वीर जारी की है। नई तस्वीर में फूलों से सजा मंदिर लाइट की रोशनी में जगमगा रहा है।

एक नजर

छत्रपाल बनाए गए लोधी सभा के जिलाध्यक्ष

पीलीभीत। जिला लोधी सभा की बैठक शनिवार को टनकपुर हाईवे पर डिग्री कॉलेज चौराहा के पास स्थित बरात घर में संपन्न हुई। जिलाध्यक्ष पद पर राम प्रसाद लोधी का कार्यकाल तीन वर्ष की अपेक्षा छह वर्ष हो चुका था। ऐसे में उनके स्थान पर नए अध्यक्ष के तौर पर गांव कंजानाथ पट्टी निवासी छत्रपाल लोधी को जिलाध्यक्ष चुना गया। ये भी तय किया गया कि इनका कार्यकाल तीन साल रहेगा। नवागत अध्यक्ष का फूलमाला से स्वागत किया गया। इस मौके पर भारत सिंह वर्मा, तुलाराम लोधी, संतोष, गंगा प्रसाद, देवी सिंह, ब्रह्मस्वरूप वर्मा, चंद्रपाल वर्मा, अतुल लोधी, हरिराम वर्मा, राकेश, आत्माराम, रामऔतार, भोलेराम, चरनलाल, कांता प्रसाद आदि मौजूद रहे।

पति समेत दस के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट

शाहजहांपुर। मीरानपुर कटरा क्षेत्र के गांव भनपुरा निवासी रामवीर ने बताया कि उसकी पुत्री रामशोभा की शादी दो साल पहले रोहित निवासी बेहटा, दातागंज जिला बदायूं के साथ की थी। उन्होंने अपनी सामर्थ्य के अनुसार दहेज दिया था। शादी के बाद से उसका दामाद उसकी बेटी के साथ मारपीट करता था। कम दहेज को लेकर ससुराल वाले उसकी बेटी को प्रताड़ित कर आए दिन मारपीट करते थे।

डीएफओ और जिला उद्यान अधिकारी निलंबित हुए नहीं अब जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी फंस गए

पीलीभीत जिलाधिकारी ने सम्बद्धीकरण समाप्त करने व विभागीय कार्रवाई की संस्तुति करते हुए शासन को भेजी रिपोर्ट

48 पेड़ों को काटने का मामला

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार: करीब 30 दिन पहले टनकपुर हाईवे के पास आम के 48 हरे पेड़ों को कटवाने के प्रकरण में भले ही तत्कालीन सामाजिक वानिकी डीएफओ संजीव कुमार, जिला उद्यान अधिकारी बाली शरण चौधरी, सहायक उद्यान निरीक्षक रामेश्वर दयाल निलंबित नहीं हुए हैं लेकिन मामले में जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी घिर गए हैं। पेड़ों के कटने वाली भूमि पर स्वामित्व जताने वाली महिला के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज नहीं कराने को लेकर डीम नाराज हैं। उन्होंने आदेश का पालन नहीं होने पर पीलीभीत जिले का अतिरिक्त प्रभार देख रहे जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी रोहित सिंह का जिले से सम्बद्धीकरण समाप्त करने के साथ ही विभागीय कार्रवाई की संस्तुति करते हुए शासन को रिपोर्ट भेजी है।

बाग में किया गया पेड़ों का कटान। ● अमृत विचार

▸▸ भूमि पर स्वामित्व जताने वाला महिला पर एफआईआर न कराने पर के मामले में संकट में घिरे लखीमपुर में तैनात जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी

शहर में टनकपुर हाईवे से सटे इलाके में कॉलोनी विकसित करने के लिए 18 दिसंबर, 2023 की रात 48 आम के पेड़ों को कटवा दिया गया था। अगले दिन मामला सिटी मजिस्ट्रेट सुनील कुमार सिंह के संज्ञान में आया तो उनके निर्देश पर विनियमित क्षेत्र के जेई और राजस्व कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर पेड़ों का कटान रुकवा दिया था। कई बिंदुओं पर मामले की जांच की गई। पेड़ काटने वाले लोग सामाजिक वानिकी से 48 कलमी पेड़ों को काटने की अनुमति होने का हवाला दे रहे थे। सामाजिक वानिकी प्रभाग के तत्कालीन डीएफओ संजीव कुमार के स्तर से पेड़ काटने की अनुमति दी गई थी। मामले ने तूल पकड़ा तो डीएम प्रवीण कुमार लक्षकार ने संज्ञान लिया और सिटी मजिस्ट्रेट सुनील कुमार सिंह और टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर नवीन खंडेलवाल से इस प्रकरण की जांच कराई। जांच आख्या मिलने के बाद डीएम ने तत्कालीन सामाजिक वानिकी डीएफओ संजीव कुमार, जिला उद्यान अधिकारी बाली शरण चौधरी और सहायक उद्यान निरीक्षक रामेश्वर दयाल के निलंबन की संस्तुति करते हुए शासन को रिपोर्ट भेजी थी। उसी वक्त डीएम ने जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी रोहित सिंह को भूमि पर स्वामित्व जताने वाली महिला के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने के निर्देश दिए थे। एफआईआर दर्ज न होने के मामले पर डीएम ने सख्त रुख अपनाया और जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी रोहित सिंह का जिले से सम्बद्धीकरण समाप्त करने समेत विभागीय कार्रवाई की संस्तुति कर रिपोर्ट शासन को भेजी है। डीएम ने बताया कि जांच कराई थी। कार्रवाई की संस्तुति कर रिपोर्ट शासन को भेजी है।

> बाग में हुए कटान के बाद जांच करने के लिए गए। उस दौरान जांच में सामने आया था कि उक्त जमीन वक्फ की नहीं है। इससे अधिकारियों को अवगत करा दिया गया था। फिर किसी तरह का कोई पत्राचार हमारे पास नहीं आया। अब किसी तरह की रिपोर्ट शासन को भेजे जाने की जानकारी नहीं है।
> –**रोहित सिंह**, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी

इसलिए नहीं कराई महिला पर एफआईआर

जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने महिला पर रिपोर्ट दर्ज न कराने के पीछे तर्क दिया है कि अभिलेखों की पड़ताल करने के बाद भूमि वक्फ संपत्ति की नहीं निकली है। ऐसे में एफआईआर दर्ज नहीं कराई गई और वक्फ बोर्ड को पत्र भेजकर भूमि के संबंध में जानकारी मांगी गई।

लखीमपुर में है मूल तैनाती

जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी रोहित सिंह की मूल तैनाती लखीमपुर जिले में है। वर्तमान में उनके पास पीलीभीत जिले का भी अतिरिक्त चार्ज है। इधर शासन को रिपोर्ट भेजे जाने के बाद जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी पर कार्रवाई तय मानी जा रही है। कुछ अन्य लोगों ने भी मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर समाज कल्याण विभाग के जिम्मेदारों की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए शिकायत की है।

पुलिस भी दे चुकी कटान पर रिपोर्ट

एक ही रात में अंधाधुंध पेड़ों का कटान होने का मामला खुला तो पुलिस की भूमिका पर भी सवाल उठे थे। मामले में पूर्व में शिकायत कर चुके अखिलेश सक्सेना का कहना था कि कटान जिस रात को हुआ, उसी दौरान पुलिस को सूचना दी गई थी कि लेकिन कोई पहुंचा नहीं। प्रशासन की जांच से हटकर पुलिस अधिकारियों ने भी सिविल लाइन चौकी इंचार्ज से रिपोर्ट तलब की थी। सिविल लाइन चौकी इंचार्ज भी बीते दिनों अपनी रिपोर्ट सीओ सिटी को दे चुके हैं। जिसमें कटान होने की बात कही गई है।

शिकायतों से घिरे चीनी मिल जीएम का तबादला

पूरनपुर, अमृत विचार: पूरनपुर सहकारी चीनी मिल में तैनात रहे प्रधान रमाकांत वर्मा पर सत्र शुरू होने का साथ ही शिकायतों का भी सिलसिला शुरू हो गया था। भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष मंजीत सिंह ने चीनी मिल गेट पर धरना-प्रदर्शन के दौरान जीएम पर घपलेबाजी का आरोप लगाकर हटाने की मांग की थी। इसके अलावा मंजीत सिंह ने सांसद वरुण गांधी और तमाम अधिकारियों को पत्र भेजकर चीनी मिल के जीएम आरके वर्मा को हटाने की मांग रखी थी। जीएम पर कई कर्मचारियों को मनमाने तरीके से हटाने का भी आरोप था। इसके अलावा विधायक बाबू राम पासवान ने भी शासन से उनकी शिकायत की थी। शिकायतों को गंभीरता से लेकर शासन ने पूरनपुर सहकारी चीनी मिल के जीएम आरके वर्मा का स्थानांतरण महमूदाबाद कर दिया। उनके स्थान पर सरसावा चीनी मिल के जीएम दीप्ति देवी यादव को पूरनपुर चीनी मिल का प्रधान प्रबंधक बनाया है। किसान नेता मंजीत सिंह ने बताया कि जीएम आरके वर्मा अपनी मनमानी के तहत चीनी मिल का संचालन कर रहे थे। नए जीएम से सहकारी चीनी मिल के संचालन की बेहतर उम्मीद है।

सरसों तेल समेत तीन नमूने भरे

पीलीभीत, अमृत विचार: खाद्य सुरक्षा अधिकारी प्रेम कुमार यादव के नेतृत्व में टीम ने नौगवां पकड़िया स्थित फर्म शिवराज सरन राकेश कुमार पर छापेमारी की। यहां पतंजलि ब्रांड के सरसों के तेल का नमूना लिया। इसके बाद टीम ने शहर की बल्लभनगर कॉलोनी में गांव मधुडांडी निवासी मिल्क हॉकर विपिन पाल सिंह और दूधिया मंदिर के पास गांव कनाकोर निवासी मिल्क हॉकर से दूध का एक-एक नमूना लिया। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी सतीश कुमार, शांतुन कुमार आदि शामिल रहे। अभिहित अधिकारी शशांक त्रिपाठी ने बताया कि खाद्य पदार्थों में मिलावट की रोकथाम को चलाए गए अभियान के तहत कुल छह नमूने लिए हैं। रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई होगी।

कंसल्टिंग इंजीनियर से छिनी ग्राम पंचायतें

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

▸▸ ग्राम प्रधानों की ओर से की गई थी कमीशन को लेकर शिकायत

▸▸ डीएम के निर्देश पर डीपीआरओ ने की कार्रवाई, और कसेगा शिकंजा

अमृत विचार: विकास भवन में कंसल्टिंग इंजीनियर और डीपीआरओ के बीच हुई मारपीट के मामले में दर्ज क्रॉस रिपोर्ट में भले ही पुलिस की विवेचना रफ्तार न पकड़ सकी हो, लेकिन कमीशनखोरी की शिकायत के बाद हुई जांच को लेकर कंसल्टिंग इंजीनियर पर विभागीय शिकंजा कसता दिखाई रहा है।

डीएम के निर्देश पर कंसल्टिंग इंजीनियर से समस्त ग्राम पंचायतों का कार्यभार हटाकर दूसरे को दे दिया गया है। चर्चा तो ये भी है कि मामले में सख्त एक्शन जल्द हो सकता है।

बरखेड़ा ब्लॉक क्षेत्र के कई प्रधानों द्वारा 18 दिसंबर 2023 को कंसल्टिंग इंजीनियर अमित कुमार की शिकायत की गई थी, जिसमें कमीशन को लेकर गंभीर आरोप लगाए गए थे। प्रधानों का कहना था कि उनसे पांच प्रतिशत कमीशन देने का दबाव बनाया जा रहा है।

इस मामले की जांच एडीओ पंचायत से कराई गई थी और बताते हैं कि कंसल्टिंग जांच में दोषी भी पाया गया था। जिसके बाद उसका जवाब तलब किया गया था। डीपीआरओ से हुई मारपीट के मामले के बाद भी प्रधानों ने बरखेड़ा ब्लॉक में बैठक करके कंसल्टिंग इंजीनियर को हटाने की मांग की थी। इसके बाद से ही विभागीय शिकंजा कसना तय माना जा रहा था। कंसल्टिंग इंजीनियर अमित कुमार के पास ब्लॉक क्षेत्र की करीब 40 ग्राम पंचायतें थी। इन सभी को उनसे अब हटा दिया गया है। उनके स्थान पर अब इन ग्राम पंचायतों का कार्यभार कंसल्टिंग इंजीनियर मोहम्मद आमिर को दे दिया गया है। ये कार्रवाई डीएम के निर्देश पर की गई है। जिला पंचायत राज अधिकारी सतीश कुमार ने बताया कि संबंधित ग्राम पंचायतों का कार्यभार दूसरे कंसल्टिंग इंजीनियर को दिया गया है।

रास्ते में बना दी दीवार, शिकायत

पूरनपुर, अमृत विचार: सेहरामऊ थाना क्षेत्र गांव मुरादपुर माती निवासी फहमूद खां ने मुख्यमंत्री व डीएम को भेजे शिकायती पत्र में बताया कि गांव के एक व्यक्ति पर कई मुकदमे दर्ज हैं। उसने अपने पुत्र की मदद से सार्वजनिक रास्ते पर दीवार बना दी, जिसकी शिकायत 19 जनवरी को तहसील में की गई थी। एसडीएम के निर्देश पर सेहरामऊ थाना पुलिस ने निर्माण को रुकवा दिया। इसके बाद आरोपी ने शिकायतकर्ता को मारने की धमकी दी। बताया कि लेखपाल ने जांच कर एसडीएम को रिपोर्ट भेजी थी। करीब एक साल बाद शनिवार को आरोपी ने सार्वजनिक रास्ते पर तीन-चार फिट दीवार उठाकर रास्ते पर अतिक्रमण कर दिया है। मामले की जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है।

आईटीआर भरने वाले भी गरीब बनकर ले रहे थे किसानों का सम्मान

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

▸▸ शिकायत के बाद हुई जांच में सामने आई सच्चाई

अमृत विचार : जिले में पात्रों के साथ-साथ अपात्रों ने भी किसान सम्मान निधि का लाभ लिया है। खास बात यह रही कि आईटीआर भरने वाले डॉक्टर, व्यापारी और भूमिहीन, कार, बाइक आदि के स्वामी तक किसान सम्मान निधि का लाभ उठा चुके हैं।

मामला पकड़ में आने के बाद रिकवरी की जा रही है। अब तक 3294 अपात्र पकड़ में आए हैं और 794 लोगों से पैसे की रिकवरी तक की जा चुकी है। शेष से रिकवरी की प्रक्रिया चल रही है। केंद्र सरकार की ओर से किसान सम्मान निधि योजना फरवरी 2019 में शुरू की गई। इसके तहत ऐसे किसान जिनके नाम खेती योग्य भूमि है वे लाभ ले सकते हैं। इसमें ग्रामीण और शहरी किसानों के अलावा सीमांत और छोटे किसान परिवार भी शामिल हैं। किसानों को प्रति माह पांच सौ रुपये के हिसाब से चार माह में दो हजार रुपये की किस्त दी जाती है। फरवरी 2019 में पहली बार किसानों को निधि का पैसा दिया गया था। इसके बाद साल 2022 तक कोई मामला पकड़ में नहीं आया, लेकिन 2023 शुरू होने के बाद से अपात्रों को किसान सम्मान निधि दिए जाने की शिकायतें आने लगीं। इसके बाद भारत सरकार ने अपने स्तर से जांच कराई तो हजारों की संख्या में लोग अपात्र पाए गए। आयकर देने वाले, सरकारी नौकरी करने वाले, डॉक्टर, व्यापारी और भूमिहीन लोग भी योजना का लाभ लेते हुए मिले। तमाम ऐसे लोग योजना का लाभ ले रहे थे, जो कार, बाइक और पक्के मकान के स्वामी थे। लगभग छह महीना पहले केंद्र सरकार की ओर से 3294 अपात्र (जो योजना का लाभ ले रहे थे) की सूची उप कृषि निदेशक को भेजी गई।

15 केंद्रों पर 2624 विद्यार्थियों ने दी नवोदय प्रवेश परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार : जवाहर नवोदय विद्यालय की ओर से कक्षा छह में नामांकन के लिए जिले में 15 परीक्षा केंद्रों पर शनिवार को प्रवेश परीक्षा कराई गई। कुल 4654 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें 2620 उपस्थित जबकि 2034 गैर हाजिर रहे। परीक्षा के दौरान सचल दल और अफसर निगरानी करते रहे। परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराई गई।

पीलीभीत में ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज, वीरांगना अवंतीबाई जिला पंचायत बालिका इंटर कॉलेज, अंगूरी देवी सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, चिरौंजीलाल वीरेंद्र पाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, सनातन धर्म बांके बिहारी राम इंटर कॉलेज और एसएन कॉलेज में परीक्षा हुई। इसके अलावा पूरनपुर में तीन और बीसलपुर में चार परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। परीक्षा एक पाली में पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 1:30 बजे तक हुई। सुबह दस बजे से केंद्रों के बाहर परीक्षार्थी अपने अभिभावक और रिश्तेदारों के साथ पहुंचना शुरू हो गए। आईडी और प्रवेश पत्र चेक करने के बाद ठीक 10.30 बजे परीक्षार्थी को कक्ष में प्रवेश दिया गया। इतना ही नहीं परीक्षा केंद्र के आसपास फोटो स्टेट की दुकानें आदि को भी बंद रखा गया। इस दौरान 2620 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 2034 अनुपस्थित रहे। परीक्षा की निगरानी के लिए उड़नदस्ता में प्रशासनिक अधिकारियों को लगाया गया। सुरक्षा की दृष्टि से परीक्षा केंद्र गेट पर पुलिस फोर्स मुस्तैद रहा।

पूरनपुर में तीन केंद्रों पर हुई परीक्षा-पूरनपुर: शनिवार को सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, पब्लिक इंटर कॉलेज और गुरुनानक इंटर कॉलेज में जवाहर नवोदय स्कूल की प्रवेश परीक्षा संपन्न हुई। पूरनपुर में कुल1174 बच्चों ने प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन किया था। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में 384 में से 235 बच्चे ही उपस्थित हुए। यही हाल पीआईसी इंटर कॉलेज में रहा। इसके अलावा गुरु नानक इंटर कॉलेज में 400 बच्चों में से 229 बच्चे ही पहुंचे। जबकि 177 बच्चे अनुपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान तीनों केंद्रों पर लगभग 475 बच्चे अनुपस्थित रहे। खंड शिक्षा अधिकारी विजय वीरेंद्र सिंह ने बताया कि सभी केंद्रों पर सफलतापूर्वक परीक्षा संपन्न हुई। जल्द ही परीक्षा का परिणाम घोषित किया जाएगा।

जवाहर नवोदय प्रवेश परीक्षा देकर लौटते समय पेपर का मिलान करती छात्राएं।

▸▸ पंजीकृत थे 4654 परीक्षार्थी, सचल दल करते रहे निगरानी

बीसलपुर में 539 परीक्षार्थियों ने छोड़ी परीक्षा

बीसलपुर में परीक्षा में शामिल परीक्षार्थी। ● अमृत विचार

बीसलपुर, संवाददाता : बीसलपुर क्षेत्र में परीक्षा के लिए चार केंद्र बनाए गए थे। जिसमें 539 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे जबकि 542 परीक्षा में शामिल हुए।

केसीएम इंटर कॉलेज में 336 परीक्षार्थी पंजीकृत रहे। जिसमें 138 ही परीक्षा में उपस्थित रहे। जबकि 198 ने परीक्षा छोड़ दी। बालाजी गर्ल्स इंटर कॉलेज में 244 में 175 परीक्षार्थी ही परीक्षा में शामिल हुए। जबकि 69 अनुपस्थित रहे। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में 264 में 194 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। जबकि 70 अनुपस्थित रहे। केकेएस इंटर कॉलेज में 337 में 135 शामिल हुए। जबकि 202 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराई गई। परीक्षा प्रभारी जेपी सिंह ने चारों परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

एडीएम ने 47 वर्ष पूर्व किए गए पट्टे को किया निरस्त

पीलीभीत, अमृत विचार: अपर जिलाधिकारी ने पट्टा आवंटन के एक मामले में सुनवाई करते हुए 47 वर्ष पूर्व किए गए पट्टे को निरस्त कर दिया। तहसील बीसलपुर के गांव मरौरी खास में फरवरी 1976 को तत्कालीन एसडीएम के अनुमोदन पर गांव निवासी लीला को 1.02 हेक्टेयर का पट्टा आवंटित किया गया था। गत वर्ष उक्त भूमि को लेकर विवाद हो गया था। इस पर बीसलपुर के तत्कालीन एसडीएम को जांच सौंपी गई थी। जांच में पट्टा तालाब की श्रेणी बदलकर आवंटित होना पाया गया। इधर अपर जिलाधिकारी राम सिंह गौतम ने 26 मार्च 2022 को तत्कालीन एसडीएम द्वारा की गई जांच आख्या को आधार मानते हुए पट्टे को निरस्त कर दिया। उन्होंने भूमि को मूल श्रेणी तालाब में दर्ज कराने का आदेश दिया है। साथ ही तहसीलदार को राजस्व अभिलेखों में आदेश को अमल दरामद करने का भी आदेश दिया है।

गैंगस्टर को पांच साल कैद और 10 हजार का जुर्माना

विधि संवाददाता, पीलीभीत

▸▸ विशेष न्यायाधीश चंद्रमोहन मिश्र ने सुनाया फैसला

▸▸ पैरवी विशेष लोक अभियोजक अमित कुमार शुक्ल ने की

अमृत विचार: गैंगस्टर एक्ट के आरोपी को सुनवाई के बाद दोषी पाते हुए पांच साल कैद और 10 हजार रुपये जुर्माने से दंडित किया गया है। राज्य सरकार की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक अमित कुमार शुक्ल ने की। इस मामले में अन्य अभियुक्त सूरज यादव, अर्जुन और विशाल की पत्रावली न्यायालय द्वारा पूर्व में ही पृथक कर निर्णित की जा चुकी है।

अभियोजक कथानक के अनुसार कोतवाल आनंद कुमार वर्मा, एसआई श्याम लाल कश्यप पुलिस बल के साथ 22 अप्रैल 2013 को न्यायालय से एक मुकदमे में पुलिस कस्टडी रिमांड लेने गए थे।इसकी पैरवी के बाद कोतवाल शांति व्यवस्था के लिए एकता नगर, निरंजनकुंज, देशनगर के आसपास भ्रमण किया। इस दौरान जनता ने बताया कि मोहल्ला देशनगर का रोहित किसान, एकता नगर निवासी शिवम उर्फ छोटू उर्फ ज्ञानेंद्र प्रताप, मोहल्ला जोशीटोला निवासी अर्जुन का संगठित गिरोह है, जोकि समाज विरोधी क्रियाकलापों द्वारा आर्थिक लाभ पाने के लिए विभिन्न प्रकार के अपराध कर धन अर्जित करते हैं। इस गिरोह का जिले के आसपास के क्षेत्र में भी भय है। जिससे लोग इनके विरुद्ध साक्ष्य देने से डरते हैं। सुनगढ़ी, कोतवाली में कई अभियोग भी पंजीकृत हैं। रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना के बाद चार्जशीट न्यायालय में दाखिल की गई। मुकदमे की सुनवाई के बाद स्पेशल जज गैंगस्टर एक्ट चंद्रमोहन मिश्र ने रोहित किसान पुत्र होरीलाल निवासी मोहल्ला देशनगर को गैंगस्टर एक्ट का दोषी पाते हुए पांच साल की सजा व जुर्माने से दंडित किया है।

कोर्ट के आदेश पर बच्ची से दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, माधोटांडा

▸▸ आरोपी पक्ष की तरफ से पहले ही दर्ज है छेड़छाड़ की रिपोर्ट

अमृत विचार: स्कूल के पास खेल रही छह साल की बच्ची को चीज दिलाने के बहाने स्कूल के पीछे सूनसान इलाके में ले जाकर दुष्कर्म करने के आरोप में पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज की है, जिसमें घटना ढाई माह पुरानी दिखाई गई है।

थाने में दर्ज की गई रिपोर्ट में क्षेत्र की एक महिला ने बताया कि पांच नवंबर 2023 को उसकी छह वर्षीय पुत्री घर के पास स्कूल में खेल रही थी। इस बीच गांव का इश्तिकार खां उसकी पुत्री को चीज दिलाने के बहाने से स्कूल के पीछे की तरफ सुनसान में ले गया। वहां पर पुत्री से दुष्कर्म किया। पुत्री चिल्लाई तो परिवार वाले वहां गए। उस वक्त आरोपी नग्न हालत में पुत्री को दबोचे था। बमुश्किल पुत्री को उससे छुड़ाया। जब इसकी शिकायत करने के लिए आरोपी के घर पहुंची तो गलती मानने के बजाए धमकाना शुरू कर दिया। मारपीट की गई। आरोपी के परिवार के इश्तियाक खां ने भी अभद्रता की। थाने में शिकायत की गई, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। बचने के लिए पीड़िता के पति, देवर और सास के खिलाफ घर में घुसकर छेड़छाड़ आदि की रिपोर्ट आठ नवंबर को दर्ज करा दी गई। 10 नवंबर को एसपी से शिकायत की, लेकिन उसे भी जांच के नाम पर टाल दिया गया। इसके बाद कोर्ट की शरण ली गई। एसओ अचल कुमार ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। विवेचना में साक्ष्य के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

लापरवाही नगर पंचायत बरखेड़ा में सभासदों ने की थी विधायक स्वामी प्रवक्ता नंद से शिकायत

कैसा समाधान! सर्दी बढ़ी तो कम कर दिए अलाव के स्थान

संवाददाता, बरखेड़ा

▸▸ चेयरमैन बोले-गलियों के बजाए सार्वजनिक स्थानों पर लगवा रहे अलाव

अमृत विचार: नगर पंचायत बरखेड़ा के सभासदों की ओर से विधायक से की गई शिकायत के बाद एसडीएम ने जांच पड़ताल की। मगर इसके बाद अलाव को लेकर की गई शिकायत का अनूठा समाधान हो सका है। एक तरफ सर्दी का कहर बढ़ रहा है और नगर पंचायत की ओर से अलाव स्थान की संख्या ही घटा दी गई है। पहले 57 स्थान पर अलाव जलवाए जा रहे थे जोकि अब तीन दिन से 18 ही रह गए हैं। फिलहाल नगर पंचायत के जिम्मेदारों का तर्क है कि अधिक स्थान होने से हो रही अव्यवस्था को देखते हुए सार्वजनिक स्थानों को ही अलाव के लिए चिह्नित किया गया है। बाकी प्वाइंट कैंसिल कर दिए गए हैं।

विधायक जयद्रथ उर्फ स्वामी प्रवक्ता नंद 14 जनवरी को सिद्धबाबा स्थान पर साफ-सफाई करने पहुंचे थे। इस दौरान सभासद मोहम्मद इमरान, कमरुल हसन, मोहम्मद इलियास, नफीस अहमद, प्रवेश कुमार जोशी, आनंदी देवी के प्रतिनिधि श्रीकृष्ण, तारावती के प्रतिनिधि श्रीपाल, प्रेम देवी के प्रतिनिधि नरेश मौर्य, उर्मिला देवी के प्रतिनिधि राधेश्याम आदि ने विधायक से मुलाकात कर कई बिंदुओं पर शिकायत दर्ज कराई थी। इसी में शीतलहर के चलते नगर में की गई अलाव व्यवस्था को औपचारिक बताया था। कहा था कि नगर में जो अलाव जलाए जा रहे हैं उनमें मात्र थोड़ी सी वैगास व दो लकड़ी ही लगवाई जा रही हैं। भीड़ वाले इलाकों में अलाव न जलवाने पर भी नाराजगी जताई थी। विधायक ने एसडीएम बीसलपुर को समाधान कराने के निर्देश दिए थे। दूसरे दिन एसडीएम बीसलपुर महिपाल सिंह नगर पंचायत बरखेड़ा पहुंचे थे। उन्होंने गोशाला की जगह को भी देखा था। इसके बाद शिकायतों के समाधान को लेकर तो तस्वीर स्पष्ट नहीं हो सकी। मगर अलाव स्थान जरूर कम हो गए हैं। जबकि शीतलहर का प्रकोप दिनों दिन बढ़ता जा रहा है।

> पहले गलियों के भीतर भी अलाव लगाए जा रहे थे। इसे लेकर अन्य लोग भी अपने घरों के आगे अलाव लगवाने की मांग करने लगे, जोकि संभव नहीं। इसे लेकर अव्यवस्था होने लगी थी। ऐसे में अब सार्वजनिक और जरूरतमंद स्थानों पर ही पर्याप्त लकड़ी की व्यवस्था करते हुए अलाव जलवाए जा रहे हैं। इसका लाभ जरूरतमंदों को सीधे मिल रहा है।
> –**श्याम बिहारी भोजवाल**, चेयरमैन नगर पंचायत बरखेड़ा

पहले इन स्थानों पर लग रहे थे अलाव

टंकी के गेट पर, अमित गंगवार की गली के सामने, स्टेशन, वार्ड नंबर चार होली स्थान, वार्ड चार मुरारी की दुकान, वार्ड चार सभासद के घर के सामने, वार्ड चार वेद प्रकाश कारीगर के घर पास, बालाजी मंदिर के सामने, चेयरमैन के आवास के पास, जियोकेयर राकेश बैग वालों के बराबर, वार्ड नंबर आठ रामकिशन के घर के सामने, वार्ड नंबर आठलियाकत के घर के बरबर समेत समेत 57 स्थानों पर अलाव लगते थे।

अब इन 18 स्थानों पर लगता है अलाव

अमित गंगवार की गली के सामने, स्टेशन, बालाजी मंदिर, चेयरमैन आवास, ताजिया मैदान, अचल गंगवार के पास, जगजीवन राम भारती, दौलतपुर तिराहा, नूरी मस्जिद, गाजीपुर मोड़, असलम कोटेदार, शिव मंदिर, जामा मस्जिद, थाना बरखेड़ा, रैन बसेरा, अस्पताल, दीनदयाल की आढ़त के पास, सिद्ध बाबा स्थल।

अचानक टूटकर छत पर गिरा बिजली का तार

पूरनपुर, अमृत विचार: नगर से सटी ग्राम पंचायत पूरनपुर देहात के मोहल्ला नूरी नगर में घरों के ऊपर से हाईटेंशन लाइन गुजर रही है। शनिवार दोपहर अचानक हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर मकान की छत पर गिर गया। इसकी जानकारी लगते ही ग्रामीण भय के चलते घर से बाहर निकल आए। हालांकि इसमें कोई चपेट में नहीं आया। ग्रामीणों ने बताया कि इससे पहले भी कई बार इस तरह से तार टूटकर गिर चुके हैं। ग्रामीणों ने इसकी सूचना बिजली विभाग को दी। शाम को मौके पर पहुंचे कर्मचारियों ने टूटी लाइन को जोड़ा। तब कहीं जाकर लोगों ने राहत की सांस ली। जेई जयपाल ने बताया कि अचानक तार टूट कर गिर गया था। इसमें कोई नुकसान नहीं हुआ है। तार को जुड़वा दिया गया है।

भूमि खरीद-बिक्री में अब्दुल्ला आजम समेत 4 लोग नामजद

कोसी नदी की जमीन का स्वरूप भूखंड में बदला, जांच शुरू

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : कोतवाली थाना क्षेत्र के गांव घाटमपुर स्थित कोसी नदी किनारे जमीन खरीद-बिक्री के मामले में सपा नेता आजम खां के बेटे और पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम समेत चार लोगों के खिलाफ लेखपाल संजय कुमार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। सभी आरोपियों ने नदी की जमीन को भूखंड में बदलकर कारोबार किया।

एसडीएम सदर जेपी गुप्ता ने बताया कि पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम समेत चार लोगों ने नदी और डूब की भूमि में घोटाला कर करीब डेढ़ हेक्टेअर जमीन का स्वरूप बदल दिया है। इनके खिलाफ प्रशासन की ओर से रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। कुछ दिन पहले एसडीएम ने नदी किनारे भूखंडों की जांच करने के आदेश दिए थे। पांच जनवरी को कानूनगो संजय कुमार ने राजस्व टीम के साथ गांव बेनाजीर उर्फ घाटमपुर क्षेत्र का निरीक्षण किया था। इस दौरान नदी किनारे जमीन बेचने व खरीदने की जानकारी हुई। जांच करने पता चला कि अब्दुल्ला आजम ने इस भूमि को बेचा है। अब इस मामले में अब्दुल्ला आजम, अनवार, मोहम्मद सालिम, मोहम्मद परवेज और कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ कार्रवाई हुई है।

अब्दुल्ला ने करीबी दोस्तों से खरीदी थी जमीन

इस समय 880, 872, 878, 883, 884, 885, 886, 887 व 888 की जमीन को अनवार हुसैन व मोहम्मद सालिम ने अब्दुल्ला आजम खां को बेचा था। इसके अलावा कुछ अन्य जमीन भी अब्दुल्ला आजम ने मोहम्मद परवेज से खरीदी थी। 1359 फसली में भूमि नदी के रूप में अंकित है। उधर, अनवर और सालिम पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम के करीबी दोस्त हैं। कुछ माह पहले जुआ खेलते हुए वीडियो वायरल हुआ था। इस मामले में दोनों जेल चले गए थे। इनकी निशानदेही पर पुलिस ने जौहर विवि से नगर पालिका की सफाई मशीन भी बरामद की थी।

27 वर्ष पुराने मामले में अजय राय दोषमुक्त

वाराणसी, एजेंसी : वाराणसी की एक स्थानीय विशेष अदालत ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय को करीब 27 वर्ष पहले जारी निषेधाज्ञा का उल्लंघन कर धरना-प्रदर्शन करने के मामले में शनिवार को बरी कर दिया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राय के अधिवक्ता अनुज यादव ने बताया कि अजय राय पर 27 वर्ष पूर्व बिना अनुमति धरना प्रदर्शन कर आवागमन बाधित करने और धारा 144 (निषेधाज्ञा) के उल्लंघन का आरोप था। उन्होंने बताया कि वाराणसी की सांसद-विधायक अदालत (सांसद-विधायक अदालत) ने शनिवार को कांग्रेस की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष अजय राय के खिलाफ दर्ज मामले में फैसला सुनाया। अदालत के अपर सिविल जज (सीनियर डिवीजन प्रथम) उज्जवल उपाध्याय ने इस मामले में पूर्व मंत्री अजय राय को बरी कर दिया।

आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू के खिलाफ देशद्रोह का मुकदमा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ साजिश रचने में आया पन्नू का नाम, खालिस्तान समर्थकों पर टिकी एटीएस की नजर

अमृत विचार: खालिस्तान समर्थक और प्रतिबंधित आतंकी संगठन सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) के मुखिया आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू के खिलाफ एटीएस ने देशद्रोह का मुकदमा दर्ज किया।

पन्नू के आडियो मैसेज और अयोध्या में पकड़े गए उसके तीनों समर्थकों के बयान को आधार बनाया गया है। उसे इस मुकदमें में हमले की साजिश रचने की धारा 120 के तहत मुल्जिम बनाया गया है। इसके पहले ही भी उस पर देशद्रोह का मुकदमा दर्ज हो चुका है। गुरपतवंत सिंह पन्नू ने अयोध्या में खालिस्तानी समर्थकों के पकड़े जाने के बाद उनके समर्थन में एक ऑडियो मैसेज प्रसारित किया था जिसमें दबोचे गए अभियुक्तों को अपने प्रतिबंधित संगठन का सदस्य बताया था। इस ऑडियो मैसेज में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जान से मारने की धमकी देने के साथ जरूरत पड़ने पर राजनीतिक हत्याएं करने की भी गीदड़ भभकी दी गई थी। इसमें रामोत्सव कार्यक्रम को भी निशाना बनाने की धमकी दी गई थी। वहीं दूसरी ओर पकड़े गए खालिस्तान समर्थक गैंगस्टर शंकरलाल दुसाद से पूछताछ में खुलासा हुआ कि पन्नू ने प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम में हमले की योजना तैयार की है। उसी के आदेश पर गैंगस्टर अपने साथियों के साथ अयोध्या पहुंचकर वहां रेकी कर रहा था। इन्हीं आधार पर पन्नू को मुल्जिम बनाया गया है। वहीं इन सूचनाओं को एटीएस ने बेदह गंभीरता से लिया है।

सार-संक्षेप

बाघिन को ट्रैंक्यूलाइज करने की तैयारी

पीलीभीत, अमृत विचार : 26 दिन पहले गांव अटकोना में किसान के मकान की दीवार पर बैठे होने के दौरान ट्रैंक्यूलाइज करके पकड़ी गई बाघिन फिर आतंक का पर्याय बन गई है। चार दिन पिंजड़े में नहीं फंसने के बाद अफसरों को अब मानव-वन्यजीव संघर्ष होने का डर सता रहा है, ऐसी स्थिति न बने, इसके लिए वन विभाग ने बकरी की दावत खाने वाली बाघिन को पकड़ने के लिए ट्रैंक्यूलाइज करने पर मंथन शुरू कर दिया है। पिंजड़ा लगाने के चार दिन बाद भी बाघिन पकड़ से बाहर है। इससे लोगों में दहशत बढ़ती जा रही है। 10 किलोमीटर के एरिया में बाघिन घूम रही है। शनिवार को भी बाघिन पिंजड़े के आसपास धूप सेकती नजर आई। शहर से सटी नगर पंचायत पकड़िया नौगवां के रिहायशी इलाके से करीब 150 मीटर दूरी पर बैठी बाघिन शनिवार को भी पकड़ में नहीं आ सकी। बाघिन को पकड़ने के लिए देवहा नदी की डबरी में 17 जनवरी को पिंजड़ा लगाया गया था। उसी रात बाघिन ने पिंजड़े के बाहर बंधी बकरी की दावत उड़ाई और एक पालतू कुत्ते को निवाला बनाकर निकल गई। तबसे बाघिन पिंजड़े के आसपास मंडरा रही है।

निजी प्रैक्टिस पर दो चिकित्सकों का जवाब-तलब

पीलीभीत, अमृत विचार : जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए एक तरफ मेडिकल कॉलेज में स्टाफ बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। वहीं, हाल में ही ज्वाइन करने वाले दो चिकित्सक मेडिकल कॉलेज के अलावा निजी अस्पतालों में प्रैक्टिस करने लग गए। इसकी शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल और प्राचार्य से हुई तो अब दोनों चिकित्सकों से स्पष्टीकरण तलब किया है। इन्हें तीन दिन में जवाब देना होगा। मेडिकल कॉलेज बनने के बाद हाल में हुई भर्ती में डॉ. तनवीर खां और डॉ. विकास अग्रवाल ने ज्वाइन किया था। डॉ. तनवीर खां नेत्र विभाग और डॉ. विकास अग्रवाल सर्जरी विभाग के चिकित्सक पैनल में शामिल हैं। आरोप है कि ये मेडिकल कॉलेज ज्वाइन करने के बावजूद निजी अस्पतालों में प्रैक्टिस कर रहे हैं, जबकि सख्त निर्देश हैं कि मेडिकल कॉलेज में सेवा देने वाले चिकित्सक निजी प्रैक्टिस नहीं करेंगे। जिसका असर ओपीडी में दिखाई दे रहा था। बीते दिनों एक युवक ने गोपनीय पत्र भेजकर इसकी शिकायत दर्ज कराई। जिस पर प्राचार्य डॉ. संजीव सक्सेना ने दोनों चिकित्सकों से निजी प्रैक्टिस को लेकर लिखित स्पष्टीकरण तलब किया है।

पशु चिकित्सक पर भेड़ों को मारने का आरोप, रिपोर्ट

लखीमपुर खीरी, अमृत विचार : कोतवाली धौरहरा क्षेत्र के निवासी एक व्यक्ति ने पशु चिकित्सक पर भेड़ों को जहर देकर मारने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। मामला धौरहरा क्षेत्र के ग्राम हरदी मजरा पसियनपुरवा का है। यहां के निवासी कन्हैया पाल ने बताया कि उसने रिश्तेदारों से उधार रुपये लेकर 50 भेड़ों का पालन किया था। शुक्रवार को डॉ. विनीत कुमार जो कि पशु चिकित्सालय रमियाबेहड़ में कार्यरत हैं, कन्हैया के घर आए और कहा भेड़ों का इलाज करवा लो। कन्हैया की भेड़ें कमजोर थीं और कुछ बीमार भी थीं। इस पर कन्हैया ने चिकित्सक को भेड़ों का इलाज करने को कह दिया। आरोप है कि चिकित्सक ने जहरीली दवा भेड़ों को पिला दी। इसके चलते उसकी 25 भेड़ों की मौत हो गई और कई भेड़ मरणासन्न अवस्था में हैं। इसके चलते कन्हैया का करीब पांच लाख रुपये का नुकसान हो गया है। पुलिस ने कन्हैया की तहरीर पर मामले की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

दुधवा में वनकर्मियों ने तीन शिकारी पकड़े, दो फरार

पलिया कलां, अमृत विचार : दुधवा टाइगर रिजर्व में शिकारियों के एक गिरोह को गौरीफंटा रेंज के वनकर्मियों ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। दुधवा टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक डॉ. रंगा राजू टी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार उच्चाधिकारियों के निर्देश पर दुधवा में कड़ी निगरानी की जा रही है। क्षेत्रीय वन अधिकारी विकास कुमार वर्मा के निर्देशन में गौरीफंटा रेंज में कार्यरत स्टाफ वन अधिकारी रमेश कुमार यादव, वन दरोगा ध्रुव कुमार, वन्य जीव रक्षक होशियार सिंह व हरीराम आदि को शनिवार किो सूचना मिली कि रेंज में एक स्थान पर कुछ शिकारी पेड़ों में तार बांधकर हांका लगा छोटे वन्य जीवों का शिकार करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने तत्काल मौके पर पहुंचे और तीन शिकारियों को पकड़ लिया, जबकि दो घने जंगल का फायदा उठाकर फरार हो गए।

जलेसर में सिपाही ने फंदे पर लटककर दी जान

जलेसर, अमृत विचार : जलेसर थाने में तैनात एक सिपाही ने फंदे पर लटककर जान दे दी। उसका शव सरकारी आवास के कमरे में लटका मिला। पुलिस को मौके पर सुसाइड नोट भी मिला, जिसमें उसने अपनी मौत का जिम्मेदार किसी को नहीं ठहराया है। केवल अपना सामान भाई के पास भेजने के बारे में लिखा है। जनपद मुजफ्फर नगर के भोराखुर्द निवासी अंकित कुमार पुत्र सुभाष चंद्र वर्ष 2020 में पुलिस में भर्ती हुआ था। वर्तमान में उसकी तैनाती जलेसर थाने में थी। अंकित को थाना परिसर में सरकारी आवास मिला हुआ था, जिसमें उसके साथ सुरेंद्र नाम का सिपाही रहता था। साथी पुलिस कर्मियों के मुताबिक अंकित अधिकांश रात की ड्यूटी करता था। शुक्रवार रात को भी वह ड्यूटी पर पहुंचा था। मगर रात में वह किस समय कमरे पर पहुंचा इसकी जानकारी किसी को नहीं है। अंकित के साथ रहने वाले सिपाही सुरेंद्र का जलेसर से तबादला हो चुका है। शनिवार दोपहर करीब डेढ़ बजे सुरेंद्र अपना सामान लेने पहुंचा तो कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। उसके आवाज देने पर अंकित ने कोई जवाब नहीं दिया।

घर में चारपाई पर सो रहे बुजुर्ग को गुलदार ने मौत के घाट उतारा

संवाददाता, हीमपुर दीपा (बिजनौर)

अमृत विचार : हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के गांव जलालपुर हसना में शुक्रवार की रात गुलदार ने घर में सो रहे वृद्ध को मौत के घाट उतार दिया। इस घटना से क्षेत्र में दहशत है। जनपद में एक वर्ष में गुलदार के हमले में हुई यह 20वीं मौत है।

जलालपुर हसना गांव का चंद्रप्रकाश (65) शुक्रवार की रात अपने घर में टिन शेड के नीचे सो रहा था। रात में किसी समय गुलदार ने उसे दबोच लिया और मौत के घाट उतार दिया। मृतक के पुत्र रितेश के अनुसार तड़के करीब चार बजे उसकी आंख खुली तो देखा पिता चारपाई पर सो रहे थे। सुबह करीब पांच बजे जब वह चाय देने गया तो पिता का चेहरा, गला व सीना खून से लहुलूहान था। पिता की रक्तरंजित लाश देख उसकी चीख निकल गई। चीख-पुकार सुनकर परिजन व आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। गुलदार के हमले से चंद्रप्रकाश की मौत की सूचना पर वन विभाग की टीम व पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। वन विभाग की टीम ने जंगल में कांबिग की।

एशियन गेम्स के पदक विजेताओं पर होगी धनवर्षा

लखनऊ, अमृत विचार : हांगझोऊ एशियाई और पैरा एशियाई खेलों के साथ ही गोवा में आयोजित हुए राष्ट्रीय खेलों के पदक विजेताओं पर धनवर्षा 27 जनवरी को होगी। इन विजेताओं को सम्मानित किए जाने के लिए खेल विभाग तैयारी में जुटा है। इससे पहले प्रदेश के सर्वोच्च खेल सम्मान लक्ष्मण और रानी लक्ष्मीबाई एवार्ड यूपी दिवस के अवसर दिए जाएंगे। इन खिलाड़ियों को 25 जनवरी पुरस्कृत किया जाएगा। 27 जनवरी को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान होने वाले समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खिलाड़ियों को ईनामी राशि देकर सम्मानित करेंगे।

पीओ डूडा, इंजीनियर समेत चार पर रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

▸▸ निलंबित करके मूल विभाग भेजे गए हैं पीओ डूडा, इंजीनियर को किया गया था बर्खास्त

अमृत विचार : विकास क्षेत्र उसावां में विकसित भारत संकल्प यात्रा में महिला के 30 हजार रुपये देकर प्रधानमंत्री आवास मिलने का मामला शासन तक पहुंचा है। पीओ डूडा को निलंबित, म्यूनिसिपल सिविल इंजीनियर को बर्खास्त और योजना की मॉनीटरिंग करने वाली संस्था को डिबार किया गया था।

अब हल्का लेखपाल की तहरीर पर पीओ डूडा, सिविल इंजीनियर, संस्था के इंजीनियर और उसावां के डीसी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की रिपोर्ट दर्ज की गई है। नगर पंचायत उसावां में 17 जनवरी को विकास भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम हुआ था। आंवला सांसद धर्मेंद्र कश्यप, भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता, दातागंज विधायक राजीव कुमार सिंह प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को चाबी वितरित कर रहे थे।

उसावां के वार्ड 10 निवासी शारदा देवी ने आवास निर्माण की धनराशि के एवज में 30 हजार रुपये लेने का आरोप लगाया। मामला शासन तक पहुंचा। शासन के निर्देश पर डूडा के परियोजना अधिकारी देवेश कुमार सिंह, सिविल इंजीनियर शिव कुमार और मैसर्स सरयू बाबू इंजीनियर फॉर रिसोर्स डेवलपमेंट संस्था को डिबार कर दिया गया था। अब उसावां क्षेत्र के हल्का लेखपाल राहुल सिंह ने तहरीर दी। पुलिस ने नगरीय विकास अभिकरण परियोजना अधिकारी देवेश कुमार सिंह, सिविल इंजीनियर शिव कुमार, संस्था के इंजीनियर सरयू बाबू, परियोजना के उसावां से डीसी फैशल अहमद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। शहरी और ग्रामीण प्रधानमंत्री आवास योजना में भ्रष्टाचार चरम पर है। प्रतिदिन लोगों द्वारा प्रधान, सचिव तथा डूडा विभाग के कर्मचारियों पर रुपये लिए जाने के आरोप लगाते हुए डीएम स्तर पर शिकायतें की जाती रहीं हैं। कुछ मामलों में शिकायत के बाद कार्रवाई भी हुई है लेकिन शहरी क्षेत्र के मामले में होने वाली शिकायतों को दबा दिया जाता रहा है।

चन्दौसी के संग्रहालय की शोभा बढ़ा रही अयोध्या जैसी रामलला की मृण्मूर्ति

कपिल कांत शर्मा, चन्दौसी

अमृत विचार: मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम की नगरी अयोध्या में कल श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होगी। 16 जनवरी से देश भर में उत्सव मनाया जा रहा है। हर कोई श्री राम की भक्ति में रंगा नजर आ रहा है। संयोग की बात है कि अयोध्या के राम-मंदिर में स्थापित रामलला की यह आधुनिक प्रस्तर मूर्ति चेहरे की बनावट और भावांकन की दृष्टि से 'पं.सुरेंद्र मोहन मिश्र संग्रहालय' में प्रदर्शित डेढ़ हज़ार वर्ष पुरानी रामलला की मृण्मूर्ति से अद्भुत साम्यता रखती है। चालीस वर्ष पहले करीब चार से पांच इंच की इस मूर्ति को जनपद बरेली के आंवला के पास अहिच्छत्र स्थान पर रामनगर किले से संग्रहित किया गया था।

22 मई 1932 को जन्मे चन्दौसी के पुराविद् स्व. पं. सुरेंद्र मोहन मिश्र ने 1955 में मिट्टी-पत्थर की प्राचीन मूर्तियों, सिक्कों, बर्तनों, मनकों और अन्य पुरावेशों के अलावा प्राचीन हस्तलिखित ग्रंथों को संग्रहित कर अपनी जन्मभूमि में संग्रहालय बनाया था। वर्ष 2008 में उनके निधन के बाद दिसंबर 2022 में उन्हीं की जन्मस्थली पर नवीन रुप देकर संग्रहालय स्थापित कर दिया गया। संग्रहालय देश विदेश के पुरातत्वविदों और इतिहास प्रेमियों के आकर्षण का केंद्र है। पं. सुरेंद्र मोहन मिश्र के दो पुत्र बड़े पुत्र अतुल मिश्र संग्रहालय की देखरेख करते हैं। जबकि छोटे पुत्र विप्रवत्स मिश्र परिवार के साथ बरेली में निवास करते हैं। पं. अतुल मिश्र का कहना है कि उनके पिता द्वारा स्थापित किए गए संग्रहालय में ईशा से पूर्व 2000 वर्ष से लेकर गुप्त काल तक के मिट्टी-पत्थर की प्राचीन मूर्तियों, सिक्कों, बर्तनों, मनकों समेत हस्तलिखित ग्रंथों को संग्रहित कर ये संग्रहालय बनाया गया है। संग्रहालय में रखी चार से पांच इंच की मूर्ति अयोध्या में स्थापित रामलला की मूर्ति से साम्यता रखती है। ये मूर्ति पिता जी ने चालीस वर्ष पहले जनपद बरेली के आंवला के पास अहिच्छत्र में रामनगर किला से संग्रहित की थी। संग्रहालय में गुप्त कालीन नारी शीर्ष, शुंगकालीन कमर की मृण्मूर्ति, शुंगकालीन मातृदेवी मिट्टी के प्राचीन बर्तन, मिट्टी की अलंकृत ईटें, कुषाण कालीन व गुप्तकालीन शीर्ष, मिट्टी की मुहरें आदि संग्रहित हैं।



चन्दौसी स्थित संग्रहालय में स्थित रामलला की प्रतिमूर्ति।



चार-पांच दिन पहले मैं जब संग्रहालय में बैठा था। टीवी चैनल, अखबारों व सोशल मीडिया के माध्यम से अयोध्या में स्थापित रामलला की मूर्ति से संग्रहालय में रखी मूर्ति से मिलान किया तो संग्रहालय की मूर्ति की बनावट अयोध्या के रामलला से पूर्ण रुप से साम्यता रखती है। साथ ही पांच वर्ष आयु के बच्चे के चेहरे की दो मिट्टी की मूर्ति भी श्री राम की बाल्यावस्था से काफी मिल रही हैं। **-पं. अतुल मिश्र,** पुत्र संग्रहालय संस्थापक पं. सुरेंद्र मोहन मिश्र।

उत्तराखंड

कॉर्बेट पार्क में शुरू हुई पक्षियों की गणना

संवाददाता, रामनगर

▸▸ 13 रेंजों के साथ ही रामनगर वन प्रभाग में पक्षियों की गणना 23 तक होगी

अमृत विचार : विश्व प्रसिद्ध जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क के पूरे 13 रेंज के साथ ही रामनगर वन प्रभाग के क्षेत्रों में पक्षियों की गणना प्रारंभ हो चुकी है। इसमें पानी में रहने वाले पक्षियों के साथ ही कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में पाए जाने वाले पक्षियों की गिनती चल रही है।

कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के 13 रेंजों में इस बार हर वर्ष की तरह सर्दियों के मौसम में की जाने वाली गणना का कार्य शनिवार से शुरू हो गया है, जो 23 तक चलेगा। इसमें पक्षियों के आंकड़ों का पता चलेगा। गौरतलब है कि सर्दियों के मौसम में साइबेरियन पक्षियों के साथ ही अन्य कई पक्षी कॉर्बेट पार्क के जलाशयों के साथ ही कॉर्बेट पार्क में आते हैं। बर्ड वाचर दीप कहते हैं कि यह बड़ा हर्ष का विषय है कि कॉर्बेट टाइगर रिज़र्व में व इससे लगते क्षेत्रों में पक्षियों की गणना का कार्य हो रहा है।

पक्षियों का अवलोकन करते पक्षी विशेषज्ञ।

आबादी के पास देखा गया टस्कर हाथी।

आबादी की तरफ टस्कर के आने से मचा हड़कंप

रामनगर। कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के लगते क्षेत्र उमेदपुर में आज अचानक टस्कर हाथी के आबादी के पास आने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। वन विभाग ने बमुश्किल हाथी को आबादी क्षेत्र से जंगल की ओर खदेड़ा। शनिवार को दिन में 12 बजे के आसपास कॉर्बेट टाइगर रिजर्व से लगते बासीटीला उमेदपुर क्षेत्र में टस्कर हाथी जंगल से निकलकर आबादी के पास खड़े गन्ने के खेतों में आ गया।

एनएच-507 पर चौड़ीकरण के लिए केंद्र सरकार से मिली मंजूरी

संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार: राष्ट्रीय राजमार्ग-507 के अंतर्गत कालसी/हरबर्टपुर से बड़कोट बैंड सेक्शन के 2-लेन में चौड़ीकरण के लिए केंद्र ने स्वीकृति दे दी है। इससे राजधानी देहरादून से कनेक्टिविटी बेहतर होने के साथ तीर्थयात्रियों के लिए चारधाम यात्रा की दूरी कम होने से सफर आसान होगा।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का आभार जताते कहा कि आगामी दिनों में दिल्ली-देहरादून के बीच एक्सप्रेस-वे का निर्माण पूरा होने से यह सफर महज दो घंटे में पूरा हो सकेगा। कालसी/हरबर्टपुर से बड़कोट बैंड सेक्शन के 2-लेन में चौड़ीकरण होने से आवागमन में काफी आसानी होगी। भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान ने बताया कि यमुनोत्री राजमार्ग पर वाया कालसी, बड़कोट तक सड़क चौड़ीकरण की स्वीकृति यमुना घाटी के विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगी। अब यमुनोत्री के लिए यात्री ऋषिकेश, टिहरी, धरासूं होकर नहीं, बल्कि सीधे हरबर्टपुर होते हुए यमुनोत्री पहुंचेंगे, जो कि सुविधाजनक होगा।

चौड़ीकरण के लिए ईपीसी मोड के तहत 346.82 करोड़ रुपये की लागत के साथ स्वीकृति होने के बाद, यमुनोत्री से चारधाम तक की कनेक्टिविटी में सुधार होना तय है, जिससे स्थानीय लोगों के स्वास्थ्य, सप्लाई, रोजगार संबंधी जरूरी कार्यों के लिए देहरादून तक पहुंचना भी सरल होगा।

कुमाऊं में अलर्ट जारी, कड़ी सुरक्षा

हल्द्वानी, अमृत विचार : राम मंदिर अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा से पहले कुमाऊं में अलर्ट जारी कर दिया गया है। एडीजी अपराध एवं व्यवस्था खुद सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी कर रहे हैं। उन्होंने सभी जिलों की सीमाओं पर सघन चेकिंग के निर्देश और होटल व धर्मशालाओं में ठहरे लोगों के सत्यापन करने के निर्देश दिए। पुलिस की टीम सोशल मीडिया पर नजर बनाए हुए है। सुरक्षा व्यवस्था में किसी तरह की चूक न हो, इसको लेकर एडीजी एपी अंशुमान ने कुमाऊं के सभी पुलिस व पीएसी अधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक की। उन्होंने रेलवे, बस स्टेशन, पार्किंग, धार्मिक स्थलों और ट्रेनों में चेकिंग के निर्देश दिए। कहा, सीमावर्ती राज्यों से जुड़ने वाली जिलों की सीमाओं पर चौकसी बढ़ाई जाए।

युवती की फर्जी आईडी बनाकर फोटो वायरल करने का आरोप

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार : एक युवती द्वारा दूसरी युवती के नाम से फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर ग्रामीणों को अश्लील शब्दों का प्रयोग करते हुए अश्लील फोटो डालने से भड़के ग्रामीणों ने आज कोतवाली में पहुंचकर हंगामा काटा। उन्होंने वरिष्ठ उप निरीक्षक अशोक कुमार से आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करने की मांग की।

बिलहरी चकरपुर से दर्जन भर से अधिक महिलाओं ने कोतवाली में पहुंचकर एसएसआई अशोक कुमार को शिकायती पत्र सौंपा। महिलाओं ने बताया कि इससे पूर्व भी वह कोतवाली और चकरपुर चौकी में तहरीर दे चुकी हैं लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने बताया कि एक युवती द्वारा एक अन्य युवती के नाम से फर्जी फेसबुक आईडी बनाई है। यह भी कहा कि उसके द्वारा अश्लील शब्द और अश्लील फोटो वायरल किया जा रहे हैं।

जिससे ग्रामीणों में आक्रोश है और लोग उस युवती से गाली गलौज और झगड़ा कर रहे हैं जिसके नाम से फर्जी आईडी बनाई गई है। उन्होंने इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कर तत्काल कार्रवाई करने की मांग की। एसएसआई कुमार ने ग्रामीणों को आस्वस्त कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

इसके बाद महिलाएं शांत हुई। इस अवसर पर राजवती, रूपानी, सावित्री, काजल राणा, स्वाती, पिंकी, शकुंतला आदि थे।

पवलगढ़ का नाम अब सीतावनी कंजर्वेशन होगा

संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार: धामी सरकार ने श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के ऐतिहासिक अवसर पर उत्तराखंड के पवलगढ़ कंजर्वेशन रिजर्व का नाम बदल कर सीतावनी कंजर्वेशन रिजर्व रख दिया है।

सीतावनी कंजर्वेशन रिज़र्व में मां सीता का पौराणिक मंदिर और महाऋषि वाल्मीकि आश्रम है, जिसकी देखरेख भारतीय पुरातत्व विभाग करता है और यहां जाने की अनुमति वन विभाग देता है। उत्तराखंड सरकार देश की पहली ऐसी सरकार है, जिसने एक संरक्षित क्षेत्र का नाम मां सीता के नाम पर रखा है। ये जंगल 5824.76 हेक्टेयर क्षेत्रफल में फैला है, जो टाइगर, हाथी, पक्षी व तितलियों के लिए प्रसिद्ध हैं। इस जंगल को सीतावनी कंजर्वेशन रिजर्व घोषित किए जाने की मांग, राम नगर और आसपास के कई छोटे बच्चो ने पत्र लिख कर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से की थी, जिस पर वन विभाग के अधिकारियों को सीएम ने निर्देशित किया था, जिस पर शनिवार को शासनादेश जारी कर दिया गया।

बेस व महिला अस्पताल में कल बंद रहेगी ओपीडी

हल्द्वानी, अमृत विचार : अयोध्या राम मंदिर में श्रीराम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर 22 जनवरी को बेस अस्पताल और महिला अस्पताल में ओपीडी बंद रहेगी। प्रभारी सीएमओ नैनीताल डॉ. श्वेता भंडारी ने बताया कि चिकित्सकों की प्रांतीय चिकित्सा सेवा संघ ने 22 जनवरी को ओपीडी को बंद रखने का निर्णय लिया है। हालांकि अस्पतालों में इमरजेंसी सेवा सुचारू रहेगी। वहीं राजकीय मेडिकल कॉलेज के अधीन एसटीएच में सोमवार को ओपीडी सुचारू रहेगी।

अयोध्या में तीन एकड़ पर बनेगा उत्तराखंड सदन

संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार: मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि, देवभूमि उत्तराखंड से भगवान श्रीराम का भी विशेष नाता है। देवप्रयाग में भगवान श्रीराम को समर्पित रघुनाथ मंदिर और बागेश्वर जनपद में निर्मल बहती सरयू नदी है। मां सरयू का उद्गम स्थल उत्तराखंड में है और सरयू किनारे ही अयोध्या धाम में श्रीराम विराजमान हैं।

राजधानी में शनिवार को आयोजित राम राज्य शोभायात्रा कार्यक्रम में सीएम ने कहा कि, हमने अयोध्या में उत्तराखंड सदन बनाने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार से अयोध्या धाम के पास जमीन देने का आग्रह किया था और जमीन उत्तराखंड सरकार को आवंटित हो गई है। करीब तीन एकड़ भूमि पर उत्तराखंडवासियों के लिए भव्य उत्तराखंड सदन बनेगा। कहा कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राम मंदिर बनाने का मार्ग प्रशस्त हुआ है।

राम राज्य शोभायात्रा कार्यक्रम में प्रतिभाग करते सीएम पुष्कर सिंह धामी।

उत्तराखंड पर राम की कृपा: सीएम ने कहा कि प्रभु श्रीराम की कृपा से ही उत्तराखंड निरंतर बढ़ रहा है। 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के हम तब साक्षी बनने जा रहे हैं, जब भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना, कश्मीर से धारा 370 समाप्त की गई, देश में जी-20 का सफल आयोजन हुआ, जिसे पूरी दुनिया ने देखा। कहा कि, रामकाज में उत्तराखंडी हमेशा आगे रहते हैं। हर उत्तराखंडवासी प्राण प्रतिष्ठा उत्सव धूमधाम से मना रहा है। सभी राम भक्तों का 500 से अधिक वर्ष का इंतजार खत्म होकर भव्य राम मंदिर बनने का सपना पूरा हो रहा है। हजारों साधु संतों, राम भक्तों, सनातन प्रेमियों के बलिदान के बाद इस पुण्य दिन के हम सब साक्षी बनेंगे।

नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 20 साल का कारावास

रुद्रपुर, अमृत विचार: वर्ष 2021 में नाबालिग के साथ दुष्कर्म के दोषी को विशेष न्यायाधीश पॉस्को की अदालत ने बीस साल का कठोर कारावास की सजा सुनाई है। इस दौरान एडीजीसी ने अदालत सामने छह गवाह पेश किए। दोनो पक्षों की जिरह सुनने के बाद अदालत ने अपना फैसला सुनाया। एडीजीसी उमेश कुमार गुप्ता ने बताया कि शक्तिफोर्म सितारगंज निवासी एक व्यक्ति ने तहरीर देकर बताया 16 जून 2021 को उसकी आठ साल की पुत्री परचून की दुकान में सामान लेने गई हुई थी।

गणतंत्र दिवस के दिन सपा पदाधिकारी गांवों में करेंगे बैठक

लखनऊ, अमृत विचार : सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर सपा का पूरा संगठन गांव स्तर पर बैठकें करेगा। इस दिन सभी लोग बैठकर संविधान पर चर्चा करेंगे और जिनके त्याग-बलिदान के फलस्वरूप देश को आजादी मिली उनका स्मरण करेंगे।

पार्टी मुख्यालय में सपा प्रमुख शनिवार को पूर्व विधायकों, सांसदों, प्रत्याशियों की बैठक के बाद पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 23 जनवरी को मतदाता सूची का प्रकाशन होगा। जिन सपा समर्थक मतदाताओं के नाम जान बूझकर काटे गए हैं या छूट गए हैं उनको पुनः मतदाता सूची में जुड़वाने का काम पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता करेंगे। अखिलेश यादव ने कहा कि 2019 के लोकसभा चुनाव में जिनके वोटर लिस्ट में नाम थे और उन्होंने वोट भी दिया था। उनमें से बड़ी संख्या में 2022 के विधानसभा चुनाव में नाम गायब मिले थे।

बुलंदशहर और मेरठ के लिए कई बड़ी परियोजनाओं की शुरुआत करेंगे मोदी

25 को प्रधानमंत्री आएंगे बुलंदशहर, जनसभा को भी करेंगे संबोधित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 जनवरी को बुलंदशहर व मेरठ मंडल के लिए कई बड़ी परियोजनाओं की शुरुआत करेंगे। साथ ही, बुलंदशहर में जनसभा को संबोधित करेंगे। इस मौके पर कल्याण सिंह मेडिकल कॉलेज का लोकार्पण होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को बुलंदशहर पहुंचकर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की और तैयारियों को लेकर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

प्रधानमंत्री के प्रस्तावित बुलंदशहर दौरे को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं। शनिवार को मुख्यमंत्री ने यहां पुलिस शूटिंग रेंज ग्राउंड स्थित पीएम के कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने प्रस्तावित जनसभा स्थल पर की जा रही

शनिवार को बुलंदशहर में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते मुख्यमंत्री योगी।

▸▸ कल्याण सिंह मेडिकल कॉलेज का होगा लोकार्पण

तैयारियों के लिए जनप्रतिनिधियों, संगठन कार्यकर्ताओं व अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते हुए कहा कि जनसभा में प्रतिभाग करने वाली जनता को किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। इसके लिए गुणवत्तापूर्ण व्यवस्था की जाय। बैठक में उपस्थित मंडल के अधिकारियों से कहा कि निर्माण कार्यों को शीघ्र पूरा कराया जाय।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के बाद 25 जनवरी को प्रधानमंत्री एक बार फिर प्रदेश में होंगे। उन्होंने बताया कि लोकार्पित होने वाली परियोजनाओं में बाबूजी कल्याण सिंह के नाम पर मेडिकल कॉलेज, डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के एक सेक्शन का लोकार्पण, अलीगढ़ से कन्नौज के बीच फोरलेन हाइवे सहित विभिन्न प्रोजेक्ट्स शामिल हैं। इसके साथ ही प्रधानमंत्री यहां कार्यकर्ताओं के साथ संवाद भी करेंगे।

मुख्यमंत्री ने की श्रमिकों के बच्चों से संवाद

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर कार्य करने वाले निर्माण श्रमिकों के बच्चों से मुलाकात कर उनसे संवाद किया और एक बच्चे से दो का पहाड़ा भी सुना। उन्होंने बच्चे को टाफी देकर उसका हौंसला भी बढ़ाया। इस दौरान केंद्रीय राज्यमंत्री जनरल वीके सिंह के अलावा स्थानीय जनप्रतिनिधि और प्रदेश के प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद मौजूद रहे।

तीन वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों को केंद्रीय नियुक्ति मिली

लखनऊ, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश के 2007 बैच के कमिश्नर रैंक के तीन वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों को केंद्रीय नियुक्ति के लिए हरी झंडी मिल गई है। भविष्य में इन आईएएस अधिकारियों को विभाग की पोस्टिंग भी दे दी जाएगी। इससे पहले केंद्रीय प्रतिनियुक्ति में अच्छा प्रदर्शन कर चुके वर्तमान मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने केंद्र सरकार में सचिव नगर विकास और आवास विभाग रहते हुए केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण परियोजनाओं को अमली जामा पहनाया था। केन्द्र जा रहे नए अधिकारियों से भी उम्मीद है कि वह उत्तर प्रदेश की छवि को ब्यूरोक्रेसी में और अधिक सुधार देंगे। दरअसल, 2007 बैच के आईएएस अधिकारी और वर्तमान में गन्ना आयुक्त प्रभु एन सिंह ने कोरोना के समय आगरा का जिलाधिकारी रहते हुए शानदार काम किया था। झांसी के मंडलायुक्त डॉ. आदर्श सिंह और पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम की एमडी चैत्रा वी को केंद्र की प्रतिनियुक्ति में भेजा जा रहा है।

सार-संक्षेप

औपचारिकताएं पूरी करने मात्र से मान्यता प्राप्त नहीं होती

विधि संवाददाता, प्रयागराज : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मान्यता संबंधी एक मामले में कहा कि केवल मान्यता के लिए औपचारिकताएं पूरी करना ही यह मानने के लिए पर्याप्त नहीं होगा कि संस्थान को मान्यता प्राप्त है। मान्यता की प्रक्रिया के लिए कुछ औपचारिकताओं की आवश्यकता होती है, जैसे संस्थान का निरीक्षण आदि। उनकी पूर्ति हो जाने मात्र से संस्थान यह दावा नहीं कर सकता है कि उसे मान्यता प्राप्त हो चुकी है। मौजूदा मामले में किसी भी ऐसे दस्तावेज को रिकॉर्ड पर नहीं रखा गया है, जिससे यह सिद्ध हो कि संदर्भित संस्थान को कानून के प्रावधानों के तहत मान्यता दी गई है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी की एकलपीठ ने रविंद्र प्रताप यादव और छह अन्य की याचिका को खारिज करते हुए पारित किया है। मालूम हो कि पत्राचार बीटीसी पाठ्यक्रम एक मान्यता प्राप्त और नियमित संस्थान से होना चाहिए, जबकि वर्तमान मामले में याचियों ने राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद अधिनियम, 1993 की धारा 14(1) के तहत संचालित महर्षि भारद्वाज अखिल भारतीय राष्ट्रभाषा विज्ञान शिक्षा संस्थान, शाहजहाँपुर से शिक्षा विज्ञान भूषण का पत्राचार पाठ्यक्रम उत्तीर्ण किया है, जो मान्यता प्राप्त संस्थान नहीं है और रिकॉर्ड पर ऐसी कोई सामग्री भी नहीं लाई गई, जिससे यह सिद्ध होता हो कि शिक्षा विज्ञान भूषण की डिग्री "बीटीसी" डिग्री के बराबर है, इसलिए उक्त गैर-मान्यता प्राप्त संस्थान से याची की पत्राचार पाठ्यक्रम के माध्यम से शिक्षा विज्ञान भूषण की डिग्री को बीटीसी पाठ्यक्रम के रूप में मान्यता देने की अनुमति नहीं दी जा सकती है।

22 के बाद दर्शन करने का अनुरोध करें: डीजीपी

लखनऊ, अमृत विचार : पुलिस महानिदेशक विजय कुमार ने पुलिस अफसरों ने कहा है कि अयोध्या में पहले से बड़ी संख्या में दर्शनार्थी धार्मिक स्थल, आश्रम और धर्मशालाओं में ठहरे हुए हैं। ऐसे में उनके प्रबंधक से अनुरोध कर लें कि सभी लोग एक साथ दर्शन को न जाएं। उन्हें 22 के बाद क्रमवार दर्शन कराया जाए। वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम सुरक्षा इंतजाम को लेकर दिए दिशा-निर्देश डीजीपी ने कहा है कि भारत-नेपाल सीमा, राज्य सीमा, अयोध्या और सीमावर्ती जनपदों की सीमाओं पर कड़ी जांच-पड़ताल की जाए, लेकिन इस दौरान आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ती वाले वाहनों को न रोकें। उन्होंने अयोध्या धाम में आने वाले वीआईपी और श्रद्धालुओं के लिए पर्याप्त पार्किंग और यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया है। इस मौके पर डीजी कानून-व्यवस्था, एडीजी रेलवे, एडीजी क्राइम और अन्य पुलिस अफसर मौजूद थे।

भड़काऊ बयान को लेकर एडवाइजरी जारी

लखनऊ, अमृत विचार : अयोध्या में 22 जनवरी को होने जा रहे प्राण प्रतिष्ठा समारोह पर असत्यापित, भड़काऊ और फर्जी संदेशों के प्रसार को रोकने के लिए केंद्र सरकार ने शनिवार को एडवाइजरी जारी की। केंद्र सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने समाचार पत्रों, टीवी चैनलों, डिजिटल समाचार प्रकाशकों और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को सलाह दी है कि ऐसी किसी भी सामग्री को प्रकाशित या प्रसारित करने से बचें जो झूठी हो या जिसमें हेरफेर किया जा सकता हो या सांप्रदायिक सद्भाव या सार्वजनिक व्यवस्था को बिगाड़ने की क्षमता रखती है।

अब्दुल गफ्फार खान की पुण्यतिथि मनाई गई

लखनऊ, अमृत विचार : प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में शनिवार को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी खान अब्दुल गफ्फार खान की पुण्यतिथि मनाई गई। इस मौके पर कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभारी प्रशासन दिनेश कुमार सिंह ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष ने कहा कि अब्दुल गफ्फार खान एक राजनीतिक और आध्यात्मिक नेता थे जो अपने अहिंसक विरोध और आजीवन शांतिवाद के लिए जाने जाते थे। वह उपमहाद्वीप में हिंदू-मुस्लिम एकता के समर्थक थे। उनकी समान विचारधाराओं और महात्मा गांधी के साथ घनिष्ठ मित्रता के कारण अब्दुल गफ्फार खान को सरहदी गांधी ''फ्रंटियर टियर गांधी'' उपनाम दिया गया था। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में प्रमुख रूप से प्रभाकर मिश्रा. अनस रहमान. विजय पांडेय आदि नेता शामिल रहे।

अखिलेश ने नहीं किया कांग्रेस को सीटें देने का खुलासा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ।

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव से पहले विपक्ष के इंडिया गठबंधन में आम सहमति की राह आसान होती नजर आ रही है। सपा और रालोद के बीच सीटों पर हुए समझौते के साथ उत्तर प्रदेश से इसकी शुरुआत हो गई है। हालांकि, इंडिया गठबंधन की दूसरी सहयोगी पार्टी कांग्रेस और सपा में सीट बंटवारे का पेच अभी भी फंसा है। इस पर शनिवार को सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि सवाल सीट का नहीं है सवाल जीत का है, जीत के आधार पर हम सब मिलकर निर्णय लेंगे।

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित एक पत्रकार वार्ता में कहा कि हमारी और आरएलडी के जयंत चौधरी से बात अच्छी हुई है। हम दोनों ने मिलकर 7 सीटों पर चर्चा की है। वहीं कांग्रेस पर उठे एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि कांग्रेस के साथ भी गठबंधन की बात हो रही है। कई बैठके दिल्ली में हो चुकी हैं, बहुत जल्द और बैठक होगी और उसका भी रास्ता निकाल लिया जाएगा।

नई वोटर लिस्ट देख कर करेंगे अपील

अखिलेश ने कहा कि मुझे एक सूची मिली थी, जो प्रमाण है कि जिनके 2019 में वोटर लिस्ट में नाम थे और वोट भी डाला था 2022 में ऐसे 18 हजार वोट डिलीट कर दिए गए थे। इसको लेकर एफिडेविट देकर चुनाव आयोग से शिकायत की गई थी। अखिलेश ने आगे कहा कि 23 को जब नई वोटर लिस्ट आ जाएगी तो हमारी अपील है संगठन के सभी लोग, सभी वरिष्ठ नेता मिलकर उस वोटर लिस्ट में सपा के वोटर जो छूट गए या काटे गए उन सबको शामिल करेंगे।

अपना दल एस के जिला उपाध्यक्ष ने खुद को मारी गोली, मौत

अयोध्या, अमृत विचार : बीमारी से परेशान नगर पंचायत कुमारगंज निवासी अपना दल (एस) पार्टी के जिला उपाध्यक्ष ने अपने ही घर में खुद को गोली मार ली। परिजनों ने तत्काल उनको सौ शैय्या अस्पताल कुमारगंज पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने उनको मृत घोषित कर दिया। पुलिस मामले की जाँच-पड़ताल में जुटी है। बताया गया कि कुमारगंज थाना क्षेत्र के वार्ड संख्या 7 निवासी जिला उपाध्यक्ष 40 वर्षीय वर्षीय रवि शंकर मिश्र उर्फ पिंटू पुत्र राम प्रकाश मिश्र सुबह किसी काम से घर से बाहर गए थे, दोपहर बाद लगभग 3 बजे घर वापस लौटे और किसी से कोई बातचीत नहीं की तथा अपने कमरे में चले गए और खुद को गोली मार ली। फायरिंग की आवाज के परिजनों को मामले की जानकारी हुई तो उनको अस्पताल भेजवाया गया। वह लंबे समय से पेट की बीमारी से पीड़ित थे।

चुनावी स्वार्थ के लिए हो रहा है धर्म का राजनीतिकरण : मायावती

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ उप्र व उत्तराखंड पदाधिकारियों के साथ बैठक में लोकसभा चुनावों में जुटने के दिए निर्देश

अमृत विचार : बसपा प्रमुख मायावती ने कहा कि राजनीति के अपराधीकरण की तरह वर्तमान में चुनावी स्वार्थ के लिए धर्म का राजनीतिकरण हो रहा है, जिससे देश व जनहित प्रभावित हो रहा है। दूसरी तरफ सरकारों द्वारा अपार धन खर्च कर मीडिया में जनकल्याण के बड़े-बड़े जो दावे किए जा रहे हैं, वे जमीनी हकीकत से बहुत दूर हैं। इसलिए देश निर्माण में बसपा की विशेष जिम्मेदारी है।

मायावती शनिवार को पार्टी कार्यालय में उप्र. व उत्तराखंड के वरिष्ठ पदाधिकारियों व जिला अध्यक्षों की बैठक को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने निर्देशों के अनुपालन में संगठन द्वारा की जा रही लोकसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा भी की और पदाधिकारियों से कहा कि बदलते चुनावी हालात व राजनीतिक समीकरणों को देखते हुए चुनाव की तैयारी करें। पुनः स्पष्ट किया कि पार्टी अकेले चुनाव लड़ेगी, क्योंकि बार-बार धोखा खाना होशियारी नहीं है।

बसपा प्रमुख ने कहा कि देश में जबदस्त महंगाई, गरीबी और बेरोजगारी आदि से दुखी व पीड़ित देश के लगभग 81 करोड़ से अधिक लोग जीने के लिए सरकारी अन्न के मोहताज हैं, इस पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि चुनाव में बेहतर परिणाम और जनहित की मजबूत सरकार बनाने के लिए पार्टी को पूरी गंभीरता के साथ अच्छे व मजबूत उम्मीदवारों को चुनने की जिम्मेदारी है। मायावती ने कहा कि अगर सरकारें संवैधानिक धर्म निभाने के बजाय अपने-अपने वोट बैंक की चिंता में डूबी रहेंगी तो देशहित कैसे संभव है। आंकड़ों से स्पष्ट है कि देश में पूंजीपतियों की पूंजी लगातार बढ़ रही है, किंतु न तो राष्ट्रीय संपत्ति का विकास हो रहा है और न ही जनता खुश व खुशहाल हो पा रही है। ऐसे में बसपा ही ऐसी ही पार्टी है, जो संवैधानिक आदर्शों व मूल्यों के आधार पर चलने वाली धर्मनिरपेक्ष पार्टी है।

अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर रूट डायवर्जन तैयार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : आज से 23 जनवरी तक कानपुर, सीतापुर और हरदोई रोड की ओर जाना है तो वैकल्पिक मार्गों का चयन करें। अयोध्या में श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर यातायात व्यवस्था में व्यापक फेरबदल किया गया है। डीसीपी ट्रैफिक हृदयेश कुमार ने बताया शहर के कई प्रमुख मार्गों पर आवाजाही करने वाले छोटे-बड़े वाहन चालकों की सुविधा के लिए खाका खींचा गया है। यातायात डायवर्जन का रूट चार्ट तैयार कर लिया गया है। लोगों को किसी भी तरह की अव्यवस्था न होने पाए इसके लिए एक कंट्रोल रूम बनाया गया है।

बना कंट्रोल रूम : यातायात संबंधित समस्या होने पर ट्रैफिक कंट्रोल रूम नंबर 9454405155 पर संपर्क कर मदद ले सकते हैं।

▸▸ 23 तक कानपुर, सीतापुर, हरदोई जाना है तो वैकल्पिक मार्गों का करें चयन

सीतापुर रोड से आने वाले भारी वाहन : ▸▸ सीतापुर की तरफ से गोंडा, मनिकापुर, बस्ती की तरफ जाने वाली रोडवेज व निजी बसें, बड़े और भारी वाहन सीतापुर, इंटौंजा, कुमरावां, कुर्सी, देवा, बाराबंकी, रामनगर, करनैलगंज होते हुए जा सकेंगे।

▸▸ सीतापुर रोड की तरफ से आने वाली बसें, बड़े और भारी वाहन बाराबंकी से होकर अयोध्या नहीं जा सकेंगे। इन वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग भिठौली तिराहा, इंजीनियरिंग कालेज चौराहा, टेढ़ी पुलिया चौराहा, कुर्सी रोड वाया बेहटा चौराहा, किसान पथ होकर सुलतान पुर रोड से पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे निर्धारित किया गया है।

कानपुर रोड से आने वाले भारी वाहनों के लिए यह बदलाव

▸▸ कानपुर से अंबेडकरनगर, बस्ती, संत कबीर नगर जाने वाली रोडवेज और निजी बसें, बड़े और भारी वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग कानपुर, फतेहपुर, लालगंज, बछरांवा, हैदरगढ़, पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे निर्धारित किया गया है।

▸▸ कानपुर से अंबेडकरनगर, बस्ती, संत कबीर नगर जाने वाली रोडवेज और प्राइवेट बसें, बड़े व भारी वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग कानपुर, उन्नाव (ललऊ खेड़ा), हैदरगढ़, पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे निर्धारित किया गया है।

▸▸ कानपुर की तरफ से आने वाली सभी बसें, बड़े और भारी वाहन बाराबंकी होकर अयोध्या नहीं जा सकेंगे। इन वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग जुनाब गंज मोड़, मोहनलाल गंज कस्बा तिराहा से दाहिने बछरावां होकर हैदर गढ़ से पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे तय किया गया है।

आगरा एक्सप्रेस-वे पर यह किया बदलाव

▸▸ आगरा एक्सप्रेस वे से अम्बेडकरनगर, बस्ती, संत कबीर नगर जाने वाली बसें, बड़े व भारी वाहन आगरा एक्सप्रेस-वे से उतरकर मोहान रोड होकर मोहान, कटीबगिया, जुनाब गंज तिराहा से बांए मोहनलाल गंज कस्बा चौराहा से दाहिने बछरावां, हैदरगढ़, पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से आवाजाही करेंगे।

हरदोई रोड पर आवागमन में यह बदलाव

▸▸ हरदोई से बस्ती, संत कबीर नगर जाने वाली सभी बसें, बड़े और भारी वाहन हरदोई से मलिहाबाद, इंटौंजा, कुमरावां, कुर्सी, देवा, बाराबंकी, रामनगर, करनैलगंज होकर आवाजाही करेंगे।

▸▸ हरदोई से बस्ती, संत कबीर नगर जाने वाली सभी बसें, बड़े व भारी वाहन हरदोई से दुबग्गा तिराहा, भिठौली तिराहा, इंजीनियरिंग कॉलेज चौराहा, टेढ़ी पुलिया चौराहा, गुड़म्बा, कुर्सी रोड होकर बेहटा चौराहा अंडरपास, किसान पथ, सुलतान पुर रोड से पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से निकलेंगे।

वर्ग पहेली-319

बाएं से दाएं

4.1. रमणीय, सुंदर, मनोहर 2. मोहक, प्रिय 3. सुखद, रुचिकर।

6.1. शरीर या मन की स्थिति, मिज़ाज 2. चित्त, मन, जी, हृदय 3. स्वास्थ्य, सेहत 4. मनोवृत्ति, भावना, करवाचौथ

8.1. रहने की क्रिया, भाव या ढंग 2. सुख एवं शांतिपूर्वक रहने की अवस्था या भाव 3. आराम, सुख, चैन।

ऊपर से नीचे

1.1. एक फली जो सब्ज़ी या अचार बनाने के काम आती है, लोबिया 2. अजगर।

2.1. जो वंचित किया गया हो, अलग किया गया, रहित 2. छला गया, ठगा गया।

3. नामवाला, ख्यातिप्राप्त, सुप्रसिद्ध, नामवर।

5. विश्वास, भरोसा।

7.1. किसी को छल से किसी मंडली



वर्ग पहेली - 318 का हल

	1 ज		2 दु	कू	ल
	मो		वि		
3 यु	ग	वि	धा	यी	
			ही		
	4 ल	ख	न	5 वी	
	ड़			थी	
6 वि	ना	य	क		

सुडोकू -36

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	8			7		4		1
3				6	5	7		
	7		4				8	
6			7		3			8
	1						9	
5			1		8			2
	9				4		7	
		3	2	8				4
8		4		1			3	

सुडोकू - 35 का हल

5	9	1	3	2	7	4	8	6
7	8	3	4	6	1	9	5	2
6	2	4	5	8	9	3	7	1
1	3	8	2	4	6	5	9	7
2	5	7	9	1	3	8	6	4
4	6	9	8	7	5	2	1	3
8	1	5	6	3	4	7	2	9
3	7	2	1	9	8	6	4	5
9	4	6	7	5	2	1	3	8

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 21 जनवरी, रविवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-पौष, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-एकादशी 19.26 तक तत्पश्चात द्वादशी।

आज का पंचांग



त्योहार/व्रत/दिवस-एकादशी व्रत। मुहूर्त-अभिजित-11.56-12.39 तक। दुर्मुहूर्त अशुद्ध-16.13-16.56 तक।
दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-शिशिर।
चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-रोहिणी 22 जनवरी 03.52 तक तत्पश्चात मृगशिरा।

मेष — आज व्यापार में नए लोगों से थोड़ा संभल कर सौदे करें। यदि कोई स्वास्थ्य समस्या है तो चिकित्सक से परामर्श ले लें। बेरोजगार लोगों को जॉब मिल सकती है। अपने काम से संतुष्ट नहीं रहेंगे। मित्रों पर ज्यादा विश्वास न करें।

वृष — आज कमीशन आदि से धन लाभ मिलने की संभावना बन रही है। अचल संपत्ति के झगड़ों का निवारण होगा। कलात्मक विधाओं में आपकी रुचि बढ़ेगी। प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिलेगी। बड़ा काम करने का विचार बनेगा।

मिथुन — आज गुप्त शत्रु आपको नुकसान पहुंचाने का प्रयास करेंगे। दिखावे अथवा आडंबर से आपकी छवि खराब हो सकती है। कुछ महत्वपूर्ण कार्य अटक सकते हैं। यात्राओं के दौरान सावधानी रखें। बुरे लोगों की संगत के कारण धन हानि हो सकती है।

कर्क — आज व्यापार में आपकी आय बढ़ने के योग बन रहे हैं। मित्रों के साथ किसी महत्वपूर्ण कार्य की चर्चा कर सकते हैं। नया काम शुरू करने के लिए दिन बेहद अनुकूल है। आप अपने शौक़ों को पूरा करने में लगे रहेंगे। संतान के आज्ञाकारी व्यवहार से प्रसन्नता होगी।

सिंह — आज पुराने कर्जों से छुटकारा मिल सकता है। आपकी कार्यक्षमता में बढ़ोतरी होगी। अटके हुए कार्यों को आप दोबारा शुरू कर सकते हैं। कारोबार में तरक्की होगी। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है। आपकी प्रबंधन क्षमता की प्रशंसा होगी।

कन्या — आज प्राइवेट जॉब कर रहे लोग नई जॉब के लिए इंटरव्यू दे सकते हैं। परिवार के सदस्यों का ध्यान रखें। भावनात्मक रूप से थोड़े कमजोर रहेंगे। आप अपने काम से बोरियत महसूस करेंगे। व्यापार में दोगुने की वृद्धि होगी।

तुला — आज जल्दबाजी में कोई निर्णय न लें। मानसिक तनाव से बचने के लिए योग करें। सोच-विचार में ज्यादा समय बर्बाद न करें। आपके कार्यों की लोग सराहना करेंगे। व्यवसाय को लेकर परेशानी हो सकती है।

वृश्चिक — आज समय आपके लिए काफी अनुकूल रहेगा। जीवनसाथी का सहयोग एवं सानिध्य मिलेगा। जॉब में आपको पुरस्कार मिल सकता है। नव विवाहित लोग कहीं घूमने जा सकते हैं। मन में नए विचार उत्पन्न होंगे। लोग आपसे काफी अपेक्षा रहेंगे।

धनु — आज भविष्य को लेकर योजना बनाएंगे। आपके सामाजिक यश में वृद्धि होगी। मेहनत का उत्तम लाभ मिलेगा। सिर में थोड़ा भारीपन हो सकता है। दांपत्य संबंधों में मधुरता रहेगी। विदेश में करियर को लेकर उत्तम अवसर प्राप्त हो सकते हैं।

मकर — आज का दिन आपके लिए काफी विशेष रहेगा। आयात-निर्यात से बड़ा धन लाभ हो सकता है। दूसरों के सामने अपने हितों को अनदेखा न करें। युवा प्रेमियों को कुछ सरप्राइज प्राप्त होगा। व्यापार में कुछ तकनीकी समस्या हो सकती है।

कुंभ — आज रियल एस्टेट से जुड़े लोगों किसी भी सौदे से पहले पूरी जांच-परख कर लें। यात्रा के दौरान थकान हो सकती है। सुनी-सुनाई बातों पर ज्यादा ध्यान न दें। अनावश्यक कार्यों को ज्यादा समय देने के कारण आवश्यक कार्य छूट सकते हैं।

मीन — आज दिन के उत्तरार्ध भाग में रुका हुआ सरकारी काम बन सकता है। परिस्थितियां आपके लिए काफी अनुकूल हैं। घर में मांगलिक कार्यक्रम हो सकते हैं। अपनी प्रतिभा से लोगों को प्रभावित कर सकते हैं।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
फतेह सुबह : 11.00
सपूत रात : 07.00

SONY MAX
पीके सुबह : 10.19
कबीर सिंह रात : 10.12

SONY PIX
एनाकोंडास सुबह : 10.17
मॉन्स्टर हंटर रात : 09.00

ZEE CINEMA
ए फ्लाइंग जट सुबह : 10.30
चुप रात : 07.30

colors CINEPLEX
जब वी मेट सुबह : 09.22
देवदास रात : 09.32

आज की सुपरहिट फिल्म

सोनी मैक्स पर रात-10.12 बजे

जोक्स ऑफ द डे

छोरी- तू वाट्सऐप पर है क्या?
छोरी- नहीं मैं तो मेरे घर हूं।
छोरी- मेरा मतलब है, वाट्सऐप यूज करती है क्या?
छोरी- नहीं मैं तो गोरी होने के लिए क्रीम यूज करती हूं।
छोरी- मेरी मां वाट्सऐप चलाना आता है क्या?
छोरी- तू चला लेना मैं पीछे बैठ जाऊंगी।

पत्नी-मैं रोज पूजा करती हूं, काश एक दिन भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन हो जाए।
पति- एक बार मीराबाई बनकर जहर पी ले, फिर देख श्रीकृष्ण तो क्या तूझे सारे भगवान नजर आ जाएंगे।

बाजार	सेंसेक्स ↓	निफ्टी ↓
बंद हुआ	71,423.65	21,571.80
नुकसान	259.58	50.60
प्रतिशत में	0.36	0.23

अमृत विचार
www.amritvichar.com
बरेली, रविवार, 21 जनवरी 2024

मैथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक -1000, फ्लैग-1200, डीएमओ -9000, बोल्ड-1700

बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन-तुलसी 1880, राज श्री 1410, फ़ॉर्चून कि. 1750, रविन्द्रा 1790, फॉर्चुन ली0 1610, जय जवान 1450, सचिन 1435, सूरज 1475, अवसर 1485, राग गोल्ड 1515, गृहणी 1390, क्लासिक (किलो) 1655, मोर 1595, चक्र टिन 1695, ब्लू 1510, आशीर्वाद मस्टर्ड 1695, स्वास्तिक 1850। किराना- (प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 13500, जीरा 43000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-10000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 15000-20000, सोंठ 35800, (प्रतिकि0) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 600-800। चावल - (प्रति कु0) डबल चाबी सेला 10500, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, के पी मंसूरी 4400, महबूब सेला 4750, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7450, हरी पत्ती (1किलो,5किलो) 10800, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 8000, मंसूरी पनघट 4350, खजाना 4350। दाल दलहन -मूंग दाल इंदौर 10500, मूंग धोवा काला क्राउन 10500, राजमा चित्रा 12500-14100, राजमा भूटान नया 9900, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 6950-7700, मलका छोंटी 7400, दाल उड़द बिलासपुर 9650-10400, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल) उड़द दिल्ली 11800, उड़द साबुत दिल्ली 11600, उड़द धोवा इंदौर 13400, उड़द धोवा 11000-11700, दाल चना 6800, लाल हिंदुस्तान 6900, मलका विदेशी 7100, रूपकिशोर बेसन 7900, चना अकोला 8000, डबरा 9000-13800, सच्चा हीरा 14400, मोटा हीरा 16100, अरहर गोला मोटा 10900, अरहर पटका मोटा 11400, अरहर कोरा मोटा 11600, अरहर पटका छोटा 13600-14000, अरहर कोरी छोटी 15200। चीनी - डालमियां 4070, पीलीभीत 4030, नवाबगंज 4010 (नयी), बहेड़ी 4030।

यूनियन बैंक का लाभ दिसंबर तिमाही में 60 प्रतिशत बढ़ा

कोटक महिंद्रा, जेएंडके और आईसीआईसीआई बैंकों को भी फायदा

नई दिल्ली, एजेंसी

सार्वजनिक क्षेत्र के यूनियन बैंक ऑफ इंडिया का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर, 2023) में 60 प्रतिशत उछाल के साथ 3,590 करोड़ रुपये हो गया। बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में बैंक का शुद्ध लाभ 2,249 करोड़ रुपये रहा था। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (यूबीआई) ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उसकी कुल आमदनी समीक्षाधीन तिमाही में 29,137 करोड़ रुपये रही, जो बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में 24,154 करोड़ रुपये थी। बैंक

ने बताया की आलोच्य तिमाही में उसकी ब्याज आय 25,363 करोड़ रुपये रही, जो बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में 20,883 करोड़ रुपये थी।

वहीं निजी क्षेत्र के कोटक महिंद्रा बैंक ने दिसंबर 2023 में समाप्त तिमाही में 3005 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 2792 करोड़ रुपये की तुलना में 8 प्रतिशत अधिक है।

आईसीआईसीआई बैंक का मुनाफा 23.5 प्रतिशत

मुंबई। निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंक आईसीआईसीआई बैंक ने चालू वित्तीय वर्ष में अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 10272 करोड़ रुपये का एकल शुद्ध लाभ कमाया है जो पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही के 8312 करोड़ रुपये की तुलना में 23.5 प्रतिशत अधिक है। बैंक ने आज यहां जारी वित्तीय लेखा जोखा में कहा कि शुद्ध ब्याज आय (एनआईआई) दिसंबर तिमाही में 13.4 प्रतिशत बढ़कर 18,678 करोड़ रुपए हो गई, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 16,465 करोड़ रुपये थी।

गृह ऋण पर मूलधन ब्याज पर कर छूट सीमा बढ़ाए सरकार

नई दिल्ली। रियल एस्टेट नियामक क्रेडाई ने आवासीय संपत्तियों की मांग को बढ़ावा देने के लिए बजट से पहले सरकार से आवास ऋण पर मूल राशि के साथ-साथ ब्याज भुगतान पर कर छूट सीमा बढ़ाने का आग्रह किया है। कंफेडरेशन ऑफ रियल एस्टेट डेवलपर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (क्रेडाई) ने किफायती आवास की परिभाषा में बदलाव करने की भी मांग की है। क्रेडाई ने आवास ऋण के मूलधन के पुनर्भुगतान के लिए धारा 80 सी के तहत कटौती की मौजूदा सीमा 1.5 लाख रुपये से बढ़ाने की मांग की है। वैकल्पिक रूप से यह सुझाव दिया गया कि आवास ऋण के मूल पुनर्भुगतान के लिए कटौती को एक अलग या एकल छूट के लिए माना जाना चाहिए। इसके अलावा, क्रेडाई ने कहा कि किफायती आवास की परिभाषा 2017 में दी गई थी।

ईपीएफओ ने नवंबर में 13.95 लाख सदस्य जोड़े

नई दिल्ली, एजेंसी

सेवानिवृत्ति कोष का प्रबंधन करने वाले निकाय ईपीएफओ ने शनिवार को ताजा पेरोल आंकड़े जारी कर बताया कि उनसे नवंबर 2023 में शुद्ध रूप से 13.95 लाख सदस्य जोड़े। श्रम मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि बीते वित्त वर्ष के मुकाबले चालू वित्त वर्ष में सदस्यों की कुल शुद्ध वृद्धि अधिक बनी हुई है।

ईपीएफओ (कर्मचारी भविष्य निधि संगठन) के अनंतिम पेरोल आंकड़ों के मुताबिक निकाय ने नवंबर में शुद्ध रूप से 13.95 लाख सदस्य जोड़े। आंकड़ों से पता चलता है कि समीक्षाधीन महीने के दौरान लगभग 7.36 लाख नए सदस्य नामांकित हुए। इस दौरान जोड़े गए कुल नए सदस्यों में 18-25 आयु वर्ग ही

» सबसे अधिक सदस्य महाराष्ट्र तमिलनाडु, कर्नाटक, हरियाणा और दिल्ली से हुए शामिल

हिस्सेदारी 57.30 प्रतिशत है।

इससे पता चलता है कि देश के संगठित क्षेत्र के कार्यबल में शामिल होने वाले अधिकांश सदस्य युवा हैं। आंकड़ों के मुताबिक समीक्षाधीन महीने में ईपीएफओ की योजनाओं से बाहर चले गए लगभग 10.67 लाख सदस्य वापस आ गए। सबसे अधिक सदस्य महाराष्ट्र, तमिलनाडु, कर्नाटक, हरियाणा और दिल्ली से शामिल हुए।

अमेरिका और चीन के अधिकारियों में वित्तीय मुद्दों पर बैठक

बैंकॉक। अमेरिका और चीन के बीच वित्तीय मुद्दों पर सहयोग के लिए स्थापित एक कार्य समूह की तीसरी बैठक संपन्न हो गई। दोनों देशों ने तनाव कम करने के लिए पिछले साल नवंबर में इस कार्य समूह का गठन किया था। अमेरिकी वित्त विभाग के अधिकारियों ने वित्तीय स्थिरता से लेकर धन शोधन से निपटने जैसे मुद्दों पर चर्चा करने के लिए पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना के समकक्षों से मुलाकात की। वित्त विभाग ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि प्रतिनिधिमंडल ने चीन के उप प्रधानमंत्री हे लिफेंग से भी मुलाकात की। कार्य समूह ने यह भी संकेत दिया कि अमेरिकी वित्त मंत्री जेनेट येलेन भविष्य में किसी समय चीन की यात्रा करेंगी।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	73100
सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल	82500
सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल	87500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	64000
सोना गिन्नी (प्रति नग)	47700-47900
लखनऊ	
सोना स्टैंडर्ड	63,900
सोना रवा	63,750
सोना गिन्नी (प्रति नग)	42,500
चांदी तैयार	73,300
चांदी (999)	73,200
चांदी सिक्के (100 नग)	80,000
बरेली	
गोल्ड (पक्के जेवर)	63600
गोल्ड (गिन्नी जेवर)	62600
सिल्वर (पक्की)	725 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	63,850
चांदी आभूषण	73,200

मुरादाबाद मंडी

दालों का भाव : दाल चना : 75 से 76 रुपये मसूर : 88 से 90 रुपये मलका : 82 से 85 रुपये अरहर :118 से 125 रुपये उड़द : 95 से 101 रुपये धोआ उड़द :110 से 120 रुपये मूंग धोआ :104 -106 रुपये मूंग छिलका : 102 रुपये मूंग साबुत :100 रुपये चना देसी : 80 रुपये चना कावली : 145 से 160 रुपये राजमा लाल : 155 रुपये राजमा चित्ता : 145 रुपये लोबिया लाल 94 रुपये लोबिया सफेद 98 रुपये।

कानपुर मंडी

अनाज (प्रति क्वि.)

लोकल	मिल डिलीवरी
गेहूँदड़ा	2525-2550
आर. आर.21	2700-2750

सरकार ने सेल, एनएमडीसी के तीन निदेशक किए निलंबित

नई दिल्ली, एजेंसी

» कंपनी ने कहा-आचार संहिता के उल्लंघन में 26 अन्य अधिकारियों पर भी कार्रवाई

इस्पात मंत्रालय ने कदाचार के लिए सार्वजनिक क्षेत्र की इस्पात कंपनी सेल के दो बोर्ड स्तर के अधिकारियों और लौह अयस्क कंपनी एनएमडीसी के एक निदेशक को निलंबित कर दिया है। सेल ने शेयर बाजार को बताया कि उसने आचार संहिता के उल्लंघन के लिए 26 अन्य अधिकारियों को भी तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

कंपनी ने कहा कि इस्पात मंत्रालय ने 19 जनवरी, 2024 के अपने पत्रों के जरिए भारतीय इस्पात प्राधिकरण लिमिटेड के आचरण, अनुशासन और अपील नियम, 1977 के नियम 20 के उप-नियम (1) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करते हुए वीएस चक्रवर्ती, निदेशक (वाणिज्यिक) और एके तुलसियानी, निदेशक (वित्त) को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। इस्पात मंत्रालय के एक अन्य उपक्रम एनएमडीसी ने भी कहा कि उसके बोर्ड स्तर के अधिकारी वी सुरेश को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। मामला लोकपाल के निर्देशानुसार की जा रही कुछ जांचों से संबंधित है।

मेगाथर्म इंडक्शन का आईपीओ 25 को खुलेगा

नई दिल्ली। मशीनरी विनिर्माता मेगाथर्म इंडक्शन का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 25 जनवरी को खुलेगा। कंपनी ने इसके लिए मूल्य दायरा 100-108 रुपये प्रति शेयर तय किया है। मेगाथर्म इंडक्शन का आईपीओ 30 जनवरी को बंद होगा। कंपनी ने बयान में कहा कि आईपीओ में पूरी तरह 49.92 लाख नए शेयरों की बिक्री की जाएगी। कंपनी ने बताया कि ऊपरी मूल्य दायरे से कंपनी का लक्ष्य लगभग 53.91 करोड़ रुपये जुटाने का है। मेगाथर्म इंडक्शन मेगाथर्म इलेक्ट्रॉनिक्स की अनुषंगी कंपनी है।

डीएमआई ने जेस्टमनी का किया अधिग्रहण

अहमदाबाद, एजेंसी

डीएमआई समूह ने जेस्टमनी प्लेटफार्म के अधिग्रहण की घोषणा की है। डीएमआई के सह संस्थापक एवं संयुक्त प्रबंध निदेशक शिवाशीष चटर्जी की ओर से शनिवार को यहां जारी बयान में कहा है कि जेस्ट मनी भारत में चेकआउट फाइनेंसिंग की अग्रणी प्रदाता रही है। हम सदैव आपसी संबंधों एवं अनुभव के जरिये अपने ग्राहकों और मर्चेंट को उत्कृष्ट साल्यूशन प्रदान करते रहे हैं। हम बीते आठ साल से अधिक समय से जेस्टमनी के साथ विभिन्न क्षमताओं में सहभागी बने हैं। हमारा दृढ़ विश्वास है कि यह अधिग्रहण भारत में डिजिटल वित्तीय समावेशन को ऊंचाई पर ले जाने की हमारी यात्रा का एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

डीएमआई की एनबीएफसी शाखा डीएमआई फाइनेंस जेस्ट प्लेटफार्म पर पसंदीदा ऋणदाता होगी। इस अधिग्रहण के बाद डीएमआई के पास सभी जेस्ट ब्रांडो के उपयोग का विशिष्ट अधिकार होगा। यह अधिग्रहण जेस्टमनी चेकआउट फाइनेंसिंग प्लेटफार्म को अपने उत्पादों के साथ जोड़ते हुए डीएमआई को वर्तमान एवं संभावित ग्राहकों के साथ संबंधों में विस्तार में सक्षम बनाएगी।

राष्ट्रीय

एक नजर

पंजाब : सीमा के पास हथियार गोला-बारूद बरामद

चंडीगढ़। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पंजाब के फिरोजपुर जिले में भारत-पाकिस्तान सीमा के पास एक खेत से एके-47 राइफल, दो मैगजीन और 40 कारतूस बरामद किए हैं। बीएसएफ के प्रवक्ता ने शनिवार को यह जानकारी दी। दरअसल बीएसएफ ने 18 और 19 जनवरी की दरमियानी रात एक ड्रोन देखा और इसके बाद उसने शुक्रवार को तलाश अभियान चलाया। इस अभियान के दौरान उसे क्षेत्र से हथियार और गोला बारूद मिले। प्रवक्ता ने बताया कि अभियान में एक सफेद रंग की बोरी में रखा एक बड़ा पैकेट बरामद हुआ जिसमें हथियार और गोला-बारूद के अलावा 40,000 रुपये नकद थे। अधिकारी ने बताया कि बीएसएफ के जवानों ने सीमा पार से आतंक फैलाने के नापाक इरादों को सफलतापूर्वक विफल कर दिया।

धार्मिक नारे लगाने पर छात्र की पिटाई शिक्षक और संचालक गिरफ्तार

शहडोल। मध्य प्रदेश के शहडोल जिले में शनिवार को स्कूल परिसर में धार्मिक नारा लगाने पर एक 12 वर्षीय छात्र की पिटाई के बाद एक निजी स्कूल के शिक्षक और निदेशक को गिरफ्तार कर लिया गया। अधिकारी ने बताया कि यह घटना जिला मुख्यालय से करीब 22 किलोमीटर दूर बुढ़ार कस्बे के ग्रीन बेल्स स्कूल की है। बुढ़ार पुलिस थाना प्रभारी संजय जयसवाल ने बताया कि अंग्रेजी शिक्षक अब्दुल वाहिद ने जय श्री राम का नारा लगाने पर कक्षा सात के एक छात्र की पिटाई कर दी। उन्होंने बताया कि छात्र ने अपने परिवार के सदस्यों को सूचित किया। इसके बाद उन्होंने स्थानीय निवासियों के साथ पुलिस से संपर्क किया। जयसवाल ने बताया कि शिक्षक और स्कूल निदेशक शकील नियाजी को मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया।

पूर्व सीएम शिवराज समेत तीन के खिलाफ मानहानि का केस

जबलपुर। जबलपुर की एक विशेष अदालत ने कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य विवेक तन्खा की याचिका पर शनिवार को भाजपा की मध्य प्रदेश इकाई के प्रमुख वीडी शर्मा, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह के खिलाफ मानहानि का मामला दर्ज करने का आदेश दिया है। याचिकाकर्ता के वकील एचएस छाबड़ा ने बताया कि सांसद-विधायक मामलों से संबंधित न्यायिक दंडाधिकारी विश्वेश्वरी मिश्रा (प्रथम श्रेणी) की विशेष अदालत ने अपने आदेश में प्रथम दृष्टया मुकदमे के लिए पर्याप्त साक्ष्य पाए जाने के बाद मानहानि का मामला दर्ज करने का निर्देश दिया।

न्यायिक प्रश्न पत्र लीक मामले में रोजाना सुनवाई का आदेश

नयी दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने एक निचली अदालत से 2017 के हरियाणा सिविल सेवा (न्यायिक) प्रारंभिक परीक्षा के प्रश्न पत्र लीक से संबंधित मामले को रोजाना सुनवाई के जरिये जल्द से जल्द निपटाने को कहा है। उच्च न्यायालय ने कहा कि यह एक गंभीर मामला है। अदालत ने पक्षकारों से निचली अदालत के समक्ष शीघ्र सुनवाई के लिए सहयोग करने को भी कहा है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने हाल में मामले को लेकर पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के एक पूर्व अधिकारी के खिलाफ लगाए गए आरोपों को रद करने से इनकार कर दिया।

बांग्लादेश सीमा की तरह म्यांमार से लगी सीमा की सुरक्षा की जाएगी : अमित शाह

असम पुलिस की नव गठित कमांडो बटालियन की पासिंग आउट परेड में पहुंचे गृहमंत्री

गुवाहाटी, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि सरकार म्यांमार सीमा पर लोगों की मुक्त आवाजाही को बंद करेगी और बांग्लादेश से लगी सीमा की तरह इसकी सुरक्षा करेगी। असम पुलिस की पांच नव गठित कमांडो बटालिन के प्रथम बैच की पासिंग आउट परेड' को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र म्यांमा सीमा पर लोगों की मुक्त आवाजाही पर पुनर्विचार कर रहा है।

गृह मंत्री ने कहा, भारत-म्यांमा सीमा की सुरक्षा बांग्लादेश से लगी सीमा की तरह की जाएगी। भारत सरकार म्यांमार सीमा पर मुक्त आवाजाही को बंद करेगी। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व के तहत पिछले 10 वर्षों में देश की कानून व्यवस्था में भारी बदलाव आया है।

उन्होंने कांग्रेस पर प्रहार करते हुए आरोप लगाया कि इसके शासनकाल के दौरान लोगों को नौकरियों के लिए रिश्वत देनी पड़ती थी, जबकि भाजपा के शासन के दौरान नौकरी



तेजपुर में 13वें त्रिवार्षिक बाथौ महासभा सम्मेलन के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह।

के लिए एक पैसा भी नहीं देना पड़ता है। अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह पर शाह ने कहा कि भगवान राम 550 साल के बुरे दौर के बाद घर लौटेंगे। उन्होंने कहा, यह पूरे भारत के लिए गर्व का विषय है।

देश अगले तीन साल में नक्सलवाद की समस्या से मुक्त हो जाएगा

तेजपुर। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि देश अगले तीन साल में नक्सलवाद की समस्या से मुक्त हो जाएगा। शाह ने यहां सलोनीबारी में सशस्त्र सीमा बल के 60वें स्थापना दिवस को संबोधित करते हुए कहा कि सभी केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में से एक एसएसबी संस्कृति, इतिहास, भौगोलिक स्थिति और भाषा को बारीकी से एकीकृत करने और सीमावर्ती क्षेत्रों के लोगों को देश के बाकी हिस्सों के करीब लाने में एक अद्वितीय भूमिका निभाता है। गृहमंत्री ने कहा, मोदी के नेतृत्व में अगले तीन साल में देश नक्सली समस्या से 100 फीसदी मुक्त हो जाएगा।

भाजपा में शामिल हुए अशोक तंवर

नई दिल्ली। हाल ही में आम आदमी पार्टी (आप) छोड़ने वाले हरियाणा

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अशोक तंवर शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। तंवर हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर की मौजूदगी में भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए और उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व की सराहना की। तंवर ने 2019 में कांग्रेस छोड़ दी थी और 2022 में आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए थे। इस बीच लोकसभा के पूर्व सदस्य ने अपनी एक पार्टी भी बनाई और कुछ समय के लिए वह तृणमूल कांग्रेस में भी शामिल हुए थे। तंवर ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस के साथ संभावित गठबंधन का विरोध करते हुए बृहस्पतिवार को आम आदमी पार्टी (आप) से इस्तीफा दे दिया था। भाजपा को उम्मीद है कि तंवर के शामिल होने से राज्य में उसके मतदाताओं को एकजुट करने के प्रयासों को बढ़ावा मिलेगा।

भाजपा देश को जाति, पंथ और धर्म के नाम पर बांट रही : राहुल

ईटानगर, एजेंसी

» अरुणाचल प्रदेश पहुंची कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा

कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के शनिवार को अरुणाचल प्रदेश में प्रवेश करने के तुरंत बाद राहुल गांधी ने भाजपा पर जाति, पंथ और धर्म के नाम पर देश को विभाजित करने का आरोप लगाया। दोईमुख के निवासियों के साथ बातचीत करते हुए कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि भाजपा लोगों को धर्म और भाषा के नाम पर आपस में लड़ने के लिए उकसाती है।

उन्होंने दावा किया, भाजपा कुछ उद्योगपतियों के हित के लिए काम करती है। दूसरी ओर कांग्रेस लोगों को एकजुट करने और उनकी बेहतरी के लिए काम करती है। कांग्रेस नेता ने कहा कि 6,713 किलोमीटर लंबी भारत जोड़ो न्याय यात्रा' का उद्देश्य पूर्वोत्तर क्षेत्र के लोगों की पीड़ा को उठाना है। यह यात्रा 14 जनवरी को मणिपुर से शुरू हुई थी और 20 मार्च को मुंबई में समाप्त होगी।

गांधी ने कहा, हमने अरुणाचल प्रदेश को राज्य का दर्जा दिया और हमारी पार्टी गरीबों के मुद्दों को उठाने तथा युवाओं, महिलाओं और समाज के कमजोर वर्गों की बेहतरी के लिए काम करने के लिए हमेशा तत्पर रहती है। उन्होंने देश में बेरोजगारी के लिए भी भाजपा पर सवाल उठाए। कांग्रेस नेता ने कहा, भाजपा शासन में, न तो सरकार लोगों की शिकायतें सुनने के लिए तैयार है और न ही मीडिया उनके मुद्दों को उठाता है। यात्रा के दौरान मैं सुबह से शाम तक कई घंटों की यात्रा कर रहा हूं और जगह-जगह रुककर लोगों का दुख-दर्द सुन रहा हूं।

इससे पहले, पापुम पारे जिले में गुमटो चेकगेट पर कांग्रेस की अरुणाचल प्रदेश इकाई के अध्यक्ष नबाम तुकी ने राहुल गांधी का स्वागत किया और वहां ध्वज सौंपने का कार्यक्रम आयोजित हुआ।

कांग्रेस ने दिया 150 नेताओं को नोटिस

भोपाल। मध्य प्रदेश कांग्रेस की अनुशासन समिति ने शुक्रवार को बैठक की और नवंबर 2023 के राज्य विधानसभा चुनावों के दौरान पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल लगभग 150 स्थानीय नेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया। इन चुनावों में कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा था। पार्टी के एक पदाधिकारी ने कहा कि नोटिस का दस दिनों में जवाब देना है और संतोषजनक जवाब नहीं देने वालों को पार्टी से निष्कासित किया जाएगा। कांग्रेस ने यह कदम विधानसभा चुनाव परिणाम घोषित होने के एक महीने से अधिक समय बाद उठाया है। पार्टी 230 सदस्यीय सदन में सिर्फ 66 सीटें जीतने में सफल रही थी। कांग्रेस का यह कदम आम चुनाव से पहले पार्टी में सब कुछ ठीक करने और यह स्पष्ट संदेश देने की कवायद का हिस्सा है कि भितरघात और अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

केसी त्यागी बने जदयू के सलाहकार

नई दिल्ली। बिहार के मुख्यमंत्री एवं जनता दल (यूनाटेड) के अध्यक्ष नीतीश कुमार ने शनिवार को पार्टी के राष्ट्रीय पदाधिकारियों की नयी टीम की घोषणा की जिसमें कई लोकसभा सांसदों को उनके संगठनात्मक पदों से मुक्त कर दिया गया है और के सी त्यागी को राजनीतिक सलाहकार बनाया गया है। राज्यसभा सदस्य वशिष्ठ नारायण सिंह को उपाध्यक्ष बनाया गया है जो मंगनी लाल मंडल का स्थान लेंगे। मंडल अब संगठन में 11 महासचिवों में से एक हैं। निवर्तमान टीम में 22 महासचिव थे।

भाजपा नेता की हत्या मामले में 15 लोग दोषी करार

अलप्पुझा (केरल)। केरल की एक अदालत ने तटीय जिले अलप्पुझा में दिसंबर 2021 में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) मोर्चा के एक नेता की हत्या के मामले में शनिवार को 15 लोगों को दोषी करार दिया। दोषी ठहराये गए लोगों का संबंध अब प्रतिबंधित कट्टरपंथी इस्लामिक समूह 'पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया' (पीएफआई) से है। ऐसा आरोप है कि भाजपा के ओबीसी मोर्चा के प्रदेश सचिव रंजीत श्रीनिवासन पर पीएफआई और 'सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया' (एसडीपीआई) से जुड़े कार्यकर्ताओं ने 19 दिसंबर 2021 को उनके घर में उनके परिवार के सामने बुरी तरह पीटा था और उनकी हत्या कर दी थी। इसके बाद से मामला कोर्ट में चल रहा था। मामले में मावेलिक्कारा की अतिरिक्त जिला सत्र अदालत संख्या एक ने फैसला दिया है। सजा पर फैसला सोमवार को सुनाया जाएगा।

कश्मीरी पंडित की हत्या में 12 के खिलाफ आरोप पत्र दायर

श्रीनगर। जम्मू कश्मीर की विशेष जांच एजेंसी (एसआईए) ने पिछले साल फरवरी में एटीएम गार्ड के रूप में कार्य करने वाले एक कश्मीरी पंडित की हत्या के मामले में 12 लोगों के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों का कहना है कि जांच में सीमा पार से एक व्यापक साजिश का संकेत मिला है। आरोपियों में पाकिस्तान निवासी खालिद कामरान, शोपियां निवासी जाजिम फारूक वानी, शमीम अहमद भट उर्फ अंकल, ठोकर और उबैद अहमद पद्दार, अनंतनाग निवासी जफर हुसैन आदि शामिल हैं।

उपलब्धि | गणतंत्र दिवस परेड में 48 महिला अग्निवीर भी होंगीं शामिल

परेड में पहली बार नेतृत्व करेंगीं महिला अफसर

नई दिल्ली, एजेंसी

देश के 75वें गणतंत्र दिवस के परेड में मेड इन इंडिया हथियार और महिलाओं को केंद्र में रखा गया है। इस बार के परेड में महिला फाइटर पायलटों को भी शामिल किया गया है। इस परेड में 48 महिला अग्निवीर भी हिस्सा ले रहीं है। कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस परेड की रिहर्सल के दौरान भारतीय सेना से कैप्टन शरण्या राव ने बताया कि वह थलसेना की टुकड़ी का नेतृत्व कर रहीं है।

कैप्टन शरण्या राव ने कहा, 'मैं थलसेना की टुकड़ी का नेतृत्व कर रही हूं। यह गर्व की बात है, क्योंकि

नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस परेड की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रक्षा मंत्री।

ऐसा इतिहास में पहली बार हो रहा है। परेड में पहली बार महिलाओं की त्रि-सेवा टुकड़ी भी कर्तव्य पथ पर मार्च करती हुई दिखाई देगी। केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल के दस्ते में महिला कर्मी भी शामिल होंगी। थीम नारी शक्ति है तो कई महिला नेतृत्व वाली टुकड़ियां परेड में हिस्सा ले रहीं है। चाहे वह बैंड हो या त्रि-सेवा टुकड़ी या एमएनएस टुकड़ी, ये सभी पहली बार इस परेड में हिस्सा लेगी। फ्रांस के बैस्टिल दिवस में अतिथि के तौर पर प्रधानमंत्री के साथ शामिल होने वाली स्क्वॉड्रन लीडर सुमिता यादव भी इस परेड में हिस्सा ले रहीं है।

एआई प्रासंगिक, रोजगार योग्य बनाएंगे

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को एनसीसी के कैडेट के समूह से कहा कि मशीन लर्निंग और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के युग में रोजगार के लिए रचनात्मकता, अंतर्वैयक्तिक कौशल और बुद्धिमत्ता महत्वपूर्ण होगी। राजनाथ ने युवाओं को शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक रूप से मजबूत बनाकर उनका समग्र विकास सुनिश्चित करने के लिए एनसीसी) की सराहना भी की। रक्षा मंत्री ने दिल्ली छावनी में गणतंत्र दिवस की तैयारियों को जायजा लिया, एनसीसी कैडेट को संबोधित करते हुए कहा, रचनात्मकता, अंतर्वैयक्तिक कौशल, भावनात्मक बुद्धिमत्ता और संवेदनशीलता ऐसे गुण हैं, जो व्यक्ति को मशीन और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के वर्तमान युग में प्रासंगिक और रोजगार योग्य बनाएंगे।

कांग्रेस की पूर्व पार्षद इशरत जहां, खालिद पर आरोप तय

दिल्ली दंगे

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने 2020 में उत्तरपूर्वी दिल्ली में हुए दंगे मामले में कांग्रेस की पूर्व पार्षद इशरत जहां, यूनाइटेड अगेन्स्ट हेट के संस्थापक खालिद सैफी और 11 अन्य के खिलाफ आरोप तय करने का आदेश दिया है। इन आरोपों में हत्या का प्रयास और गैरकानूनी रूप से एकत्रित होने से संबंधित आरोप भी शामिल हैं। अदालत ने हालांकि, सभी 13 लोगों को आपराधिक साजिश, उकसावे और साझा मंशा के अपराध और शस्त्र अधिनियम के आरोपों से मुक्त कर दिया है। विशेष न्यायाधीश अमिताभ राव ने शुक्रवार को दिए आदेश में कहा, यह मानने का आधार है कि आरोपी व्यक्तियों ने भारतीय दंड संहिता की धारा 147 (दंगा), 148 (दंगा, जानलेवा हथियार से लैस), 186 (सरकारी सेवा के काम में बाधा डालना), 188 (सरकारी सेवा के आदेश की अवज्ञा), 332 (सरकारी सेवक को जानबूझकर नुकसान पहुंचाना) और धारा 353 (सरकारी सेवा को उसके कर्तव्य पालन से रोकने के लिए उस पर हमला करना या आपराधिक बल प्रयोग) के तहत अपराध किया।

पेरिस ओलंपिक का सपना टूटने से सवालों के घेरे में भारतीय महिला हॉकी टीम

बार-बार समान गलतियां दोहराना, आपसी तालमेल की कमी, प्रदर्शन में अनिरंतरता जैसे कई सवालों का टीम को देना होगा जवाब

रांची, एजेंसी

तोक्यो ओलंपिक में पदक नहीं मिला लेकिन चौथे स्थान पर रहकर भारतीय महिला हॉकी टीम पूरे देश की नूरे नजर बन गई और सभी को उम्मीद थी कि तोक्यो का अधूरा सपना पेरिस में पूरा होगा लेकिन पेरिस का सफर शुरू होने से पहले ही खत्म हो गया और अब इस जख्म को भरने में बरसों लगेंगे। बार-बार समान गलतियों को दोहराना, आपसी तालमेल का अभाव, प्रदर्शन में अनिरंतरता जैसे कई सवाल हैं जिनका जवाब भारतीय महिला हॉकी टीम को देना होगा।

खिलाड़ियों में नजर आ रही भविष्य को लेकर अनिश्चितता

पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने में नाकाम रहने के बाद अब भविष्य को लेकर अनिश्चितता भी खिलाड़ियों की आंखों में साफ नजर आ रही है। एफआईएच ओलंपिक क्वालीफायर में तीसरे स्थान के मैच में जापान से 0-1 से हारी भारतीय टीम के पिछले कुछ अर्से के प्रदर्शन का विश्लेषण करें तो लगता है कि यह तो होना ही था। हार के बाद कप्तान सविता पूनिया और बाकी खिलाड़ियों की आंखों में आंसू और चेहरे पर मायूसी थी। शायद अनिश्चितता भी कि अब आगे क्या होगा। भविष्य के बारे में पूछने पर कोच यानेके शॉपमैन ने कहा कि उन्हें नहीं पता।

एशियाई खेलों के प्रदर्शन से ही हो जाना था सतर्क

टीम एशियाई खेलों के जरिये ओलंपिक के लिए क्वालीफाई नहीं कर सकी और कांस्य ही हाथ लगा। उसी समय खतरे की घंटी बज जानी चाहिए थी। अब इसे आत्मविश्वास कहें या आत्ममुग्धता, लग रहा था कि रांची में क्वालीफायर तो आसानी से जीत ही जाएंगे लेकिन ऐसा हुआ नहीं। हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने कहा कि यह निराशाजनक रहा। अब नए सिरे से शुरुआत करनी होगी। अगले ओलंपिक की तैयारी के लिए चार साल हैं। हॉकी इंडिया को खुद कई सवालों के जवाब देने होंगे।

रानी रामपाल समेत कई अच्छे खिलाड़ी नहीं खिलाए

तोक्यो में भारतीय टीम की कप्तान रही मिडफील्ड की जान रानी रामपाल को कारण बताए बिना बाहर क्यों किया गया। टीम में मतभेदों की खबरें भी रहीं। राष्ट्रीय खेलों में 18 गोल करने के बावजूद रानी को मौका नहीं दिया गया, बल्कि उन्हें सब जूनियर टीम का कोच बना दिया गया। पेनल्टी कॉर्नर विशेषज्ञ दीप ग्रेस इक्का और गुरजीत कौर को भी युवा खिलाड़ियों को जगह देने के लिए बाहर किया गया लेकिन यह फैसला भी आत्मघाती रहा।

तुरंत किसी बदलाव से इन्कार

हॉकी इंडिया ने तुरंत किसी बदलाव की संभावना से इन्कार किया है और अब जबकि ओलंपिक खेलने का मौका हाथ से निकल ही चुका है, बदलाव करके भी क्या हासिल हो जाएगा। अब सोच समझकर ही आगे बढ़ना होगा। पिछले दो ओलंपिक खेल चुकी भारतीय महिला हॉकी टीम ने तीन दशक की मेहनत के बाद विश्व स्तर पर पुरजोर उपस्थिति दर्ज कराई थी। तोक्यो ओलंपिक में टीम ने चौथे स्थान पर रहकर इतिहास रच दिया था और सभी की जुबां पर इन वीरांगनाओं के चर्चे थे लेकिन तीन साल बाद तस्वीर पलट गई। कारणों की पड़ताल की जाए तो सबसे बड़ा कारण है कि करिश्माई कोच शोर्ड मारिने तोक्यो ओलंपिक के बाद चले गए जो अपने परिवार से लंबे समय तक दूर नहीं रहना चाहते थे। उस समय शॉपमैन उनकी सहायक थी और लग रहा था कि वह आसानी से उस सिलसिले को आगे बढ़ाएंगी जो शोर्ड ने शुरू किया था लेकिन ऐसा हो नहीं सका।

भारत ए ने इंग्लैंड से ड्रॉ खेला

अहमदाबाद, एजेंसी। विकेटकीपर बल्लेबाज कोना भरत ने शतक जड़कर इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के लिए अपना मजबूत दावा पेश किया। उनकी इस पारी से भारत ए शनिवार को इंग्लैंड लायंस के खिलाफ पहले अनौपचारिक टेस्ट मैच को ड्रा कराने में सफल रहा। भारतीय टीम के सामने 490 रन का लक्ष्य था। अंपायरों ने जब अंतिम दिन मैच ड्रॉ करने का फैसला किया तब भारत ने 125 ओवर में 5 विकेट पर 426 रन बनाए थे। इस तरह से वह लक्ष्य से 64 रन पीछे रह गया। भरत ने 165 गेंद पर 15 चौकों की मदद से नाबाद 116 रन बनाकर अपना दावा पुख्ता कर दिया है। तीसरे दिन मानव सुथार ने 254 गेंद पर नाबाद 89 रन बनाए। बी साई सुदर्शन 97 रन पर शतक से चूक गए। भारत ने पूरे दिन केवल सुदर्शन का विकेट गंवाया। उनके आउट होने के बाद भरत और सुथार ने छठे विकेट के लिए 207 रन की अटूट साझेदारी की।

कोना भरत ने बनाए नाबाद 116 रन

आदर्श-उदय सहारन ने जड़ा अर्धशतक भारत ने बांग्लादेश को 84 रन से हराया

252 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बांग्लादेश 45.5 ओवर में हुई ऑल आउट

अंडर- 19 विश्व कप

ब्लोमफोंटेन, एजेंसी

सलामी बल्लेबाज आदर्श सिंह और कप्तान उदय सहारन के अर्धशतकों के बाद शानदार गेंदबाजी से भारत ने अंडर- 19 विश्व कप के अपने पहले मैच में शनिवार को बांग्लादेश को 84 रन से हरा दिया।

भारत ने 7 विकेट पर 251 रन का स्कोर खड़ा किया था। जवाब में बांग्लादेश की टीम 45.5 ओवर में 167 रन पर सिमट गई। भारत के लिए सैमी पांडे ने 24 रन देकर 4 विकेट झटके, जबकि मुशीर खान ने दो विकेट हासिल किए। भारतीय स्पिनरों ने किसी भी समय बांग्लादेश के बल्लेबाजों को हावी नहीं होने दिया और उन पर लगाम कसे रखी।

कप्तान उदय सहारण के साथ आदर्श सिंह। ● एजेंसी

कप्तान ने आदर्श के साथ की 116 रन की साझेदारी

भारतीय पारी की नींव आदर्श (96 गेंद पर 76 रन) और कप्तान उदय (94 गेंद पर 64 रन) ने रखी। इन दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 23 .5 ओवर में 116 रन की साझेदारी की। दोनों बल्लेबाज बांग्लादेश के ऑफ स्पिनर शेख पावेज जिबोन और बाएं हाथ के स्पिनर महफुजुर रहमान रब्बी के सामने सहज नहीं दिखे। बांग्लादेश के दोनों स्पिनरों ने भारतीय बल्लेबाजों को खुलकर नहीं खेलने दिया। आदर्श ने जहां 6 चौके लगाए। वहीं उदय चार चौके ही लगा पाए। असल में भारतीय बल्लेबाजों ने 50 ओवर में केवल 14 चौके और दो छक्के लगाए। बांग्लादेश के गेंदबाजों ने 156 ऐसी गेंद की जिन पर रन नहीं बने।

इस मैदान पर भारतीय टीम ने बनाया तीसरा सबसे बड़ा स्कोर

बांग्लादेश ने टॉस जीतकर भारत को बल्लेबाजी का न्योता दिया। बांग्लादेश के गेंदबाजों ने भारत को शुरुआती ओवरों में नुकसान पहुंचाया। भारतीय बल्लेबाजों को बाउंड्री लगाने में मुश्किल हुई लेकिन उसका कुल स्कोर कम नहीं माना जा सकता क्योंकि अंडर-19 वनडे में इस मैदान पर औसत स्कोर 201 रन है। असल में भारतीय टीम का 7 विकेट पर 251 रन का स्कोर इस मैदान पर तीसरा बड़ा स्कोर है। भारतीय टीम के फिनिशर सचिन धास ने डेथ ओवरों में अच्छी बल्लेबाजी की और 20 गेंद पर 26 रन बनाए जिससे टीम 250 रन की संख्या पार करने में सफल रही। तेज गेंदबाज रोहनात डौला बोर्सन पर लगाया गया उनका छक्का दर्शनीय था।

सात्विक-चिराग की जोड़ी इंडिया ओपन के फाइनल में

नई दिल्ली, एजेंसी

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय जोड़ी ने पुरुष युगल सेमीफाइनल में आरोन चिया और सोह वूई यिक की मलेशिया की जोड़ी को 21-18, 21-14 से हराकर इंडिया ओपन के फाइनल में जगह बनाई। इंडिया ओपन का खिताब जीतने के लिए रविवार को फाइनल में उनकी कैंग मिन हुएक और सियो सेयुंग जेइ की दक्षिण कोरिया की विश्व चैंपियन जोड़ी से भिड़ंत होगी।

दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी शी युकी ने सेमीफाइनल में एचएस प्रणय को सीधे गेम में हराकर इंडिया ओपन से बाहर किया, इसी के साथ टूर्नामेंट के पुरुष एकल में भारतीय चुनौती समाप्त हो गई। शी युकी को प्रणय को 42 मिनट में 21-15, 21-5 से आसानी से हरा दिया।

बालाजी-कोर्निया हारे, बोपन्ना-बाबोस ने नाम वापस लिया

आस्ट्रेलियाई ओपन

मेलबर्न। भारत के एन श्रीराम बालाजी और रोमानिया के विक्टर व्लाड कोर्निया की जोड़ी दूसरे दौर में अल सल्वाडोर के मार्सेला अरेवालो और क्रोएशिया के मेट पेविच से 6-3, 6-3 से हारकर बाहर हो गई। इससे पहले बालाजी और कोर्निया ने इटली के मात्तेओ अर्नाल्डी व आंद्रिया पेलेग्रिनो को मात दी थी। रोहन बोपन्ना और उनकी जोड़ीदार टिमिया बाबोस ने मिश्रित युगल से नाम वापस ले लिया है। विश्व की नंबर एक महिला खिलाड़ी इगा स्वियातेक तीसरे दौर में उलटफेर का शिकार होकर चेक गणराज्य की लिंडा नोसकोवा से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गई। कार्लोस अल्कराज ने तीसरे दौर के मुकाबले में चीन के शांग जुनचेंग के रिटायर होने के बाद चौथे दौर में प्रवेश किया।

खेल डायरी

गुकेश ने फॉरेस्ट को हराया, प्रज्ञाननंदा ने ड्रा खेला

विज्क आन जी (नीदरलैंड)। भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने नीदरलैंड के जॉर्डन वान फॉरेस्ट को हराकर अपनी लगातार दूसरी जीत दर्ज की, जिससे वह टाटा स्टील मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के छठे दौर के बाद संयुक्त तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञाननंदा ने नेपोम्नियाची के खिलाफ बाजी ड्रॉ खेली, जबकि विदित गुजराती ने भी चीन की महिला विश्व चैंपियन जू वेनजुन के साथ अंक बांटे। टूर्नामेंट में अभी सात दौर की बाजियां खेली जानी बाकी हैं। अभी अनीश गिरी 4 .5 अंक लेकर शीर्ष पर बने हुए हैं, जबकि फ्रांसीसी खिलाड़ी फिरोजा अलीरेजा चार अंक लेकर दूसरे स्थान पर हैं। प्रज्ञाननंदा, गुकेश, उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तारोव और नीदरलैंड के मैक्स वार्मरडैम 3 .5 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। गुजराती सहित चार अन्य खिलाड़ी इनसे आधा अंक पीछे हैं।

कुश्ती: राष्ट्रीय चैंपियनशिप 11 फरवरी से ग्वालियर में

नई दिल्ली। तदर्थ समिति ने शनिवार को घोषणा की कि अंडर-15 और अंडर-20 राष्ट्रीय चैंपियनशिप में 11 से 17 फरवरी तक ग्वालियर में होंगी। समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह बाजवा ने कहा कि इस प्रतियोगिता में लगभग 1200 पहलवान और 300 अधिकारी हिस्सा लेंगे। दरअसल तदर्थ समिति और निलंबित डब्ल्यूएफआई ने अलग-अलग राष्ट्रीय चैंपियनशिप की घोषणा की है। डब्ल्यूएफआई ने घोषणा की थी कि 2023 की आयु वर्ग की राष्ट्रीय चैंपियनशिप दिसंबर के अंतिम सप्ताह में उत्तर प्रदेश के गोंडा में आयोजित की जाएगी लेकिन इससे पहले 24 दिसंबर को खेल मंत्रालय ने महासंघ को निलंबित कर दिया था। डब्ल्यूएफआई ने इसके साथ ही घोषणा की थी कि सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप 29 जनवरी से पुणे में होगी लेकिन तदर्थ समिति ने कहा कि वह इस प्रतियोगिता का आयोजन 2 से 5 फरवरी के बीच जयपुर में करेगी।

जका अशरफ का पीसीबी अध्यक्ष पद से इस्तीफा

लाहौर। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की प्रबंध समिति के अध्यक्ष जका अशरफ ने अपना कार्यकाल विस्तार खत्म होने से दो सप्ताह पहले ही पद से इस्तीफा दे दिया। जका जुलाई से सीएमसी के अध्यक्ष थे और सरकार ने नवंबर में उनका कार्यकाल चार फरवरी तक बढ़ा दिया था। जका ने लाहौर में सीएमसी की बैठक के बाद इस्तीफा दिया। उनके कार्यकाल के दौरान पाकिस्तानी टीम एशिया कप और विश्व कप में नाकाम रही और न्यूजीलैंड में चल रही टी-20 शृंखला में लगातार चौथी हार झेली। तीन दिन पहले ही खेल मंत्रालय ने जका को सीएमसी की बैठकें आयोजित करने से रोक दिया था, जबकि उन्हें बोर्ड आफ गवर्नर्स की नियुक्ति करनी थी जो पीसीबी अध्यक्ष के चुनाव के लिए पहला कदम है।

टाटा समूह बना आईपीएल का शीर्षक प्रायोजक

मुंबई। बीसीसीआई ने आईपीएल के टाइटल प्रायोजन अधिकार शनिवार को टाटा ग्रुप को पांच साल के लिए दे दिए। बीसीसीआई के मानद सचिव जय शाह ने इसकी घोषणा की। टाटा समूह ने 2500 करोड़ रुपये के रिकॉर्ड मूल्य पर बीसीसीआई के साथ अपने सहयोग को नवीनीकृत किया है, जो लीग के इतिहास में अब तक की सबसे अधिक प्रायोजन राशि है। आईपीएल के अध्यक्ष अरुण सिंह धूमल ने कहा कि यह राशि न केवल लीग के इतिहास में एक नया मानदंड स्थापित करती है, बल्कि वैश्विक प्रभाव वाले एक प्रमुख खेल आयोजन के रूप में आईपीएल की स्थिति की भी पुष्टि करती है। टाटा समूह के पास पहले 2022 और 2023 में आईपीएल के लिए शीर्षक प्रायोजन अधिकार थे और वह दुनिया की सबसे बड़ी महिला टी-20 लीग, महिला प्रीमियर लीग का शीर्षक प्रायोजक भी है।

सानिया से तलाक के बाद शोएब ने पाकिस्तानी अभिनेत्री से की शादी

कराची/नई दिल्ली, एजेंसी

पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेट कप्तान शोएब मलिक ने शनिवार को घोषणा की कि उन्होंने अभिनेत्री सना जावेद से निकाह कर लिया, जिससे उनके भारतीय टेनिस स्टार सानिया मिर्जा से अलग होने की अटकलों पर भी विराम लग गया। शोएब ने एक्स पर अपनी नई पत्नी के साथ तस्वीरें डाली है।

शोएब और सानिया के संबंधों में दरार की खबरें 2022 से आ रही थी और पिछले दो साल में दोनों को साथ नहीं देखा गया। कुछ समय पहले ही शोएब ने इंस्टाग्राम पर सानिया को अनफॉलो किया था। शोएब और सानिया का पांच साल का एक बेटा भी है जो सानिया के साथ रहता है। सानिया के पारिवारिक सूत्र ने बताया कि सानिया ने ही तलाक की प्रक्रिया शुरू की। दोनों ने हैदराबाद में अप्रैल 2010 में निकाह किया था और दुबई में रहते थे। सना जावेद ने 2020 में गायक उमेर जैसवाल से शादी की थी लेकिन दो महीने बाद ही तलाक हो गया।

रुतुजा आईटीएफ ओपन से बाहर

बेंगलुरु, एजेंसी। भारत की रुतुजा भोसले शनिवार को फ्रांस की कैरोल मोनेट से हारकर आईटीएफ महिला ओपन से बाहर हो गईं। टूर्नामेंट की नंबर छह सीड के खिलाफ रुतुजा का यह कठिन ड्रा था क्योंकि टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में उन्हें मोनेट ने दो सेटों में हरा दिया था। शुक्रवार रात क्वार्टर फाइनल मुकाबले में जापान की मोयुका उचिजिमा के खिलाफ पुनर्जागरण जैसी जीत दर्ज करने के बाद रुतुजा जादू नहीं कर पाई और दो सेटों में 6-2, 6-0 से हार गई।

फ्रांस की कैरोल मोनेट ने हराया

रेजा और अनंत ने दिलाया ओलंपिक कोटा

कुवैत सिटी, एजेंसी

युवा निशानेबाज रेजा ढिल्लों ने शनिवार को शॉटगन के लिए एशियाई ओलंपिक क्वालीफिकेशन में महिलाओं की स्कीट स्पर्धा में रजत पदक जीतकर भारत के लिए पेरिस खेलों का 18वां कोटा हासिल किया। अनंत जीत सिंह नरूका ने शॉटगन के लिए एशियाई ओलंपिक क्वालीफिकेशन में अपनी स्कीट स्पर्धाओं रजत पदक जीतकर पेरिस खेलों के लिए भारत को एक और कोटा दिलाया, जिससे इनकी कुल संख्या 19 हो गई है।

ढिल्लों छह महिलाओं के फाइनल में आगे चल रही थीं लेकिन फिर वह दो-तीन निशाने चूक कर चीन की जिनमेई गाओ से पिछड़ गईं। गाओ ने 60 शॉट के फाइनल में 56 निशाने लगाकर पहला स्थान हासिल किया, जबकि ढिल्लों 52 हिट के साथ रजत पदक जीतने में सफल रहीं। गाओ और ढिल्लों दोनों ने पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल किया।

शॉटगन स्कीट स्पर्धा

गाओ ने जीता स्वर्ण

स्वर्ण पदक के मुकाबले में ढिल्लों दो बार चूकीं और गाओ ने तीन अंक की बढ़त से पहला स्थान प्राप्त किया। इससे पहले सेखों ने क्वालीफिकेशन में 117 के स्कोर से दूसरे स्थान से, चौहान 115 अंक के साथ तीसरे स्थान से और ढिल्लों ने छठे स्थान से फाइनल के लिए क्वालीफाई किया था।

महेश्वरी ने जीता कांस्य पदक

ढिल्लों के साथ हमवतन निशानेबाज महेश्वरी चौहान ने 43 निशाने लगाकर कांस्य पदक जीता। वहीं भारतीय निशानेबाज गनेमत सेखों 30 अंक से चौथे स्थान पर रहीं। ढिल्लों छह में से छह निशाने के साथ शीर्ष पर थीं। उन्होंने फाइनल में 14 हिट तक बढ़त बनाए रखी और दो अंक से गाओ से आगे रहीं लेकिन ढिल्लों दो निशाने चूक गईं और गाओ ने बढ़त बना ली। भारतीय निशानेबाज फिर चूक गईं और चीनी खिलाड़ी ने अपनी बढ़त बरकरार रखी।

बॉलीवुड हलचल

फिल्मफेयर अवार्ड समारोह में परफॉर्मेंस देंगी जाह्नवी कपूर

बॉलीवुड अभिनेत्री जाह्नवी कपूर फिल्मफेयर अवार्ड्स के 69वें संस्करण में परफॉर्मेंस देंगी। फिल्मफेयर अवार्ड्स के 69वें संस्करण की मेजबानी इस साल गुजरात कर रहा है। जाह्नवी कपूर इस साल फिल्मफेयर में स्टेज पर परफॉर्म करने वाली हैं। जाह्नवी कपूर ने कहा कि इस बार गुजरात में फिल्मफेयर हो रहा है, जिसका सिनेमा और संस्कृति से गहरा नाता रहा है। मैंने पिछले दिनों गुजरात में काफी समय बिताया था। वहां पर अपनी आगामी फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही की शूटिंग की है। क्रिकेट की ट्रेनिंग के लिए वह वड़ोदरा गई थीं। गुजरात घर जैसा लगता है। इससे बेहतर जगह फिल्मफेयर अवार्ड समारोह के लिए इस बार नहीं हो सकती है।

कैटरीना ने निगेटिव किरदार निभाने की जताई इच्छा

अभिनेत्री कैटरीना कैफ इन दिनों श्रीराम राघवन के निर्देशन में बनी फिल्म मेरी क्रिसमस को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म में कैटरीना के अभिनय की काफी तारीफ हो रही है।

एक इंटरव्यू में कैटरीना ने किरदारों के चयन को लेकर कहा कि वह एक कलाकार के रूप में आप क्या सोचते हैं कि कौन-सा किरदार आपके लिए सही है। उन्होंने कहा कि इंसान 20 की उम्र में जैसा होता है, वह 30 की उम्र में भी वैसा नहीं हो सकता। कैटरीना ने आगे अलग-अलग किस्म की भूमिकाएं अदा करने की इच्छा जाहिर की। कहा कि वह नेगेटिव भूमिकाएं करना पसंद करेंगी। नेगेटिव भूमिकाओं के अलावा कैटरीना ने पीरियड फिल्मों का हिस्सा बनने की भी इच्छा जताई। उन्होंने कहा कि एक कलाकार के रूप में अलग-अलग किस्म की भूमिकाएं निभाना उनकी इच्छा में शामिल है। हर फिल्म के हिसाब से उसकी कहानी को आंकना होता है।

ईद पर रिलीज होगी एक्शन से भरपूर बड़े मियां छोटे मियां

अभिनेता अक्षय कुमार और टाइगर श्राफ की आने वाली फिल्म बड़े मियां छोटे मियां का नया पोस्टर रिलीज हो गया है। यह फिल्म इस साल ईद पर रिलीज होगी। अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ के साथ फिल्म में अहम भूमिका निभा रही सोनाक्षी सिन्हा ने सोशल मीडिया पर फिल्म का एक नया पोस्टर जारी किया है। इसमें अक्षय कुमार और टाइगर का दमदार रूप देखने को मिल रहा है। हाथों में बंदूक लिए फाइटिंग के मूड में अक्षय और टाइगर दुश्मनों से लड़ाई के लिए एकदम तैयार दिख रहे हैं।

पोस्टर शेयर करते हुए सोनाक्षी सिन्हा ने कैप्शन में लिखा कि उनका एक्शन शब्दों से ज्यादा तेज बोलेगा। बड़े मियां छोटे मियां को वासु भगनानी और जैकी भगनानी के प्रोडक्शन हाउस पूजा एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनाया जा रहा है। बड़े मियां छोटे मियां में अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ के साथ सोनाक्षी सिन्हा, मानुषी छिल्लर और अलाया एफ शामिल हैं।

खेसारीलाल की फिल्म रंग दे बसंती का टीजर रिलीज

खेसारीलाल यादव की फिल्म रंग दे बसंती का टीजर रिलीज हो गया है। टीजर में खेसारी लाल यादव भगवा वस्त्र धारण कर रौद्र रूप में नजर आए हैं। वह अन्याय और सत्य से लड़ते नजर आ रहे हैं। फिल्म के निर्माता रौशन सिंह, सह निर्मात्री शर्मिला आर सिंह, निर्देशक प्रेमांशु सिंह हैं, जिन्होंने कहा कि यह तो फिल्म का टीजर है, अभी ट्रेलर और पूरी फिल्म आनी बाकी है। उन्होंने कहा कि रंग दे बसंती भोजपुरी की ऐसी फिल्म है, जिसमें बॉलीवुड से भी कई कलाकारों ने काम किया है। उन्होंने कहा कि खेसारी लाल यादव के माध्यम से हमने टीज़र के जरिए यह संदेश देने की कोशिश की है कि फिल्म सामाजिक, धार्मिक और आध्यात्म के समावेश से मनोरंजन की एक नई कृति है, जो दर्शकों को एक विशेष अनुभूति कराएगी।

अब एक्ट्रेस नोरा फतेही हुई डीपफेक वीडियो का शिकार

रश्मिका मंदाना, कटरीना कैफ, आलिया भट्ट, काजोल के बाद अब डांसर और एक्ट्रेस नोरा फतेही का एक डीपफेक वीडियो वायरल हो रहा है। नोरा फतेही ने अपने इंस्टाग्राम पर इस बात की जानकारी दी है और बताया है कि वह ये वीडियो देखकर हैरान हैं। रश्मिका मंदाना के डीपफेक वीडियो बनाने के मुख्य आरोपी को दिल्ली पुलिस ने शनिवार को ही आंध्र प्रदेश से गिरफ्तार किया है। इस वीडियो में नोरा फतेही प्रोडक्ट का विज्ञापन करती नजर आ रही हैं। हालांकि नोरा फतेही के चेहरे का इस्तेमाल कर एक डीपफेक वीडियो बनाया गया है जो वायरल हो रहा है। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा



स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) से प्रकाशित, पिन कोड-243005। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0581-2523333,0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

जरूरतमंद देशों की मदद को भारत हमेशा तत्पर

▸▸ कंपाला में गुटनिरपेक्ष आंदोलन शिखर सम्मेलन में विदेश मंत्री ने भारत विश्वमित्र की बात दोहराई

कंपाला (युगांडा)

विदेश मंत्री जयशंकर ने युगांडा दौरे पर 'भारत विश्वमित्र' की बात दोहराई है। उन्होंने भारत की नीति का जिक्र करते हुए कहा कि जरूरतमंद देशों की मदद के लिए देश हमेशा तत्पर रहता है। उन्होंने कहा कि भारत ने जी20 की अध्यक्षता के दौरान दिखाया कि परिवर्तन संभव है। उन्होंने कहा कि विश्व व्यवस्था को बदलने के लिए व्यावहारिक कदमों की आवश्यकता है। बता दें कि पीएम मोदी ने 'वसुधैव कुटुंबकम' का जिक्र करते हुए कहा था कि बदले समय के साथ भारत की भूमिका 'विश्वमित्र' जैसी है।

कंपाला में नाम सम्मेलन में वक्तव्य से पहले विदेश मंत्री ने फिलिस्तीनी विदेश मंत्री रियाद अल मलिकी से भी मुलाकात की। उन्होंने कहा, फिलिस्तीनी समकक्ष के साथ बातचीत के दौरान गाजा में चल रहे संघर्ष पर विस्तृत और व्यापक चर्चा हुई। इसके मानवीय और राजनीतिक आयामों पर विचारों का आदान-प्रदान किया गया। उन्होंने कहा कि इजराइल और फिलिस्तीनी मुद्दे का समाधान करने के लिए भारत दो राष्ट्र समाधान का समर्थन करता रहेगा। उन्होंने भारत के समर्थन का भरोसा दिलाते हुए संपर्क में बने रहने पर सहमति भी व्यक्त की। कंपाला में आयोजित नाम शिखर सम्मेलन में विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने कहा, 2019 में बाकू में नाम की आखिरी बैठक हुई थी। इसके बाद से दुनिया में गहरा बदलाव आया है। पूरी दुनि.या को कोरोना महामारी ने तबाह कर दिया है। इसके निशान को मिटाने में पीढ़ियां लग जाएंगी।

बांग्लादेश के नवनियुक्त विदेश मंत्री से जयशंकर की मुलाकात

बांग्लादेश के नवनियुक्त विदेश मंत्री डॉ मोहम्मद हसन महमूद के साथ मौजूद एस. जयशंकर।

विदेश मंत्री जयशंकर ने शनिवार को अपने बांग्लादेशी समकक्ष से भी मुलाकात की है। उन्होंने कहा कि कंपाला में बांग्लादेश के विदेश मंत्री डॉ मोहम्मद हसन महमूद से मिलकर खुशी हुई। उनकी नियुक्ति पर उन्हें बधाई दी और उनकी सफलता की कामना की। भारत-बांग्लादेश संबंध मजबूती से आगे बढ़ रहे हैं। जल्द ही दिल्ली में उनका स्वागत करने के लिए उत्सुक हूं।

विरोधियों को डराने के लिए ईडी का हो रहा दुरुपयोगः पवार

सोलापुर। राकांपा के प्रमुख शरद पवार ने शनिवार को आरोप लगाया कि राजनीतिक विरोधियों को डराने और चुप कराने के लिए ईडी का इस्तेमाल एक उपकरण के रूप में किया जा रहा है। ईडी ने रोहित पवार को समन जारी करने से जुड़े सवाल का जवाब दे रहे थे।

ईडी ने एमएससीबी घोटाले में 24 जनवरी को पूछताछ के लिए शरद पवार के पोते और महाराष्ट्र के विधायक रोहित पवार को तलब किया है। ईडी ने पांच जनवरी को बारामती, पुणे, औरंगाबाद और कुछ अन्य स्थानों पर रोहित पवार के परिसर पर छापेमारी की थी।

दूर का नया ग्रह 'केप्लर' हो सकता है रहने योग्य

▸▸ कार्बन डाइऑक्साइड की कम मात्रा होने के कारण जताई जा रही जीवन की संभावना

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचारः रहने योग्य ग्रह की तलाश में खगोलविदों के हाथ एक नया सुराग लगा है। यह बाहरी ग्रह है। जिसमें बहुत कम मात्रा में कार्बन डाइऑक्साइड हो सकती है। इस बाहरी ग्रह का नाम केप्लर-186 एफ है।

यह ग्रह पृथ्वी के आकार का है। मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) और यूके में बर्मिंघम विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों की यह खोज है। बड़ी बात यह है कि आकार में यह पृथ्वी के बराबर है और हमसे 5 सौ प्रकाश वर्ष की दूरी पर अपने तारे की परिक्रमा कर रहा है।



नेचर एस्ट्रोनॉमी में यह खोज प्रकाशित हुई है। जिसमें इस बाहरी ग्रह की व्यापक जानकारी दी गई है। साथ ही रहने योग्य ग्रह की तलाश में नई विधि का वर्णन भी किया गया है। वैज्ञानिकों ने इस ग्रह पर तरल पानी की प्रबल संभावना जताई है। खोजकर्ता वैज्ञानिकों का कहना है कि यह चट्टानी एक ग्रह हो सकता है। जिसमे कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा बहुत कम हो सकती है। जिसके चलते इस ग्रह पर जीवन हो सकता है। यदि हम अपने सौर मंडल के ग्रह क्रमशः शुक्र, पृथ्वी और मंगल के वायुमंडल में कार्बन डाइऑक्साइड की बात करें तो पृथ्वी की तुलना में शुक्र व मंगल पर कार्बन डाइऑक्साइड बहुत कम है। हालांकि मंगल का वातावरण बहुत पतला है, फिर भी यह मुख्य रूप से कार्बन डाइऑक्साइड से बना हुआ है। खोजे गए नए ग्रह की बात करें तो इस ग्रह पर कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा कम होने के कारण तरल पानी होने की अधिक संभावना नजर आती है। कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा के आधार पर यह खोज की है।

ग्रह का वातावरण बनाने में कार्बन डाइऑक्साइड की होती है बड़ी भूमिका

किसी भी ग्रह के वायुमंडल के वातावरण बनाने में कार्बन डाइऑक्साइड बढ़ी भूमिका निभाता है। इधर पृथ्वी पर महासागर कार्बन डाइऑक्साइड को सोखते हैं। उधर लाखों वर्ष पहले शुक्र के वायुमंडल में कार्बन डाइऑक्साइड अवशोषित करने की प्रक्रिया रही होगी। अब पृथ्वी के वायुमंडल में पहले की तुलना में बहुत कम कार्बन डाइऑक्साइड है। कहने का तात्पर्य यह है कि किसी भी ग्रह पर कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा कम होने पर जीवन की संभावना बड़ जाती है।

एक नजर

संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष आज से पांच दिवसीय भारत यात्रा पर

नई दिल्ली। संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) प्रमुख डेनिस फ्रांसिस सोमवार से पांच दिवस दौरा पर भारत आ रहे हैं। इस दौरान उन पर सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में सुधारों की मांग को आगे बढ़ाने के लिए भारत अपनी बात रख सकता है। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को जानकारी दी कि संयुक्त राष्ट्र के शीर्ष अधिकारी डेनिस नई दिल्ली में अपने भारतीय वार्ताकारों के साथ बातचीत करेंगे। डेनिस फ्रांसिस मुंबई में 26/11 स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। मंत्रालय ने कहा कि यूएनजीए के 78वें सत्र के अध्यक्ष का दौरा वैश्विक निकाय के साथ भारत के सहयोग को बढ़ाने का भी मौका होगा।

ईरान से तनाव के बीच पाकिस्तान में उड़ानों में 50 फीसदी गिरावट

इस्लामाबाद। ईरान के साथ बढ़ते तनाव के बीच आवाजाही पर प्रतिबंध न होने के बावजूद पाकिस्तानी हवाई क्षेत्र से उड़ानों की संख्या में लगभग 50 फीसदी की गिरावट आई है। पाकिस्तानी मीडिया ने शनिवार को यह जानकारी दी। गत मंगलवार को ईरान और पाकिस्तान के बीच तनाव काफी बढ़ गया। विमानन सूत्रों ने बताया कि गुरुवार को पाकिस्तान के हवाई क्षेत्र में केवल 450 उड़ानें पंजीकृत की गईं जबकि आमतौर पर यह संख्या 750 तक पहुंचती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि एयरलाइंस देश के हवाई क्षेत्र का उपयोग करने के लिए पाकिस्तान नागरिक उड्डयन प्राधिकरण को भुगतान करती हैं।

दमिश्क में इजराइली हमला, पांच की मौत

सीरिया की राजधानी में ईरान से जुड़े नेताओं की चल रही थी बैठक

दमिश्क, एजेंसी

इजराइल ने शनिवार को सीरिया की राजधानी दमिश्क पर हवाई हमला किया। इस हमले में ईरान के रिवॉल्यूशनरी गार्ड की एक इमारत तबाह हो गई। इस हमले में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई।

ईरान समर्थिक समूह के एक अधिकारी ने बताया कि इजराइल के हमले में रिवॉल्यूशनरी गार्ड द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली एक इमारत तबाह हो गई। सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स, जो युद्ध को मॉनिटर करती है, ने बताया कि मिसाइल हमले में उस वक्त कम से कम पांच लोग मारे गए, जब ईरान समर्थित समूहों के अधिकारी एक बैठक कर रहे थे।

बकौल रिपोर्ट, इजराइल ने पश्चिमी दमिश्क के माजेह में एक आवासीय इमारत को निशाना बनाया, जहां पर लेबनान और ईरान सहित कई देशों के दूतावास हैं। एक अधिकारी ने अंतर्राष्ट्रीय समाचार एजेंसी एसोसिएटेड प्रेस को बताया, यह हमला क्षेत्र में बढ़ते तनाव और गाजा पर इजरायली हमले के बीच हुआ, जिसमें हजारों लोग मारे गए हैं। पिछले महीने दमिश्क के पास एक इजरायली हवाई हमले में ईरानी सैन्य सलाहकार सैय्यद रजी मौसवी की मौत हो गई। इजराइल ने पिछले वर्षों में सीरिया में फलस्तीनी और लेबनानी गुर्गों को भी निशाना बनाया है। सनद रहे कि इजराइल ने हाल के वर्षों में युद्धग्रस्त सीरिया के सरकार नियंत्रित हिस्सों के अंदर ठिकानों पर सैकड़ों हमले किए हैं।

हूती विद्रोहियों के ठिकानों पर अमेरिकी हमला, तीन मिसाइलें तबाह

अमेरिका ने यमन में हूती विद्रोहियों के खिलाफ एक बार फिर हवाई हमला किया है। अमेरिका के ताजा हमले में लाल सागर में हूती समूह की तीन एंटी-शिप मिसाइलें नष्ट हो गई हैं। वॉशिंगटन में व्हाइट हाउस ने एक बयान में कहा कि लाल सागर में बढ़ते तनाव के बीच अमेरिकी सेना ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की। बयान में कहा गया है कि अमेरिकी सेना ने यमन में हूती ठिकानों पर तीन सफल हमले किए। यूएस सेंट्रल कमांड ने बताया कि हमला शुक्रवार शाम करीब 6:45 बजे किया गया, जब एंटी-शिप मिसाइलों ने क्षेत्र में व्यापारी जहाजों और अमेरिकी नौसेना के जहाजों को खतरा पेश किया। यूएस सेंट्रल कमांड ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि नौवहन की रक्षा करने और समुद्री जहाजों पर हमलों को रोकने के लिए चल रहे प्रयासों के तहत अमेरिकी नौसेना के जहाज लाल सागर में मौजूद हैं। 19 जनवरी को लगभग शाम 6:45 बजे (सना के समयानुसार) यूएस सेंट्रल कमांड बलों ने तीन हूती एंटी-शिप मिसाइलों पर हमले किए, जो लॉन्च करने के लिए तैयार थे। पोस्ट में आगे कहा है कि अमेरिकी बलों ने यमन के हूती-नियंत्रित क्षेत्रों में मिसाइलों की पहचान की और निर्धारित किया कि वे क्षेत्र में व्यापारी जहाजों और अमेरिकी नौसेना के जहाजों के लिए खतरा बन सकती हैं। बाद में अमेरिकी सेना ने आत्मरक्षा में मिसाइलों पर हमला किया और उन्हें नष्ट कर दिया। यह कार्रवाई अमेरिकी नौसेना के जहाजों और व्यापारिक जहाजों के लिए जल क्षेत्र को सुरक्षित बनाएगी। इससे पहले, अमेरिकी मध्य कमांड ने कहा था कि ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने अमेरिका के केम रेंजर जहाज पर दो एंटी-शिप बैलिस्टिक मिसाइलें दागी हैं।

स्टडी वीजा में कटौती करेगा कनाडा, भारतीय छात्रों पर पड़ेगा असर

टोरंटो। कनाडा उच्च शिक्षा के लिए अपने यहां आने वाले अंतरराष्ट्रीय छात्रों की संख्या कम करने की तैयारी में है। स्टडी वीजा में इसी वर्ष से कटौती होने की संभावना है। इसका अधिक असर भारतीय छात्रों पर पड़ेगा।

कनाडा में 3,40,000 से अधिक भारतीय छात्र हैं। इस बीच, कनाडा में अंतरराष्ट्रीय छात्रों की संख्या दस लाख से अधिक हो गई है। कोविड-19 महामारी के बाद कनाडा ने 2023 में रिकॉर्ड 5,79,075 स्टडी वीजा जारी किए। नतीजन अंतरराष्ट्रीय छात्रों की संख्या 2021 में 6,17,250 से बढ़कर दिसंबर 2023 तक दस लाख से ज्यादा हो गई। इस कारण देश में आवास की समस्या खड़ी हो गई है। इसके लिए सरकार को आलोचना का सामना करना पड़ रहा है।

मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, कनाडाई सरकार स्टडी वीजा में कटौती करने की योजना बना रही है। फिलहाल, कनाडाई प्रांतों में शैक्षणिक संस्थान किसी भी संख्या में अंतरराष्ट्रीय छात्रों को प्रवेश देने के लिए स्वतंत्र हैं।

चीनः छात्रावास में लगी आग बच्चों समेत 13 की मौत

बीजिंग, एजेंसी

चीन में आग लगने की दो अलग-अलग घटनाओं में 21 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में कई स्कूली छात्र भी शामिल हैं। स्थानीय अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि पहली घटना हेनान प्रांत के यानशानपु गांव की है, जहां शुक्रवार रात को ही करीब 11 बजे यिंगकाई स्कूल में आग लगने की सूचना मिली। इस हादसे में अब तक छात्रावास के बच्चों समेत 13 की मौत हो गई है।

स्थानीय अग्निशमन विभाग ने बताया कि इस हादसे के बाद बचाव कर्मी तुरंत घटनास्थल पर पहुंच गए और आग पर काबू पाया। मीडिया के अनुसार, चीनी समाचार एजेंसी शिन्हुआ के हवाले से बताया कि आग में झुलसने के कारण एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया है, जिसका इलाज चल रहा है और उसकी स्थिति स्थिर है।

एक अन्य घटना में शनिवार सुबह पूर्वी चीन के जियांग्सु प्रांत की चांगझोऊ सिटी में एक प्रोडक्शन वर्कशॉप में विस्फोट के बाद आग

लग गया। इस हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई। जिले के आपदा प्रबंधन विभाग के अनुसार, विस्फोट तड़के 3:38 बजे हुआ। हादसे में आठ अन्य लोग मामूली रूप से घायल हो गये। मीडिया ने बताया कि घनटा स्थल पर राहत औ बचाव कार्य समाप्त हो गया है। अधिकारियों के मुताबिक, यह विस्फोट किस कारण से हुआ है, इसकी जांच की जा रही है। चीन में पिछले साल नवंबर में शांक्सी प्रांत में एक कोयला कंपनी के ऑफिस में आग लगने से 26 लोगों की मौत हो गई थी। वहीं, दर्जनों लोगों को अस्पताल भर्ती किया गया था। पिछले साल अप्रैल में, बीजिंग में एक अस्पताल में आग लगने से 29 लोगों की मौत हो गई और कई लोगों को बचने के लिए खिड़कियों से बाहर कूदने के लिए मजबूर होना पड़ा था।

पन्नू मामला : निखिल गुप्ता के अमेरिका प्रत्यर्पण को मंजूरी

वाशिंगटन, एजेंसी

▸▸ अंतिम निर्णय चेक सरकार के न्याय मंत्री के हाथों में टिका

खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश रचने के आरोपी निखिल गुप्ता की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। कुछ दिन पहले अमेरिका की एक अदालत ने सबूत देने के उनके अनुरोध को अस्वीकार कर दिया था। वहीं, अब चेक रिपब्लिक की अदालत से बड़ा झटका दिया है। अदालत ने साफ कह दिया है कि चेक रिपब्लिक सरकार चाहे तो आरोपी भारतीय व्यक्ति को अमेरिका के हवाले कर सकता है।

निखिल गुप्ता पर अमेरिकी सरकार के वकीलों ने पिछले साल नवंबर में एक मुकदमा दायर किया था। इसमें खालिस्तानी अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू को अमेरिका की जमीन पर मारने की नाकाम साजिश में एक भारतीय सरकारी कर्मचारी के साथ मिलकर काम करने का आरोप लगाया गया है। खालिस्तानी पन्नू के पास अमेरिका और कनाडा की दोहरी नागरिकता है। निखिल को 30 जून, 2023 को चेक गणराज्य के प्राग में गिरफ्तार किया गया था और इस समय उन्हें वहीं रखा गया है। अमेरिकी सरकार उनके अमेरिका प्रत्यर्पण की मांग कर रही है।

अब चेक की अदालत ने निखिल के अमेरिका प्रत्यर्पण का रास्ता साफ कर दिया है। देखना है कि मंत्रालय का क्या फैसला रहता है। दरअसल, निखिल गुप्ता की सारी उम्मीदें अब चेक सरकार के न्याय मंत्री पावेल ब्लेजेक के ऊपर टिकी हैं। मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने बताया कि गुप्ता के प्रत्यर्पण पर अंतिम निर्णय न्याय मंत्री पावेल ब्लेजेक के हाथों में होगा।

आतिथ्य के लिए अयोध्या तैयार...

अयोध्या : पार्किंग के सामने अयोध्या पहुंचने वालों की सुविधा के लिए तीन मंजिला इमारत में 372 बेड को डोरमेट्री बनाई गई है। प्रति व्यक्ति 600 रुपये किराया होगा। खाना समेत 1500 रुपये देने होंगे। महिला और पुरुष के लिए अलग सुविधाएं हैं। इमारत में हाइटेक किचन बनाया गया है। ग्रुप में पूजन के लिए अलग से बैठने की व्यवस्था की गई है। इस इमारत में डायनिंग के लिए शानदार लग्जरी लॉन बनाया गया है। इसके साथ स्वागत कक्ष भी बड़ा आकर्षक बनाया गया है। ● एजेंसी

अमेरिकाः दो सरकारी स्कूलों में पहली बार पढ़ाई जाएगी हिंदी भाषा

वाशिंगटन। अमेरिकी स्कूलों में हिंदी को विश्व भाषा के रूप में पढ़ाने का फैसला लिया गया है। सिलिकॉन वैली कैलिफोर्निया के दो सरकारी स्कूलों में हिंदी भाषा की पढ़ाई पर अहम फैसला हुआ है।

फ्रेमोंट में बड़े भारतीय अमेरिकी समुदाय ने इस फैसले का स्वागत किया है। यहां रहने वाले लोग अपने बच्चों को स्कूलों में हिंदी सिखाने की मांग कर रहे थे। कैलिफोर्निया के फ्रेमोंट में भारतीय अमेरिकियों की संख्या सबसे अधिक है। ऐसे में दो सरकारी स्कूलों में हिंदी को वैकल्पिक विषय के रूप में पढ़ाने के निर्णय का स्वागत किया जा रहा है।एफयूएसडी बोर्ड ने हिंदी की पढ़ाई के लिए पायलट कार्यक्रम शुरू करने का फैसला लिया है। इसके लिए 17 को 4-1 वोट से मतदान किया गया। अगस्त में शुरू होने वाले सत्र में हॉर्नर मिडिल स्कूल और इरविंगटन हाई स्कूल के पाठ्यक्रम में हिंदी को शामिल किया जाएगा।

क्रिप्टोकरेंसी अपराध पर नकेल के लिए तंत्र पर मंथन जारीः केंद्र

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ शीर्ष कोर्ट में केंद्र ने कहा डिजिटल मुद्रा से जुड़े अपराध पर सरकार की पैनी नजर

सुप्रीम कोर्ट में एक मुकदमे की सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार ने बताया है कि क्रिप्टोकरेंसी से जुड़े मुद्दों पर सरकार नजर बनाए हुए है। सरकार ने अदालत में कहा कि इस डिजिटल मुद्रा से जुड़े अपराध पर नकेल कसने के लिए प्रभावी तंत्र विकसित करने पर विचार किया जा रहा है।

सरकार ने कहा कि क्रिप्टोकरेंसी को विनियमित करने और इससे जुड़े अपराधों की प्रभावी जांच के लिए एक तंत्र विकसित करने के मामले में अंतिम फैसला लिया जाना बाकी है। सरकार ने विस्तृत जानकारी देने के लिए चार हफ्ते का समय मांगा। इस पर अदालत ने इस मामले की अगली सुनवाई 21 मार्च को तय की। अदालत ने इससे पहले हलफनामा दाखिल करने का निर्देश भी दिया।

क्रिप्टोकरेंसी से जुड़े मुकदमे की सुनवाई न्यायमूर्ति सूर्यकांत और केवी विश्वनाथन की पीठ में हो रही है। शुक्रवार को केंद्र की तरफ से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल विक्रमजीत बनर्जी ने दलीलें पेश कीं।सुनवाई के दौरान जस्टिस सूर्यकांत ने कहा, अदालत केवल यह चाहती है कि आम आदमी को धोखाधड़ी और क्रिप्टोकरेंसी के दुरुपयोग से बचाने के लिए सरकार ने क्या उचित सुरक्षा उपाय किए हैं? उन्होंने कहा, जहां तक अलग-अलग राज्यों में क्रिप्टोकरेंसी से जुड़े मामलों और भारत सरकार के रूख का सवाल है, केंद्र विस्तार से जवाब दाखिल करेगा।

अभिषेक का जश्न शुभ घड़ी आने में केवल एक दिन शेष, राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दिन विशेष कार्यक्रम और सुंदरकांड पाठ का होगा आयोजन

500 वर्षों का इंतजार खत्म, अमेरिका के मंदिरों में भी दिखेगा जश्न

वाशिंगटन, एजेंसी

आज से दो दिन बाद अयोध्या में राम मंदिर के अभिषेक का जश्न बड़ी धूम-धाम से मनाया जाएगा। देश ही नहीं विदेशों में भी इसका उत्साह देखने को मिल रहा है। प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम के अवसर में संयुक्त राज्य भर में स्थित सैकड़ों मंदिर में हजारों भारतीय अमेरिकियों के शामिल होने की संभावना है।

अमेरिका के हिंदू विश्वविद्यालय के अध्यक्ष ल्याण विश्वनाथन ने एक ब्लॉग पोस्ट में कहा '550 वर्षों के बाद राम लला मंदिर में होने वाली प्रतिष्ठा शहर और दुनिया भर के लगभग एक अरब हिंदुओं के लिए अपार खुशी लेकर आ रही है। अयोध्या मंदिर में प्रतिष्ठा समारोह 22 जनवरी को आयोजित किया जाएगा। टेक्सास में श्री सीता राम फाउंडेशन के कपिल शर्मा ने कहा, '500 वर्षों के इंतजार के बाद, अयोध्या धाम में भगवान राम के मंदिर का निर्माण, दुनिया भर के हिंदुओं के लिए आस्था और उत्सव का एक महत्वपूर्ण दिन है।'

बता दें कि ह्यूस्टन में सीता राम फाउंडेशन ने अपने मंदिर में श्रीराम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा उत्सव का आयोजन किया है। उत्सव की शुरुआत सुंदरकांड से होगी। इससके बाद नृत्य, गायन और संगीत के सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। इसके बाद हवन और भगवान राम का पट्टाभिषेक होगा, जिसका समापन भगवान राम की शोभा यात्रा और प्रसाद (भोजन) वितरण के साथ होगा। कपिल शर्मा ने आगे कहा कि अयोध्या धाम से प्रसाद और रज (पवित्र धूल) वितरित करना भी हमारे लिए सम्मान की बात है, जिसे विशेष रूप से हमारे कार्यक्रम के लिए लाया जा रहा है। मैरीलैंड के गवर्नर वेस मूर शनिवार को वाशिंगटन डीसी के एक उपनगर में राम मंदिर उत्सव कार्यक्रम में भाग लेने वाले हैं।

इसमें खास बात यह है कि कुछ पाकिस्तानी अमेरिकी भी ग्रेटर वाशिंगटन डीसी क्षेत्र में उत्सव में शामिल हो रहे हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका में राष्ट्रव्यापी उत्सवों का नेतृत्व करने वाले संगठन, विश्व हिंदू परिषद ऑफ अमेरिका के अमिताभ मित्तल ने कहा, 'भगवान श्री राम के लाखों अनुयायियों का सपना सच होने वाला है। अमेरिका में लगभग 1,000 मंदिर हैं और उनमें से लगभग सभी इस ऐतिहासिक अवसर को मनाने के लिए इस सप्ताहांत से उत्सव मना रहे हैं।

ह्यूस्टन में टेस्ला लाइट शो में लिखा जय श्रीराम



टेस्ला कार लाइट शो का आयोजन करते श्रद्धालु।

ह्यूस्टन। अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा से पहले पहले उत्साह से सराबोर भक्तों ने भगवान राम को समर्पित एक विस्मयकारी और अभिनव टेस्ला कार लाइट शो' का आयोजन किया। खुद को ग्रेटर ह्यूस्टन में रामजी की गिलहरियां कहने वाले 100 से अधिक टेस्ला कार मालिक शुक्रवार शाम को लाइट शो के लिए श्री गुरुवायुरप्पन कृष्ण मंदिर में एकत्र हुए। इस लाइट शो ने आसपास के सैकड़ों राम भक्तों और राहगीरों का ध्यान आकृष्ट किया। कारों के पीछे एक विशालकाय रामरथ था, जिस पर मंदिर का आदमकद तैल-चित्र बनाया गया और जय श्रीराम का तीव्र संगीत उस स्थान को एक दिव्य रूप और मंदिर जैसा अनुभव प्रदान कर रहा था। टेस्ला कार चालकों ने कार की हेडलाइट को एक ही समय में बंद और चालू करने के लिए प्रोग्रामिंग किया जा सकता है। लाइट शो के बाद वे आरती के लिए मंदिर में इकट्ठे हुए, उनके साथ अन्य भक्त भी शामिल हुए। सभी ने मिलकर भगवान राम और कृष्ण को समर्पित शानदार भजन गाए। भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया।

एक साथ चुनाव कराने पर 15 साल में खरीदने होंगे 10 हजार करोड़ के ईवीएमः चुनाव आयोग

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ ईसी ने केंद्र को लिखे पत्र में कहा ईवीएम के तीन दौर के इस्तेमाल से अवधि हो जाती है खत्म

देश में अगर लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराए जाते हैं, तो नई इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) की खरीद के लिए चुनाव आयोग (ईसी) को हर 15 साल में करीब दस हजार करोड़ रुपये की जरूरत होगी। आयोग ने केंद्र को लिखे पत्र में यह बात कही।

पत्र में आयोग ने कहा कि ईवीएम पंद्रह साल तक चलती है। एक साथ चुनाव कराए जाने पर ईवीएम के एक सेट का इस्तेमाल तीन दौरे के चुनाव कराने के लिए किया जा सकता है। इस साल आम चुनाव कराने के लिए देशभर में करीब 11.80 लाख मतदान केंद्र बनाने की जरूरत होगी। एक साथ चुनाव के दौरान प्रत्येक मतदान केंद्र पर ईवीएम के दो सेट (एक लोकसभा सीट के लिए और दूसरा विधानसभा क्षेत्र के लिए) की जरूरत होगी। आयोग ने पिछले अनुभवों के आधार पर सरकार को पत्र भेजा। इसमें कहा गया, मतदान के दौरान दोषपूर्ण इकाइयों को बदलने के लिए कंट्रोल यूनिट (सीयू), बैलेट यूनिट (बीयू) और वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपीएटी) मशीनों की आवश्यकता होती है। आयोग ने पिछले साल फरवरी में कानून मंत्रालय को पत्र लिखा था। इसमें उसने कहा था कि विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखते हुए एक साथ चुनाव कराने के लिए कम से कम 46,75,100 बैलेट यूनिट, 33,63,300 कंट्रोल यूनिट और 36,62,600 वीवीपीएटी मशीनों की आवश्यकता होगी।

आप ने भी किया एक देश एक चुनाव का विरोध

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) ने शनिवार को कहा कि देश में एक साथ चुनाव कराने से संसदीय लोकतंत्र के विचार और संविधान के बुनियादी ढांचे को नुकसान होगा। आप ने कहा कि यह व्यवस्था त्रिशंकु विधायिका से निपटने में सक्षम नहीं होगी। विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के घटक दल आप की टिप्पणी कांग्रेस द्वारा 'एक देश, एक चुनाव' के विचार का कड़ा विरोध करने के एक दिन बाद आई है। कांग्रेस ने कहा है कि यह संघवाद की गारंटी और सविधान के बुनियादी ढांचे के खिलाफ है। आप ने शनिवार को एक बयान में कहा कि संसदीय लोकतंत्र के विचार, संविधान की मूल संरचना और देश की संघीय राजनीति को 'एक देश, एक चुनाव' की व्यवस्था से नुकसान पहुंचेगा। यह त्रिशंकु विधायिका से निपटने में असमर्थ है, यह दल-बदल की बुराई और विधायकों एवं सांसदों की खुली खरीद-फरोख्त को बढ़ावा देगी।